पौष मास, शुक्ल पक्ष 6, वर्ष 11, अंक 321, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, गुरुवार, 29 दिसम्बर, 2022

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर - कोरोना को लेकर राजनीति ठीक नहीं

अन्दर : आईसीसी रैंकिंग में रविचंद्रन अश्विन-श्रेयस अय्यर ने लगाई लंबी छलांग



NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
वाराणसी
916 हॉलमार्क ज्वेलरी
रथयात्रा
अर्दली बाजार
SUNDAY OPEN

# 'ब्रांड यूपी' से विश्व को रू-ब-रू करेगा जी-20 सम्मेलन

## जी-20 सम्मेलन आयोजन की सफलता के लिए सीएम योगी ने की उच्च स्तरीय बैठक

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में वर्ष 2023 में भारत की अध्यक्षता में होने वाले जी-20 सम्मेलनों के सफल आयोजन के लिए उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की और अफसरों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में भारत को विश्व के बड़े राष्ट्रों के समूह जी-20 की अध्यक्षता करने का गौरव प्राप्त हुआ है। यह वैश्विक समारोह उत्तर प्रदेश के लिए अपार संभावनाएं लेकर आया है। यह कार्यक्रम 'ब्रांड यूपी' को दुनिया से परिचय कराने का शानदार मंच है। हमें इस वैश्विक समारोह का अधिकाधिक लाभ लेना चाहिए।

भारत की अध्यक्षता वाले जी-20 के एक वर्ष की अवधि में उत्तर प्रदेश के वाराणसी, लखनऊ आगरा और ग्रेटर नोएडा में अलग-अलग कार्यक्रम होने प्रस्तावित हैं। इन जनपदों में 'अतिथि देवो भव' की भारतीय भावना के अनुरूप आयोजन को भव्य बनाने की तैयारी की जाए। यह आयोजन स्वच्छता, सुंदरता, सुरक्षा और सुव्यवस्था का मानक हो, इसके लिए एक टीम के रूप में सभी को प्रयास करना होगा। विदेशी आगन्तुकों की सुरक्षा के मानक अनुरूप प्रबंध किए जाएं। मेडिकल इमरजेंसी, ट्रैफिक आदि के संबंध में भी आवश्यक व्यवस्था की जाए। अतिथियों के भोजन में उत्तर प्रदेश की विविधतापूर्ण खान-पान संस्कृति का समावेश होना चाहिए।

**बैठक**

**वाराणसी, लखनऊ आगरा और ग्रेटर नोएडा में होंगे अलग-अलग कार्यक्रम**

**सीएम बोले- यह आयोजन स्वच्छता, सुंदरता, सुरक्षा और सुव्यवस्था का मानक के अनुरूप हो**



जी-20 सम्मेलनों की मेजबानी वाले शहरों को भव्य स्वरूप दिया जाए। शहर में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक महत्व वाली विरासतों पर आकर्षक लाइटिंग की जानी चाहिए। अतिथियों के भ्रमण रूट पर दीवारों पर प्रदेश की संस्कृति को दशार्ने वाले चित्रों को प्रदर्शित किया जाए। भारत की योग परंपरा को आज पूरी दुनिया अपना रही है, ऐसे में सूर्य नमस्कार के विभिन्न मुद्राओं को प्रदर्शित करती हुई प्रतिमाएं लगाई जा सकती हैं। सभी चार शहरों में होने वाले आयोजन में स्थानीय संस्कृति को थीम बनाया जाए। जैसे, राजधानी लखनऊ में अवध संस्कृति, आगरा में ब्रज संस्कृति, रंगोत्सव, वाराणसी में गंगा संस्कृति को थीम बनाकर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। प्रदेश आगमन पर पुष्पवर्षा के साथ अतिथियों का स्वागत किया जाए। स्थानीय सांस्कृतिक समूहों, स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग लें। जी-20 सम्मेलनों की मेजबानी एक ऐतिहासिक अवसर है। इसे अविस्मरणीय बनाने के लिए राजधानी लखनऊ में एक 'जी-20 पार्क' की स्थापना की जानी चाहिए। इस संबंध में स्थान का चिन्हांकन कर पार्क की रूपरेखा के संबंध में कार्ययोजना तैयार की जाए।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जी-20 सम्मेलनों में सुरक्षा व्यवस्था एक महत्वपूर्ण विषय है। गृह विभाग द्वारा सभी डेलीगेट्स की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाए। हर डेलीगेट्स के साथ एक लाइजनिंग अधिकारी की तैनाती की जाए। लाइजनिंग अधिकारी की विधिवत ट्रेनिंग कराई जाए। हर प्रकार के बाह्य और आतंरिक सुरक्षा की आशंकाओं के दृष्टिगत कड़े सुरक्षा इंतजाम किये जायें। साइबर अपराध के प्रयासों पर भी नजर रखी जाए। अग्निशमन के लिए मानक अनुरूप इंतजाम होने चाहिए। बेहतर सर्विलांस, इंटेलिजेंस इनपुट आदि के लिए भारत सरकार से यथा आवश्यक मार्गदर्शन लिया जाना चाहिए।

जी-20 की मेजबानी सिटी इंफ्रास्ट्रक्चर, सुंदरीकरण के लिए भी अच्छा मौका है। जिस रूट पर डेलीगेट्स का आवागमन होना है, आवश्यकतानुसार वहां की सड़कों को व्यवस्थित कराया जाए। स्वच्छता पर हमें खास ध्यान देना होगा। जिन शहरों में सम्मेलन होने हैं, वहां कार्यक्रम की तिथि से एक सप्ताह पूर्व स्वच्छता का विशेष अभियान चलाया जाए। इन शहरों को प्लास्टिक फ्री बनाने का प्रयास हो। जनप्रतिनिधियों का सहयोग लें, जनसहभागिता को बढ़ाएं। जी-20 सम्मेलन के सफल आयोजन में इंटरनेट कनेक्टिविटी की बड़ी भूमिका होगी। कार्यक्रम स्थल पर ग्लोबल मानकों के अनुरूप हाईस्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध हो। वैकल्पिक व्यवस्था भी रखी जाए।

**प्रदेश के हर आयोजन पर जी-20 के लोगो का करें प्रयोग**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' की संज्ञा दी है। उत्तर प्रदेश के पास समृद्ध इतिहास की विरासत है। जी-20 के मंच पर प्रदेश की प्राचीन कला, संस्कृति, इतिहास, पुरातात्विक विशिष्टताओं का संकलन कर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। प्रदेश की समृद्ध अर्थव्यवस्था, जीडीपी, औद्योगिक विकास आदि का भी प्रदर्शन किया जाना चाहिए। प्रदेश सरकार के हर आयोजन, प्रत्येक पत्राचार पर जी-20 के लोगो का प्रयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि व्यापक जनसहभागिता से ही यह सम्मेलन अपने उद्देश्यों में सफल होगा। जी-20 आयोजन से अधिकाधिक युवाओं को जोड़ा जाना चाहिए। विश्वविद्यालयों में इस विषय पर विशेष चर्चा-परिचर्चा आयोजित की जानी चाहिए। आयोजन वाले सभी चार शहरों में प्रदेश के युवा चित्रकारों के चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई जाए। इसके अलावा, पुस्तक मेला, योग चैलेंज, क्राफ्ट मेला, स्कूल स्तर पर नृत्य एवं संगीत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए। स्थानीय प्रतिष्ठानों, सार्वजनिक वाहनों पर जी-20 की ब्रांडिंग की जाए। ग्रेटर नोएडा में प्रस्तावित कार्यक्रमों के आयोजन में तीनों स्थानीय विकास प्रधिकारणों को भी जोड़ा जाए।

### वाहन से कुचलकर बाइक सवार तीन युवकों की मौत

**सोनभद्र।** अंबिकापुर बभनी मार्ग पर बुधवार की देर रात लगभग आठ बजे अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी। हादसे में तीनों बाइक सवारों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। थाना क्षेत्र के बभनी अम्बिकापुर मार्ग के खोतोमहुआ मोड़ पर देर रात आठ बजे अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को रौंद दिया। मोटर साइकिल सवार 25 वर्षीय अनिल पुत्र गुलाब चन्द निवासी चैनपुर, 28 वर्षीय राजेश पुत्र रामचन्द्र निवासी हथियार, 27 वर्षीय विनोद निवासी हल्दी बहेरा छत्तीसगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए।

# वैक्सीन का टोटा, राजधानी में सेंटर्स पर ताला

## नहीं मिल रही वैक्सीन, डिमांड बढ़ने से बढ़ीं दिक्कतें

**नई दिल्ली।** चीन समेत दूसरे कई देशों में कोरोना की मार के बाद भारत में भी स्थिति उतनी सहज नहीं दिख रही। कोरोना वैक्सीन की डिमांड में इजाफा होने से फ्री टीका मिलना मुश्किल हो रहा है। दिल्ली में वैक्सीन न होने के चलते कई सरकारी सेंटरों पर ताला लगाना पड़ रहा है जबकि अहमदाबाद में 17 फीसदी टीके की मांग बढ़ी है। ऊपर से सप्लाई न आने की वजह से लोगों को फ्री टीका नहीं मिल पा रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में कोवैक्सीन की केवल तीन शीशियां बची हैं जबकि कोविशील्ड पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। हालांकि पिछले सप्ताह ही सीएम अरविंद केजरीवाल ने लोगों से प्रिकाशनरी डोज लेने की कहा था। लेकिन कुछ लोग ही ऐसा कर सके। वैक्सीन के टोटे की वजह से दिल्ली के कई वैक्सीन सेंटरों पर ताला लगाना पड़ा है। खबर के मुताबिक अहमदाबाद में भी टीके की मांग में 17 फीसदी का इजाफा हुआ है। लेकिन वैक्सीन न होने की वजह से लोगों को दिक्कतें हो रही हैं। राज्य के एक आला स्वास्थ्य अधिकारी का कहना है कि उन्हें जानकारी मिली है कि केंद्र से वैक्सीन की एक खेप गुजरात भेजी जा रही है। उसके मिलने के बाद टीकाकरण तेजी से शुरू होगा। गुजरात के हेल्थ अथॉरिटीज का कहना है कि उन्हें नहीं लगता कि जनवरी से पहले वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में मिल पाएंगी। डिमांड 17 फीसदी तक पहुंच चुकी है। उधर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल का कहना है कि चिंता की कोई बात नहीं है। केंद्र 12 लाख डोज भेजने की व्यवस्था कर रहा है। हालांकि एक तरफ हेल्थ अथॉरिटीज वैक्सीन के टोटे की बात कह रही हैं। लेकिन मंत्री का कहना है कि टीके की कमी नहीं है। पहले जहां 300-400 लोग की सप्ताह में कोरोना टीका लेने आते थे, वहीं अब इनकी तादाद 5 से 6 हजार तक पहुंच गई है। यही वजह है कि वैक्सीन की भारी कमी देखी जा रही है। कोरोना का खौफ टीके की कमी के लिए जिम्मेदार है।

**दिक्कत**

**डिमांड बढ़ने के बाद ही हेल्थ विभाग के हाथ पैर फूलने लगे हैं, गुजरात में भी टीके की मांग में 17 फीसदी का इजाफा**



### निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के लिए पांच सदस्यीय आयोग गठित

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने स्थानीय निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण निर्धारित करने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश राम अवतार सिंह की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया है। आयोग में दो सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और दो रिटायर विधि अधिकारी सहित सभी पांच सदस्य पिछड़े वर्ग से लिए गए हैं। आयोग में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी चौब सिंह वर्मा, सेवानिवृत्त आईएएस महेंद्र कुमार, पूर्व अपर विधि परामर्शी संतोष कुमार विश्वकर्मा और अपर विधि परामर्शी एवं जिला जज बृजेश कुमार सोनी को सदस्य बनाया है। आयोग के अध्यक्ष राम अवतार सिंह और सदस्य चौब सिंह वर्मा जाट समाज से है। संतोष कुमार लुहार और ब्रजेश कुमार स्वर्णकार समाज से है। सेवानिवृत्त आईएएस महेंद्र कुमार चौरसिया समाज से हैं।

# पीएम मोदी की मां की तबीयत बिगड़ी

## मां हीराबेन को देखने अहमदाबाद के अस्पताल पहुंचे पीएम

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों के बाद बुधवार को एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। यू एन मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर में पीएम मोदी की 100 वर्षीय मां को एडमिट कराया गया है। अस्पताल ने बताया कि उनकी हालत स्थिर है।

यूएन मेहता अस्पताल के डायरेक्टर आरके पटेल ने एक हेल्थ बुलेटिन में पीएम मोदी की मां का हाल बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएन मेहता अस्पताल पहुंचे और डॉक्टरों से मां हीराबेन के स्वास्थ्य को लेकर बातचीत की। यहां उनकी मां हीराबेन मोदी को तबीयत बिगड़ने के बाद भर्ती कराया गया है। गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल बुधवार को अहमदाबाद में पीएम नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी से मिलने यू एन मेहता अस्पताल पहुंचे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मां हीराबेन की खबर सुनने के कुछ ही देर बाद अहमदाबाद पहुंचे। इससे पहले अस्पताल की ओर से बताया गया कि हीराबेन की हालत स्थिर है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी व प्रियंका गांधी समेत कई नेताओं ने हीराबेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। 27 दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी के भाई प्रह्लाद मोदी के साथ भी एक सड़क हादसा हो गया था। इसमें परिवार के कुछ सदस्य घायल हो गए थे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पीएम मोदी की मां हीराबेन के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। राहुल गांधी ने ट्वीट किया- एक मां और बेटे के बीच का प्यार अनंत और अनमोल होता है। मोदी जी, इस कठिन समय में मेरा प्यार और समर्थन आपके साथ है। मैं आशा करता हूं आपकी माताजी जल्द से जल्द स्वस्थ हो जाएं।

**हालत स्थिर**

**डॉक्टरों से की बात, सौ साल की हैं पीएम की मां हीराबेन**

**राहुल गांधी ने की प्रधानमंत्री की मां के जल्द स्वस्थ होने की कामना**



# मुझे गर्व है, मैं कांग्रेस का हिस्सा हूं : राहुल

## कांग्रेस के 138वें स्थापना दिवस पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने किया ध्वजारोहण



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 138वें स्थापना दिवस के अवसर पर एआईसीसी मुख्यालय पहुंचकर झंडा फहराया। इस दौरान कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमें कांग्रेस पार्टी को समावेशी बनाने के लिए युवाओं, महिलाओं, वंचित तबकों और बुद्धिजीवियों को हमारे साथ जोड़ना होगा...राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से देशभर में करोड़ों कार्यकताओं को संजीवनी मिली है।

कांग्रेस ने बुधवार को अपना 138वां स्थापना दिवस मनाया और इस मौके पर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के अवसर पर कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कई अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। खड़गे ने ट्वीट किया, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने हमेशा भारत के लोगों की भलाई और प्रगति के लिए काम किया। हम संविधान में निहित राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अधिकारों से जुड़ी, अवसर की समानता में विश्वास करते हैं। कांग्रेस के स्थापना दिवस पर मेरी शुभकामनायें। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ट्वीट किया, मुझे गर्व है, मैं ऐसे संगठन का हिस्सा हूं जिसने हर परिस्थिति में सत्य, अहिंसा और संघर्ष का रास्ता चुना और हर कदम हमेशा लोकहित में उठाया। खड़गे आज ही मुंबई में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे जहां 1885 में कांग्रेस की स्थापना हुई थी। कांग्रेस के एक नेता के अनुसार, 1985 के बाद कांग्रेस के कोई अध्यक्ष 28 दिसंबर को पहली बार मुंबई के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित पार्टी के कई अन्य नेताओं ने बुधवार को कांग्रेस के 138वें स्थापना दिवस पर पार्टी जनों को शुभकामनाएं दीं। गहलोत ने इस दिन को सभी कांग्रेस जनों के लिए गर्व और गौरव का दिवस बताया। *एजेंसी*

**स्थापना दिवस**

**सोनिया समेत कई नेता रहे मौजूद, भारत जोड़ो यात्रा से देशभर में करोड़ों कार्यकर्ताओं को संजीवनी मिली**

### मायावती ने 30 दिसंबर को बुलाई पार्टी की बड़ी बैठक

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने आगामी 30 दिसंबर को प्रदेश कार्यालय पर एक बड़ी बैठक बुलाई है। सूत्रों के अनुसार इस बैठक में बसपा सुप्रीमो आगामी निकाय चुनाव को लेकर चर्चा करेंगी और पार्टी के काडर को निर्देश देंगी। गौरतलब है कि हाईकोर्ट के यूपी में निकाय चुनाव को लेकर कल दिए गए फैसले पर विपक्षी दल अपनी प्रतिक्रियां दे रहे हैं।

विपक्ष इसे भाजपा सरकार की साजिश करार दे रहा है। सूत्रों के अनुसार आगामी बैठक में बसपा के मंडल प्रबंधक, जोनल प्रभारी, नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष समेत पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। बैठक में निकाय चुनाव में पार्टी को लेकर चर्चा की जायेगी साथ ही आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर भी मंथन होगा।

# बर्फीली हवाओं ने उत्तर प्रदेश को किया बेहाल

**लखनऊ।** बर्फीली हवाओं ने उत्तर प्रदेश को भी गलन भरी ठंड से बेहाल करना शुरू कर दिया है। पिछले 24 घंटे में तमाम शहरों में अधिकतम और न्यूनतम पारे में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है। प्रदेश में अयोध्या सबसे ठंडा रहा। यहां मंगलवार को न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, अधिकतम तापमान 18.5 डिग्री पहुंच गया। यह सामान्य से करीब 2.7 डिग्री सेल्सियस कम है। राजधानी लखनऊ में भी बर्फीली ठंड ने दस्तक दी है। दिन का न्यूनतम पारा 6.6 डिग्री दर्ज हुआ, जबकि अधिकतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री कम लुढ़का, ये 17.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, अमेठी के फुर्सतगंज में न्यूनतम तापमान 5.4, बाराबंकी में 6.4, बहराइच में 8 और गोंडा में 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

पश्चिमी यूपी, पंजाब, हरियाणा, उत्तरी राजस्थान व दिल्ली में अगले 24 घंटे के दौरान कड़ाके की ठंड पड़ेगी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि इस दौरान कहीं घना तो कहीं बेहद घना कोहरा छाया रहेगा। तीन-चार दिन बाद ही शीतलहर व कोहरे से कुछ राहत मिल सकती है। राजस्थान के चुरू में न्यूनतम तापमान मंगलवार को 0.5 डिग्री रहा।

**मौसम का कहर**

**उत्तर भारत में घने कोहरे की दी गई चेतावनी**

### प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में होगी 1790 स्टाफ नर्सों की भर्ती

**लखनऊ।** राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सोसाइटी की शासी निकाय की बैठक में नर्सिंग सेवा परिनियमावली को मंजूरी दी गई। पहले चरण में स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालयों में 1790 स्टाफ नर्स की भर्ती की जाएगी। यह प्रक्रिया तीन माह में पूरी होगी। इसके बाद हर साल दो हजार कर्मियों की भर्ती होगी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की अध्यक्षता में योजना भवन में हुई बैठक में कई अहम फैसले किए गए। 1790 स्टाफ नर्सों की भर्ती के लिए एसजीपीजीआई को परीक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में महाविद्यालयों में अलग-अलग फंड बनाने पर भी सहमति बनी। तय किया गया कि प्रधानाचार्य स्थानीय स्तर पर सोसाइटी बनाएंगे। इसमें विभिन्न संगठनों एवं व्यक्ति से आर्थिक सहयोग लिया जाएगा।

# संविधान बचाओ, आरक्षण बचाओ यात्रा निकालेगी सपा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने निकाय चुनाव को लेकर आए हाईकोर्ट के फैसले को लेकर बड़ा निर्णय लिया है। निकाय चुनाव में पिछड़े वर्ग के आरक्षण के मुद्दे को लेकर अब पार्टी गांव-गांव जाएगी। पार्टी की तरफ से लोगों को बताया जायेगा कि प्रदेश सरकार ने अदालत को गुमराह किया और सही तथ्यों का विवरण नहीं दिया। सूत्रों के अनुसार इस मुद्दे को लेकर विधानसभा क्षेत्रवार संविधान बचाओ, आरक्षण बचाओ यात्रा निकालने की तैयारी भी पार्टी ने शुरू कर दी है। मतलब साफ है कि पार्टी इस मुद्दे में बड़ी संभावनाएं तलाश रही है और पार्टी से ओबीसी वर्ग को जोड़ने का मौका मान रही है। बताते चलें कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव कई बार केंद्र और यूपी सरकार पर संविधान विरोधी होने का आरोप लगा चुके हैं। पार्टी उनके इस आरोप को हाईकोर्ट के फैसले का हवाला देकर जनता के बीच सुबूत के रूप में प्रस्तुत करेगी। प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि भाजपा के संविधान विरोधी होने का इसके इतर किसी अन्य सुबूत की जरूरत नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि अभी तक उत्तर प्रदेश में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष आदि की तैनाती नहीं की गई।

**तैयारी**

**निकाय चुनाव पर हाईकोर्ट के फैसले को लेकर बड़ा निर्णय**

# हिरनों के बाड़े में आवारा कुत्तों के झुंड ने किया हमला

## सदमे से 21 हिरणों की मौत, चार पशु चिकित्सकों के पैनल ने किया पोस्टमॉर्टम

**रातभर कुत्तों का झुंड हिरनों को नोचता रहा और कर्मचारियों को खबर तक नहीं लगी**



**झूंसी(प्रयागराज)।** थाना क्षेत्र के छतनाग गांव स्थित एमपी बिरला गेस्ट हाउस परिसर के बाड़े में रखे गए हिरनों के कुनबे पर सोमवार की आधी रात को आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। आवारा कुत्ते तकरीबन छह फीट ऊंचे बाड़े की बैरीकेटिंग को फांदकर भीतर घुसे थे। कुत्तों के हमले में 20 हिरन तथा एक चिंकारे की मौत हो गई। मंगलवार की सुबह गेस्ट हाउस में काम करने वाले कर्मचारियों की नजर बाड़े में खून से लथपथ मरे पड़े हिरनों के झुंड पर पड़ी तो सन्न रह गए। मामले की जानकारी तत्काल वन विभाग को दी गई। वन विभाग की टीम मंगलवार की दोपहर गेस्ट हाउस पहुंची तथा मारे गए हिरनों का पशु चिकित्सकों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया। बाद में सभी हिरनों को गेस्ट हाउस परिसर में ही दफन कर दिया गया। एक साथ डेढ़ दर्जन से ज्यादा हिरनों की मौत से ग्रामीणों में भी खलबली मची रही।

झूंसी के छतनाग गांव में बिरला के स्कूल, अस्पताल के साथ ही विशालकाय भू भाग पर गेस्ट हाउस भी है। बिरला आनंद कानन गेस्ट हाउस परिसर के भीतर सभी अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। पिछले कई साल से गेस्ट हाउस में किसी का भी प्रवेश वर्जित है। यहां पर कभी-कभार झूंसी थाने में तैनात पुलिसकर्मी ही आते-जाते रहते हैं। गेस्ट हाउस परिसर के भीतर विशाल भू भाग पर हिरनों के एक कुनबे को भी बाड़ा बनाकर रखा गया है। वन विभाग से लाइसेंस मिलने के बाद हिरनों के बाड़े को स्थापित किया गया था। डेढ़ दर्जन से ज्यादा हिरन यहां पर तकरीबन डेढ़ दशक से रखे गए हैं। गेस्ट हाउस परिसर से सटा हिस्सा गंगातट का किनारा है। यहां पर भारी मात्रा में आवारा कुत्ते हैं। इसी बीच सोमवार की देर रात को तकरीबन एक दर्जन कुत्तों के झुंड ने हिरनों के बाड़े पर हमला कर दिया।

आवारा कुत्तों का झुंड हिरनों के बाड़े के तकरीबन छह फीट ऊंचे बैरिकेटिंग को फांदकर भीतर घुसा था। एक साथ घुसे कुत्तों के झुंड ने हिरनों पर हमला बोल दिया। इनमें से सात से ज्यादा हिरनों को कुत्तों के झुंड ने नोचकर बुरी तरह लहूलुहान कर दिया था। अन्य हिरनों पर पर भी कुत्तों के झुंड ने हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया था। कुत्तों के हमले में 20 हिरन तथा एक चिंकारे की मौत हो गई। मंगलवार की सुबह गेस्ट हाउस में काम करने वाले कर्मचारियों की नजर बाड़े में खून से लथपथ मरे पड़े हिरनों के झुंड पर पड़ी तो सन्न रह गए। मामले की जानकारी कर्मचारियों ने तत्काल वन विभाग के कर्मचारियों को दी। इस पर वन क्षेत्राधिकारी फूलपुर अशोक कुमार, वन दरोगा इंद्रकांत सिंह के अलावा पशु चिकित्सकों की टीम मौके पर पहुंची। बाद में सभी हिरनों का पोस्टमार्टम करने के बाद उन्हें गेस्ट हाउस परिसर में ही दफना दिया गया। एक साथ डेढ़ दर्जन से ज्यादा हिरनों की मौत से लोगों में भी खलबली मची रही।

> बिरला गेस्ट हाउस के भीतर एक बाड़े में हिरनों को रखा गया था। गेस्ट हाउस के कर्मचारियों ने मंगलवार की सुबह वन दरोगा इंद्रकांत को हिरनों के मारे जाने की जानकारी दी थी। वन दरोगा की सूचना पर मैं भी वहां पहुंचा। देखा तो बाड़े के भीतर हिरनों का झुंड खून से लथपथ मरा पड़ा था। इनमें से सात हिरनों को कुत्तों ने बुरी तरह नोच भी दिया था। पशु चिकित्सकों की टीम ने सभी हिरनों का पोस्टमार्टम किया है।
>
> **अशोक कुमार, वन क्षेत्राधिकारी, रेंज फूलपुर**

# बाईपास पर पकड़ी गयी 11 टन थाई मांगुर मछली

**तस्करी का प्रयास**

**पुलिस ने चार को दबोचा सभी पश्चित बंगाल के**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** पश्चिम बंगाल से हरियाणा और विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली के बड़े पैमाने पर खरीद-बिक्री का सिलसिला जारी है। बुधवार को लंका थाने की पुलिस ने डाफी टोल प्लाजा के पास ट्रक से 11 टन प्रतिबंधित मछली के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये लोग पश्चिम बंगाल और आसपास के हैं। इंस्पेक्टर लंका बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की गई। पकड़े गये लोगों से पूछताछ की जा रही।

26 नवम्बर को लंका पुलिस ने डाफी टोल प्लाजा के पास से 36 मीट्रिक टन मांगुर मछली का बीज पकड़ा था। इससे पहले 15 मार्च को पश्चिम बंगाल से हरियाणा ले जायी जा रही 35 टन मांगुर मछली पकड़ी गई थी। इससे भी पहले भदोही और चंदौली पुलिस ने प्रतिबंधित मांगुर मछली को बरामद किया था। प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली का वैज्ञानिक नाम क्लेरियस गेरीपाइंस है। यह मांस खाने वाली मछली होती है।



मछली पालक अधिक मुनाफे के चक्कर में सरकारी व निजी तालाबों और खेतों में पाल रहे हैं। यह मछली चार माह में ढाई से तीन किलो तक तैयार हो जाती है। इसकी कीमत बाजारों 100 से 120 रुपये किलो है। थाईलैंड की प्रजाति होने के कारण इसे थाई मांगुर कहा जाता है। डॉक्टर मानते हैं कि मांगुर मछली खाने से कैंसर हो सकता है। मछली पर बैन होने के बावजूद यह खुलेआम बाजार में बेची जा रही है। दुकानदार हाइब्रिड मांगुर को देसी मांगुर या बॉयलर मांगुर बता कर बाजार में बेचते हैं। हालांकि लंका थाना पुलिस ने बरामद मछली की जांच के लिए मस्त्य विभाग से संपर्क साधा है।

## 11 दारोगा समेत 37 पुलिसकर्मी इधर से उधर


**वाराणसी।** कमिश्नरेट पुलिस ने 11 उपनिरीक्षक समेत कुल 37 पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया। इधर से उधर हुए पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से ड्यूटी ज्वॉइन करने का निर्देश दिया गया। उपनिरीक्षक गौरव कुमार सिंह थाना कैंट, राजेश सिंह को सारनाथ, अमित कुमार सिंह को चौबेपुर, अरुण कुमार सिंह को मंडुवाडीह,हर्षमणि तिवारी को कैंट, मनोज कुमार सिंह को लोहता, अजय कुमार को मंडुवाडीह, राज दर्पण तिवारी को शिवपुर, इमरान खान को मंडुवाडीह, रमेश को चोलपुर और संजय कुमार यादव को थाना शिवपुर भेजा गया।

वहीं हेडकांस्टेबल विनीत कुमार सिंह शिवपुर, सत्यदीन यादव को चोलापुर, रमाशंकर यादव को सारनाथ, लल्लन यादव को सारनाथ, अनिल कुमार सिंह चोलापुर, पंकज कुमार सिंह शिवपुर, कमलेश सिंह कैंट और कैलाश यादव चोलापुर थाना भेजा गया। इसी तरह बचे कांस्टेबलों को भी विभिन्न थानों से अटैच किया गया।

# नये साल पर गंगा घाट और पर्यटन स्थलों पर रहेगी पुलिस मुस्तैद

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** नए साल पर गंगा घाटों और पर्यटन स्थलों पर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था तगड़ी होगी। सारनाथ पर्यटन स्थल पर पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। नए साल पर यहां अधिक भीड़ उमड़ती है। लिहाजा यातायात व्यवस्था को लेकर भी ट्रैफिक पुलिस ने योजना बना रखी है। अस्सी घाट और दशाश्वमेध घाट को जाने वाले मार्गों पर रूट डायवर्जन होगा। इस संबंध में कमिश्नरेट के उच्चाधिकारियों ने मातहतों को दिशा निर्देश जारी किया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर सभी जोन के डीसीपी को दिशा निर्देशित किया गया है।



नए साल में महज कुछ दिन शेष है, ऐसे में पर्यटक स्थलों की साफ-सफाई भी शुरू हो गई है। प्रमुख गंगा घाट जैसे रविदास घाट, अस्सी, दशाश्वमेध, नमो खिड़कियां घाट समेत अन्य घाटों की सुरक्षा व्यवस्था का खाका भी खींच लिया गया है।

वरुणा और काशी जोन के पुलिस अधिकारियों ने सभी थानेदारों और चौकी प्रभारियों को सतर्क रहने और भीड़ प्रबंधन को लेकर दिशा निर्देशित किया है। पर्यटक स्थलों और भीड़ भाड़ वाले जगहों पर सीसी कैमरे और आग से सुरक्षा बचाव संबंधी उपाय को दुरूस्त रखने को कहा है।

## संक्षेप

### अवैध पार्किंग के खिलाफ चला अभियान, 10 का चालान



**पिंडरा।** वाराणसी-जौनपुर मार्ग पर स्थित एयरपोर्ट बाउंडरी के सामने हाईवे पर अभियान चलाकर अवैध पार्किंग किये 10 वाहनों का चालान किया गया। एसडीएम पिंडरा अंशिका दीक्षित , एसीपी अमित कुमार पांडेय,आरटीओ तथा इंस्पेक्टर फूलपुर के नेतृत्व में बुधवार को सायं 5 बजे बाबतपुर चौराहे से एयरपोर्ट बाउंडरी के अंतिम छोर पर चले अभियान के दौरान सड़क के किनारे अति सुरक्षा वाले एरिया में खड़े वाहनों का चालान किया गया। इस दौरान अवैध रूप से अतिक्रमण किये लोगो को पुलिस ने खदेड़ दिया। एसीपी ने बताया कि कुल 10 वाहनों को चालान किया गया और दो दर्जन लोगों को चेताया दी गई। वही बाबतपुर पुलिस चौकी इंचार्ज को अवैध पार्किंग को रोकने के सख्त निर्देश दिए गए।

### चलती कार में लगी आग, बाल-बाल बचे सवार

**वाराणसी।** कपसेठी थाना क्षेत्र के लोहराडीह गांव के सामने वाराणसी- भदोही मार्ग पर चलती कार में अचानक आग लग गई। चालक ने जैसे-तैसे अपनी जान बचाई। आसपास के लोग जब तक लपटों पर काबू पाते कार जलकर खाक हो गई थी। महमूरगंज निवासी विट्ठल कुमार मिश्र मंगलवार रात भदोही के लिए निकले थे। उनकी कार से ही लोहराडीह गांव के सामने पहुंची, अचानक इंजन से धुआं निकलने लगा। चालक जब तक समझ पाता, लपटें निकलने लगीं। वह चलती कार से किसी तरह उतरकर बाहर निकले, तब तक जाग फैल गई। पुलिस ने जली कार को सड़क से किनारे हटवाया।

### जानलेवा हमला करने वाले चार गिरफ्तार

**बड़ागांव।** बड़ागांव पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार को बसनी तिराहा के पास से विवेचना के दौरान प्रकाश में आये चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने मिली सुचना के आधार पर उपरोक्त गिरफ्तारी स्थल के पास से अपने हमराहियों के साथ घेराबंदी कर बसनी तिराहे के पास से शिवकुमार, किशन कुमार, वंशराज और सुनील कुमार को पकड़ा। कुछ सप्ताह पूर्व बड़वापुर (चक खरावन) गांव निवासी जितेंद्र कुमार पटेल 20 वर्ष को कुछ लोगों द्वारा फोन पर बुला कर गांव के समीप ही मारपीट कर मरणासन्न अवस्था में छोड़ दिया गया था। गांव वालों की सूचना पर पहुंचें घायल के पिता बरसाती ने अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था।

### जिंदा को मृत घोषित कर बैनामा करा लिया

**वाराणसी।** जीवित महिला को मृत घोषित कर व फर्जी कागजात तैयार कर उसकी जमीन अपने नाम करने के मामले में अपर पुलिस आयुक्त के निर्देश पर कैंट थाने में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। सारनाथ निवासी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि उनकी मां के जीवित रहते हुये मृत्यु दिखाकर रजिस्टर्ड वसीयत राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज करा लिया गया। मां के नाम ग्राम-अकथा शिवपुर में पुश्तैनी जमीन है जिसे फर्जी व कूट रचित दस्तावेज तैयार करवाकर रजिस्टरी करा ली गयी।

### चंदन टीका के रेट पर भिड़े पंडा और श्रद्धालु

**वाराणसी।** अस्सी घाट बुधवार को चंदन-टीका के रेट को लेकर पंडा और श्रद्धालुओं में मारपीट हुई जिसका वीडियो सोशल साइट पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में मारपीट और पत्थर फेंकने का दृष्य स्पष्ट दिखायी दे रहा है। साथ ही ये भी दिखायी दे रहा है कि एक पंडा छतरी उठाकर श्रद्धालुओं को मारने के लिए दौड़ा रहा है। बीते कुछ दिन पहले भी इसी घाट पर सामान बचने वालों में मारपीट हुई थी। बच्चों के विवाद के बाद बड़े आमने-सामने आ गए थे। जमकर लात-घूसों चले थे। हालांकि क्षेत्रीय लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत करा दिया था। वीडियो में नजर आ रहा है कि 15-20 लोगों की भीड़ लगी है। कहासुनी के बाद कुछ लोग एक-दूसरे को धक्का देने लगते हैं। इसके बाद एक-दूसरे को लात-घूसों से पीटना शुरू कर देते हैं। एक पंडा छतरी उठाकर मारने के लिए दौड़ता है तो श्रद्धालु भाग जाते हैं। जानकारी के अनुसार कुछ लड़के गंगा स्नान करके घाट के पास ही पंडों से टीका-चंदन लगवाने जाते हैं। इच्छानुसार साइज का टीका-चंदन लगाने की मांग हुई। इस पर चंदन वालों ने 50 रुपए मांग लिए। रेट को लेकर दोनों पक्षों में कुछ देर तक मोलभाव चला जो अचानक विवाद में बदल गया। देखते ही देखते मारपीट होने लगी। इस दौरान घाट पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### शिविर में लाभान्वित हुए लोग



**वाराणसी।** गोदौलिया स्थित श्रीराम लक्ष्मी नारायण मारवाड़ी हिन्दू अस्पताल में सप्ताहव्यापी निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन ने दीप प्रज्जवलित कर किया। तीन जनवरी तक चलने वाले शिविर में अस्पताल की महिला रोग विशेषज्ञों द्वारा महिला स्वास्थ परीक्षण एवं जांच के साथ ही ऑपरेशन, दंत विभाग के चिकित्सकों द्वारा मुख एवं दंत रोग से सम्बंधित परीक्षण एवं उपचार, आँखों से सम्बंधित बीमारीयों का परीक्षण, ऑपरेशन, दवा , लेंस, चश्मा निःशुल्क किया जायेगा। पुलिस कमिश्नर ने कहा की 22 साल बात अस्पताल में पुनः आया हूं काफी परिवर्तन दिख रहा है ऐसे शिविरों से आम लोग सीधे लाभान्वित होते हैं। अध्यक्षता डॉक्टर बैजनाथ प्रसाद अग्रवाल द्वारा किया गया । संचालन रवि अग्रवाल ने किया। इस दौरान संजीव कुमार शाह, गौरीशंकर नेवर, नवरतन र७ाठी, राजेश अग्रवाल, गौरव राठी आदि थे। डॉ.पी.एन.रावत ने धन्यवाद दिया।

### विजी महाराज का जन्मदिन मनाया

**वाराणसी।** विज्जी फाउण्डेशन की ओर से बुधवार को भेलूपुर स्थित विज्जी पार्क में महान क्रिकेटर महाराज विजयानगरम कुमार विज्जी का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर उनके पुत्र ए.एन वेंकटेश सिंह ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उनकी पुत्री विन्धवासिनी देवी, पौत्री यमुना देवी, प्रेमचंद पांडेय, फयाज अहमद, रविशंकर शांडिल्य, रामेन्द्र प्रताप सिंह, शशिबाला पांडेय, मनीष श्रीवास्तव, भरत कुमार आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्षता दिग्विजय नाथ पांडेय व संचालन सोमेश्वरनाथ पांडेय ने किया।

# डीसीपी गोमती जोन ने किया निरीक्षण, जांची सुरक्षा



जनसंदेश न्यूज


बड़ागांव। डीसीपी गोमती जोन वीक्रांत वीर ने बुधवार को शांति सुरक्षा के मद्देनजर बड़ागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजार का पैदल गश्त किया। सरार्फा कारोबारियों और अन्य दुकानदारों से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस कार्यप्रणाली का फिडबैक लिया साथ ही आश्वस्त किया कि पुलिस सुरक्षा और शांति के प्रति प्रतिबद्ध है।

निरीक्षण के दौरान डीसीपी कस्बे में स्थित मंदिर, मस्जिदों में गये और उनके धर्म गुरुओं से संवाद किया साथ ही ध्वनि प्रदुषण के बाबत लाउडस्पीकर की आवाज तय मानक तक रखने का निर्देश दिया। सरार्फा कारोबारियों को दुकान के अंदर और बाहर सीसीटीवी लगवाने को कहा। चाइनीज मांझे के बाबत कई दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान थानाध्यक्ष बड़ागांव अश्वनी कुमार चतुर्वेदी, अपराध निरीक्षक अवधेश तिवारी, भरत चौधरी, दुर्गेश यादव सहित काफी संख्या में पुलिस बल रही।

## दहेज प्रताड़ना में पति समेत सात पर मुकदमा

**बड़गांव।** शादी के बाद से लगातार छह साल तक दहेज के लिए प्रताड़ित करने के मामले में विवाहिता ने पति समेत सात लोगों के खिलाफ बड़ागांव थाने में मुकदमा दर्ज कराया। मुकदमा पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर दर्ज हुआ। जानकारी के अनुसार बड़ागांव थाना क्षेत्र के काजी सराय गांव निवासी प्यारेलाल की बेटी सुनीता देवी की 17 नवंबर 2016 को जौनपुर जनपद के रामपुर थानाक्षेत्र के भरथीपुर गांव निवासी सुनील गौतम के साथ हुई थी। जिसमें मायके वालों ने अपनी हैसियत के अनुसार 50 हजार कनद, एक बाइक और घर गृहस्थी का सामान दिया था। पति पत्नी राजी खुशी रहते थे दोनों को तीन बच्चे भी हुए। विवाहिता का आरोप लगाया है कि इसके बाद ससुराल के दबाव में पति पचास हजार रुपए और नकद की मांग करने लगे। असमर्थता व्यक्त करने पर ससुराल वालों ने मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में जब बड़ागांव थाना पुलिस गंभीरता नहीं दिखायी तो महिला सीपी के पास पहुंची और न्याय के लिए गुहार लगायी। सीपी के निर्देश पर बड़ागांव पुलिस ने पति, सास ससुर समेत अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# सिगरा पुलिस ने पकड़ा 41 किलो चाइनीज मंझा



बरामद मंझे के साथ पुलिसकर्मी

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** मकर संक्रांति के पहले से बाजार में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बड़ी खेप आ चुकी है। इस बात की तस्दीक पुलिस की छापेमारी और गिरफ्तारी हुई।

सिगरा पुलिस की छापेमारी में 41 किलो चाइनीज मंझा बरामद हुआ। पुलिस ने इस दौरान दो को पकड़ा। प्रभारी निरीक्षक सिगरा राजू सिंह ने बताया की सोनू निवासी चंदुआ छित्तूपुर और निखिल यादव निवासी औरंगाबाद थाना लक्सा को लहंगपुरा स्थित पतंग की दुकान से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस को इनके पास से 41.5 किलोग्राम प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बरामद किया गया है। आगे की कार्रवाई में दोनों को जेल भेजा गया।

### मंझे से सर्किट हाउसकर्मी का गला कटा

**वाराणसी।** चाइनीज मंझे की चपेट में आने से सर्किट हाउस में तैनात कर्मचारी का गला कट गया। हालांकि इस दौरान एक कार गुजरने से मंझा कार की बोनट में फंसकर टूट गया और कर्मचारी को ज्यादा चोट नहीं आयी। जानकारी के अनुसार सर्किट हाउस में इलेक्ट्रिशियन हेल्पर के पद पर कार्यरत शेष नारायण दुबे बुधवार को गिलटबाजार से बाइक से अपने सर्किट हाउस स्थित आवास की ओर लौट रहा था। चाइनीज मंझा उनके गले में आकर फंस गया और वह जख्मी होकर सड़क पर गिर गए और छटपटाने लगे। उसी वक्त एक कार उधर से गुजर रही थी। जिसकी बोनट में मंझा फंसकर टूट गया। इस कारण से शेष नारायण दुबे की जान बच गई। लेकिन वह गम्भीर रूप से चोटिल हो गए।

### लालपुर पांडेयपुर थाना प्रभारी लाइन हाजिर

**वाराणसी।** लालपुर पांडेयपुर थाना प्रभारी रहे परमहंस गुप्ता को लाइन हाजिर कर दिया गया। उनकी जगह प्रभारी पासपोर्ट सेल रहे पंकज कुमार अम्बस्ट को लालपुर पांडेयपुर थाना की जिम्मेदारी सौंपी गयी। परमहंस गुप्ता के खिलाफ आलाधिकारियों को काम के प्रति लापरवाही बरतने समेत अन्य शिकायते मिली थी। ऐसे में उन्हें लाइन हाजिर कर दिया गया।


जनसंदेश टाइम्स

**वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 6779264 का मूल अंकपत्र खो गया है। सन्तोष कुमार गुप्ता पुत्र अभिषेक गुप्ता, अलईपुरा, सिटी स्टेशन, वाराणसी।

मेरे हाईस्कूल वर्ष 2019 सी0बी0एस0सी0 बोर्ड में मेरी माता जी का नाम मीनू सिंह अंकित है जो गलत है। सही नाम मीना सिंह है। शिवांग सिंह पुत्र जितेन्द्र बहादुर सिंह, ग्राम-खुलुआँ, तहसील, सदर, थाना - चिल्ह, मिर्जापुर।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है :-** स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत बी0 सी0 आई0 से मान्यता प्राप्त व महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से सम्बद्ध रामलाल सिंह विधि महाविद्यालय जलालपुर, माफी, चुनार, मिर्जापुर (उ0 प्र0) में तीन वर्षीय एल0 एल0 बी0 पाठ्यक्रम में शिक्षण हेतु 15 प्रवक्ताओं की आवश्यकता है, योग्यता एवं वेतनमान यू0 जी0 सी0 एवं विश्वविद्यालय के नियमावली एवं परिनियमावली के अनुसार होगा। योग्य अभ्यर्थी 21 दिनों के अन्दर सम्पूर्ण प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं 2 फोटो सहित संस्था के पते पर आवेदन करें।

प्रबन्धक-मो0-9415980665

**आवश्यकता है :-** हर्षा कालेज ऑफ एजुकेशन कोठरा, आजमगढ़ में आवश्यकता है बी0 एड0 पाठ्यक्रम हेतु स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत एन0सी0टी0ई0 रेगुलेशन 2014 के मानक अनुसार विभागाध्यक्ष (01 पद), वेतन एवं योग्याता एन0सी0टी0ई0/ यू0जी0सी0 विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ 21 दिन के अन्दर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना दूरभाष/स्पीड पोस्ट द्वारा दी जायेगी।

प्रबन्धक- राकेश कुमार सिंह मो0-9936091000, 8299187116


# नये साल के लिए तैयार है होटल इंडस्ट्रीज

**स्वागत**

**होटल एचएचआई समेत नगर भर के होटलों में कोविड गाइड लाइन के साथ मनेगा जश्न**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** कोरोना के दो साल बाद एक बार फिर नये साल के स्वागत के लिए वाराणसी की होटल इंडस्ट्रीज पूरी तरह से तैयार है और इसकी तैयारी भी शुरू कर दी गयी है।

होटल हिन्दुस्तान इंटरनेशनल सहित नगर के सभी होटलों ने 31 दिसम्बर की शाम से जश्न के लिए लोगों को कई ऑफर देना शुरू कर दिया है। एचएचआई के जनरल मैनेजर विवके कुमार ने बताया कि कोविड के बाद यह पहला मौका है जब पूर्व की तरह 31 नाइट सेलिब्रेट किया जायेगा। हां इसमें कोविड गाइड लाइन का पालन जरुर किया जायेगा। बताया कि पास सिस्टम रखा गया है। जो होटल से प्राप्त किया जा सकता है, बताया कि शाम आठ बजे कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जायेगा, इसमें रॉक बैंड सहित कई प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, जिसमें विजेताओं को



होटल हिन्दुतान इंटरनेशनल ग्रुप के अन्य शहरों में स्थित होटलों का पैकेज भी मिल सकता है। बताया कि शेफ जोसेफ की ओर से लजीज व्यंजनों का भी लोग लुत्फ उठायेंगे।

विवेक कुमार ने बताया कि न्यू ईयर पार्टी में सिर्फ कपल की ही इंट्री होगी, हां उनके साथ आने वाले सिंगल व्यक्ति को प्रवेश दिया जा सकता है। वहीं नगर के अन्य होटलों को भी 31 दिसम्बर की रात सेलिब्रेट के लिए तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही सभी होटलों में कई ऑफर दिये जा रहे हैं। सभी होटल संचालकों का मानना है कि इस बार अंतराष्ट्रीय सैलानी नहीं बल्कि घरेलु सैलानियों के चलते होटल व्यवसाय चमक रहा है।

# काशी की भूमि शास्त्रार्थ से भरी है : प्रो. त्रिपाठी

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में बुधवार को कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने मां वाग्देवी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शास्त्रार्थ के साथ दीक्षा-उत्सव का शुभारंभ किया। कहा कि काशी की भूमि शास्त्रार्थ से युक्त है यह प्रांगण भी शास्त्रार्थ परंपरा से जुड़ा हुआ है। यहां अनादिकाल से शास्त्रार्थ की परंपरा रही है। शास्त्रार्थ के माध्यम से ही शास्त्रों में निहित ज्ञान के गूढ तत्व का प्रकाश होता है। संचालन डॉ. ज्ञानेंद्र सांपकोटा ने किया। इस अवसर पर प्रो. कमलकांत त्रिपाठी, प्रो. विजय कुमार पांडेय, डॉ. दिव्य चेतन ब्रह्मचारी, डॉ. कुन्ज बिहारी द्विवेदी, डॉ. कुप्पा विल्वेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**श्लोक एवं गीत गायन प्रतियोगिता**

विश्वविद्यालय में दीक्षा- उत्सव के अवसर पर योग साधना केंद्र में श्लोक एवं गीत गायन प्रतियोगिता प्रो. हरिप्रसाद अधिकारी के संयोजन में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रो. सुधाकर मिश्र ने की। प्रतिभागियों में प्रथम स्थान- अमित कुमार पांडेय, द्वितीय स्थान- दीपक मिश्र और तृतीय स्थान- सूरज मिश्र ने प्राप्त की। इस दौरान टूंपा राय को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### मिर्जापुर ने वाराणसी को हराया

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के खोचवां (रूपापुर) गांव स्थित जनता इंटरमीडिएट कालेज के मैदान पर बुधवार को पहला क्रिकेट मैच संदीप क्रिकेट एकेडमी मिजापुर और सोनकर क्रिकेट एकेडमी वाराणसी के बीच हुआ। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए संदीप क्रिकेट एकेडमी ने 16 ओवर में 9 विकेट पर 185 रन बनाये जिसमें रोशन ने 46 रन बनाए और आर्यन ने 49 रन बनाए, जबाब में सोनकर क्रिकेट एकेडमी सभी विकेट खोकर 62 रन ही बना सकी। इस तरह संदीप क्रिकेट एकेडमी ने 126 रन से मैच से जीत लिया।

# टीबी मुक्त अभियान से जुड़ीं महिलाएं

**सुविधा**

**समूह की महिलाओं ने तैयार की पोषण पोटली, स्वास्थ्य विभाग ने क्रय कर क्षय रोगियों को प्रदान की**

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रहीं हैं इसी क्रम में बुधवार को राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) महिलाएं भी इस अभियान से जुड़ गयीं । काशी विद्यापीठ ब्लॉक के समूह की पाँच महिलाओं ने पोषण पोटली तैयार की और स्वास्थ्य विभाग ने सभी 22 पोषण पोटली को खरीद कर क्षय रोगियों को प्रदान की। यह पोटली में भुनी मूँगफली, भुना चना, चने की दाल, गुड़, न्यूट्रीला और लाई से परिपूर्ण है। दुगार्कुंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी ने पाँच क्षय रोगियों को पोषण पोटली प्रदान की। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से पोषण पोटली खरीदने का निर्देश प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश की तरफ से मिला है, जिसकी पहल बुधवार से की गई। इस दौरान सीएमओ ने क्षय रोगियों से उपचार और निक्षय पोषण योजना के तहत इलाज के दौरान हर माह मिलने वाले 500 रुपये के बारे में जानकारी ली।



समूह की महिलाओं को दी गई पोषण पोटली

### वसूली की शिकायत मिली तो होगी कार्रवाई : मनीषा

**वाराणसी।** महिला अस्पताल की एसआईसी ने अस्पताल के सभी कर्मियों के साथ बैठक कर कहा कि किसी भी मरीज से अगर पैसा लिया जाता है। इसकी शिकायत मिलने पर उसे बख्सा नही जाएगा। अस्पताल में भीड़ को कवर करने के लिए बुधवार को जिला कमाण्डेन्ट अधिकारी को पत्र लिखकर होमगार्ड की मांग की गयी है।

महिला अस्पताल की एसआईसी डॉ मनीषा सिंह ने बुधवार को बताया कि अस्पताल आने वाले मरीजों को यहां उपलब्ध हर तरह की सुविधा बेहतर तरीके से निःशुल्क मिलना चाहिए। इसके लिए उन्होंने अस्पताल के डॉक्टर संवर्ग, नर्सेज संवर्ग, लिपिक व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के साथ-अलग-अलग मीटिंग कर निर्देश दिया गया है कि अस्पताल में आने वाले किसी भी मरीज से पैसा लेने की शिकायत मिलने पर उसे बख्सा नही जायेगा। बताया कि अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ने पर उन्हें कवर करने को उपलब्ध आठ होमगार्ड से तीन शिफ्ट कवर नही हो पा रहा है। उन्होंने आज जिला कामन्डेन्ट अधिकारी को पत्र लिखकर पांच और होमगार्ड की मांग की है। बताया कि रजिस्ट्रेशन काउंटर, पैथालॉजी, टीकाकरण व ओपीडी में मरीज की काफी भीड़ हो जाती है। जिसे लेकर हो रोजाना झकझक होता है।

# भारत को एकता के सूत्र में पिरोने को बनी थी कांग्रेस

**आयोजन**

**कांग्रेस के स्थापना दिवस पर पार्टी की ओर से विभिन्न स्थानों पर हुए कार्यक्रम**

**वाराणसी।** कांग्रेस अपने गौरवपूर्ण अतीत के साथ भारत के नवनिर्माण के लिए संघर्ष कर रही है। यह देश विभिन्न धर्म, संस्कृति, भाषा और समाज का ऐसा सुंदर गुलदस्ता है जिसमें एकसाथ कई रंग के फूल खिलते और दमकते हैं। कांग्रेस पार्टी समानता, एकता, अखंडता पर विश्वास रखती है। भविष्य में पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों और कार्यक्रमों के कारण समाज के सभी वर्ग का विश्वास और समर्थन कांग्रेस को हासिल होगा।

कांग्रेस के स्थापना दिवस पर बुधवार को जनपद के विभिन्न स्थान पर हुए आयोजनों के दौरान यह बातें कही गईं। मैदागिन स्थित पार्टी दफ्तर में जिला व महानगर कमेटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस का 138 वर्षों से लगातार संघर्ष जारी है। आजादी की लड़ाई से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण की सूत्रधार, संघर्ष और जनसेवा के गौरवशाली इतिहास को संजोए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का देश को स्वतंत्र कराने में बहुत बड़ी भूमिका रही। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने संविधान एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा की शपथ ली। साथ ही महानगर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्व. चंद्रमोहन पांडेय की पुण्यतिथि भी मनायी। कार्यक्रम में राजेश्वर पटेल, राघवेंद्र चौबे, प्रो. सतीश राय, दुर्गा प्रसाद गुप्त, संजीव सिंह, डॉ. राजेश गुप्ता, हसन मेहंदी कब्बन आदि रहे। उधर, पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रो. अनिल कुमार उपाध्याय एवं पूर्व पार्षद डॉ. जितेंद्र सेठ की मुख्य उपस्थिति में हुई बैठक में वक्ताओं ने कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास को याद किया।



कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर मैदागिन स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने शपथ ली

**रामनगर प्रतिनिधि** के अनुसार नगर पालिका अध्यक्ष रेखा शर्मा के आवास पर हुई गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना का उद्देश्य भारत जैसे विकासशील राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधने के लिए किया गया था। इस मौके पर रईस अहमद, लालजी कनौजिया, रामजी गुप्ता, शिवेंद्र उपाध्याय, जुम्मन, गोपाल केसरी, डॉ. मुनीर नज्म सिद्दीकी, आकिल मिर्जा 'लड्डू', कृष्णमुरारी लाल आदि ने विचार व्यक्त किये।


पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना सं0-15-DYCEGA-2022

[illegible]

www.ireps.gov.in

[illegible]




# वाराणसी



# दो दिन बाबा धाम के गर्भगृह में प्रवेश रहेगा प्रतिबंधित

## बाबा का स्पर्श दर्शन भी नहीं कर पायेंगे श्रद्धालु



**वाराणसी।** नये साल के उपलक्ष्य में भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए इस बार गर्भगृह में दर्शनार्थियों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। 31 दिसम्बर से एक जनवरी तक श्रद्धालु बाबा का स्पर्श दर्शन भी नहीं कर पायेंगे। इस दौरान श्रद्धालुओं को सिर्फ बाबा का झरोखा दर्शन ही हो पायेगा। गौरतलब हो कि पिछले वर्ष नववर्ष पर काशी विश्वनाथ दरबार में लाखों दर्शनार्थियों के आने से व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई थी। 31 दिसम्बर व एक जनवरी को हर कोई बाबा विश्वनाथ का दर्शन करना चाहता है।

**नए साल में होगा ये**

**31 से एक जनवरी तक रहेगी नई व्यवस्था लागू**

इस बार भी इस दिन बाबा दरबार में लाखों दर्शनार्थियों के आने की संभावना है। पिछली बार बाबा दरबार में लगभग सात लाथ लोगों ने दर्शन किया था। इसको देखते हुए दो दिनों तक मंदिर में बाबा का स्पर्श दर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. सुनील वर्मा की मानें तो श्रद्धालुओं की सुविधाओं और सुरक्षा के लिए पुख्ता योजना बनाई जा रही है। धर्म नगरी काशी के मंदिरों में नए साल पर उमड़ने वाले श्रद्धालुओं के लिए नई व्यवस्था लागू की गई है। काशी विश्वनाथ मंदिर में 31 दिसंबर से एक जनवरी तक श्रद्धालुओं को झरोखा दर्शन मिलेगा। संकटमोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वंभर नाथ मिश्र का कहना है कि 31 दिसंबर और एक जनवरी को मंदिर में बहुत भीड़ होती है। भीड़ प्रबंधन के लिहाज से ही ये नई व्यवस्था केवल दो दिन के लागू की गई है।

# पंचायतों में चौपाल लगाएंगे केशव मौर्य

## पहले दिन रुद्राक्ष में स्वयं सहायता समूहों के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे उपमुख्यमंत्री

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** सूबे के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दो दिनी दौरे पर गुरुवार को आएंगे। वह नगर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भागीदारी करेंगे। साथ ही तीन ग्राम पंचायतों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक श्री मौर्य 29 दिसंबर की दोपहर प्रयागराज से यहां पहुंचने के बाद एक बजे सिगरा स्थित रुद्राक्ष इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। उसमें स्वयं सहायता समूहों, ग्राम संगठनों एवं संकुल स्तरीय संघ को परिक्रमा निधि और सामुदायिक निवेश निधि का वितरण किया जाएगा। उसके बाद डिप्टी सीएम जनपद के विभिन्न स्थान पर पार्टी के लोगों से मिलेंगे। शाम 4.20 बजे वह सर्किट हाउस में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे। देर शाम वह काशी विश्वनाथ मंदिर और कालभैरव मंदिर में मत्था टेकने के बाद सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। उप मुख्यमंत्री 30 दिसंबर को दिन में 11 बजे सेवापुरी ब्लॉक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गोद लिये नये सांसद आदर्श गांव में आंगनवाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, प्राथमिक विद्यालयों का जायजा लेंगे। साथ ही गांव में स्वयं सहायता समूह स्टाल एवं दीदी कैफे का अवलोकन करने के बाद चौपाल लगाएंगे। उसके बाद श्री मौर्य ने दोपहर 12.40 बजे आराजी लाइन विकास खंड के बभनियाव में पुस्तकालय एवं मिशन पढ़ाकू का लोकार्पण कर आंगनवाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, कम्युनिटी टॉयलेट, अमृत सरोवर आदि की निरीक्षण करेंगे। इसी क्रम में वह गांव के प्राथमिक विद्यालय में आयोजित गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराएंगे। गांव में उनकी चौपाल भी लगेगी। अपराह्न 2.20 बजे उपमुख्यमंत्री चिरईगांव ब्लॉक के चिरईगांव में बारात घर, सामुदायिक शौचालय, आरओ प्लांट, पानी टंकी, प्राथमिक विद्यालय आदि का मुआयना कर चौपाल लगाएंगे। उसके बाद श्री मौर्य शाम 4.10 बजे बाबतपुर हवाईअड्डे से लखनऊ रवाना हो जाएंगे।

**आगमन**

**दो दिनी दौरे पर आज आएंगे डिप्टी सीएम**

**कल तीन गांव पूरे, बभनियांव और चिरईगांव में करेंगे मुआयना, लगाएंगे चौपाल**



# विधायक की जनसुनवाई में उमड़े फरियादी

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रविन्द्रपुरी स्थित संसदीय जनसम्पर्क कार्यालय में बुधवार को कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव द्वारा जनसुनवाई कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया गया। सौरभ की ओर से जनसुनवाई की खबर लगते ही बड़ी संख्या में लोग संसदीय कार्यालय पहुंच गये। पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुनते हुए कई मामलों का त्वरित ही निस्तारण किया तो कई मामलों में संबंधित अधिकारी को फोन कर जल्द से जल्द समस्या सुलझाने का निर्देश दिया। जनसुनवाई के दौरान पानी, सीवर, बिजली, सड़क, भूमि विवाद, चिकित्सा जैसी समस्याएं सामने आयी। इसके साथ ही वृद्धा, विधवा, विकलांग पेंशन, आवास के लिए सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता कर अतिशीघ्र समस्या का समाधान कराने को भी निर्देशित किया गया। सहयोग के लिए कुशाग्र श्रीवास्तव, ऋतिक मिश्रा व अन्य उपस्थित थे।



जनता की परियाद सुनते विधायक सौरभ।


# वार्षिकोत्सव में छात्रों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**वाराणसी।** सनबीम सनसिटी परिसर में बुधवार को वार्षिकोत्सव मंजरी 2022 का आयोजन हुआ। 'मंजरी' का शुभारंभ सनबीम समूह के अध्यक्ष डॉ. दीपक मधोक एवं निदेशक भारती मधोक ने किया। इस दौरान विद्यालय के छात्रों ऐश्वर्य, अंशिका, आरिया, सुशांत द्वारा विद्यालय का वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक आरकेस्ट्रा स्टुडियो सूफियाना की प्रस्तुति की। इसके बाद द स्मेल्स ऑफ पावर की प्रस्तुति एवी प्रजेंटेशन के माध्यम से हुई। सनबीम समूह की सह निदेशक प्रतिमा गुप्ता ने अतिथियों को संबोधित करते हुए उनका अभिवादन किया। समूह के सीओओ आशीष राय द्वारा गणमान्य अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। छात्र- छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों- उपलब्धि, समन्वय, अस्मिता, सृजन, संवाद आदि ने दर्शकों का मन मोह लिया। सनबीम समूह के मानद निदेशक हर्ष मधोक ने उपस्थित महानुभावों एवं अभिभावकों के आगमन पर आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या अर्चना सिंह, उप-प्रधानाचार्या सरिता राव आदि उपस्थित थे।



## 25 घंटे लेट मरुधर रास्ते में फंसी

**वाराणसी।** कोहरा के चलते ट्रेनों की लेटलतीफी इस कदर बढ़ी कि यात्रियों को अपनी यात्रा भी निरस्त करना पड़ रहा है। यात्रियों की मानें तो एक-एक दिन लेट होने के चलते समय पर ना पहुंच पाने से कई कार्य भी प्रभावित हो रहें हैं, कोहरा के चलते कैंट स्टेशन पर आने वाली ट्रेनों में सर्वाधिक मरुधर देरी से पहुंची, यह ट्रेन 25 घंटे देरी से रास्ते में ही रही। वहीं गंगा सतलज एक्स्प्रेस सात घंटे, गोदिया वरौनी नौ घंटे, कोलकाता एक्स्प्रेस तीन घंटे, बेगमपुरा एक्स्प्रेस साढ़े आठ घंटे, उधना दानापुर 12 घंटे, कामाख्या भगत की कोठी साढ़े तीन घंटे, दून एक्स्प्रेस सात घंटे, अमृतसर हावडा पंजाब मेल पांच घंटे, सिकंदराबाद दानापुर पांच घंटे, हिमगिरि एक्स्प्रेस चार घंटे, शालीमार एक्स्प्रेस साढ़े छह घंटे, मरूधर एक्स्प्रेस 25 घंटे की देरी से चलने की सूचना मिली।



# प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त घाटों से हटवाया अतिक्रमण

**वाराणसी।** नगर निगम प्रवर्तन दल द्वारा बुधवार को प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलया गया। जिसके तहत लहूराबीर, बेनीया और नई सड़क क्षेत्रों में कुछ दुकानों और प्रतिष्ठानों का निरीक्षण और प्रतिबंधित प्लास्टिक का ईस्तेमाल करने वाले दुकानदारों व वेंडरों से प्लास्टिक के थैले जब्त कर सभी को जुमार्ना किया गया। वहीं गंगा घाटों पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर राजेंद्र प्रसाद घाट से लगायत मानमहल घाट, बाराही घाट, त्रिपुर भैरवी घाट, मीर घाट होते हुए ललिता घाट तक काउंटर, झुग्गियां व अन्य अस्थाई अतिक्रमण हटवाकर सभी घाटों को खाली करवाया गया, भदैनी घाट स्थित जलकल कार्यालय परिसर के गेट पर अवैध रूप से गुमटी लगाकर अतिक्रमण किए हुए वेंडरों को हटवाया गया, रानीपुर स्थित श्री राम नगर कॉलोनी में विवादित जमीन पर किए जा रहे निर्माण कार्य को रोका गया, इसके अलावा पशु चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में फार्मासिस्ट अमर नाथ द्विवेदी और उनकी टीम के साथ मिलकर नारियां क्षेत्र में अवैध पशु पालन, डेयरी के खिलाफ अभियान चलाते हुए कुल दो पशु जब्त कर कांजी हाउस भेजा गया। इस दौरान कुल जुमार्ना राशि 30,900 रुपये वसूल किया गया।



# सुपर फास्ट के नाम पर धीमे से कट रही यात्रियों की जेब

**समस्या**

**मुम्बई, सूरत मार्ग पर जाने वाले यात्रियों से लिया जा रहा अतिरिक्त शुल्क**

**वाराणसी।** मुम्बई, सूरत सहित अन्य महानगरों को जाने वाले यात्रियों को बेवकूफ बनाते हुए कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर जनरल टिकट पर सुपर फास्ट के नाम पर अतिरिक्त वसूला जा रहा है। हर बार शिकायत के बाद भी बुकिंग पर तैनात क्लर्क अपनी आदद से बाज नहीं आ रहें। अभी कुछ दिनों पूर्व ऐसी ही शिकायत के लिए एक यात्री ने रेल मंत्री को ट्विट कर जानकारी दी थी। रेलवे में कोरोना के बाद से सभी ट्रेनों के जनरल टिकट पर सुपर फास्ट के लिए अतिरिक्त शुल्क 10 से 20 रुपये खत्म कर दिया गया है। अब यह शुल्क टिकट में ही जोड़कर लिये जाने का प्रावधान हो गया है। बावजूद इसके कैंट स्टेशन पर रोजाना ऐसे यात्रियों की संख्या मिल रही है जो बुकिंग क्लर्क की ओर से ठगे जा रहें हैं।



**मुम्बई और सूरत के यात्रियों पर निगाह**

आरक्षण में लंबी वेटिंग होने के चलते मुम्बई, सूरत, कोलकाता सहित अहमदाबाद को जाने वाले बहुत से यात्री विवशता के चलते जनरल टिकट पर ही यात्रा करते हैं ऐसे यात्रियों को बुकिंग क्लर्क की ओर से शिनाख्त कर ली जाती है, फिर टिकट के साथ 15 से 20 रुपये की मांग की जाती है। ट्रेन छूटने के डर से यात्री बहस नहीं करते और अतिरिक्त शुल्क देकर चलते बनते हैं। एक यात्री ने रेल मंत्री को इसकी शिकायत ट्वीट कर किया लेकिन अभी तक इस पर किसी तरह का लगाम नहीं लग सका।

## सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध किया जागरूक

वाराणसी। नगर आयुक्त प्रणय सिंह के निर्देश पर 27 से 30 चार दिनों तक सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध प्रवर्तन ड्राइब चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत नगर निगम द्वारा बुधवार को कार्रवाई में सिंगल यूज प्लास्टिक नाटी इमली सब्जी विक्रेताओं को जागरूक किया गया, इस दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक पर 500 से 5000 जुमार्ने के बारे में बताया गया। स्थानीय सामाजिक संगठन के माध्यम से चम्मच, काटा, गिलास, आकर के बने मैस्कॉट और ढोल के साथ रैली निकाली गई और स्पीकर के साथ सभी ठेला पटरी व्यवसायियों को सूचित किया गया। ग्राहकों से भी अनुरोध किया गया कि प्लास्टिक के बैग के जगह कपड़े या जुट के थैले का इस्तेमाल करें।






# समान नागरिक संहिता लागू कराने का सही वक्त

**बोले जितिन प्रसाद**

**केदारघाट करपात्री धाम में समान नागरिक संहिता विषयक व्याख्यान**

**वाराणसी।** केदारघाट स्थित करपात्री धाम में युवा चेतना के तत्वावधान में समान नागरिक संहिता और उसकी आवश्यकता विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा की भारत विकास के पथ पर अग्रसर हो गया है। अब हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में विश्वगुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता है। कहा कि समान नागरिक संहिता लागू होने से न्यायालय से बोझ कम होगा। अब समय आ गया है जब देश में समान नागरिक संहिता लागू हो। सामान नागरिक संहिता लागू कराने के लिए युवा चेतना काफी प्रयासरत है। श्री प्रसाद ने कहा कि वाराणसी और उत्तर प्रदेश के विकास के लिए हम लगातार प्रयासरत हैं। वाराणसी में सड़क,पुल और भवन के क्षेत्र में अनवरत कार्य हो रहा है। प्रारंभ में उद्घाटन स्वामी सर्वेश्वरानंद सरस्वती,स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी, संयोजक रोहित कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। स्वामी सर्वेश्वरानंद सरस्वती ने कहा की सामान नागरिक संहिता लागू होने से देश में एकरूपता आएगी। स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने कहा की एक विधान,एक प्रधान और अब एक कानून होना चाहिए। अध्यक्षता करते हुए युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह ने कहा की अब समय आ गया है जब सामान नागरिक संहिता लागू हो। स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने शाल और स्मृति चिन्ह देकर कैबिनेट मंत्री जीतीन प्रसाद का सम्मान किया। इस अवसर पर डा. मारूफ चौधरी,मयंक गुप्ता,डा. बृजभूषण ओझा,डा. केके सिंह, डा. सतीश कुशवाहा,सुनीता सिंह,मनोज यादव,बुल्लू राय,संदीप पांडेय आपा,डा. गिरीश दत्त पांडेय,इंद्रजीत यादव आदि उपस्थित रहे।



साधुओं को संबोधित करते जितिन प्रसाद

**लोक निर्माण मंत्री पहुंचे बाबा विश्वनाथ धाम**

वाराणसी। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जतिन प्रसाद बुधवार को सपरिवार काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे और का दर्शन-पूजन किया। इस दौरान उनका ज्ञानवापी गेट नंबर चार पर स्मृति चिहन देकर स्वागत किया गया। इसके पूर्व जतिन प्रसाद मंगलवार रात परिवार के साथ संकटमोचन मंदिर गये। मंदिर में करीब 15 मिनट तक पूजन अर्चन किया। मंत्री को मंदिर की तरफ से प्रसाद और माला भेंट किया। दर्शन के बाद वापस लौट गए।

# लकड़ी की सीढ़ी मिलने तक गुल रहेगी बत्ती !


जनसंदेश न्यूज

**वाह रे बिजली विभाग**

**फॉल्ट दूर कराने के लिए लोहे के विद्युत पोल पर चढ़ने से पीछे हटे सातोमहुआ उपकेंद्र के जेई**

**हरहुआ।** यदि आपका विद्युत कनेक्शन लोहे के पोल से जुड़ा है और कभी फॉल्ट आ गया तो उस खामी को विभाग तभी दुरुस्त करेगा जब उसके बाद लकड़ी की सीढ़ी होगी। जी हां, स्थानीय क्षेत्र का सातोमहुहा उपकेंद्र का कुछ ऐसा ही हाल है। इस सबस्टेशन पर लकड़ी की सीढ़ी नहीं है। इसका खामियाजा ऐसे उपभोक्ता भुगत रहे हैं जिनकी लाइन में कई दिनों से फॉल्ट के चलते उनके घर-दुकान की बत्ती गुल है।

हरहुआ फीडर से संबद्ध सातोमहुआ उपकेंद्र में लकड़ी की सीढ़ी न होने के कारण कुछ उपभोक्ता बीते सात दिन से इस इंतजार में हैं कि बिजली विभाग के इस सबस्टेशन पर 'कब नौ मन तेल होगा और राधा नाचेगी।' इस समस्या के बारे में पूछे जान पर उपकेंद्र के जेई लालव्रत प्रजापति ने सफाई दी कि लाइन में फॉल्ट की कुछ शिकायतें मिली हैं। हमने मौका-मुआयना भी किया है। संबंधित बिजली का पोल लोहे का है। सो, उस खंभे पर चढ़ने के लिए लकड़ी की सीढ़ी चाहिए। विभाग के पास इसकी व्यवस्था नहीं है। लकड़ी की सीढ़ी का इंतजाम होने के बाद ही संबंधित उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन का फॉल्ट दूर करना संभव हो। महकमे की इस दुर्दशा के त्रस्त कारोबारी उपभोक्ता दासेपुर (बैजलपट्टी) निवासी संजय गुप्ता और हरीशंकर जायसवाल ने बताया कि लाइन में फॉल्ट के बारे में न सिर्फ ऑनलाइन बल्कि सबस्टेशन पर जाकर भी शिकायत दर्ज करायी जा चुकी है।



## 133 दिव्यांगजनों को दिया सर्टिफिकेट

**वाराणसी।** जनपद के विकास खंडों में सर्वशिक्षा अभियान के तहत दिव्यांग बच्चों के लिए लगाये गये चिह्नांकन शिविरों में बड़ी संख्या पात्रों को लाभांवित किया गया। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी रामप्रकाश सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उन शिविरों में 133 दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जारी किये गये। इसी प्रकार 405 कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण, 188 यूडीआईडी कार्ड के लिए चिह्नित हुए। कैंप में कई अन्य विभागों का भी सहयोग रहा।

## तेज हवा संग बढ़ी गलन

**वाराणसी।** जनपद में बुधवार को सर्दी के इस सीजन में की सर्वाधिक ठंड महसूस की गयी। दस से पंद्रह किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चली बफीर्ली हवाओं के साथ गलन में भी इजाफा हुआ। हवा में अधिक नमी होने के चलते खिली धूप बेअसर रही। अचानक तामपान गिरने शीतलहरी में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विज्ञानी के अनुसार पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के कारण मौसम में यह बदलाव हुआ है।

# पाइप लाइन जर्जर, बस्तियों में नहीं पहुंच रहा पानी



मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने बुधवार को चिरईगांव का दौरा किया

जनसंदेश न्यूज

**चिरईगांव।** सीडीओ हिमांशु नागपाल ने बुधवार को स्थानीय ग्राम पंचायत के पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं। साथ ही आगामी 30 दिसंबर को यहां डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए संबंधित तैयारियों का जायजा लिया।चौपाल में ग्रामीणों ने शिकायत की कि पानी की टंकी से कई बस्तियों में पानी नहीं पहुंच रहा है। पाइप लाइन जर्जर हो चुकी है। लोगों ने यहां संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भवन बनवाने, जर्जर पंचायत भवन को दुरुस्त कराने की मांग की। इस अवसर पर ग्रामीणों ने कई अन्य समस्याओं की ओर भी ध्यान दिलाया। इस दौरान पूर्व ग्राम प्रधान धनंजय मौर्य ने अपने कार्यकाल के दौरान कराये गये कार्यों में खर्च की गयी धनराशि का भुगतान कराने की मांग की। चौपाल में ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट कमल किशोर, डीडीओ विजय कुमार, एडीओ पंचायत कमलेश कुमार सिंह, विनय मौर्य, अनिल मौर्य, धनंजय मौर्य आदि भी रहे।

**की शिकायत**

**सीडीओ ने चिरईगांव में लगायी चौपाल, सुनीं समस्याएं**

## एडिशनल कमिश्नर को बताई समस्या, सौंपा पत्र

**वाराणसी।** छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को एडिशनल कमिश्नर संतोष सिंह के कार्यालय पहुंचा। जहां उन्होंने पत्र देकर उन्हें शहर की समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें यातायात समस्याओं के संबंध में 12 बिंदुओं पर सुझाव दिए गए। प्रतिनिधिमंडल में आटोरिक्शा यूनियन के उपाध्यक्ष भगवान सिंह, देवनन्दन सिंह, उपेंद्र सिंह, राजकुमार सिंह, मुन्ना सिंह,शुभम राय, दीपक वर्मा, दिलीप मिश्रा आदि शामिल थे।


रिटेल डायरेक्टरी



# दस दिन में फैसला नहीं लिया तो आंदोलन तय

**किया ऐलान**

### रिंग विस्तारीकरण में ली गयी भूमि के मुआवजे की मांग को लेकर हुई किसान पंचायत

**जनसंदेश न्यूज**



जमीन के मुआवजे की मांग लेकर बुधवार को किसानों की पंचायत हुई

**लोहता।** चांदपुर से लेकर रिंग रोड परमपुर तक मार्ग विस्तारीकरण की जद में आ रहे जमीनों से जुड़े कई किसानों ने आरोप लगाया है कि प्रशासन उनकी कीमती पुश्तैनी भूमि का हड़पना चाहता है। जबकि भूमि अधिग्रहण में धारा 4 व 6 का प्रकाशन अबतक नहीं हुआ है। प्रकरण को लेकर बुधवार को रामरायपुर, अकेलवा तथा परमपुर के किसानों ने दूसरे दिन बुधवार को भी किसान पंचायत कर यह कहा। इस मौके पर किसानों ने कहा कि अन्याय और अत्याचार के खिलाफ सड़ाई लड़ेंगे। यदि दस दिन के भीतर भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के तहत धारा 4 और 6 का प्रकाशन नहीं किया गया एवं प्रभावित किसानों को चार गुना मुआवजे का प्रावधान नहीं हुआ तो आंदोलन तय है। इस मुद्दे को लेकर आगामी आठ जनवरी को सर्वदलीय वृहद किसान पंचायत होगी। उसमें किसान आर-पार की लड़ाई की रणनीति तय करेंगे। बुधवार को हुई किसान पंचायत में ओंकार नाथ, लालता प्रसाद, कैलाशनाथ, चंद्रिका प्रसाद, दीनदयाल, बेदी, महेंद्र, हरिहर, झगड़ू, छविनाथ, सुरेंद्र राजभर, गंगा, बेचू पहलवान, मतनू, रामज्ञानी एवं सुरेश राव आदि सम्मिलित रहे।

## महालक्ष्मी पूर्णाभिषेक का हुआ समापन उमड़े श्रद्धालु

**वाराणसी।** डाफी स्थित बजरंग नगर, अशोकपुरम कॉलोनी में चल रहे श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ कथा के अंतिम दिन बुधवार को महालक्ष्मी पूर्णाभिषेक में भी आहुतियां डाली गई। कथा मंडप में ही बने विशाल यज्ञ मंडप में 21 भूदेवों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं ने महालक्ष्मी का आह्वान किया और यज्ञ में पूणार्हुति दी। मुख्य यजमान राजेंद्र गोयनका एवं शोभा गोयनका ने सपरिवार आरती उतारी। इस मौके पर राघव ऋषि ने कहा कि मनुष्य जीवन बड़े भाग्य से मिलता है, इस जीवन को साधना के जरिये योगी बनाया जा सकता है, यदि योगी नही बन सके तो इस जीवन को दूसरों के लिए उपयोगी अवश्य बनाया जा सकता है। इस अवसर पर उमाकांत पाण्डेय, धीरेंद्र सिंह कुशवाह, शिवानंद पाठक, अशोक गुप्ता, राकेश राय, कन्हैया लाल अग्रवाल, सौरभ पाठक सहित देश के 12 राज्यो से आये श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण किया।

## विधायक सौरभ ने जिवधिपुर में किया कम्बल वितरण



**वाराणसी।** विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने जोल्हा दक्षिणी वार्ड के जिवधिपुर के लोगों को कम्बल वितरित किया। विधायक ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता, ठंड और जनता के बीच खड़े हैं। हम एक-एक जरूरतमंद के पास जाएंगे और उसे ठंड से लड़ने लायक बनाएंगे। विधायक के साथ राजकुमार प्रजापति, कुशाग्र श्रीवास्तव, आनंद प्रजापति, गुड्डू राजभर, रमेश प्रजापति, सुरेन्द्र मौर्य, सक्षम पटेल, आनंद चौहान व अन्य सहयोग हेतु उपस्थित थे।

### सभासद रितेश पाल को पितृशोक

**वाराणसी।** भोजपुर सभासद रितेश पाल के पिताजी का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। पड़ोसियों के अनुसार उन्हें हृदयाघात आने के बाद 10 मिनट का समय दे नहीं मिला और प्राण चले गए। उनकी अन्तिम यात्रा में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य लक्ष्मण आचार्य, विधायक कैन्ट सौरभ श्रीवास्तव, महानगर मंत्री डॉ अनुपम गुप्ता, संतोष द्विवेदी, अमित सिंह चिन्टू, मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, सभासदगण अशोक जायसवाल, लल्लन सोनकर, सत्यनारायण गुप्ता, सृजन श्रीवास्तव, राजकुमार सिंह व सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पांच दिनी खेलकूद का शुभारंभ



**पिंडरा।** विकास खण्ड पिंडरा के रमईपुर स्थित त्रिपदा पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, खो-खो,बालीवाल, बैडमिंटन, कबड्डी, रिले रेस आदि में विद्यार्थियों का उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दीप नारायण दीपक सिंह ब्लाक प्रमुख बड़ागांव ने फीता काट कर उद्घाटन किया। कहा कि जीवन के लिए खेलकूद बहुत ही जरूरी है। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अर्चना सिंह पटेल, ई. नवीन भारत, आशीष मिश्र, अवधेश जायसवाल लल्ला, विकास दत्त मिश्र, पप्पू गिरी ग्राम प्रधान कैथोली आदि मौजूद थे। मुख्य अतिथि का स्वागत प्रबंध निदेशक कन्हैया लाल पटेल, प्रधानाचार्य सुरेन्द्र बहादुर पटेल, सुनील सिंह, श्रीमती विनीता सिंह ने किया। दूसरे दिन खेलकूद में छात्राओं ने कबड्डी व छात्रों ने बालीवाल खेला।

## संक्षेप

### 'कलम का सिपाही' से राजेंद्र व शरद सम्मानित



**वाराणसी।** मासिक पत्रिका सोच विचार की ओर से संयोजित कलम का सिपाही सम्मान इस वर्ष कथाकार राजेंद्र आहुति एवं गीतकार शरद श्रीवास्तव शरद को प्रदान किया गया। नागरी प्रचारिणी सभा में बुधवार को अयोजित इस कार्यक्रम में शमिल विद्वानों ने डॉ श्यामलाकांत वर्मा के बहुआयामी व्यक्तित्व एवं कृतियों के साथ ही उनके योगदानों का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम का प्रारम्भ विजयेंद्र नाथ मिश्र के प्रस्तुत मंगलाचरण के साथ हुआ। आयोजन का संचालन जितेंद्र नाथ मिश्र एवं अध्यक्षता डा वाचस्पति ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट रूप से रमाकांत मिश्र ,शशिभूषण बडोनी, डा रामसुधार सिंह, प्रो श्रद्धानंद, ओम धीरज, सुरेंद्र बाजपेयी, अशोक सिंह, ब्रिजेश पाण्डेय, नरोत्तम मिश्र, नरेन्द्र नाथ मिश्र, वासुदेव ओबराय, रामअवतार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध किया जागरूक

**वाराणसी।** नगर आयुक्त प्रणय सिंह के निर्देश पर 27 से 30 चार दिनों तक सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध प्रवर्तन ड्राइब चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत नगर निगम द्वारा बुधवार को कार्रवाई में सिंगल यूज प्लास्टिक नाटी इमली सब्जी विक्रेताओं को जागरूक किया गया, इस दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक पर 500 से 5000 जुमार्ने के बारे में बताया गया। स्थानीय सामाजिक संगठन के माध्यम से चम्मच, काटा, गिलास, आकर के बने मैस्कॉट और ढोल के साथ रैली निकाली गई और स्पीकर के साथ सभी ठेला पटरी व्यवसायियों को सूचित किया गया। ग्राहकों से भी अनुरोध किया गया कि प्लास्टिक के बैग के जगह कपड़े या जुट के थैले का इस्तेमाल करें।

### बीएचयू में चार नये विभागाध्यक्ष

**वाराणसी।** बीएचयू के कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन ने डॉ. शोभना राजेश नेर्लिकर को पत्रकारिता एवं जनसम्प्रेषण विभाग कला संकाय का विभागाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी यह नियुक्ति एक जनवरी से आगामी तीन साल तक के लिए की गई है। इसके अलावा वीसी ने अरविंद आचार्य को प्राणी विज्ञान विभाग विज्ञान संस्थान, डॉ. अभय कुमार मिश्र को जर्मन अध्ययन विभाग कला संकाय तथा प्रो. उदय प्रताप शाही को विकिरण चिकित्सा विभाग चिकित्सा विज्ञान संस्थान का विभागाध्यक्ष नियुक्त किया है।

### गोवंशों का किया टीकाकरण

काशी विद्यापीठ। पशुपालन विभाग की ओर से स्थानीय विकास खंड के विशुनपुर और सीरगोवर्द्धनपुर गांव में बुधवार को गाय व भैंसों को खुरपका व मुंहपका रोग से बचाने के लिए टीकाकरण अभियान चलाया गया। क्षेत्रीय पशु चिकित्साधिकारी डॉ. लवलेश सिंह के नेतृत्व में यह मुहिम चली। उन्होंने बताया कि विशुनपुर गांव में 190 गाय व 47 भैंस तथा सीरगोवर्द्धनपुर में 110 गाय व 13 भैंस को टीका लगाया गया। अभियान में मनोज कुमार, प्रदीप कुमार, संतोष कुमार, प्रेम शंकर आदि रहे।

### महानगर अध्यक्ष बने जितेंद्रनाथ मिश्र

**तरना।** राष्ट्रवादी हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर पांडेय ने वाराणसी महानगर के महानगर अध्यक्ष पद पर जितेंद्र नाथ मिश्र को मनोनीत किया। शिवपुर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित बैठक में जितेंद्र नाथ मिश्र ने कहा कि वह संगठन के द्वारा दिए गए दायित्व के प्रति निष्ठावान रहेंगे। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष जितेंद्र नाथ मिश्र ने अपनी टीम का विस्तार करते हुए शशिकांत बाबा को महामंत्री सहित उपाध्यक्ष, मंत्री इत्यादि पदों पर लोगों को नियुक्त किया।

### वरिष्ठ पत्रकार स्व. मुन्नू प्रसाद पांडेय याद किये गये

**वाराणसी।** वाराणसी नागरिक संघ की ओर से काशी पत्रकार संघ के गर्दे सभागार में वरिष्ठ पत्रकार स्व. मुन्नू प्रसाद पांडेय की पुण्यतिथि मनायी गई। इस मौके पर लाला रामकिशुन गुप्त ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वक्ताओं ने स्व. मुन्नू प्रसाद पांडेय के व्यक्तित्व व कृतित्व की चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डा जितेन्द्रनाथ मिश्र रहे। कार्यक्रम में सरोज वर्मा, डा. कैलाश सिंह विकास, सिद्धनाथ शर्मा, डा. विजय कपूर, माधवी सिंह, राजेन्द्र गुप्त, अशोक अग्रवाल, मुरली मनोहर सिंह समेत काफी लोग मौजूद थे। संचालन डा अशोक सिंह ने किया।

# 20:20 फार्मूले पर आंखों को रखें हेल्दी

**जानकारी**

### बोले चिकित्सक, बीस फीट की दूरी, 20 मिनट के कार्य में 20 सेकेंड का ब्रेक है जरूरी

**वाराणसी।** हमारे जीवन में हमारी आंखों का बहुत महत्व है। आंखें हमारे शरीर का एक बहुत ही महत्वपूर्ण और नाजुक हिस्सा हैं। हमें अपनी आंखों की हमेशा देखभाल करनी चाहिए। यदि एक पल के लिए भी हमारी आंखें हमसे अलग हो जाएं तो हमारी जिंदगी में अंधेरा हो जाएगा। यह कहना है राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेद महाविद्यालय व चिकित्सालय के वरिष्ठ नेत्र रोग (ईएनटी)विशेषज्ञ डॉ.सुरेशर कुमार गुप्ता का,

बताया कि आजकल लोग टीवी, लैपटॉप व मोबाइल का बहुत अधिक इस्तेमाल कर रहे हैं जिसकी वजह से हमारी आंखों पर डायरेक्ट असर पड़ रहा है और हमारी आंखें दिन पर दिन कमजोर होती जा रही हैं। हमें अपने आंखों की देखभाल हमेशा करना चाहिए। हमें कंप्यूटर, मोबाइल, लैपटॉप, आईपैड आदि का प्रयोग कम से कम करना चाहिए। यदि यह कहा जाए कि आंखें भगवान की तरफ से दिया हुआ एक अनमोल तोहफा हैं तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं है। हमारी आंखों के द्वारा ही हम इस दुनिया की सुंदरता को देखने में सक्षम हो पाते हैं।

**20:20 का फार्मूला पर आंखे होंगी सुरक्षित**

डॉ.सुरेश कुमार गुप्ता ने बताया कि कमरे में टीवी देखना हो तो लगभग 20 फीट की दूरी पर रखें इसके साथ ही कम्प्यूटर या लैपटाप पर काम के दौरान हर 20 मिनट पर 20 सेकेंट के लिए आंख को बंद कर लें। समय-समय पर आंखो को ठंडे पानी से धोते रहे। बताया कि आयुर्वेद में आंखों के लिए कई टिप्स हैं उन्हें अपनाकर आंखो की नस के सूखापन को भी दूर किया जा सकता है। इसके अलावा आंखों का व्यायाम भी करना चाहिए। ज्यादा समस्या होने पर नेत्र चिकित्सक से जरुर सलाह लेना चाहिए।

## गुरु गोविंद सिंह के बलिदान ने किया प्रभावित

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के धर्म दर्शन विभाग की ओर से बुधवार को गूगल मीट पर ₹वीर बाल दिवस₹ का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उद्बोधन करते हुए हिंमाचल प्रदेश स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय के चांसलर प्रो. हर महेंद्र सिंह बेदी ने कहा कि एशिया के विद्वान पंजाब के इतिहास और साहित्य पर विचार कर रहे हैं। गुरु गोविंद सिंह के साहबजादों के बलिदान ने पूरे भारत के तरुण वर्ग को स्वधर्म निष्ठा के लिए प्रेरित किया। पूरे परिवार के बलिदानों ने एशिया को प्रभावित किया है। कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने कहा कि जिस आतातायी समाज से राष्ट्र का विघटन हो उसके विरुद्ध धर्म युद्ध कर सिक्ख गुरुओं ने भारत की संस्कृति की रक्षा की। डॉ. विनोद बब्बर, प्रो. हरिप्रसाद अधिकारी, प्रो. सुधाकर मिश्र, डॉ. प्रेरणा चतुर्वेदी, डॉ. रेणु द्विवेदी ने स्वागत भाषण व संचालन किया। इस दौरान प्रो. जितेंद्र साही, प्रो. विजय पांडेय, डॉ. श्वेता और डॉ. श्यामा आदि मौजूद रहे।

# गुमराह लोगों को दोबारा बसपा में लाएंगे

**आयोजन**

### बहुजन समाज पार्टी ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**जनसंदेश न्यूज**



बुधवार को बसपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल के प्रथम वाराणसी आगमन पर पार्टी वर्करों ने स्वागत किया

**सारनाथ।** बहुजन समाज पार्टी के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल का सोमवार को सारनाथ क्षेत्र स्थित एक लॉन में पार्टी कार्यकर्ताओं ने समारोहपूर्वक स्वागत किया। श्री पाल का यह प्रथम वाराणसी आगमन था। इस अवसर पर श्री पाल ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संगठन के गुमराह हुए लोगों को समझाकर दोबारा बसपा में शामिल करना है। इसके लिए प्रत्येक जनपद में वार्डों में जाकर लोगों से संवाद किया जा रहा है।

श्री पाल ने दावा किया कि अब बहुजन समाज पार्टी को सभी का साथ मिल रहा है। उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में एक बार फिर बसपा की सरकार बनेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि एक षडयंत्र के तहत पिछड़े समाज को गुमराह किया जा रहा है। ऐसा करने का मुख्य उद्देश्य है कि लोगों को गुमराह कर किसी भी प्रकार सत्ता हासिल की जाय। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, मुस्लिम समाज सहित ब्राम्हण, क्षत्रिय, वैश्य भी बहुजन समाज पार्टी के साथ है। इन्हीं के दम पर 2007 में यूपी बसपा सत्ता में आयी थी। पाल समाज के लोग भी आने वाले विधानसभा चुनाव में बसपा का साथ देंगे।

कार्यक्रम में कैलाश नाथ पाल, रामाश्रय पाल, जिलाध्यक्ष राजेश भारती, अवनीश कुमार, दीपचंद चौधरी, छन्नूलाल पाल, नरेंद्र पाल आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

## 'जड़ों की ओर लौटने का प्रयास है प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग'



**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के 44वे दीक्षांत समारोह के पूर्व आयोजित दीक्षोत्सव में बुधवार को योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिक्षा केंद्र व शिक्षा संकाय के संयुक्त तत्वाधान में ₹योग उत्सव स्वास्थ्य और वैलनेस के हेतु पहल₹ शिक्षा संकाय सभागार में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि वित्त अधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि योग का अर्थ है अपनी परंपरागत शैली, वेशभूषा खानपान देसी पद्धति को अपनाना है। विशिष्ट अतिथि कुलसचिव हरीश चंद ने कहा की प्राकृतिक चिकित्सा व योग को अपने जीवन में उतारकर निरोग रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. रेखा ने कहा कि प्राकृतिक जीवन शैली को अपनाकर हम स्वस्थ रह सकते हैं। वहीं संतोष कुमार, संकाय अध्यक्ष प्रो. सुशील कुमार गौतम, कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुरेंद्र राम ने भी अपने विचार रखें। आयोजक सचिव डॉ सुनील कुमार यादव ने कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में प्रो. अरविंद कुमार पांडेय, डॉ. नवरत्न ,डॉ. रणजीत राय, डॉ. कुंदन सिंह, अभिषेक मिश्रा, डॉ. चंद्रमणि, पूजा सोनकर, आदि मौजूद रहे।

# 165 रनों से जीता यांत्रिक विभाग



**वाराणसी।** मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय के निर्देशन में वाराणसी मंडल पर चल रही स्पोर्ट्स मीट के अंतर्गत बुधवार को अंतर मंडलीय क्रिकेट विभागीय टी-20 क्रिकेट मैच यांत्रिक और सिगनल विभाग के बीच खेला गया।

टॉस जीतकर यांत्रिक विभाग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 215 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। यांत्रिक विभाग की तरफ से कोंचिंग डिपो अधिकारी विनीत रंजन ने 57 गेंदों पर 12 चौके और तीन छक्कों की मदद से शानदार 87 रनों की पारी खेली और सेक्शन इंजीनियर दीपक ने 41 बॉल पर छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 66 रन बनाए। सिगनल की तरफ से धर्मेंद्र ने 4 ओवर में 35 रन देकर दो विकेट लिए अतिरिक्त रनों की संख्या 27 थी। 215 रनो के विशाल स्कोर का पीछा करते हुए सिग्नल विभाग की टीम 10.2 ओवर में 50 रन बनाकर ऑल आउट हो गई । यांत्रिक विभाग ने 165 रनों के विशाल अंतर से मैच जीत लिया। यांत्रिक विभाग की तरफ से मुकेश ने 2 ओवर में 9 रन देकर तीन विकेट और ऋषभ ने 2 ओवर में 15 रन देकर दो विकेट लिए सिग्नल के दो खिलाड़ी रन आउट हुए। 87 रनों की शानदार पारी खेलने वाले कोचिंग डिपो अधिकारी विनीत रंजन को मंडल यांत्रिक इंजिनीयर अधिकारीअभिषेक सिंह के द्वारा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

### बंग दर्शन का त्रिदिवसीय आनंद मेला 30 से

**वाराणसी।** बंग दर्शन की ओर से 30 से एक जनवरी तक प्रातः दस से रात्रि दस बजे तक कूच विहार काली बाड़ी सोनारपुरा में त्रिदिवसीय आनंद मेला का आयोजन किया गया है। मेले का शुभारंभ 30 को लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट की डायरेक्टर आर्यमा सान्याल व कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव करेंगे। मेले में कुल 45 स्टॉल लगाये जायेंगे। इसके साथ ही रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। नृत्य के साथ ही जादू शो का भी आयोजन होगा।

### शिक्षकों की तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

**सारनाथ।** सारनाथ स्थित एक होटल में बुधवार को तीन दिवसीय स्पेशल एजुकेशन प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। जिसमें जौनपुर व गाजीपुर जिलों के 112 दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के लिए रखे गए स्पेशल शिक्षक शामिल थे। कार्यशाला का उद्घाटन मंडलीय शिक्षा निदेशक बेसिक अवध कुमार सिंह ने करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ अनुशासन बहुत जरूरी है। इस प्रशिक्षण से कार्य करने की क्षमता में निखार आएगा, प्रशिक्षण के बाद लोगों में परिवर्तन आता है। दूसरे चरण में तीन से पांच जनवरी तक चंदौली व वाराणसी के स्पेशल शिक्षक शामिल होंगे। दिव्यांग बच्चों को शिक्षा देकर उनको समाज की मुख्यधारा से जोड़ना ही बहुत बड़ा काम है। वहीं प्रशिक्षक त्रिलोकी नाथ शर्मा ने 21 प्रकार की दिव्यांगता की जानकारी दी, गंभीर दिव्यांगता वाले बच्चे जो स्कूल नहीं पहुंच सकते उनको होमबेस शिक्षा से जोड़ने का तरीका बताया गया। साथ ही पोर्टल पर ऑनलाइन बच्चों की फीडिंग की प्रक्रिया बताई गई। इस प्रशिक्षण में राजीव सिंह, जितेंद्र श्रीवास्तव, अरुण कुमार, बच्चू यादव, शैलेंद्र सिंह, सहित जौनपुर, गाजीपुर के स्पेशल शिक्षक शामिल थे।

# सीएमओ ने बच्चों को दी विटामिन ए की खुराक



**पहल**

### शुरू हुआ बाल स्वास्थ्य पोषण माह अभियान

### 3.59 लाख बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने का लक्ष्य

**वाराणसी।** भेलूपुर स्थित स्वामी विवेकानंद राजकीय चिकित्सालय में बुधवार को बाल स्वास्थ्य पोषण माह (बीएसपीएम) अभियान की शुरूआत की गई। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी ने नौ माह से पाँच वर्ष के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई । सीएमओ अपील की है कि सभी माताएँ जिनके बच्चे नौ माह पूर्ण कर चुके हैं, वह अपने बच्चों को विटामिन-ए की खुराक अवश्य पिलाएं । बुधवार एवं शनिवार को स्वास्थ्य केन्द्रों में आयोजित होने वाले ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस सत्रों (वीएचएनडी एवं यूएचएनडी) पर विटामिन-ए निःशुल्क पिलाई जाएगी । बताया कि बच्चों को सुपोषित रखने के उद्देश्य से जनपद के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर बुधवार से विटामिन ए सम्पूर्ण कार्यक्रम की शुरूआत हुई है। बच्चों की स्वास्थ्य देखभाल के लिए विभाग बेहद गंभीर है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पहले घंटे के अंदर मां का पीला गाढ़ा दूध, छह माह तक सिर्फ स्तनपान व सम्पूर्ण टीकाकरण के साथ ही साथ साल में दो बार विटामिन-ए खुराक पिलाना आवश्यक है।

उन्होंने निर्देशित किया कि कोविड-19 संक्रमण से बचाव एवं प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुये अभियान के तहत सभी गतिविधियों का आयोजन किया जाए। वीएचएसएनडी व यूएचएसएनडी सत्रों के दौरान बच्चों को अलग-अलग चम्मचों से विटामिन ए खुराक पिलायी जाए।

## दीक्षा उत्सव में विविध कार्यक्रमों का आयोजन



**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के संकायों व विभागों में बुधवार को दीक्षा उत्सव के दूसरे दिन भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें छात्रों ने पोस्टर व स्लोगन, निबंध लेखन, चित्रकला आदि प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस दौरान विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी संकाय, मानविकी संकाय, ललित कला विभाग, मंच कला विभाग सहित अन्य संकायों व विभागों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय के अंतर्गत भूगोल एवं भू-सूचना विभाग द्वारा लोकगीत, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता, मानविकी संकाय स्थित थियेटर में एक भारत ,श्रेष्ठ भारत₹ विषयक निबंध प्रतियोगिता, ललित कला विभाग के सभागार में काशी के रंग विद्यापीठ के संग विषय पर चित्रकला (पोस्टर) प्रतियोगिता और अर्थशास्त्र विभाग द्वारा नारी सशक्तिकरण विषयक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में कुलानुशासक प्रो.अमिता सिंह, जनसंपर्क अधिकारी नवरत्न सिंह, डॉ. अनुकूल चंद राय, अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार और डॉ. सुनील कुमार मौजुद रहे।

# संत गहिरा गुरु विवि ने दागे सर्वाधिक गोल

**खेल**

### पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीय हॉकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन खेले गये चार मैच

**जनसंदेश न्यूज**



हाकी मुकाबले का एक रोचक नजारा

**वाराणसी।** बीएचयू के एम्फी थिएयटर मैदान पर चल रही पुरुषों की पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीय हॉकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन बुधवार को कुल चार तीन मैच खेले गये। पहले मैच में विनोबा भावे विश्वविद्यालय ने दीनदयाल विश्वविद्यालय को 3-2 से हराया। विजयी टीम के अविनाश, दिव्यांशु एवं विवेक ने 1-1 गोल दागे।

इसी प्रकार तीसरे दिन के दूसरे मैच में संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय ने गुरु घासीदास विश्वविद्यालय को लगभग एकतरफा खेल दिखाते हुए 9-1 से पराजित किया। इस मैच में विजयी टीम के आश्विन ने 3, शीतल ने 2 और प्लातुस, राहुल, संजीव, तथा अविनाश ने 1-1 गोल किया। उसके बाद तीसरे मैच में कलकत्ता विश्वविद्यालय ने बाबा भीमराव अंबेडकर विवि को 3-2 गोल से हराया। इस मैच में कोलकाता विवि के अरित्रा ने 2 और रवींद्रनाथ ने 1 गोल दागा। वहीं, चौथे मैच में उत्कल विवि ने हेमचंद यादव विवि को 3-0 से पराजित किया। विजयी टीम ने लबन ने 2 और सुदीप ने 1 गोल किया। आरंभ में राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी काशी प्रसाद ने मुख्य अतिथि के तौर पर खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. धीरेंद्र तिवारी, डॉ. प्रदीप खलको, प्रो. अभिमन्यु सिंह, डॉ. विद्या सागर सिंह, प्रो. अखिल मल्होत्रा आदि भी रहे।

# गुरु गोविंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा


शोभा यात्रा निकालते सिख समाज के लोग।


शोभायात्रा में शामिल हुए सांसद नीरज शेखर व अन्य।


शबद कीर्तन करतीं सिख समाज की महिलाएं।


करतब दिखाते कलाकार।

**आस्था**

### जगह-जगह पंजाब से आये कलाकारों ने दिखाये करतब

**बलिया।** सिख समुदाय के गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश उत्सव पर बुधवार को गुरुद्वारा परिसर से शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सिख समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। शोभायात्रा नगर के मार्गों से होती हुई पुनः गुरुद्वारा परिसर में जाकर समाप्त हो गई।

इस दौरान लोगों जगह-जगह फूल बरसा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा गुरुद्वारा से दोपहर एक बजे निकाली गई, जो नगर भ्रमण के बाद वापस गुरुद्वारा में पहुंची। शोभायात्रा में आगे-आगे पंज प्यारे एवं निशांत साहब निकले। इस दौरान महिलाएं झाड़ू लेकर सफाई करते हुए आगे-आगे चल रही थीं। शोभायात्रा में नगर के गणमान्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान सिख समाज के लोग कीर्तन-भजन करते हुए एवं गुरु नाम का जाप करते हुए आगे बढ़ते रहे। शोभायात्रा में बैंड बाजा, वाहेगुरु का कीर्तन होता रहा। शोभायात्रा में जगह-जगह पंजाब से आए सिख समाज के लोगों ने एक से बढ़कर करतब दिखाये। इस दौरान पुलिस की भी व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त दिखी।


पुष्प वर्षा करते चेयरमैन और उनकी पत्नी व अन्य।

### पत्नी संग चेयरमैन ने किया पुष्प वर्षा

श्री गुरू गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकोशोत्सव पर भृगु क्षेत्र में सिख समाज की ओर से विशाल शोभा यात्रा निकाली गयी। इस दौरान गुरू ग्रंथ जी के सवारी के सामने नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष अजय कुमार समाजसेवी व उनकी पत्नी इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष सरिता गुप्ता अपनी पूरी टीम के साथ जिसमें कविता सिंह, विभा सिंह अन्य महिलाओं ने फूलों की वर्षा की। गुरूद्वारा से निकली शोभायात्रा जो टाउन हाल रेलवे स्टेशन, चौक स्टेशन रोड, सिनेमा रोड, गुदरी बाजार, कासिम बाजार और अन्य रास्तों से होते हुए गुरूद्वारा में आकर समाप्त हुई। इस दौरान राज्यसभा सांसद नीरज शेखर अपनी पूरी टीम के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। वहीं जगह-जगह संजीव कुमार डंपू, महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष सोनी तिवारी, जयप्रकाश बबलू, रोशन जायसवाल, निशू श्रीवास्तव, घनश्याम दास जौहरी सहित अन्य लोगों ने शोभा यात्रा में चल रहे पंज प्यारों का स्वागत किया।

## टेंपो की टक्कर से महिला की मौत, तीन घायल

**हादसा**

### ग्रामीणों ने चालक को किया पुलिस के हवाले




**बलिया।** दुबहड़ थाना क्षेत्र के अखार-नगवा से सटे राम-जानकी मंदिर के पास बुधवार को टेंपो की टक्कर से एक महिला की मौत हो गयी। वहीं हादसे में तीन महिलाएं घायल हो गईं। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार शिवपुर दियर नई बस्ती की भगवत छपरा निवासी सरस्वती देवी (30) पत्नी राकेश सिंह खरवार, मीना देवी (45) पत्नी लल्लन प्रसाद, कुमारी ज्योति (17) पुत्री राजेश सिंह खरवार व संध्या देवी (40) पत्नी राजेश सिंह बेयासी ढाले से दांत का इलाज कराकर अपने घर लौट रही थीं। इसी बीच दुबहड़ की तरफ से बलिया की तरफ जा रही तेज रफ्तार टेंपो ने पीछे से टक्कर मार दी। टेंपो की टक्कर से चारों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आस-पास के ग्रामीणों एवं परिजनों के सहयोग से सभी घायलों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां सरस्वती देवी को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। टेंपो दुर्घटना में घायल मीना देवी, कुमारी ज्योति व संध्या देवी का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। इधर सरस्वती देवी की मौत से परिजनों में हाहाकार मच गया है। सरस्वती देवी के दो छोटे-छोटे पुत्र हैं। ग्रामीणों एवं परिजनों द्वारा टेंपो एवं टेंपो चालक को पकड़कर दुबहड़ पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया।

## रेलवे की जमीन से हटाया गया अतिक्रमण

**बलिया।** बांसडीहरोड बाजार में रेलवे की भूमि पर किये गए अवैध निर्माण व अतिक्रमण पर रेलवे का बुलडोजर चला। इस दौरान गुमटी, टीन सेड, दुकान हटाने आदि हटाया गया। इसको लेकर करीब दस दिन पहले नोटिस चस्पा किया गया था। नोटिस की समय सीमा समाप्त होने पर मंगलवार को रेलवे प्रशासन व जिला प्रशासन की संयुक्त टीम बांसडीहरोड बाजार पहुंची। इस दौरान रेल की भूमि पर किये गए अतिक्रमण पर बुलडोजर के बल पर हटाया गया। कई गुमटियों, टिन सेड सहित अन्य किए गए अतिक्रमण को हटाया गया।

इस दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट सदानंद सरोज ने कहा कि फिर किसी के द्वारा रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण किया गया तो उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर सीनियर सेक्शन इंजीनियर कमलेश कुमार, थानाध्यक्ष राज कपूर सिंह, आर पी एफ प्रभारी बीके सिंह, पीएसी जवान सहित महिला पुरुष पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## एक ही रात दो घरों से लाखों की चोरी

**दहशत**

### आहट होने पर जगे घर के लोग, चोर हुए फरार

जनसंदेश न्यूज

**बांसडीह (बलिया)।** स्थानीय थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत नारायणपुर के असेगी गांव में बीती रात चोरों ने दो घरो से लाखों रुपए का कीमती समान व नकदी चोरी कर फरार हो गये। चोरी की इस घटना से गांव में दहशत कायम हो गया है। वही रात से पुलिस जांच करने के साथ ही चोरो को पड़कने के लिए प्रयास तेज कर रही है लेकिन अब तक कोई सफलता हाथ नहीं लगा है।

जानकारी के अनुसार असेगी निवासी शिवजी यादव व पंचानंद यादव के घर के पिछवाड़े से चढ़े चोरो ने छत के सहारे घर में प्रवेश कर घर के अंदर रखा समान चुरा लिया। शिवजी यादव ने बताया कि रात के करीब 12 बजे घर के अंदर किसी के आने कि आहट लगी तो घर कि महिलाओ ने चिल्लाना शुरू किया तब तक चोर पीछे के रास्ते से निकल गये।


चोरी के बाद खेत में बिखरा सामान।

पुलिस भी रात भर चारो तरफ काफी प्रयास कि लेकिन कही कुछ पता नहीं चल सका। घर से दो सौ मीटर पश्चिम सरसों के खेत में बक्से को तोड़ उसमें रखा एक सोने कि चैन, एक झुमका तथा दस हजार रुपए नकद चुरा लिया। वही पंचानंद के भी घर से कीमती जेवर व अन्य समान चोरो ने चुरा लिया। एक ही रात में दो घरो में चोरी कि घटना से गांव के लोगो में दहशत व्याप्त है।

## अटल भाषण प्रतियोगिता में अभिषेक प्रथम, शालू द्वितीय

**प्रतियोगिता**

### चार विषयों पर छात्र-छात्राओं ने रखे अपने विचार


अटल भाषण प्रतियोगिता को संबोधित करते भाजपा नेता।

**बलिया।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर सुशासन सप्ताह के अंतर्गत भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा शहर के द्वारिकापुरी स्थित के.के. केंपस कोचिंग संस्थान में अटल भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए युवक-युवतियों ने भाजयुमो शीर्ष नेतृत्व द्वारा तय चार विषयों नरेंद्र मोदी जी का डिजिटल इंडिया गुड गवर्नेंस पर जोर देता है, भारत 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है, समय की मांग मुफ्तखोरी की राजनीति से विकास की राजनीति की ओर स्थानांतरण, नरेंद्र मोदी की सरकार का ध्यान युवाओं को सशक्त बनाने पर केंद्रित है, पर अपना भाषण निर्णायक मंडल के समक्ष प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल ने सर्वसम्मति से अभिषेक गुप्ता प्रथम, शालू पांडे द्वितीय तथा अर्पिता मौर्या को तृतीय घोषित किा। मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री अरुण सिंह बंटू ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों के वाक्य कौशल में वृद्धि होती है। भाजपा नेता प्रशांत राय बंटी ने बताया कि युवाओं ने अपने भाषण शैली से सभी को उत्साहित कर दिया। अभिषेक राय ने बताया कि भाजयुमो के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी लगातार ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन युवाओं के मध्य करती रहती है।

इस अवसर पर आदित्य तिवारी बाबा, अविनाश सिंह, निखिल पांडे, विकेश सिंह राठौर, अभिषेक सिंह, राघवेंद्र सिंह, अनुज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। संचालन जिला महामंत्री प्रशान्त श्रीवास्तव ने किया।

### मृतक, भूमिहीन भी ले रहे किसान सम्मान निधि का लाभ

**बैरिया (बलिया)।** अरे यह क्या मृतक और भूमिहिन भी ले रहे थे किसान सम्मान निधि का लाभ। प्रधानमन्त्री की किसानो के लिए इस योजना मे फर्जी लोगों का घुसपैट समझ से परे है। बैरिया तहसील में किसान सम्मान निधि मे मृतक व भूमिहीनो का भी नाम था। तहसील कमीयी के सत्यापन के बाद भुगतान पर ब्रेक लगा दिया गया। बता दें कि बैरिया तहसील क्षेत्र में कुल 49125 किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत छह हजार रुपये सालाना का लाभ दो-दो हजार करके तीन किस्तों में दिया जाता है। सत्यापन में पाया गया कि 173 किसानों की मृत्यु काफी पहले हो चुकी है। बावजूद उसके उनके खातों में प्रधानमंत्री किसान संम्मान निधि का पैसा जा रहा था। वहीं 340 किसान ऐसे निकले जो भूमिहीन थे। बावजूद इसके उन्हें किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त हो रहा था। विभागीय कर्मचारियों की माने तो अभी लगभग सात हजार किसानों का सत्यापन बाकी है। सत्यापन पूरा होने पर यह संख्या बढ़ सकती है। सहायक विकास अधिकारी कृषि सुशील कुमार यादव ने बताया कि इस संदर्भ में जांचोपरांत अपात्र लोगों से रिकवरी की कार्रवाई सम्भव है। इसके लिए तैयारी की जा रही हैं।

## शिक्षकों को देंगे बूट पॉलिश एवं भिक्षाटन का पैसा

**बोले नागेंद्र बहादुर सिंह**

### पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति की बैठक शहर के कम्पनी बाग में बुधवार को हुआ। समिति के संयोजक नागेन्द्र बहादुर सिंह झुन्नु ने कहा कि सतीश चन्द्र कालेज के गालीबाज शिक्षक की बर्खास्तगी व जेल एवं सतीश चंद्र कालेज के छात्रों से प्रति छात्र एक हजार वसूला हुआ पैसा वापस किया जाए नहीं इसके लिए हर चट्टी चौराहा पर जाकर बूट पॉलिश एवं भिक्षाटन किया जायेगा और जिलाधिकारी के माध्यम उन शिक्षको को दिया जाएगा।

जिन शिक्षकों का अपने सैलरी से अपने परिवार का पालन पोषण नहीं हो पा रहा है जो गरीब छात्रों से अवैध फीस वसूलने का काम करता है। छात्र से अवैध रूप से फीस वसूलने के नाम पर महाविद्यालयों के कुछ भ्रष्ट शिक्षको के चक्कर में छात्र पढ़ाई छोड़ने को मजबूर है। इसका लोकतांत्रिक विरोध करने पर छात्र नेताओं पर फर्जी मुकदमा दर्ज करके जेल भेजा जा रहा है। कहा कि अगर गलत का विरोध करना गुंडई है तो ये गुडई बार बार हम सब करेंगे और हम गलत का विरोध मरते दम तक करेंगे। कहा कि अगर हम सब की मांग पूरी नहीं हुई तो आन्दोलन दिन प्रति दिन आगे बढ़ता जायेगा और एक दिन बृहद रूप पकड़ लेगा जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन एवं शासन की होगी।

इस मौके पर राहुल मिश्र, विवेक पाठक, यशजीत सिंह, अमित यादव गोलू आदित्य योगी, विशाल पाठक, धनजी यादव, पवन दुबे, रितेश पांडेय, आदर्श मिश्र, मदनी मोरिश, अभिषेक वर्मा, सिंटू यादव, संजीत सारंग आदि मौजूद रहे।

## सीबी मिश्र सहित 52 कांग्रेसियों ने छोड़ा पार्टी का दामन

जनसंदेश न्यूज

**बैरिया (बलिया)।** बैंक से अवकास प्राप्त करने के उपरान्त हमेशा कांग्रेस की मजबूती के लिए प्रयास कर पार्टी का झण्डा ढोने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य सीबी मिश्र सहित 52 कांग्रेसियों ने कांग्रेस नेतृत्व से क्षुब्ध होकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता व अपने पद से त्याग पत्र दे दिया है।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय सचिव व उत्तर प्रदेश पूर्वी जोन के प्रभारी व अन्य पदाधिकारियों को मंगलवार को त्याग पत्र भेजते हुए नेतृत्व पर सक्रिय व समर्पित कार्यकताओं की उपेक्षा सहित कई गम्भीर आरोप लगाए गए है। त्याग पत्र देने वालों में सीबी मिश्र के अलावा जिला सचिव रणजीत पाठक, मुरलीछपरा के ब्लाक अध्यक्ष डा. विश्वकर्मा शर्मा, उपाध्यक्ष अरविन्द तिवारी, जिला सचिव रजनीकान्त तिवारी, नगर अध्यक्ष सन्तोष कुमार सिंह, राजेश गुप्त, लखिनरायन सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अजय सिंह, अजय मिश्र, अमित कुमार तिवारी सहित कुल 52 लोग शामिल है। इस्तीफा भेजने के बाद श्री मिश्र ने बताया कि पार्टी नेतृत्व बेहतर कार्य करने वाले कार्यकत्ताओ की बार बार उपेक्षा कर रही है।


सीबी मिश्रा।

## पिछड़ों के हक की लड़ाई लड़ेगी सपा : विधायक

**सिकंदरपुर (बलिया)।** प्रदेश एव देश की सरकार पिछड़ों का आरक्षण समाप्त करने पर आमादा है। भाजपा हमेशा से आरक्षण विरोधी रही है। उक्त बातें विधायक मो. जियाउद्दीन रिजवी ने प्रेस नोट जारी कर कहा। उन्होंने कहा कि यह सरकार कर्मचारियों, दलितों, पिछड़ों का हक हमेशा से लुटती आ रही हैं। योगी सरकार जब से बनी है तब से पिछड़ों के हक पर डाका डाल रही है। इस सरकार को उद्योगपतियों के अलावा और किसी से मतलब नहीं है। अगर ठीक ढंग से हाईकोर्ट में सरकार द्वारा पक्ष रहा रखा गया होता। तो पिछड़ों को आरक्षण से हाथ नहीं धोना पड़ता। इसके पहले महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकारों ने पिछड़ों का आरक्षण लूट लिया है। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में पिछड़ों के आरक्षण की हुई लूट को उत्तर प्रदेश में योगी सरकार दोहराना चाहती है। लेकिन वह अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो पाएगी। समाजवादी पार्टी पिछड़ों के हक के लिए सड़क से न्यायालय तक लड़ाई लड़ेगी। जब तक पिछड़ों का उनका वाजिब हक नहीं मिल जाएगा। यह लड़ाई जारी रहेगी।

## चेयरमैन प्रतिनिधि का निधन विद्यालय, दुकानें रहीं बंद

**दुखद**

### लीवर की बीमारी से ग्रसित थे अरविंद कुमार सिंह

**बांसडीह (बलिया)।** आदर्श नगर पंचायत बांसडीह की नगर पंचायत चेयरमैन रेनू सिंह के पति अरविन्द कुमार सिंह बुधवार को लीवर की बीमारी के कारण बलिया के एक निजी चिकत्सालय में निधन हो गया। उनके निधन की खबर जैसे ही कसबे में पहुंची नगर में शोक की लहर दौड़ गई। शव आते ही घर में कोहराम मच गया। इसकी जानकारी होते ही सैकड़ों नगरवासी समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि उनके घर पहुंच गए।

चेयरमैन प्रतिनिधि अरविंद सिंह की तबियत काफी दिनों से खराब चल रही थी। उनका इलाज लखनऊ में चल रहा था। वह अपने पीछे पत्नी एक पुत्र दो पुत्रियां छोड़ गए है। बुधवार की सुबह उनकी मृत्यु की सूचना से पूरे नगर में मातम पसर गया। उनका अंतिम संस्कार शिवरात्रि पोखरा स्थित मुक्ति धाम पर हुआ। उनके दस वर्षीय पुत्र ने मुखाग्नि दिया। निधन की सूचना पर नगर के स्टैंडर्ड पीटल्स स्कूल, जीनियस एकेडमी, अंकुर पब्लिक स्कूल, किड्जी कैरियर, यूनीक मांटेसरी स्कूल, कारमेल स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर सहित कसबा एवं आसपास के विभिन्न संस्थाओं ने शोकसभा आहूत कर गतात्मा के शांति के लिए प्रार्थना कर, विद्यालय के बच्चो अवकाश दे दी गई। शोक में व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानें बंद रखी। भाजपा बँसडीह मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रमो को दो दिनों के लिये स्थगित करते हुये मण्डल अध्यक्ष प्रतुल कुमार ओझा ने कहा कि अरविंद सिंह मंटू का निधन बाँसडीह नगर पचायत के लिये गहरी क्षति है।


शोक में बंद पड़ी दुकानें। इनसेट में अरविंद सिंह (फाइल फोटो)।

### अंतिम यात्रा में ये रहे शामिल

शव यात्रा में राजनीतिक दलों के तरफ से भाजपा से प्रतुल ओझा, सपा नेता हरेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुशील सिंह, राकेश मिश्रा, पूनम गुप्ता, विजय कुमार गुल्लर, अभिषेक मिश्र मिंटू, पूर्व चेयरमैन धीरेंद्र बहादुर सिंह, संजय कुमार मुन्ना, अनिल पांडेय, अधिशासी अधिकारी आशुतोष ओझा, कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह, जितेंद्र सिंह, एहसानुल हक, सुजीत सिंह परिहार, सभासदों में विजय कुमार गुप्त, धर्मेंद्र तिवारी, झमन सिंह आदि शामिल रहे।

## संक्षेप

### एक सप्ताह से बंद है सामुदायिक शौचालय, परेशानी



**बांसडीह (बलिया)।** स्थानीय नगर पचायत के वार्ड 11 में स्थित शौचालय जो विगत एक सप्ताह से बंद है, उसको लेकर बुधवार को स्थानीय वार्ड वासियो ने कड़ा रोष व्यक्त करते हुये नगर पचायत के प्रशासक ईओ से तत्काल शौचालय को चालू किये जाने की मांग की है। बताते चले कि नगर पचायत के वार्ड 11 में 20 सीट वाला शौचालय बना हुआ है जो वार्ड 11 के साथ ही गुदरी बाजार, मिरिगिरी टोला, पश्चिम टोला सहित बड़ी सख्या में स्थानीय नागरिक इस शौचालय का प्रयोग करते है लेकिन विगत एक सप्ताह से यह शौचालय बन्द पडा है जिसको लेकर स्थानीय नागरिकों विशेष रूप से महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और लोग खुले में शौच के लिये मजबूर है। भाजपा बांसडीह मण्डल के अध्यक्ष और नामित सभासद प्रतुल कुमार ओझा ने नगर पचायत के प्रशासक ईओ से तत्काल चौबीस घण्टे के भीतर बंद पड़े शौचालय को खोले जाने की मांग की है। अगर शौचालय को तत्काल नही खोला जाता है तो वह स्थानीय नागरिकों के साथ शौचालय परिसर पर ही उपवास पर बैठेंगे।

### मिट्टी बचाओ अभियान पर छात्रों ने रखे अपने विचार



**बलिया।** हमारा जीवन जल, वायु, अग्नि, पृथ्वी तथा आकाश इन पर निर्भर है, जिसमें पृथ्वी पर हम अपना जीवन व्यतीत करते हैं जिसमें मिट्टी की अहम भूमिका है। सजीव बने रहने के लिए इनकी आवश्यकता है। इसी संदर्भ को ध्यान में रखते हुए एसएन ग्रुप के छात्र-छात्राओं ने मिट्टी बचाओ अभियान पर अपना प्रस्तुतीकरण किया। इसमें विभिन्न टीमों ने आज मिट्टी कितना महत्वपूर्ण है इस पर अपने विचार व्यक्त किये। आने वाले वक्त में इसका आयोजन और व्यवहारिक प्रस्तुतीकरण, सर्वे सब कुछ एसएन पब्लिक स्कूल द्वारा किया जाएगा और किसानों को इसके बारे में आने वाले जनवरी महीने के मध्य में जोड़ने की पूर्ण कोशिश की जाएगी। विद्यालय परिवार ने इस अभियान से जुड़ने की अपील की है।

### समाजसेवियों ने जलवाया अलाव



**बैरिया (बलिया)।** कड़ाके की ठन्ड में अलाव की पर्याप्त व्यवस्था नही होने से छात्र नेताओं एवं समाजसेवियों ने बुधवार को अलाव जलवाया। राहगीरों और असहायो के लिए इस कड़कड़ाती ठंड में अलाव जलाने से लोगो ने राहत पाया है। इस क्रम में कोटवा मोड़व और विशाल गिरी के डेरा पर सार्वजनिक अलाव जलवाया। जो निरंतर जारी रहेगा। इस मौके पर पीयूष सिंह, संतोष सिंह, मनीष गोस्वामी, लाल बहादुर शास्त्री, विशाल गिरी, मनोज कनौजिया, अवधेश यादव, रवि सोनी आदि मौजूद रहे।

### बैटरी चोर खोल ले गए, लोगों में आक्रोश

**बलिया।** सुखपुरा चट्टी पर राहगीरों और दुकानदारों की सुविधा के लिए पंचायत सुखपुरा द्वारा लगाए गए 9 सौर ऊर्जा लाइट की बैटरी बक्से का ताला तोड़कर बीते दो दिनों में चोर खोल ले गये। बैटरी चोरी की पहली घटना रविवार की रात हुई थी जिसमें दो सौर उर्जा लाइट की बैटरी बक्से का ताला तोड़कर चोर खोल ले गए थे। इसकी सूचना तहरीर के माध्यम से ग्राम प्रधान सुखपुरा ने थाना सुखपुरा को दी थी। बावजूद इसके पुलिस की निष्क्रियता से उसके बाद 7 और सौर ऊर्जा लाइटों के बक्से का ताला तोड़कर बैटरी चोर खोल ले गए। अब हालत यह है कि पूरा चट्टी शाम होते ही अंधेरे में डूब जाता है। आश्चर्य तो यह है कि रात को पुलिस गश्त के बाद भी इस तरह की चोरी घटनाओं में वृद्धि से लोग अचंभित हैं और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा रहे हैं।

### न्यायिक अधिकारी ने की 70 एयर जमीन की रजिस्ट्री



**बैरिया (बलिया)।** बलिया के लिए ड्रीम प्रोजेक्ट ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे के लिए बैरिया तहसील मे भूमि अधिग्रहण का कार्य तेजी से प्रगति पर है। बैरिया तहसील क्षेत्र के छेड़डीह के मूलनिवासी जिला न्यायालय बलिया में तैनात विशेष सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्र ने अपनी 70 एयर जमीन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के लिए बैरिया के उप निबंधक कार्यालय में बुधवार को प्रस्तुत होकर रजिस्ट्री किया। मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र, तहसीलदार संजय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों का सराहना भी किया। उल्लेखनीय है कि विशेष सत्र न्यायाधीश की जमीन छेड़डीह मौजा मे है। विशेष सत्र न्यायाधीश ने बताया कि मेरे साथ अन्य मेरे पाटीदार चार किसानों ने भी अपनी जमीन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के लिए रजिस्ट्री किया है। यह ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे विकास की कड़ी मे बलिया के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इसके निर्माण से बलिया के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

### एंबुलेंस में महिला ने बच्चे को दिया जन्म

**नगरा (बलिया)।** स्थानीय ब्लाक के सोनापाली गांव निवासी कमलेश सिंह की पत्नी इंदु 24 वर्ष ने एंबुलेंस में बच्चे को जन्म दिया है। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ है। प्रसूता महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरा भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार इंदु को अचानक प्रसव दर्द होने पर आशा ने 108 एंबुलेंस को बुलाया। एंबुलेंस से गर्भवती महिला सहित अन्य लोगों को लेकर एंबुलेंस कर्मी निकट के प्राथमिक स्वास्थ्य आ रहे थे कि नगरा- रसड़ा मार्ग के पास रास्ते में ही इंदु की हालत बिगड़ गई। यह देखकर एंबुलेंस में तैनात पायलट सर्वेश सिंह और स्वास्थ्य कर्मी विधि चन्द चौहान ने आपात स्थिति में महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। इंदु ने एक पुत्री को जन्म दिया।

### बंद मिला विद्यालय, नदारद रहे बच्चे

**रतसर (बलिया)।** एक तरफ सरकार की मंशा है कि शिक्षा को आगे की तरफ बढ़ाया जाए। वहीं पर कुछ लापरवाह कर्मचारियों द्वारा सरकार की बात को ध्यान में नहीं रखते रखते हुए मंगलवार को विकासखंड गड़वार के नंदौली ग्राम सभा के प्राथमिक विद्यालय पर एक भी अध्यापक का पता नहीं था। साथ में ही बच्चों का भी पता नहीं था। विद्यालय परिषद के दरवाजे पर ताला लटका हुआ मिला। वहीं पर आसपास के लोगों से पूछा गया तो लोग बता रहे हैं यह अध्यापकों के रोज की लापरवाही है।

## नवयुग निर्माण मिशन के लिए कार्य कर रहा गायत्री परिवार

**बलिया।** इंसान के अंदर दुर्बुद्धि रुपी असुरों का साम्राज्य हो गया है। इन असुरों का संहार करने के लिए सद्बुद्धि रुपी देव का अभ्युदय आवश्यक है और यह कार्य वर्तमान में निष्कलंक देवी वेदमाता गायत्री के द्वारा की संभव है। गायत्री माता विवेक और ज्ञान की देवी हैं। गायत्री परिवार इसी नवयुग निर्माण मिशन के लिए कार्य कर रहा है। इसी क्रम में एक जनवरी से चार जनवरी तक दिव्य धार्मिक अनुष्ठान निमित है। उक्त बातें गायत्री शक्तिपीठ प्रभारी विजेंद्र नाथ चौबे ने कहीं। गायत्री शक्तिपीठ परिसर में पत्र प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए श्री चौबे ने गायत्री माता की महत्ता, गायत्री परिवार की मंशा और आयोजित कार्यक्रम का विवरण विस्तार से रखा। आज इंसान स्वभाव में दुर्बुद्धि असुर के प्रभाव से मानव विचारों से वंचित होकर पशु विचार और संस्कृति की ओर बढ़ गया है। खाना सोना बच्चा पैदा करना और उनमें ही रहना अधिकांश हो गया है। वेदमाता गायत्री को इसी प्रवृत्ति को समाप्त कर सद्बुद्धि रुपी देव को प्राकट्य करना ही गायत्री परिवार की मंशा है। कहा कि 2026 तक सभी घरों में गायत्री माता को स्थापित कर दिया जाएगा। शक्तिपीठ प्रभारी ने कहा कि एक जनवरी को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। बताया कि गायत्री शक्तिपीठ में 108 कुंडीय यज्ञ के साथ सायं पांच बजे से संगीतमय प्रवचन होगा।


विजेंद्र नाथ चौबे।

# पक्का मकान होता तो बच सकती थी पांच जानें

**दुखद**

**4 बच्चों व महिला का हुआ अंतिम संस्कार, सैकड़ों आंखे हुई नम**

जनसंदेश न्यूज





**कोपागंज, मऊ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव के राजभर बस्ती में मंगलवार की देर शाम अज्ञात कारणों से एक रियासी मड़ई में आग लग जाने के कारण एक परिवार के एक महिला समेत चार लोगों की आग में जलने से मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलने पर जिले के आला अधिकारी सहित डीआईजी आजमगढ़ मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया और सभी शवों को पीएम के लिए जिला अस्पताल रात में ही भेजवा दिया। घटना के बाद गांव में तरह तरह की चचाएं हो रही है। कोपागंज थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी गुड्डी राजभर पुत्री स्वर्गीय श्याम देव राजभर की शादी दोहरीघाट निवासी रमाशंकर राजभर पुत्र प्रभु राजभर के साथ 15 वर्ष पहले हुआ था। पति पत्नी करीब 5 वर्ष एक साथ रहे। उसके बाद दोनों में विवाद हो गया। उसके बाद दोनों में मुकदमा भी चला। जो करिब दो वर्ष पहले समाप्त हुआ है। मुकदमा के दौरान ही गुड्डी राजभर ने अपने ससुराल से नाता तोड़कर अपने मायके शाहपुर में ही अपने बच्चे अभिषेक 12 वर्ष, रितेश 10 वर्ष, अंजेश 6 वर्ष के ही रहती थी। मंगलवार को हुई झोपड़ी में आग से गुड्डी का परिवार आग के गाल में समा गया। कोपागंज थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में हुई एक महिला व चार बच्चों सहित पांच लोगों की झोपड़ी में जलकर मौत के मामले में ग्रामीणों ने बताया कि गांव से गुड्डी राजभर की झोपड़ी लगभग 200 मीटर दूरी पर थी। जिससे ग्रामीणों को पता नहीं चल सका आग ने जब किकराल रूप ले लिया था तब ग्रामीणों को इसके बारे में पता चला जब तक बहुत देर हो चुकी थी। 10 वर्षों से झोपड़ी डालकर चार बच्चों के लेकर मजदूरी कर के बच्चे का पेट पालती थी गुड्डी, लेकिन उसके एक आवास भी नहीं मिल सका, शायद पक्का मकान होता तो बत जाती सभी जाने। बुधवार को ही नगर के ढेकुलियाघाट षमषान घाट पर 5 लोगों का अन्तिम संस्कार कर दिया गया। षमषान घाट पर कई पार्टी के नेताओं का जमघट लगा रहा।

# वेयर हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों को रखें सक्रियः डीएम

जनसंदेश न्यूज

**निरीक्षण**

**राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने ईवीएम/वीवी पैट वेयरहाउस का किया गया निरीक्षण**



**मऊ।** बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिलाधिकारी अरुण कुमार द्वारा किया गया। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष विधान सभावार बंद कक्षों के सीलबंद तालों को खोलने और कक्षों में रखे ईवीएम/वीवीपैट के रख-रखाव का निरीक्षण किया गया।

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ही विधान सभावार कक्षों के तालों को पुनः सीलबंद किया गया। उपस्थित प्रतिनिधियों ने सील बंद तालों पर अपने हस्ताक्षर भी किए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाउस में विभिन्न जगहों पर लगाए गये सीसीटीवी कैमरों को सक्रिय रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आगन्तुक रजिस्टर का भी अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार वेयर हाउस में रखे गए ईवीएम/वीवीपैट की अनवरत सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी भानु प्रताप सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ-साथ सभी राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### युवा नेतृत्व व सामुदायिक विकास कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ



**मऊ।** युवा केंद्र मऊ के तत्वावधान में ग्रामीण युवाओं का तीन दिवसीय आवासीय युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण का कार्यक्रम पुरानी तहसील सहादतपुरा स्थित एक पैलेस के सभागार में बुधवार से षुरू हुआ। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र मऊ के द्वारा जनपद के ग्रामीण अंचलों में स्थापित एवं नए बनाए गए युवा मंडलों के पदाधिकारियों का आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में युवा वर्ग को ग्रामीण विकास नेतृत्व क्षमता का विकास व्यक्तित्व विकास कौशल विकास के विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का प्रशिक्षण के विभिन्न विधाओं में जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला युवा अधिकारी राशि मिश्रा, राष्ट्रीय प्रशिक्षण शेर नारायण सिंह, प्रशिक्षक नरेंद्र तिवारी प्रशिक्षण प्रदान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक चंदन गुप्ता, राहुल कुमार, सोनम मौर्या, अर्जुन प्रजापति और राधा तिवारी का सक्रिय सहयोग प्राप्त हो रहा। प्रथम दिन के कार्यक्रम का संचालन एपीए ओम प्रकाश मिश्र द्वारा संपन्न किया गया।

### पिछड़ों के आरक्षण की पक्षधर है भाजपाः योगेंद्र नाथ राय



**दोहरीघाट, मऊ।** नगर स्थित भाजपा नेता व मंडल महामंत्री मोती चैहान के आवास पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेंद्र नाथ राय ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा ही पिछड़ों के हितेषी है। पिछड़ों के हक सम्मान दिलाना भारतीय जनता पार्टी की प्रथम प्राथमिकता है। प्रदेश में योगी की सरकार और देश में यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तेजी के साथ विकास हो रहा है आने वाले दिनों में हम सभी वर्गों को साथ लेकर प्रदेश को और आगे ले जाने का कार्य करेंगे पिछड़ों के आरक्षण सही है उन्हें मिलना चाहिए इसके लिए सरकार वचनबद्ध है और निश्चय ही न्यायालय का सम्मान करते हुए इसका भी हल निकाल लिया जाएगा। इस अवसर पर मोती चैहान, मुन्नर चौहान, विनय जायसवाल, कल्पना चौहान, मंडल अध्यक्ष रामअधीन पांडेय, शेषनाथ राय, प्रह्लाद मद्धेशिया, इंद्रल पासवान, रमेश साहनी, सचिन जायसवाल, विक्रम चैहान सहित भाजपा कार्यकर्ता रहे।

### संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

**बलिया।** संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा राष्ट्रपति को सम्बोधित जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आजमगढ़ (उ0 प्र0) में स्थित मंदुरी हवाई अड्डा के विस्तारीकरण हेतु जमीन अधिग्रहण का विरोध करते हुए कहा गया कि इससे 8 गांवों की आबादी जिसमें 4 हजार घर है तथा शेष कृषि हेतु उपजाऊ जमीन है, जिसका विरोध महीनों से किसान कर रहे है और प्रतिदिन वहां आंदोलन व बैठके हो रही है, उसे अधिग्रहित न किया जाय। हमारा मानना है कि इससे बड़ी संख्या में गरीब किसान व मजदूर प्रभावित हो रहे है। एक ओर भारी मात्रा में राजस्व का नुकसान हो रहा है। वहीं गरीबों का घर उजड़ रहा है। इसलिए संयुक्त किसान मोर्चा वहां हो रहे किसान आंदोलन का समर्थन करते हुए यह मांग करता है कि 8 गांवों के गरीबों के घर उनकी उपजाऊ जमीन का अधिग्रहण न किया जाय, बल्कि शासन व प्रशासन को वहां मौजूद ऊसर, परती, बंजर जमीन को अधिग्रहण करने हेतु निर्देशित किया जाय। इसके साथ ही फर्जी गिरफ्तारियों पर रोक लगाया जाय। किसानों पर हो रहे पुलिसिया उत्पीड़न तत्काल बंद किया जाय। कार्यक्रम में जनार्दन सिंह, अशोक कुमार पाण्डेय, परमात्मा नन्द राय, बलवन्त यादव, शैलेश कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, राघवेन्द्र, राजेश आजाद, दुखहरन, अवधनारायण सिंह, डा0 सुरेश राय, ओमप्रकाश सिन्हा, कन्हैया शाही, जमाल अहमद, तेजनारायण आदि उपस्थित रहे।

### देवर ने टांगी से प्रहार कर भाभी को किया घायल

**रसड़ा।** कस्बा के संत रविदास नगर महावीर अखाड़ा वार्ड नंबर 1 बुधवार की सुबह देवर भाभी के झगड़े में देवर द्वारा टांगी से मारने पर भाभी गंभीर रूप से घायल हो गयी। घरवाले और आस-पास के लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के दौरान महिला की हालत गंभीर होने पर जिला जनपद मऊ के लिए रेफर कर दिया गया। कस्बा के संत रविदास नगर महावीर अखाड़ा वार्ड नंबर 1 कस्बा निवासी पुष्पा देवी 30 पत्नी रिंकू राम बुधवार की सुबह आपस में देवर भाभी पुरानी रंजिश को लेकर तू-तू, मैं-मैं होने लगी। देखते ही देखते देवर ने अपनी भाभी पर लोहे की रॉड से हमला बोल दिया, जिससे पुष्पा देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। घर वाले और आस-पास के लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर मऊ जनपद के लिए रेफर कर दिया गया था सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर पुष्पा देवी पर हमला करने वाले टांगी को बरामद कर लिया, मौके से देवर फरार हो गया। पुलिस छानबीन और धरपकड़ में जुट गई।

### 25 हजार का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार



**रेवती।** पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर के निर्देशन में रेवती पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस टीम ने 25 हजारी अभियुक्त को 110 लीटर अवैध देशी शराब व शराब बनाने की सामग्री के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह व उप निरीक्षक धर्मेन्द्र दत्त मय फोर्स द्वारा मुखबीर की सूचना पर पिछले एक वर्ष से फरार चल रहे पचीस हजार रुपये के ईनामिया पुनपुन पासवान पुत्र स्व0 रामचन्द्र पासवान (निवासी ग्राम भाखर, कोलेन पाण्डेय का टोला, रेवती) को 06 जरिकेन कच्ची अपमिश्रित शराब, नौसादर, फिटकिरी, यूरिया व नमक के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त को चालान न्यायालय कर दिया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह व उप निरीक्षक धर्मेद्र दत्त के साथ एचसी हरिन्द्र पटेल, कां. संदीप सोनकर, सूरज यादव व राहुल चन्दा शामिल रहे।

# विकास कार्यों की उड़ाई जा रही धज्जियां

**लोग सोच में पड़ गये कि विकास का क्या होगा, कहीं बीमार तो नहीं पड़ गया**

जनसंदेश न्यूज

**नगरा।** नगर पंचायत नगरा में विकास कार्यों की इस तरह धज्जियां उड़ाई जा रही है कि जहाँ भी निर्माण हो रहा वहाँ विवाद पीछा करता चला जा रहा है। कार्यदायी संस्थाएं अपने मनमाने पर अडिग हैं तो मानक उनके आगे-आगे चलता जा रहा है, जिससे किसी भी काम के लिए आवश्यक होता है। तीन साल पूर्व नगरा नवसृजित नगर पंचायत हुआ है तब से नगरा सहित तीन ग्राम पंचायत का नाम मिटकर नगर पंचायत में तब्दील हुआ, लेकिन विकास की गति धीमी पड़ गयी।

लोग सोच में पड़ गये कि विकास का क्या होगा, कहीं बीमार तो नहीं पड़ गया, लेकिन विकास जब दौड़ने लगा तो दगा भी देने लगा और धांधली का शिकार होने लगा। यह हाल तब उजागर हुआ जब कार्य के शुभारम्भ होते ही मानक के विपरीत होने का दावा भी शुरू हो जाता है। नगर पंचायत में थाना के सामने नाली निर्माण, जजला मे श्मशान शेड का निर्माण, नगरा कस्बे के गलियों में नाली व पेवर ब्लाक का निर्माण होते समय मानक पर सवाल उठता रहा है जो अभी भी निर्माण खटाई में पड़ा हुआ।

अब कस्बे के जनता इण्टर कालेज की गली में नाली कि निर्माण मानक के विपरीत सड़क के ऊपर से होने की भाजपा कार्यकताओं की शिकायत पर अवर अभियन्ता ने जांच में खामियां पाया, जिससे नाली निर्माण रोककर तोड़वा दिया। भाजपा के आईटी सेल जिला संयोजक जय प्रकाश जायसवाल ने बन रही नाली में मानक की धज्जियां उड़ाकर निर्माण में धांधली किए जाने का आरोप लगाया था।

# 'सुशासन सप्ताह' के अंतर्गत अटल भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

जनसंदेश न्यूज



**बलिया।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री पं. अटल बिहारी वाजपेई के जयंती पर 'सुशासन सप्ताह' के अंतर्गत भारतीय जनता युवा मोर्चा बलिया के द्वारा शहर के द्वारिकापुरी स्थित के.के. कैम्पस कोचिंग संस्थान में 'अटल भाषण प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए युवक-युवतियों ने भाजयुमो शीर्ष नेतृत्व द्वारा तय चार विषयों 'नरेंद्र मोदी का डिजिटल इंडिया गुड गवर्नेंस पर जोर देता है', 'भारत 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है', 'समय की मांग मुफ्तखोरी की राजनीति से विकास की राजनीति की ओर स्थानांतरण', 'नरेंद्र मोदी की सरकार का ध्यान युवाओं को सशक्त बनाने पर केंद्रित है' पर अपना भाषण निर्णायक मंडल के समक्ष प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल ने सर्वसम्मति से फैसला लेते हुए विजेताओं के नामों की घोषणा की, जिसमें अभिषेक गुप्ता प्रथम, शालू पांडे द्वितीय तथा अर्पिता मौर्या तीसरे स्थान पर रहीं। मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित भाजपा जिला मंत्री अरुण सिंह 'बंटू' ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों के वाक्य कौशल में वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह भी था कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई के जीवन परिचय से लेकर उनके काव्य एवं राजनीतिक जीवन की लंबी एवं सभी के हृदय को स्पर्श करने वाली गाथा को जिला तथा राष्ट्रीय स्तर पर सभी के मध्य प्रसारित किया जाए। युवा भाजपा नेता प्रशांत राय बंटी ने बताया कि युवाओं ने अपने भाषण शैली से सभी को उत्साहित कर दिया। भाजयुमो के जिला शोध एवं नीति प्रमुख अभिषेक राय ने बताया कि भाजयुमो के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी लगातार ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन युवाओं के मध्य करती रहती है, जिससे युवाओं का सर्वांगीण विकास हो। इस दौरान एक से बढ़कर एक वक्ताओं ने अपने भाषण कौशल से पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष आदित्य तिवारी बाबा, अविनाश सिंह, जिला मंत्री निखिल पांडे, विकेश सिंह राठौर, अभिषेक सिंह, राघवेंद्र सिंह, नगर अध्यक्ष अनुज श्रीवास्तव, विशेष तथा सैकड़ों की संख्या में प्रतिभागी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिला महामंत्री प्रशान्त श्रीवास्तव ने किया।

# एकीकृत कोविड कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर का किया निरीक्षण

**बैठक**

**डीएम ने की कोविड-19 से बचाव हेतु तैयारियों की समीक्षा**

जनसंदेश न्यूज



**मऊ।** बुधवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित नवीन सभागार में स्थापित एकीकृत कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण करने के साथ ही कोविड-19 से बचाव हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा भी की।

इस दौरान जिलाधिकारी ने ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों की संख्या एवं उनके द्वारा प्रतिदिन की लिखित रिपोर्ट के बारे में भी जानकारी ली। कोविड़ एकीकृत कॉविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में लगे टेलीफोन नंबर एवं मोबाइल नंबर की सक्रियता के बारे में जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने वहां पर ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों को समस्त काल विवरण लिखित रूप में प्रतिदिन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सेंटर की सारी कार्रवाईयों का भी प्रतिदिन लिखित आंकड़ा रखने को कहा। कोविड-19 से बचाव हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न तहसीलों एवं मुख्यालय पर स्थित हॉस्पिटलों में ऑक्सीजन युक्त बेड, जनपद में क्रियाशील ऑक्सीजन प्लांट, सैंपल कलेक्शन सेंटर, एल-1 एवं एल-2 हॉस्पिटलों के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए अगले दो दिनों में सारी तैयारियां पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को कोविड़ से बचाव हेतु किए जा रहे तैयारियों का प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा प्रत्येक तहसील में कम से कम एक एल-1 हॉस्पिटल की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्रकाश उत्सव पर सिख समुदाय के श्रद्धालुओं द्वारा निकाली गयी झांकी

**बलिया।** गुरू गोविन्द सिंह जयंती के प्रकाश उत्सव पर सिख समुदाय के श्रद्धालुओं द्वारा झांकी निकाली गयी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गुरूद्वारा पर पहुंची, जिसमें नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सुमन गुप्ता एवं नगर सेवक जयप्रकाश बब्लू ने अपने तमाम शुभ चिंतकों के साथ जलपान की व्यवस्था एवं पंच प्यारों पर पुष्प की वर्षा की गयी। उक्त अवसर पर नगर सेवक जयप्रकाश बब्लू ने कहा कि सेवा परोधर्म के प्रति कृत संकल्पित है और मेरा सौभाग्य है कि मानव कल्याण के लिए अपना सब कुछ बलिदान करने वाले महान योद्धा सच्चे पथ प्रदर्शक, त्याग, शौर्य, वीरता के प्रतीक गुरू गोविन्द सिंह के प्रकाश उत्सव पर हमें सेवा का अवसर मिल रहा है। उक्त अवसर पर उनके साथ प्रधान संघ के सरंक्षक चन्द्रकेश सिंह, सुनील, मनोज, राजेश पाण्डेय बब्लू, भूपेन्द्र, संतोष आदि उपस्थित रहे।

# सरकार का गरीबों तक राशन पहुंचाने का दावा फेल

**परेशानी**

**महीने में दो के बजाय एक ही बार मिल रहा खाद्यान्न**

> हर हाल मे गरीबो को महीने मे दो बार खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए विप्पणन विभाग व ठेकेदार से बात कर रहा हूं। इस मामले मे लापरवाही बरर्दाश्त नही की जायेगी। शासन स्तर से निर्धारित माह मे दो बार खाद्यान्न उपलब्ध हर हाल में सुनिश्चित होगा।
>
> आत्रेय मिश्र, उप जिलाधिकारी, बैरिया

**बैरिया (बलिया)।** योगी सरकार गरीबो के प्रति गम्भीर होने का दावा तो करती है। वही सरकार के मंशा के अनुरूप सार्वजनिक वितरण प्रणाली नही संचालित हो रही है। पिछले दो महीने से महीने में दो बार के बदले एक बार ही खाद्यान्न मिल पा रहा है।

एक महीने पैसे वाला वितरित हो रहा है। तो दूसरे महीने फ्री वाला। पूछने पर कोटेदार कह रहे है कि विपणन विभाग द्वारा समय से खाद्यान्न उपलब्ध नही कराये जाने के कारण महीने में दो बार उपभोक्ताओं को खाद्यान्न नही दिया जा रहा है। बता दे कि विकास खण्ड मुरलीछपरा, विकास खण्ड बैरिया व रेवती आंशिक के कोटेदारों को एक महीना पैसे से चावल, गेंहू दिया जा रहा है। तो दूसरे महीने में निशुल्क चावल दिया जा रहा है। जबकि शासन स्तर पर दवा किया जा रहा है कि महीने में दो बार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालो को खाद्यान्न दिया जा रहा है। इस संदर्भ में पूछने पर हाट निरीक्षक रानीगंज रत्नाम कृष्णम का कहना है कि खाद्यान्न पहुचाने वाले ठेकेदार कोटेदारों तक खाद्यान्न नही पहुचा पा रहे है। इसलिए दो महीने पीछे चल रहा है। अभी हम नवम्बर का खाद्यान्न दे रहे है। दिसम्बर वाला अगले महीने में दिया जाएगा। सरकार के पास खाद्यान्न की कोई कमी नही है।

# इनरव्हील क्लब ने किया नेक कार्य जरूरतमंद बच्चों में वितरित किये स्वेटर



जनसंदेश न्यूज

**मऊ।** बुधवार को इनरव्हील क्लब की सदस्याओं ने सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में एक और कदम बढ़ाया। हमेशा से सर्दी के मौसम में छोटे बच्चों को स्वेटर देने की परंपरा क्लब निभाता आया है।

इस कार्य के लिए इस वर्ष स्थानीय सहादतपुरा के प्राइमरी विद्यालय को चुना गया। अध्यक्ष डॉ रुचिका मिश्रा ने बताया की आज प्रातः अत्यंत सर्द मौसम में क्लब की सदस्याओं ने विद्यालय के 80 मासूमों को जब स्वेटर पहनाए तो उनकी खुशी मन को भिगो गई।

जरूरतमंद वर्ग से आने वाले इन बच्चों के खिले चेहरे हमें आनंदित कर गए। साथ ही बच्चों में फल, मिठाई तथा बिस्किट इत्यादि वितरित किए गए। कार्यक्रम में आशा खत्री, डॉ कुसुम वर्मा, कंचन तिवारी, मीना श्रीवास्तव, मीना अग्रवाल, पूनम गुप्ता, डॉ रुचि अग्रवाल, अंजुला द्विवेदी, शोभा थरड, तथा शिव अग्रवाल की सहभागिता रही।

## गंगा के जीवन के साथ हो रही नादान हरकतें, आधुनिक भारत की बड़ी भूलः रमाशंकर तिवारी

**बलिया।** देश एवं दुनिया को जीवन देने वाली गंगा के जीवन के साथ की जा रही नादान हरकते आधुनिक भारत की सबसे बड़ी भूल है। कल-कल निनाद एवं उछल-कूद के साथ पहाड़ों से अवतरित होकर सागर में समाने वाली गंगा धरा धाम पर 25-25 किलोमीटर के सफर में टिहरी बांध के कारण अब सिर्फ रेंग रही है। पृथ्वी से पलायन की यह उसकी तैयारी तो नहीं। उक्त बातें गंगा मुक्ति एवं प्रदूषण विरोधी अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी रमाशंकर तिवारी ने बुद्धवार को गंगा के तटवर्ती इलाकों का सर्वेक्षण करने के बाद कही। कहा कि गंगा को क्षति पहुंचाने वाले सजा के हकदार है। पतित पावनी का घाट साफ करना तो दूर गंगाजल की गुणवत्ता में लेश मात्र भी सुधार नहीं हुआ है। गंगा प्रदूषण का मुख्य मर्ज टिहरी जलाशय है, जिसकी समीक्षा होनी चाहिए। इस अवसर पर ऋषि कुमार, विनय कुमार पाण्डेय, शिवजी गुरू, संकल्प तिवारी, सुमित यादव आदि गंगा भक्त उपस्थित रहे।

# जिला पर्यटन व संस्कृति परिषद की बैठक संपन्न

**बोले जिलाधिकारी**

**पर्यटन के दृष्टिगत उपयुक्त गांव का ही करें चयन**



**मऊ।** बुधवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिला पर्यटन अधिकारी मनीष श्रीवास्तव ने जनपद में पर्यटन के विकास के दृष्टिगत कई प्रस्ताव को अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया, जिनमें निर्धारित मानकों का उल्लेख ना होने पर जिलाधिकारी ने ऐसे समस्त प्रस्तावो को निर्धारित मानक पूर्ण होने के उपरांत ही अनुमोदन हेतु समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ग्रामीण पर्यटन के विकास हेतु गांव के चयन पर चर्चा के दौरान जिलाधिकारी ने पर्यटन के दृष्टिगत गांवो का सर्वे के उपरांत ही पर्यटन की दृष्टि से उपयुक्त गांव का चयन कर समिति के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वन ट्रिलियन डॉलर लक्ष्य के तहत पर्यटन विभाग की कार्य योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जिला पर्यटन अधिकारी को जनपद के प्रमुख स्थलों का चयन कर कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।बैठक के दौरान जिला पर्यटन अधिकारी ने बताया कि जनपद मऊ में स्थित महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों, कला, संस्कृति के अधिकाधिक प्रचार-प्रसार के दृष्टिगत जनपद की डॉक्यूमेंट्री फिल्म का निर्माण किया जाना है। जिस के संबंध में जिलाधिकारी ने विस्तृत चर्चा के उपरांत डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माण के लिए अनुमति प्रदान की। जनपद के विभिन्न स्थलों में इको टूरिज्म के विस्तार किए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग में इको टूरिज्म की संभावना से पूर्ण क्षेत्रों के समीप स्थित सभी डाक बंगले, अतिथि गृहों एवं जमीन की सूची उपलब्ध कराए जाने हेतु लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिला पर्यटन अधिकारी को अगली बैठक के पूर्व सारी तैयारियां पूर्ण करने के उपरांत ही प्रस्तावो को अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी एवं ग्रामीण विकास अभियंत्रण विभाग सहित जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के समस्त सदस्य उपस्थित थे।

# संगठन की समस्याओं को मजबूती से उठाता है प्रधान संगठन

**बोले त्रिलोकी नाथ पांडेय**

**प्रधान संगठन की बैठक में समस्याओं के निस्तारण पर हुई चर्चा**



**बलिया।** प्रधान संगठन की मासिक बैठक लोनिवि डाकबंगले पर हुई। इस दौरान प्रधानों ने अपनी समस्याओं के समाधान पर विस्तृत चर्चा की। प्रधानों ने कहा कि प्रधान संगठन वर्षों से प्रधानों के वेतन भत्ता, पेंशन के साथ ही 73वां संविधान संशोधन पूर्ण रूप से लागू करने, प्रधानों के हो रहे शोषण बंद करने, प्रधानों के अधिकारों में की गयी कटौती को बहाल करने की मांग करती आ रही है। लेकिन शासन इस पर चुप्पी साधे हुई है। प्रधानों ने निर्णय लिया है कि प्रधान संगठन का जिला सम्मेलन मार्च के पहले हफ्ते में कराया जाएगा। प्रदेश महासचिव त्रिलोकी नाथ पांडेय ने कहा क मनरेगा से कराये जाने वाले पक्के कार्य में लगने वाले सामग्री ईंट, गिटटी, बालू सीमंट व सरिया के सरकारी भाव व बाजार भाव में काफी विषमता है। जिसे प्रधानों को काम कराने में काफी परेशानी हो रही है। जिलाध्यक्ष श्रीराम तिवारी बबलू ने कहा कि सम्मेलन में प्रधान अपने हक के लिये रणनीति बनाएंगे। इसके बाद प्रधानों का प्रतिनिधि मंडल प्रदेश महासचिव और जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में मुख्य विकास अधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी से मिलकर प्रधानों की समस्याओं के निस्तारण की मांग की। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह, सतीष सिंह, राजू प्रसाद, रघुनाथ, मुमताज खां, मदन सिंह, हरिहर यादव, कामाख्या सिंह, दीपक सिंह, श्रीकांत यादव, संजय राजभर, शिवजी पाठक आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामजी तिवीर औरा संचालन सतीश सिंह व देवेंद्र सिंह ने किया।

# झोपड़ी में लगी आग में महिला की मौत

**दर्दनाक**

दिलदारनगर गांव में झोपड़ी में अचानक लगी आग

एसडीएम ने दैवीय आपदा राहत कोष से आर्थिक मदद का दिया भरोसा

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा



दिलदारनगर गांव में झोपड़ी में आग लगने से वृद्ध महिला की मौत के बाद घटनास्थल का अवलोकन करते एसडीएम राजेश प्रसाद चौरसिया।

**दिलदारनगर।** स्थानीय गांव में मंगलवार की रात्रि अज्ञात कारणों से झोपड़ी में आग से वृद्ध की जलकर दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीण आग पर काबू पाने के लिए दौड़ पड़े लेकिन विकराल आग ने पशु समेत बुढ़ी महिला को अपने आगोश में ले लिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगलगी में वृद्ध महिला की मौत के बाद एसडीएम ने घटनास्थल का जायजा लिया और परिवार को दैवीय आपदा राहत कोष से आर्थिक मदद का भरोसा दिलाया।

बतादें कि दिलदारनगर गांव में राजमती देवी (77) पत्नी स्व. छविनाथ यादव रोज की तरह मंगलवार को भी खाना खाने के बाद अपने झोपड़ी में दो बकरी एक गाय के साथ अपनी चारपाई पर सोई हुई थी। करीब 12:30 अज्ञात कारणों से झोपड़ी में आग जलने लगा और यह देखते देखते आग तेजी से जलने के कारण राजमती देवी आग की चपेट में आने से बुरी तरह से जल गई थी। जिसके चलते मौके पर मौत हो गई। यह विकराल रूप देख आसपास के लोग आग को काबू पाने के लिए दौड़ पड़े तब तक झोपड़ी पूरी तरीके से राख हो गई और उसमें दो बकरियां जलकर मर गई तथा एक गाय झुलस गई। घटना की सूचना पर थाना दिलदारनगर सर्किल इंचार्ज जमानिया तथा उप जिलाधिकारी सेवराई घटना स्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को मदद में जुट गए। पुलिस ने मृतक राजमती देवी के शव को कब्जे में लेकर जिला मुख्यालय पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। इस संबंध में उप जिलाधिकारी सेवराई राजेश प्रसाद चौरसिया ने बताया कि पीड़ित परिवार को दैवीय आपदा राहत कोष से चार लाख सौलह हजार की आर्थिक मदद की जाएगी। इस दौरान ग्राम प्रधान सत्येंद्र यादव उर्फ गुदरी ने पीड़ित परिवार के हर संभव मदद करने में जुटे रहे।

# ट्रेन से कटकर महिला की मौत, शिनाख्त नहीं

**जनसंदेश न्यूज**

**गहमर/बारा।** दानापुर-पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेल खंड पर



ट्रेन से कटकर महिला की मौत, मौके पर पहुंची पुलिस।

गहमर स्टेशन के फाटक संख्या 80 सी के समीप बुधवार को ट्रेन से कटकर महिला की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची गहमर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहां देर शाम तक शव की पहचान नहीं हुई है। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि पुलिस को दोपहर करीब ढाई बजे सूचना मिली कि गहमर रेलवे स्टेशन के पूरब 3239 पटना कोटा ट्रेन से कटकर किसी महिला की मौत हो गई है। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। शव को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई, लेकिन शव के पास पहचान के लिए कोई साक्ष्य नहीं मिला। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार महिला रेलवे ट्रैक पर टहल रही थी, तभी पटना कोटा ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौत हो गई। महिला लाल रंग की छिटदार साड़ी व लाल स्वेटर पहनी थी तथा नीले व सफेद रंग का कंबल ओढ़े हुए थी।

## संक्षेप

### ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से अधेड़ की मौत



विशुनपुर गांव में रोते-बिलखते परिजन।

**कासिमाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के विशुनपुर गांव मोड़ के पास बुधवार की देर शाम अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से एक बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेजा। जानकारी के अनुसार कुतुबपुर गांव निवासी सूर्यनाथ चौहान (63) बाइक से चौराहे पर बाजार के लिए गए हुए थे। घर वापसी के दौरान जैसे ही बिशुनपुर गांव के पास मोड़ पर पहुंचे ईट भट्ठे की ट्रैक्टर ट्राली सवार चालक ने पिछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर गया और ट्रैक्टर के चपेट में आने से मौके पर ही दमतोड़ दी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं चालक वाहन छोड़ मौके से फरार बताया जा रहा है। मृतक सुर्यनाथ चौहान के चार पुत्रों में अजय व अभय की शादी हो चुकी है और विनय व मेजर पढ़ाई करते हैं। मृतक की मौत से पत्नी फूला देवी सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। कासिमाबाद कोतवाली एसएसआई देवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि परिजनों के तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया गया है।

### बैंक शाखा प्रबंधक की लापरवाही पर बीडीओ खफा

**भांवरकोल।** स्थानीय विकास खंड परिसर सभागार में बीएलबीसी की समीक्षा बैठक खण्ड विकास अधिकारी रामकृपाल यादव की अध्यक्षता में हुई। बीडीओ ने बैठक में मौजूद सभी बैंक प्रबंधकों से सखी समूहों की क्रियाशीलता में आ रही समस्याओं का समाधान करने तथा समूहों की सक्रियता के बावत जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने यूबीआई शाखा की मिजार्बाद की निष्कृयता पर शाखा प्रबंधक को चेतावनी देते हुए कहा कि समयावधि में बैंक सखी के माध्यम से खाता आदि का संचालन समयावधि में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में शामिल इस योजना में बैंक सखी एवं समूहों का खाता एवं अनुदान में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाए। कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप सखी समूहों को सक्रिय कर महिलाओं को आर्थिक मदद देकर उन्हें स्वावलंबी बनाने में अपना शत-प्रतिशत जिम्मेदारी का निर्वहन करें। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता कत्तई क्षम्य नहीं होगी। इस मौके पर अग्रणी बैंक के एलडीएम शिवशंकर, ब्लाक मिशन प्रबंधक विनोद यादव, यूबीआई,ग्रामीण बड़ौदा बैंक सहित सभी प्रबंधक एवं सभी बैंक सखी समूहों की महिलाएं शामिल रहीं।

### 29-30 को बंद रहेगी विद्युत बिलिंग प्रणाली

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय विद्युत वितरण केंद्र द्वितीय पर विद्युत बिलिंग प्रणाली का तकनीकी उच्चीकरण होने से विद्युत बिल को जमा नहीं किया जाएगा। विद्युत वितरण उपखंड द्वितीय के जेई सत्यम त्रिपाठी ने बताया कि विभाग द्वारा शहरी ऑनलाइन बिलिंग प्रणाली का तकनीकी उच्चीकरण 30 दिसंबर को किया जाना है। जिसके कारण मध्यांचल, दक्षिणांचल एवं पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के अंतर्गत सारी क्षेत्र की बिलिंग प्रणाली 29-30 दिसंबर तक बंद रहेगी। इस अवधि में बिल जमा नहीं हो पाएगा। इसके साथ ही पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के अंतर्गत शहर प्रणाली 29 दिसंबर सायं 6 बजे से 4 जनवरी 2023 को प्रातः 9 बजे तक बंद रहेगी। 31 दिसंबर से पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के ग्रामीण एवं पश्चिमांचल, मध्यांचल ,दक्षिणांचल डिस्कॉम पूरी तरह फिर से आरंभ हो जाएगी। इस अवधि में स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं का बिल जमा करने एवं उसके पश्चात ऑटोमेटिक रिकनेक्शन कार्य भी प्रभावित रहेगा। यदि कोई संयोजन विच्छेद है तो इसका समाधान 29 दिसंबर तक बिल का भुगतान करा दिया जाएगा।

### कांग्रेस पार्टी का मनाा 138 वां स्थापना दिवस

**गाजीपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रजदेपुर स्थित कैम्प कार्यालय में कांग्रेस पार्टी का 138 वां स्थापना दिवस जिलाध्यक्ष सुनील राम की अध्यक्षता में मनाया गया। जिलाध्यक्ष सुनील राम ने कहा कि कांग्रेस एक विचारधारा है जो ब्रिटानिया हुकूमत से लेकर फासिस्टवादी ताकतों के खिलाफ हमेशा लड़ती रही है और आज भी नफरत फैलाने वालों के खिलाफ प्रेम बांट रही है। देश की आजादी के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्यों ने अपनी जान की बाजी लगाकर देश को आजाद कराया और एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण कर देश को मजबूती प्रदान किया। पूर्व जिलाध्यक्ष डा. मार्कंडेय सिंह ने कहा कि कांग्रेसका एक लंबा इतिहास रहा है कांग्रेस सभी धर्म - जाति व समुदाय को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। इस अवसर पर डॉक्टर जनक कुशवाहा, शफीक अहमद, लाल साहब यादव, अजय कुमार श्रीवास्तव, राजीव सिंह,चंद्रिका सिंह, राम नगीना पांडे आदि मौजूद रहें। संचालन अजय कुमार श्रीवास्तव ने किया।

### रक्सहां की टीम ने अगले चक्र में बनाई जगह

**सुहवल।** स्थानीय गाँव स्थित इण्टर कालेज के खेल मैदान में आजाद स्पोर्टिंग क्लब सुहवल के तत्वावधान में 52 वीं अन्तर्राज्यीय स्व गणेश राय एवं प्रभुनारायण राय मेमोरियल फुटबाल चैंपियनशिप के मंगलवार की शाम को खेले गये तीसरे नाक आउट मुकाबलें में रक्सहां ने बारा को ट्राईब्रेकर में 5-4 से पराजित कर अगले चक्र के लिए क्वालिफाइ कर लिया। इस अवसर पर प्रफुल्ल चंद्र राय,पूर्व प्रधान आदित्य नारायण राय, आशुतोष राय,राजू,प्रिंस, राहुल खरवार,भुल्लन राय आदि मौजूद रहे, मुकाबले में निर्णायक बृजेश मिश्रा उर्फ चुन्नू मिश्रा जबकि उद्घोषक की भूमिका सुरेन्द्र नाथ राय ने निभाई ।

### पशु आरोग्य मेले में पशुओं का इलाज

**नगसर।** स्थानीय क्षेत्र के पशु चिकित्सालय पर पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों पशुओं का टीकाकरण एवं कृमिरोधी दवा का वितरण किया गया। पशुओं को रोगों से मुक्त रखने हेतु किसानों को उचित जानकारी भी दी गई। किसानों ने पशु सेवा केन्द्र नगसर के पुनर्निर्माण न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त किया और जल्दी ही पुनर्निर्माण करवाने के लिए निवेदन किया। इस मौके पर पशुचिकित्सा अधिकारी रेवतीपुर डा. गौरव द्विवेदी ,पशुचिकित्सा अधिकारी ताड़ीघाट सतेंद्र राजपूत, पशुधन प्रसार अधिकारी शशिभूषण, पशु मित्र संजय कुमार ,नीलेश ,सत्यप्रकाश, बृजराज, लालचन्द्र आदि रहें।

# बारा कर्मनाशा पुल क्षतिग्रस्त देवल पुल पर बढ़ा दबाव

**बारा।** यूपी-बिहार को जोड़ने वाला एनएच- 124 सी पर स्थित कर्मनाशा पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। पुल पर भारी वाहनों का आवागमन बंद होने से बारा क्षेत्र के लोगों की मुश्किलें बढ़ने के साथ देवल स्थित कर्मनाशा पुल पर भारी वाहनों का दबाव बढ़ गया है। देवल कर्मनाशा पुल पहले से ही क्षतिग्रस्त है, अब भारी वाहनों के आवागमन से खतरा बढ़ जाएगी। जिले को बिहार से जोड़ने के



देवल कर्मनाशा पुल पर गुजरते ओवरलोड ट्रक।

लिए एनएच 124 सी व देवल-दिलदारनगर मार्ग स्थित कर्मनाशा नदी पर पुल है। बारा स्थित कर्मनाशा पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण हल्के व दो पहिया वाहन ही इस पुल से आवागमन करते हैं। पुल का बेयरिंग खराब हो गया है। राज्य सेतु निगम के अधिकारियों की रिपोर्ट पर जिला प्रशासन ने पुल पर भारी वाहनों के आवागमन पर पूर्णतः रोक लगा दी है। दोनों तरफ पुल क्षतिग्रस्त होने का बोर्ड लगाया गया है। बड़े वाहनों को रोकने के लिए दस फीट की ऊंचाई पर हाईट गेज भी लगा दिए गए। बारा कर्मनाशा पुल बंद होने से क्षेत्र के लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बड़े वाहन चालकों को अब देवल - दिलदारनगर मार्ग स्थित कर्मनाशा पुल से आवाजाही करनी पड़ रही है। इससे सड़क के साथ देवल कर्मनाशा पुल पर बड़े वाहनों का अत्याधिक दबाव बढ़ गया है। हालांकि, देवल स्थित कर्मनाशा पुल की स्थिति भी दयनीय है। उक्त पुल का स्लैब वर्ष 2018 में तीन इंच धंस गया था। ऐसे में पुल से बड़े व ओवरलोड ट्रकों के गुजरने से खतरा बढ़ गया है। एसडीएम सेवराई राजेश प्रसाद चौरसिया ने कहा कि देवल कर्मनाशा पुल चलने योग्य है या नहीं इसकी जांच अधिशासी अभियंता से कराकर रिपोर्ट जिलाधिकारी को देने के लिए कहा जाएगा।

# नशे में धुत होकर वाहन चलाने पर लाइसेंस होगा आजीवन रद

## राइफल क्लब में सड़क सुरक्षा समिति की डीएम ने ली बैठक

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक राइफल क्लब सभागार में सम्पन्न हुइ। बैठक में सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित बिन्दूओं पर विस्तार पूर्वक समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने सम्बन्धी कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया तथा सड़क दुर्घटना कम करने हेतु अभियांत्रिक प्रयास, जन जागरूकता एंव यातायात के नियमों का कड़ाई से पालन कराने का निर्देश दिया। ब्लैक स्पॉट (ऐसा स्थल जहां एक वर्ष के अन्दर दुर्घटना में पॉच से अधिक जाने गई हो) के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने ऐसे स्थलों पर सड़क सुरक्षा सम्बन्धित चिन्हों का बोर्ड, रबलिंग, स्ट्रिप, रिफलेक्टिंग कलर लगवाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने वाहनों के चेंकिंग की योजना बनाकर कम से कम चेंकिग का प्रभाव अधिक से अधिक लोगों पर पड़े इसके लिए मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जायें तथा शहर के व्यस्तम मार्ग में यातायात को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर कम करने के उद्देश्य से जन सामान्य को यातायात नियमों का अधिक से अधिक पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है सभी वाहन चालक अपने-अपने वाहन चलाते हुए शत-प्रतिशत यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करें तो निश्चित रूप से सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के साथ-साथ मृत्यु दर में भी कमी आयेगी। इसके अतिरिक्त बैठक में माल वाहनो में ओंवलोडिंग, निर्धारित क्षमता से अधिक व्यक्तियों को बैठाकर उनका संचालन करने, नशे में वाहनो को चलाने, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग करने, हेलमेट व सीट बेल्ट न लगाने, हिट एण्ड रन दुर्घटना मामले मे उनपर की गयी कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने सभी विद्यालय के प्रबन्धकों को निर्देशित किया कि अपने-अपने वाहनों को दुरूस्त कराये एवं समय-समय पर सर्विसिंग करायी जाय। बच्चों के परिजनों के साथ बैठक कर उनका सुझाव लिया जाय। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विद्यालय के प्रबन्धकों को निर्देशित करते हुए कहा कि वाहन के पीछे ड्राइवर का नाम व मोबाईल नम्बर जरूर लिखवाये। ड्राइवर को वाहन चलाने से पूर्व 05 वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र के साथ लाइसेंस होना अनिवार्य है। स्कुली वाहनों में जी.पी.एस एवं सी.सी.टी.वी.कैमरा अवश्य लगायी जाय। विद्यालयों में बच्चों को लाने और ले जाने हेतु बड़े वाहनों का प्रयोग किया जाये। उन्होंने कहा कि सरकारी बसों के चालकों द्वारा यदि किसी से अभद्रता या नियम के विरूद्ध बस का संचालन करता है तो उसकी शिकायत टोल फ्री नम्बर 9415045606 एवं 180018028277 पर की जा सकती है। एनएच एवं हाई-वे पर आपात कालीन नंम्बरों के बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यदि किसी भी वाहन चालक नशे की हालत में वाहन चलाते हुए पाया जाता है तो उसका लाईसेंस तत्काल प्रभाव से निस्तर करते हुए भविष्य में दूसरा लाईसेंस नही जारी किया जायेगा। बैठक में एसपी सिटी गोपी नाथ सोनी,सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी श्रीराम सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी,विद्यालयों के प्रबन्धक एवं वाहन स्वामी उपस्थित थे।

# चिकित्सक रेलवे स्टेशन सहित बस स्टैंडों पर कोविड की करें जांच : डीएम

**बैठक**

राइफल क्लब में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

**जनसंदेश न्यूज**



राइफल क्लब सभागार में बैठक लेतीं डीएम आर्यका अखौरी।

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में मंगलवार देर सायं जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक राइफल क्लब सभागार में संपंन हुई। बैठक के दौरान उन्होंने प्रसव उपरान्त लाभार्थियों/आशाओं को दिये जाने वाले जेएसवाई के भुगतान के सम्बन्ध में शत-प्रतिशत भुगतान का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन-जिन स्वास्थ्य केन्द्रों पर जेएसवाई भुगतान पेन्डिग है। उसका तत्काल निस्तारण करवाते हुए भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आरोग्य योजनान्तर्गत जनपद में बनाये गये गोल्डेन कार्ड की जानकारी ली तथा प्रत्येक पात्र लाभार्थी परिवार का शत-प्रतिशत गोल्डेन कार्ड जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र परिवार आयुष्मान कार्ड से वंचित न रहे। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा कोविड-19 के दृष्टिगत चिकित्सालयों में कोविड वार्ड, एचडीयूवार्ड, आईसीयू वार्ड , आईसोलेशन वार्ड तथा आक्सीजन संचालन हेतु पाईपलाईन व्यवस्था की जानकारी ली तथा जहां-जहां आक्सीनज पाईप लाईन की समस्या है वहां टेण्डर कर कार्य प्रारम्भ कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कोविड टेस्टिग पर जोर देते हुए जनपद में अधिक से अधिक कोविड जॉच कराने के साथ रेलवे स्टेशन, बस स्टेशनों पर एक टीम के माध्यम से दूसरे राज्यों से आने वाले यात्रियों का कोविड जाचं का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. हरगोविन्द सिंह,अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (एनएचएम) डा. उमेश कुमार,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. राजेश सिंह समस्त एमओवाईसी एंव अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### सरकारी योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना, जेएसवाई के भुगतान, मातृत्व मृत्यु दर की समीक्षा, परिवार कल्याण कार्यक्रम, टीकाकरण, 108/102 एम्बुलेंस की उपलब्धता, आशा/जे एस वाई भुगतान, क्षय रोग नियंत्रण, कुष्ठ उन्मूलन, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, आयुष्मान कार्ड, जन्म-मृत्यु पंजीयन,एवं अन्य बिन्दुओ पर विस्तपूर्वक समीक्षा की गई।

### लापरवाही पर डीएम ने मांगा स्पष्टीकरण

डीएम आर्यका अखौरी समीक्षा के दौरान जननी सुरक्षा योजनान्तर्गत गर्भवती महिलाओं के संस्थागत प्रसव के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए इस कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं को निःशुल्क भोजन, स्वयं सहायता समुह के माध्यम से दिये जाने तथा दवा एव ड्राप बैक की सुविधा के साथ-साथ 48 घण्टे रोके जाने के दिये गये निर्देश के बावजूद भी देवकली, मिजार्पुर, मनिहारी, सुभारखपुर, बिरनो,करण्डा, गोडउर, कासिमाबाद एंव मरदह के एमओवाईसी के द्वारा कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें स्पष्टिकरण का निर्देश दिया तथा प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दना योजना में कम प्रगति पर सदर, बिरनो, रेवतीपुर एवं सादात एमओवाईसी को चेतावनी एंव स्पष्टिकरण का निर्देश दिया।

# पशु आरोग्य मेले में पशुपालकों को दी गई जानकारी

**जनसंदेश न्यूज**

**मरदह।** स्थानीय गांव के राम जानकी लक्ष्मण मंदिर परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें 467 बड़े पशु व 2228 छोटे पशु का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।मेला का उद्घाटन वरिष्ठ भाजपा नेता जितेन्द्र नाथ पाण्डेय ने गोपूजन करके किया। पशु चिकित्साधिकारी डा. चन्द्रकांत सिंह ने शिविर में पशुपालकों को पशुओं को डंठ से बचाव के उपाय, पशु आहार,संबंधित सुझाव एवं विभागीय योजनाओं में बैंकयार्ड पोल्ट्री, कामधेनु, मिनी कामधेनु,माइक्रो कामधेनु, कामर्शियल लेयर्स फार्मिंग,राष्ट्रीय पशुधन बीमा योजना के बारे में विस्तार पूर्वक पूर्वक जानकारी दी। पशु चिकित्सक गांई डा. वेदप्रकाश सिंह गर्भवती पशुओं देखभाल,प्रसव पश्चात मादा पशु की देखभाल एवं पशु प्रजनन संबंधी सुझाव पशुपालकों को दिया। इस मौके पर सुहेल अहमद,मनोज चौहान,बब्लू कुमार,बेचन, मोहित, दशरथ राम, आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में बिरनो ब्लाक के ग्राम पंचायत कोड़री में पंडित दीनदयाल उपाध्याय आरोग्य शिविर एवं मेले का आयोजन सम्पन्न हुआ। मेले का उद्घाटन भाजपा नेता अलगू सिह कुशवाहा ने गौ पूजन एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। पशु चिकित्साधिकारी बिरनो गुरुदेव मौर्या ने सरकार द्वारा पशुपालन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान जगनरायन यादव,संजय कुमार, नवीन कुमार,राकेश कुमार,राजेश ,सुदर्शन आदि रहे।

# भारतीय परंपरा का विश्व कर रहा सम्मान: मस्त

## सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के संस्थापक कर्मवीर सत्यदेव सिंह की मनी पांचवीं पुण्यतिथि



सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के संस्थापक कर्मवीर सत्यदेव सिंह की पुण्यतिथि में उपस्थित लोग।



भवानी नंदन यति महाराज को स्मृति चिह्न देकर सम्मान करते सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के प्रबंध निदेशक डा.सांनद सिंह व अन्य।

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के संस्थापक कर्मवीर सत्य देव सिंह की पांचवी पुण्यतिथि गांधीपुरम बोरशिया में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक भारतीय ज्ञान परंपरा एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 थी।

बलिया सांसद विरेंद्र कुमार मस्त ने कहा कि आज भारतीय परंपरा का सम्मान पूरा विश्व कर रहा है। ज्ञान परंपरा के शब्दों की ध्वनि शंकर जी की डमरु से निकली है। जो ज्ञान साहित्य प्रदान नहीं करता वह ज्ञान नहीं है। भारतीय ज्ञान परंपरा साहित्य आर्थिक राजनीतिक स्मृति के लिए काम करती है संस्थाएं परिवार बनाती हैं। बाजार आधारित परंपराएं समाज को तोड़ती हैं। भारतीय परंपराओं को नुकसान पहुंचाती हैं। टूटता हुआ परिवार देश एवं समाज के लिए एक संकट है। हमारा देश करुणा एवं भरोसे का देश है। जो दुनिया को शांति का संदेश देती है, वह भाव भारतीय परंपरा है। समाज एवं संसद के शक्ति मिलकर ही संबल प्रदान करती है। कार्यक्रम के दौरान कर्मवीर सत्यदेव सिंह की प्रतिमा का अनावरण हथियाराम शक्तिपीठ के संत भवानी नंदन यति जी एवं पूज्य योगी आनंद जी संस्थापक गीता गुरुकुल फाउंडेशन मिशिगन अमेरिका के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व कुलपति जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा प्रोफेसर हरिकेश सिंह, एवं पूर्व अपर मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन मनोज श्रीवास्तव, जमानियां विधायक ओमप्रकाश सिंह,पूर्व सांसद राधेमोहन सिंह, सत्यदेव डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राम चंद्र दुबे, डॉ कृपाशंकर सिंह, दिग्विजय उपाध्याय, अजीत यादव, सुनील यादव, टीपी सिंह, चंद्रसेन तिवारी एवं समस्त कर्मचारी एवं प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।अध्यक्षता महंत हथियाराम शक्तिपीठ भवानी नंदन यति व संचालन श्याम कुमार ने किया।

### सांस्कृतिक धरोहर को ध्यान में रखकर बनी समग्र शिक्षा नीति

आजमगढ़ के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर चर्चा करते हुए कहा कि सांस्कृतिक धरोहर को ध्यान में रखकर समग्र शिक्षा नीति बनाई गई है। यह शिक्षा नीति ढ़ाई लाख ग्राम पंचायतें 6600 ब्लॉक एवं 676 जिलों के विचार-विमर्श करके बनाई गई है। शैक्षणिक एवं नियामक संस्थाएं से विचार-विमर्श करके राष्ट्रीय निर्माण एवं समस्त को ध्यान में रखकर के यह शिक्षा नीति बनाई गई है। सभी सरकारें इस नई शिक्षा नीति को लागू करने के लिए कटिबद्ध हैं एवं कई राज्यों ने अपने राज्यों में इसे लागू कर दिया है। शिक्षा के बल पर ही हम आगे बढ़ सकते हैं। शिक्षा केवल किताब ज्ञान ना होकर रोजगार युक्त एवं संस्कृति युक्त ज्ञान होनी चाहिए, लेकिन उस ज्ञान का प्रयोग के रूप में करते हैं। भारतीय संस्कृति से युक्त ज्ञान लाभदायक हो सकता है इसमें जोड़ा गया है एवं इसका भरपूर प्रयोग कर रहे हैं।

### जो भाव को वस्तु समझता है वह भारतीय नहीं

डा. आनंद सिंह ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा एक परंपरा नहीं है। उपासना ज्ञान की परंपरा कर्मकांड की परंपरा भारत को आलोकित करने वाली परंपरा है। उन्होंने दिनकर की कविता का उल्लेख करते हुए कहा कि किसको नमन करूं मैं भारत किसको नमन करूं मैं। जो वस्तु को भाव समझता है, भाव को वस्तु समझता है वह भारतीय नहीं है।

### विद्या आर्थिक रूप से सशक्त और बलवान बनाती है: डा.सानंद

सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस प्रबंध निदेशक डॉ सानंद सिंह ने कहा कि आज हमारा देश निरंतर प्रगति के पथ पर युवाओं के द्वारा अग्रसर हो रहा है। किसी भी देश एवं समाज की स्थिति को ऊंचा उठाने के लिए शिक्षा एक प्रमुख साधन है। जिसमें हमारे देश के विद्वत जनों का विचार सर्वोपरि है। विद्या केवल हमें ज्ञानार्जन ही नहीं कराती है, बल्कि आर्थिक रूप से सशक्त एवं बलवान भी बनाती है।

# पीडब्ल्यूडी विभाग में नहीं रुका भ्रष्टाचार !

**फालोअप**

जांच टीम की रिपोर्ट के बाद भी दोषी अधिकारियों के खिलाफ नहीं हुआ आरोप तय

आखिर सात इंजीनियरों को बचाने में क्यों जुटे अधिशासी अभियंता

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** पीडब्ल्यूडी विभाग में भ्रष्टाचार रूकने का नाम नहीं ले रहा है। सड़क निर्माण में कहीं मानक की धज्जियां उड़ाई जा रही है। तो कहीं कागजों में कार्य दिखाकर सरकारी धनराशि उतार ली जा रही है। माना जाय तो विभाग में जमकर लूट खसोट जारी है। पीडब्ल्यूडी विभाग में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों पर सरकार की हनक का थोड़ा भी असर नहीं है।

सीएम योगी आदित्यनाथ विकास कार्यो को लेकर काफी सजग है। सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का फरमान जारी कर चुके है। वह जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्य करने की बात करते रहते है। लेकिन जिले के पीडब्ल्यूडी विभाग में इसका कोई असर नहीं है। इसका अंदाजा इसी ले लगाया जा सकता है कि अधीक्षण अभियंता जौनपुर वृत्त लोक निर्माण विभाग जौनपुर तथा मुख्य अभियंता वाराणसी ने जिले के दस सड़को की जांच में भ्रष्टाचार होने की आशंका जताई है।

उन्होंने संबंधित सात इंजीनियरों को दोषी मानते हुए उनके खिलाफ अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड गाजीपुर से आरोप बनाने के लिए कहा है। लेकिन अधिशासी अभियंता एसके बौद्ध अधिकारियों को बचाने का प्रयास कर रहें है। जबकि जांच टीम ने 15 से 20 दिन पहले ही रिपोर्ट भेज दी थी। दरअसल, कासिमाबाद के सलामतपुर गांव निवासी गौरव सिंह ने प्रमुख अभियंता लखनऊ और सीएम से लिखित शिकायत किया था कि जिले में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बिना सड़क निर्माण कराए सरकारी धनराशि उतार लिया गया है। जिसके बाद शासन के आदेश पर जांच टीम गठित हुई। जिसकी जांच में यह खुलासा हुआ है।

### बहुचर्चित सहायक अभियंता जांच के घेरे में

बतादें,पीडब्ल्यूडी विभाग से दस सड़कों पर बिना कार्य कराए करोड़ो की धनराशि संबंधित अधिकारियों द्वारा गबन कर लिया गया है। इस गबन में मास्टर माइंड तत्कालीन सहायक अभियंता राकेश कुमार का भी नाम है। सात वर्षो तक तैनात रहें चर्चित सहायक अभियंता राकेश कुमार तीनों डिवीजन के महत्वपूर्ण कार्य देखते थे। तत्कालीन अभियंता पर करोड़ो के घोटाले के आरोप लग चुके है। लेकिन अधिकारियों की मेहरबानियों के चलते आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### जांच टीम में शामिल अधिकारी

प्रमुख अभियंता लखनऊ के आदेश पर गठित जांच टीम में अधीक्षण अभियंता जौनपुर-गाजीपुर वृत्त लोक निर्माण विभाग संजय कुमार गोरे, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड लोक निर्माण विभाग जौनपुर जैनू राम रहें। वहीं वाराणसी से वरिष्ठ खंडीय लेखाधिकारी प्रान्तीय खंड लोक निर्माण विभाग तेज नारायण सिंह , वरिष्ठ खंडीय लेखाधिकारी निर्माण खंड भवन लोक निर्माण विभाग विजय कुमार शामिल रहें।

**जनसंपादकीय**

# कोरोना को लेकर राजनीति ठीक नहीं

पड़ोसी देश चीन समेत दुनिया के कई देशों में कोरोना दोबारा लौट आया है। हमारे देश में भी कोरोना ने दोबारा दस्तक दे दी है। कोरोना की दस्तक सुनते ही केंद्र और राज्य सरकारें एलर्ट मोड में आ गयी हैं। वहीं कोविड के मसले पर भी राजनीति गरमा गई है.। असल में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में भीड को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री राहुल गांधी को चिट्ठी लिखकर कहा है कि वो अपनी यात्रा में कोविड नियमों का पालन करें या अपनी यात्रा रोक दें।. वास्तव में कई देशों में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच ये भीड़ कहीं ना कहीं अब डरा रही है। हालांकि कोरोना के भारतीय राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह ने आश्वस्त किया है कि टीकाकरण और प्राकृतिक संक्रमण के बाद देश की 90 फीसदी से ज्यादा आबादी में हाईब्रिड इम्युनिटी है, लिहाजा भारत अपेक्षाकृत सुरक्षित है।

अब इसे संयोग कहें या कुछ और कोरोना जनित माहौल के दौरान ही राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा भी चल रही है। ऐसे में इस यात्रा के संदर्भ में मनसुख जी की राहुल जी के नाम लिखी चिट्ठी का तूल पकड़ना ही था, हालांकि कांग्रेस चाहती तो इस पर लीड लेकर स्कोर कर सकती थी। एक बार फिर नजीर पेश कर सकती थी कि कैसे सबसे पहले राहुल गांधी ने देश को कोरोना को लेकर आगाह किया था। वाह रे राजनीति! कांग्रेसियों ने एक सुर में कहना शुरू कर दिया कि राहुल जी की सफलतम भारत जोड़ो यात्रा के एपीसेंटर दिल्ली पहुंचने से रोकने के लिए मोदी कोविड ड्रामा कर रहे हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि चीन सहित कुछ देशों में कोविड-19 के ताजा बढ़ते संक्रमण के मद्देनजर दुनिया में जो माहौल बना है, सतर्कता अपेक्षित है। इसमें अच्छी बात ये है कि केंद्र सरकार और राज्य सरकारें भी अलर्ट मोड में आ गई हैं। हेल्थ मिनिस्टर मनसुख मंडाविया ने आगाह भी किया है कि कोरोना पूरी तरह गया नहीं है। कोरोना वायरस हमारी दहलीज पर भी मौजूद है, क्योंकि चीन में कोरोना से हाहाकार मचा है। ओमिक्रॉन के सब वेरिएंट बीएफ-7 के चार संक्रमित मरीज गुजरात और ओडिशा में पाए गए हैं। वडोदरा में एक एनआरआई महिला में संक्रमण की पुष्टि भी हो चुकी है। संभव है कि सभी संक्रमण सामान्य हों और मरीज जल्द ही स्वस्थ हो जाएं! इसी दौर में हिमाचल के मुख्यमंत्री कोरोना संक्रमित पाए गए, जिन्हें क्वारंटीन में जाना पड़ा। संक्रमण की जांच से पहले उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी समेत कई कांग्रेसियों से मुलाकात की थी। हालांकि किसी और नेता के संक्रमित होने की कोई खबर नहीं है। यदि विशेषज्ञों के साथ बैठक के बाद स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने राहुल गांधी को पत्र लिखा कि कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करें या कुछ समय के लिए ह्यभारत जोड़ो यात्राह्व को स्थगित कर दें, तो यह अनुरोध भी देशहित में था। किसी के अहंकार अथवा राजनीतिक लामबंदी को चुनौती नहीं दी गई। यात्रा में एक बड़ी भीड़ सामूहिक तौर पर जुड़ती रही है, राहुल गांधी लोगों से आलिंगनबद्ध भी होते रहे हैं, हाथ भी मिलाते रहे हैं और भीड़ के साथ यात्रा भी जारी रखे हैं।

केंद्रीय मंत्री का संवैधानिक दायित्व है कि देश में महामारी का संक्रमण नए सिरे से न फैले, लिहाजा उन्होंने राहुल को पत्र लिखा। इसे अन्यथा नहीं लेना चाहिए। दरअसल ऐसे ही पत्र प्रशांत किशोर, राजस्थान में ह्यजन आक्रोश यात्राह्व, कर्नाटक में ह्यजन संकल्प यात्राह्व आदि के नेताओं और आयोजकों को लिखे जाने चाहिए थे। इन यात्राओं में भी एक बड़ी भीड़ एक-दूसरे से सटकर चल रही है। संक्रमण कैसे फैलता है? फिर भी हमें विशेषज्ञों के परामर्श को मानना है, क्योंकि वैसा करके हम कोरोना की भयावह तीन लहरों को झेल कर, उन्हें पराजित कर चुके हैं। देश के वरिष्ठ नागरिक और कुछ पुरानी बीमारियों से ग्रस्त लोग, बूस्टर डोज लगवाएं। अलबत्ता घबराने और दहशत में आने की जरूरत नहीं है।

फिलहाल ओमिक्रॉन वेरिएंट ही संक्रमण फैला रहा है, यह जानकारी दी जा रही है। बहरहाल भारत में कोरोना टीकाकरण अभियान बेहद सफल रहा है। अभी तक 220 करोड़ से अधिक खुराकें दी जा चुकी हैं। देश में 95.3 करोड़ लोगों को दोनों खुराकें देकर टीकाकरण की प्रक्रिया को संपूर्ण किया गया है। करीब 22.3 करोड़ वरिष्ठ नागरिक ऐसे हैं, जिन्हें कथित बूस्टर डोज भी दी जा चुकी है। हालांकि यह औसत बहुत कम है। टीकाकरण की गति भी इन दिनों बहुत धीमी प्रतीत होती है, क्योंकि बीते 10-16 दिसंबर वाले सप्ताह में 3.09 लाख खुराकें ही दी गईं। यह आंकड़ा टीकाकरण की शुरूआत करने वाले दौर से भी कम है, क्योंकि जनवरी, 2021 के सप्ताह में 12.4 लाख खुराकें मुहैया कराई गई थीं। भारत में टीकाकरण बिल्कुल मुफ्त रहा है, फिर भी एक तबका टीका-विरोधी रहा है। संभावित खतरों के मद्देनजर हमें सतर्क होना पड़ेगा।

कांग्रेस का आरोप है कि इस यात्रा को जनसमर्थन मिलता देख ऐसा किया जा रहा है. बेहतर होता यदि हेल्थ मिनिस्ट्री द्वारा गाइडलाइन जारी कर हर तरह के सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए कोविड प्रोटोकॉल बनाया जाता। सवाल है प्रोटोकॉल की जरूरत ही क्यों है? सभी स्वतः ही कोविड एप्रोप्रियेट बिहेवियर का अनुपालन क्यों ना करें खासकर तब जब नित कई देशों से नामाकूल खबरें आ रही हैं। बहरहाल, इतना तो कहा जा सकता है कि यह निष्कर्ष देना जल्दबाजी होगी कि देश से कोरोना वायरस हमेशा के लिये चला गया है।

मौजूदा हालातों में हर किसी को अलर्ट रहने की जरूरत है और तदनुसार सरकार सक्रिय भी हो गई है, जबकि माना जा रहा है कि भारत में 90 फीसदी से ज्यादा लोगों में स्वाभाविक प्रतिरक्षा विकसित हो चुकी है। इसके विपरीत चीन के मौजूदा हालातों की वजहें हैं, एक तो उसकी जीरो टॉलरेंस नीति उलटी पड़ गई, दूजे उसके वैक्सीन कितने कारगर थे, सवाल इसलिए है कि वैक्सीनों को इंटरनेशनल प्लेटफार्म पर चेक ही नहीं किया जा सका और बाहरी टेस्टेड वैक्सीन को उसने अनुमति नहीं दी। केंद्र सरकार ने फिर से जीनोम सीक्वेंसिंग तेज करने की बात कही है। स्वास्थ्य मंत्री ने सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ बैठक कर राज्यों के लिए समुचित एडवाइजरी भी जारी कर दी है। बूस्टर डोज के लिए नैजल वैक्सीन की अनुमति भी दे दी है। विदेशों से आने वाली खासकर चीन और अन्य प्रभावित देशों से डायरेक्ट या इनडायरेक्ट फ्लाइटों की चौकसी पूर्व की भांक्ति शुरू करवा दी है।

हमें दुनिया के कई देशों में तेजी से पांव पसार रहे कोरोना संक्रमण को एक चेतावनी के रूप में लेना चाहिए। साथ ही हर नागरिक को अपने स्तर पर जिम्मेदार व्यवहार के जरिये इस चुनौती के प्रति सतर्क रहना चाहिए। निस्संदेह, हमारी सजगता व सतर्कता में ही हमारा बचाव निहित है। यदि हम संयमित व सतर्क व्यवहार का पालन करते हैं तो हम किसी भी आसन्न संकट को टाल सकते हैं। इस गंभीर मुद्दे पर राजनीति ठीक नहीं है। कांग्रेस देश और देशवासियों के लिये ही तो यात्रा निकाल रही है। अगर यात्रा से कोरोना फैलने की आशंका जतायी जा रही है तो यात्रा को टालना देश हित में होगा। भारत जोड़ो यात्रा के अलावा दूसरे राजनीति कार्यक्रम, रैलियों और जमावड़ों पर भी रोक लगानी चाहिये। यहां सवाल देशवासियों की सेहत और सुरक्षा का है, इसमें राजनीति ठीक नहीं।



**राजेश माहेश्वरी**
**लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं**

# निजी विश्वविद्यालय : कहां खड़े हैं भारत के बुद्धिजीवी?

**शिक्षा**



**प्रेम सिंह**

हैदराबाद में रहने वाले वरिष्ठ समाजवादी साथी रावेला सोमैय्या ने करीब दो महीने पहले एक वीडियो भेजा था. विडियो खोला तो देखा उसमें रामचंद्र गुहा का भाषण था, जो अशोका यूनिवर्सिटी, सोनीपत, हरियाणा में दिया गया था. मैंने वह भाषण सुने बगैर वीडियो बंद कर दिया. पिछले साल यह विश्वविद्यालय प्रोफेसर प्रतापभानु मेहता की सेवाएं एकाएक समाप्त कर देने के लिए चर्चा में आया था. वे इस विश्वविद्यालय के 2017 से 2019 के बीच दो वर्षों के लिए कुलपति (वाईस चांसलर) रह चुके थे. उस पद से उन्होंने अकादमिक कारणों का हवाला देकर त्यागपत्र दिया था. हालांकि, राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर के रूप में वे विश्वविद्यालय में अध्यापन-कार्य करते रहे. मार्च 2021 में उन्होंने शिक्षक के रूप में भी विश्वविद्यालय से त्यागपत्र दे दिया. विश्वविद्यालय के न्यासियों ने उन्हें विश्वविद्यालय छोड़ देने का संकेत दिया था. बताया गया कि न्यासियों, जिन्हें विश्वविद्यालय के लिए और सुविधाएं चाहिए थीं, के ऊपर उन्हें हटाने के लिए सरकार का दबाव था.

प्रोफेसर मेहता को हटाए जाने की घटना की मीडिया में काफी चर्चा हुई थी. अंग्रेजी दैनिक 'इंडियन एक्सप्रेस' ने संपादकीय (एडिट) लिख कर मेहता के हटाए जाने पर विरोध व्यक्त किया था. अखबार को आश्चर्य हुआ कि अब निजी विश्वविद्यालयों में भी विचारों की स्वतंत्रता पर हमला हो रहा है! मेहता लम्बे समय से 'इंडियन एक्सप्रेस' के कंट्रीब्युटिंग एडिटर हैं. इस नाते अखबार का उन्हें हटाए जाने का विरोध वाजिब था. लेकिन अखबार द्वारा इस मामले में 'विचारों की स्वतंत्रता' का सवाल उठाना नादानी ही कहा जाएगा. कहने की जरूरत नहीं कि आजकल विचारों की स्वतंत्रता का अर्थ प्रायः नवउदारवादी विचारों की स्वतंत्रता से होता है. 'इंडियन एक्सप्रेस' नवउदारवादी नीतियों का प्रबल पक्षधर अखबार है; और मेहता भी शुरू से ही नवउदारवाद के प्रबल समर्थक रहे हैं. फिर मेहता के कौन से विचारों की स्वतंत्रता का हनन हुआ था, संपादकीय से यह स्पष्ट नहीं हो पाया. शायद मेहता के लेखों में साम्प्रदायिकता विरोध के स्वर से सरकार को दिक्कत हुई हो सकती है. लेकिन न 'इंडियन एक्सप्रेस', न प्रोफेसर मेहता यह मानने के लिए तैयार होंगे कि सांप्रदायिक फासीवाद, जिसका दोनों विरोध करते हैं, नवउदारवाद से अभिन्न है.

बहरहाल, यह टिप्पणी नवउदारवाद और सांप्रदायिक फासीवाद के संबंध को लेकर नहीं लिखी गई है. टिप्पणी में यह स्पष्ट करने की कोशिश है कि देश में निजी विश्वविद्यालयों/शिक्षा-संस्थानों का जाल बिछाने में शिक्षा के सौदागरों के साथ राज्य यानि राजनीतिक सत्ता, बिल्डर्स/डवलपर्स और न्यायपालिका के साथ बुद्धिजीवियों की एकजुट भूमिका है. यह अकेले राजनीतिक सत्ता (पॉलिटिकल पॉवर) और निजी पूंजी (प्राइवेट कैपिटल) के गठजोड़ का मामला नहीं है, जैसा कि आमतौर पर मान लिया जाता है. राजनीतिक वर्ग (पॉलिटिकल क्लास) निजी पूंजी के खिलाड़ियों को औने-पौने दामों पर जमीन, ऋण और प्रशासनिक सहूलियतें उपलब्ध कराता है. लेकिन न्यायपालिका और बुद्धिजीवी इस पूरी प्रक्रिया को 'वैधता' प्रदान करते हैं. नब्बे के दशक से बड़े पैमाने पर किसानों-आदिवासियों के विस्थापन और आत्महत्याओं, गांवों-कस्बों की डूब, जंगलों/पहाड़ों के विनाश के बावजूद देश की न्यायपालिका प्रायः कल्पित स्मार्ट शहरीकरण (स्पेकुलेटिव स्मार्ट अर्बनाइजेशन), वैश्वीकरण (ग्लोबलाईजेशन), विश्व-श्रेणी की शिक्षा (वर्ल्ड क्लास एजुकेशन), विश्व स्तरीय मानक (ग्लोबल स्टैण्डर्ड) आदि की मरीचिका के पीछे भागती नजर आती है. वैसी ही स्थिति अधिकांश बुद्धिजीवियों की है.

देश के नामचीन विद्वान, राज्य और केंद्रीय विश्वविद्यालयों के पूर्व और वर्तमान कुलपति/ प्रोफेसर, जिन्होंने अपनी शिक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के विश्वविद्यालयों में पाई है और वहीं अपना पूरा कैरियर बिताया है, निजी विश्वविद्यालयों में जाने और सेवा देने को आतुर रहते हैं. महामहिम एवं माननीय विभूतियां (राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, राज्यपाल, मंत्री) भी इन विश्वविद्यालयों के कार्यक्रमों में सहर्ष हिस्सा लेती हैं. कहने की जरूरत नहीं कि नेताओं, शिक्षा के सौदागरों, न्यायपालिका और बुद्धिजीवियों के बीच का यह गठजोड़ नवउदारवाद के तहत चल रहे बेलगाम निजीकरण की कसौटी पर भले खरा हो, संविधान की कसौटी पर अवैध है.

भारत में इस समय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मान्यता प्राप्त करीब सवा चार सौ निजी विश्वविद्यालय हैं. इसके साथ देश में विदेशी विश्वविद्यालयों के तंत्र (नेटवर्क) को अभी पूर्ण क्षमता में फैलना है. निजी क्षेत्र में पसरा शिक्षा का बाजार पहले मेडिकल, मैनेजमेंट, इंजीनियरी, आईटी, वाणिज्य, फैशन, मीडिया जैसे बाजारोन्मुख विषयों तक सीमित था. जैसे-जैसे नवउदारवाद के तहत निजीकरण की प्रक्रिया तेज होती गई है, कानून समेत समाजशास्त्र और मानविकी के कई विषय भी इन विश्वविद्यालयों में पढ़ाए जाने लगे हैं. नए भारत में शिक्षा के ऐसे ग्राहक अब काफी संख्या में हैं, जो मात्र बीए की पढ़ाई का 30-35 लाख रुपया प्रति वर्ष दे सकते हैं. यह भारी-भरकम फीस वसूलने वाले विश्वविद्यालयों का दावा प्रायः 'नोन-प्रॉफिट संस्थान' होने का होता है. प्राकृतिक विज्ञानों को अभी शिक्षा के इस बाजार में प्रायः शामिल नहीं किया गया है. इसका कारण है सार्वजनिक क्षेत्र के विश्वविद्यालयों में इन विषयों की सीटें खाली रह जाती हैं. ज्यादा गहरा कारण यह है कि 'नए भारत' की रुची केवल 'डिजिटल' में है; विज्ञान के दर्शन से उसने पल्ला झाड़ लिया है.

आइए अशोका विश्वविद्यालय का ही उदाहरण लेते हैं. यह विश्वविद्यालय 'इलीट एजुकेशन हब' कहे जाने वाले राजीव गांधी एजुकेशन सिटी (आरजीइसी) में स्थित है. हरियाणा सरकार के राजीव गांधी एजुकेशन सिटी के निर्माण के फैसले और प्रक्रिया के बारे में कुछ जानकारी मैंने इसकी स्थापना के समय दी थी. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में राष्ट्रीय राजमार्ग एक पर स्थित और केएमपी (कुंडली-मानेसर-पलवल वेस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे) एवं केजीपी (कुंडली-गाजियाबाद-पलवल एक्सप्रेसवे) से जुड़े इस 'ड्रीम प्रोजेक्ट' के लिए 5000 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाना था. परिजोजना के पहले चरण के लिए जमीन अधिग्रहण का नोटिस भूमि अधिग्रहण कानून 1894 के तहत 17 नवंबर 2005 को निकाला गया था. 9 गांवों - जाखौली, सेवली, पतला, बडखालसा, फिरोजपुर खादर, असावरपुर, खेवड़ा, बहालगढ़, बाढमलिक - की 2006 एकड़ अत्यंत उपजाऊ जमीन का जन-उद्देश्य (पब्लिक परपज) के नाम पर एजुकेशन सिटी के लिए अधिग्रहण किया गया. 2012 में एजुकेशन सिटी की आधारशिला रखी गई. हरियाणा सरकार ने राजीव गांधी एजुकेशन सिटी के लिए जमीन का अधिग्रहण निजी विश्वविद्यालयों, डवलपर्स और कारपोरेशंस को प्लाट काट कर बेचने के उद्देश्य से किया था. उस समय जमीन का बाजार-भाव 80 लाख रुपये से लेकर एक करोड़ रुपये प्रति एकड़ था. जबकि सरकारी मुआवजा 12.60 लाख रुपए प्रति एकड़ तय हुआ था.

किसानों ने 'भूमि अधिग्रहण विरोधी संघर्ष समिति' का गठन कर अपनी जमीन के अधिग्रहण का विरोध किया था. उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में अधिग्रहण के खिलाफ अपील की थी. लेकिन न्यायलय ने अपील खारिज कर दी. न्यायालय के फैसले में दिए गए तर्क पढ़ने लायक हैं. मैं उन्हें यहां नहीं दोहरा रहा हूं. न्यायालय ने यह भी गौर नहीं किया कि कुल अधिग्रहित 2006 एकड़ जमीन में से केवल 535 एकड़ शिक्षा संस्थानों के लिए तय की गई थी. बाकी जमीन कमर्शियल, इंस्टिट्यूशनल और रेजिडेंशियल उद्देश्यों के लिए थी. जाहिर है, सरकार ब्रोकर की भूमिका में थी. न्यायालय यह नहीं देख पाया कि राज्य, शिक्षा के सौदागरों और रियल एस्टेट के खिलाड़ियों के गठजोड़ (नेक्सस) के चलते जमीन का बाजार और शिक्षा का बाजार मिल कर एक हो गए हैं.

1991 के बाद से ही राज्यों ने किसानों की जमीन का देशी-विदेशी निजी कंपनियों के लिए अधिग्रहण करना शुरू कर दिया था. लोग अपनी याचिका लेकर न्यायालयों में जाते. लेकिन अक्सर सुनवाई से इंकार कर दिया जाता. अगर देश के सभी न्यायालयों के इस तरह के फैसलों की समीक्षा हो, तो यह पता चलेगा कि उनमें से ज्यादातर में निजी-हित (प्राइवेट इंटरेस्ट) को जन-हित (पब्लिक इंटरेस्ट) के रूप में वैधता प्रदान की गई है. इन फैसलों से यह भी स्पष्ट होता है कि विकास और शहरीकरण की परियोजनाओं की परिकल्पना और क्रियान्वयन में स्थानीय लोगों की भूमिका देश की न्यायपालिका स्वीकार नहीं करती. मानो वे बराबर के नागरिक और मनुष्य न होकर केवल रोबो हैं!

किसान अपनी मांग लेकर कांग्रेस एवं यूपीए की अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी से भी मिले थे, जिन्होंने यह कह कर हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया कि अधिग्रहित जमीन बंजर है. सभी जानते हैं कि सोनीपत-राई की जमीन जरखेज है, और यहां जबरदस्त खेती होती है. मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने श्रीमती सोनिया गांधी को जमीन के बारे में जो बताया, उन्होंने मान लिया. यह भी गौरतलब है कि हरियाणा अथवा देश के शिक्षा एवं अकादमिक जगत से जुड़े किसी भी शिक्षाविद अथवा विद्वान की एजुकेशन सिटी की इस पूरी परियोजना में सहभागिता नहीं थी. जबकि इस परियोजना को दुनिया का सबसे बड़ा एजुकेशन हब प्रचारित किया गया था, जहां ऑक्सफोर्ड और कैंब्रिज साक्षात उतर आएंगे, जिनमें पढ़ने के लिए विदेशी छात्र दाखिले के लिए लाइन लगाएंगे. मजेदारी यह है कि किसी शिक्षाविद अथवा विद्वान ने एजुकेशन हब के निर्माण में उनकी अनदेखी पर सवाल भी नहीं उठाया.

यहां ऐतिहासिक गांव बडखालसा का जिक्र करना मुनासिब होगा. यह गांव बाकी गांवों के मुकाबले हाईवे के सबसे अधिक निकट है. इस गांव के लोगों ने भूमि अधिग्रहण विरोधी संघर्ष समिति के बैनर तले करीब 12 साल तक अधिग्रहण का विरोध करते हुए अपने गांव की 282 एकड़ जमीन का मुआवजा नहीं उठाया. बाद में मुआवजे की रकम बढ़ने पर कुछ किसानों ने अपनी जमीन का मुआवजा स्वीकार कर लिया. अंततः सरकार से हुए समझौते के तहत इस गांव के किसानों को जमीन के बदले जमीन दी गई. समझौते के पीछे एक कारण यह भी बताया जाता है कि केएमपी-केजीपी एक्सप्रेसवेज के लिए बडखालसा गांव की 22 एकड़ जमीन की जरूरत थी, जिसे गांव वालों ने देना स्वीकार कर लिया था. लिहाजा, सरकार ने जमीन के बदले जमीन देने की किसानों की शर्त मान ली.

महानगरों/नगरों/कस्बों के पास के खेती-बागवानी से जुड़े ग्रामीण इलाकों के शहरीकरण के खब्त ने सब उलट-पुलट करके रख दिया है; भूगोल को ही विकृत नहीं किया जा रहा है, सामाजिक-सांस्कृतिक संबंधों की सहजता को भी नष्ट कर दिया गया है. सबसे घातक यह है कि समाज, राष्ट्र और दुनिया की बेहतर रचना के लिए शिक्षा जैसे जरूरी और संवेदनशील विषय को बाजार की वस्तु बना दिया है. इस गंभीर संकट पर बुद्धिजीवियों का ही ध्यान नहीं है, तो नेताओं और कारपोरेट लॉबी को भला क्या चिंता होगी? सेलेब्रेटी विद्वानों के नाम और फोटो निजी विश्वविद्यालयों की वेबसाइटों और ब्रोशर्स में देखने को मिलते हैं, तो सिवाय अफसोस के कुछ नहीं किया जा सकता. यह सोच कर अफसोस गहरा हो जाता है कि देश और दुनिया से फासीवाद हटाने से लेकर पर्यावरण-विनाश का संकट दूर करने तक का कार्य-भार भी इन्हीं के पास है!

अब यह मुद्दा भारत की बौद्धिक बहसों के केंद्र में नहीं है कि देश के सभी नौनिहालों और नौजवानों को पढ़ने के लिए उनकी पसंद का पाठ्यक्रम और संस्थान उपलब्ध कराना राज्य की जिम्मेदारी है. जैसे-जैसे राज्य और केंद्रीय विश्वविद्यालय बर्बाद होते जाएंगे, समाजशास्त्र और मानविकी के विषय पूरी तरह निजी विश्वविद्यालयों के हवाले होते जाएंगे. जैसा कि ऊपर कहा गया है, प्राकृतिक विज्ञानों की जरूरत 'नए भारत' को नहीं है. 'विकसित' और 'विश्व-स्तरीय' होने के अंध-विश्वास ने वैज्ञानिक सोच के लिए जगह छोड़ी ही नहीं है. मानवीय परस्परता और संवेदना को सांप्रदायिकता ने ग्रस लिया है.

जिन स्वतंत्रता सेनानियों और विचारकों, जिनमें कई गंभीर शिक्षाविद भी थे, ने कभी सोचा भी नहीं होगा कि भारत में शिक्षा का बाजार और बाजार के लिए शिक्षा का ऐसा बोलबाला होगा. जल्दी ही यह मंजर देखने को मिल सकता है कि निजी विश्वविद्यालयों में उन महान विभूतियों के नाम पर बनाए गए कक्ष, सभागार, चेयर, पाठ्यक्रम आदि स्थापित किए जाएं, ताकि उन्हें नवउदारवादी बाजारवाद के हमाम में खींच लिया जाए. कतिपय निजी विश्वविद्यालयों ने यह काम शुरू भी कर दिया है. इस कर्तव्य-भार को सम्हालने के लिए विद्वानों की कमी नहीं रहेगी.

मेरा शुरू मानना रहा है कि स्वतंत्रता संघर्ष के मूल्यों, संविधान, समाज और भारतीय राष्ट्र पर अश्लील उदारीकरण-निजीकरण के चौतरफा हमले को शिक्षा का मोर्चा पकड़ कर जीता जा सकता है. इस संदर्भ में मैं यहां अखिल भारतीय शिक्षा अधिकार मंच (अभाशियम) का विशेष तौर पर जिक्र करना चाहूंगा. अभाशियम के तत्वाधान में इस मोर्चे पर सतत संघर्ष चल रहा है. अभाशियम राज्य द्वारा सबको समान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के पक्ष में, और शिक्षा के बाजारीकरण के खिलाफ निरंतर संघर्षरत है. प्रोफेसर अनिल सदगोपाल, प्रोफेसर केएम श्रीमाली, प्रोफेसर जी हरगोपाल, प्रोफेसर वसी अहमद, प्रोफेसर जगमोहन सिंह, प्रोफेसर मधु प्रसाद, प्रोफेसर विकास गुप्ता, प्रोफेसर प्रसाद वी, प्रोफेसर चक्रधर राव, श्री गंगाधर जैसे शिक्षकों और शिक्षाविदों ने पूरी संलग्नता और स्पष्टता के साथ इस संघर्ष को आगे बढ़ाया है.

साथी रमेश पटनायक का कैरियर शिक्षा के साथ जुड़ा नहीं रहा है, लेकिन अभाशियम के गठन से लेकर अभी तक के संघर्ष की उनके बिना कल्पना नहीं की जा सकती. इस संघर्ष से जुड़े कई साथी अब हमारे बीच नहीं हैं. उनमें साथी सुनील, प्रोफेसर स्वाति, भाई वैद्य का इस संघर्ष में यादगार योगदान रहा है. पूरे देश में बहुत से सरोकारधर्मी नागरिक अभाशियम के संघर्ष के साथ जुड़े हुए हैं. दिल्ली स्थित लोक शिक्षक मंच भी शिक्षा, विशेषकर स्कूली शिक्षा, के सवालों और समस्याओं पर गंभीरता से विचार करने वाली संस्था है. कई छोटी सोशलिस्ट और कम्युनिस्ट पार्टियों और उनकी छात्र इकाइयों की भी शिक्षा पर बाजारवाद-उपभोक्तावाद के हमले का वैचारिक मुकाबला करने में महत्वपूर्ण भूमिका है. लेकिन स्थापित छात्र संगठनों, राजनीतिक दलों, नागरिक समाज एक्टिविस्टों, विद्वानों, पत्रकारों का पूरा साथ इन सब प्रयासों को नहीं मिलता. आशा की जानी चाहिए कि सभी संघर्षशील नागरिक एकबारगी शिक्षा के सवाल पर एकजुट होकर उदारीकरण-निजीकरण के शिकंजे को समग्रता में निर्णायक चुनौती देंगे, तो आगे की राह आसान होगी.

**(समाजवादी आन्दोलन से जुड़े लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व शिक्षक और भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला के पूर्व फेलो हैं)**

# पिछड़े मुसलमानों के लिए नई मुसीबत

**समाज**



**राम पुनियानी**

यूपीए-1 सरकार द्वारा 2005 में नियुक्त सच्चर समिति की रपट सन् 2006 में जारी हुई थी. इस रपट के अनुसार देश में मुसलमान, सामाजिक और राजनैतिक जीवन के हर क्षेत्र में पिछड़ते जा रहे हैं. उनके खिलाफ अनवरत हिंसा ने उनके मन में असुरक्षा का भाव जागृत कर दिया है जिसके कारण सामाजिक-राजनैतिक जीवन में उनका प्रतिनिधित्व कम होता जा रहा है. यूपीए सरकार ने इस समस्या से निपटने के लिए कुछ कदम उठाए. इनमें से एक कदम था मौलाना आजाद फैलोशिप की स्थापना. यह फैलोशिप अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा व शोध हेतु दी जाती थी. इसके लिए सभी अल्पसंख्यक वर्गों यथा मुस्लिम, ईसाई, सिक्ख, बौद्ध एवं जैन के विद्यार्थी पात्र थे. परंतु इससे लाभान्वित होने वालों में मुसलमानों की संख्या सबसे ज्यादा थी. पिछली बार 1000 फैलोशिप में से 733 मुस्लिम विद्यार्थियों को दी गईं थीं.

स्वतंत्रता के बाद से शैक्षणिक दृष्टि से मुसलमानों की स्थिति में तेजी से गिरावट आई. इसका कारण था डर का वातावरण, गरीबी और सकारात्मक कदमों का अभाव. जैसे-जैसे मुसलमानों में शिक्षा के प्रति अभिरूचि घटती गई वैसे-वैसे स्कूलों में दाखिला लेने वालों में मुस्लिम विद्यार्थियों का अनुपात कम होता गया. केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार मुसलमानों की साक्षरता दर 57.3 प्रतिशत है जबकि कुल आबादी में 73.4 प्रतिशत लोग साक्षर हैं. इसी तरह जहां देश में औसतन 22 प्रतिशत लोग मैट्रिक या उससे उच्च शिक्षा प्राप्त हैं वहीं मुसलमानों में यह प्रतिशत 17 है. मुसलमानों में साक्षरता की दर अन्य अल्पसंख्यक समुदायों से भी काफी कम है. उच्च शिक्षा व शोध संस्थानों में मुस्लिम विद्यार्थियों की मौजूदगी न के बराबअर है. सन् 2011 की जनगणना के अनुसार जहां 5.98 प्रतिशत हिन्दू स्नातक थे वहीं मुसलमानों के मामले में यह प्रतिशत 2.76 था. मुसलमानों की देश की कुल आबादी में हिस्सेदारी 14.2 प्रतिशत है परंतु केवल 5.5 प्रतिशत मुसलमान उच्च शैक्षणिक संस्थाओं तक पहुंच पाते हैं. इस पृष्ठभूमि में जाहिर है कि मौलाना आजाद फैलोशिप सही दिशा में एक छोटा सा कदम था. इस योजना को बंद कर दिया गया है.

इसी तरह मुसलमानों के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना को केवल कक्षा 9वीं और 10वीं तक सीमित कर दिया गया है. प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की शुरूआत सन् 2008 में की गई थी. वह मैट्रिक में पढ़ रहे मुस्लिम विद्यार्थियों के लिए निश्चित रूप से बहुत उपयोगी थी. उस समय नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे और गुजरात सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में यह तर्क दिया था कि केन्द्र इस योजना को लागू करने के लिए गुजरात को मजबूर नहीं कर सकता क्योंकि यह योजना धर्म पर आधारित है. गुजरात सरकार ने इस योजना के क्रियान्वयन के लिए केन्द्र द्वारा भेजी गई धनराशि वापस कर दी थी.

गत 8 दिसंबर 2022 को अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी ने घोषणा की कि दिसंबर से मौलाना आजाद फैलोशिप योजना बंद कर दी जाएगी. सरकार की इस मनमानी कार्यवाही की कई लोगों ने खिलाफत की है और कांग्रेस व अन्य पार्टियों के सांसदों ने इस मसले को संसद में भी उठाया है. ईरानी का कहना है कि यह योजना इसलिए बंद की जा रही है क्योंकि इसी तरह की कई अन्य योजनाएं उपलब्ध हैं जिनके लिए मुस्लिम विद्यार्थी पात्र हैं जैसे कि ओबीसी के लिए छात्रवृत्तियां. शायद सुश्री ईरानी यह भूल रही हैं कि कोई भी विद्यार्थी एक से अधिक छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं कर सकता.

शोधार्थी अब्दुल्ला खान ने 'मुस्लिम मिरर' से बात करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण रिपोर्ट (एआईएसएचई) जिसे भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने तैयार किया है, के अनुसार उच्च शिक्षा में मुसलमानों का प्रतिनिधित्व एससी, एसटी व ओबीसी से भी कम है.

यह स्पष्ट है कि वर्तमान सरकार सभी नागरिकों को एक बराबर अवसर उपलब्ध करवाने के लिए जो भी थोड़े-बहुत प्रयास किए गए हैं उन्हें मटियामेट कर देना चाहती है. राजनैतिक स्तर पर साम्प्रदायिक तत्व अनेक तरीकों से मुस्लिम अल्पसंख्यकों को निशाना बना रहे हैं. हाल में हमने देखा कि श्रद्धा-आफताब जैसे अपराधों को 'लव जिहाद' बताया जा रहा है. यह घटना हमारे पितृसत्तात्मक समाज में महिलाओं के खिलाफ हिंसा का एक उदाहरण भर है परंतु इसे साम्प्रदायिक रंग दिया जा रहा है. हिन्दू पुरूषों द्वारा महिलाओं के साथ वीभत्स हिंसा की घटनाएं भी होती हैं परंतु इन पर साम्प्रदायिक तत्व चुप्पी साध लेते हैं.

इसमें कोई संदेह नहीं कि शिक्षा ही किसी समुदाय की उन्नति की कुंजी है. सईद मिर्जा की क्लासिक फिल्म 'सलीम लंगड़े पर मत रो' इस सच को बहुत शानदार तरीके से सामने लाती है. मुंबई के एक मानवाधिकार संगठन बेबाक कलेक्टिव द्वारा किए गए सर्वेक्षण से यह सामने आया है कि वर्तमान में जो सामाजिक स्थितियां व्याप्त हैं उनके कारण मुस्लिम युवक बहुत कुछ भोग रहे हैं.

भारत में विघटनकारी राजनीति के बढ़ते बोलबाले ने मुस्लिम अल्पसंख्यकों के जीवन को कई तरह से प्रभावित किया है. सत्ता में न रहने पर भी ये ताकतें अर्ध-धर्मनिरपेक्ष दलों की सरकारों पर दबाव बनाती हैं कि वे मुसलमानों और ईसाईयों की बेहतरी और भलाई के लिए कुछ न करें. नई शिक्षा नीति और शिक्षा के अंधे निजीकरण से गरीब और हाशियाकृत समुदायों की समस्याएं बढ़ेंगी ही.


सत्ताधारी दल को संसद में पूर्ण बहुमत प्राप्त है और इस तरह के निर्णयों पर विरोध दर्ज करवाने मात्र से सरकार अल्पसंख्यकों की मदद नहीं करने लगेगी और ना ही वह श्रेष्ठि वर्ग की बेहतरी के लिए काम करना बंद कर देगी. सत्ताधारी दल की चुनाव मशीनरी इतनी बड़ी और इतनी शक्तिशाली है कि कम से कम निकट भविष्य में तो वह ऐसे किसी गठबंधन को सत्ता में नहीं आने देगी जो हाशियाकृत समूहों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील हो. परंतु इन सारी विपरीत परिस्थितियों के बाद भी हमें कोई न कोई राह निकालनी होगी ताकि यह डरा हुआ समुदाय खुलकर सांस ले सके और हम एक ऐसा समाज बना सकें जिसमें हरेक को आगे बढ़ने के समान अवसर प्राप्त हों फिर चाहे उसका धर्म, जाति, भाषा और लिंग कुछ भी हो.

वर्तमान सरकार का एजेंडा अलग है. जो लोग 'यूथ फॉर इक्वालिटी' जैसे आंदोलनों के पीछे रहे हैं वे यह नहीं समझ सकते कि एक असमान समाज में सकारात्मक भेदभाव कितना महत्वपूर्ण है. अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थी अब भी जामिया व अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालयों में उनके साथियों पर हुए हमलों को भूले नहीं हैं. जिस समय ईरानी केन्द्रीय शिक्षा मंत्री थीं उसी समय रोहित वेम्यूला ने आत्महत्या की थी. इससे शिक्षा जगत में दलितों की स्थिति रेखांकित होती है.

आगे का रास्ता क्या है? क्या मुस्लिम समुदाय के परोपकारी धनिक व वक्फ व अन्य सामुदायिक संपत्ति के नियंत्रणकर्ता आगे आकर उस अंतर को पाटेंगे जो मौलाना आजाद नेशनल फैलोशिप को बंद करने और प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति को केवल कक्षा 9 और 10 तक सीमित कर देने से बना है. यह बहुत मुश्किल है परंतु अगर सरकार अपने इन दोनों निर्णयों को पलटती नहीं है तो इस तरह के कदम उठाना जरूरी हो जाएगा. सरकार अपने अल्पसंख्यक विरोधी एजेंडे को पूरे जोरशोर से लागू कर रही है. जो विद्यार्थी अपनी उच्च शिक्षा के अधबीच में हैं और जो उच्च शिक्षा हासिल करना चाहते हैं उनकी हर संभव मदद की जानी चाहिए.।

**(लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन् 2007 के नेशनल कम्यूनल हामोर्नी एवार्ड से सम्मानित हैं)**

**व्यंग्य**



## मुर्दों की बस्ती में मस्ती

**मूलचन्द्र गौतम**

कबीर ने जब से कहा -साधो यह मुर्दो का गाँव -तब से मैं यहाँ मुर्दों के सरदार जिंदा आदमी की तलाश में हूँ जो जिंदादिल भी हो ।मुर्दों के टीले पर बैठकर शव साधना के मजे ही अलग हैं थ्री डी और फाइव जी के साथ ।जहाँ सारे मुर्दे मोबाइल की मस्ती में डूबे हैं और राजा की सवारी खरामा खरामा निकली जा रही है ।शतरंज के खिलाड़ी परस्पर मार काट में व्यस्त हैं।

ईश्वर की मृत्यु की घोषणा के बहुत दिनों के बाद विद्वानों को समझ आया कि इतिहास की हत्या भी जरूरी है अन्यथा स्वयम्भू अनंत निराकार कभी भी सामने आकर अपना आधार कार्ड दिखाकर करोड़ों के बीमे का दावा कर सकता है।अब इतिहास के प्रेत लगे हैं उसे बचाने में ।उसकी नयी से नयी व्याख्याएँ प्रकट हो रही हैं।आम आदमी चकरघिन्नी हो रहा है कि किसे सच माने।आखिर में वह हारकर सत्ता की इतिहास दृष्टि की शरण में ही जाता है क्योंकि यहीं मोक्ष है।कुछ सिरफिरे ही बचते हैं तो इतिहास की पत्थर की सख्त दीवार से सिर मारते रहते हैं और आखिरकार पागलखाने में आखिरी साँस लेते हैं।

दरअसल आधुनिक दौर यंत्र ,मंत्र और तंत्र का है।जिस व्यक्ति और दल ने इस त्रिकोण को साध लिया विजय उसी की दासी है विश्व पर उसका वर्चस्व है और जो पिछड़ गया वह आजीवन अभिशप्त होने को बाध्य है।आजीवन विपक्ष का जीवन भी कोई जीवन है? सत्ता सुंदरी उससे कोसों दूर रहती है फिर मजबूरी में वह चाहे ब्रह्मचारी होने का स्वाँग करे या सन्यास का ढोंग ।धूप में बाल सफेद करने वाले और अनुभवी में कुछ तो फर्क होता है।बालों के अधुनातन डिजाइन के दौर में उम्र का पता ही नहीं चलता।बालकों को बूढ़ा होने के फैशन का रोग लगा है तो बुड्ढों को जवान दिखने का शौक चरार्या है।बूढ़े मुँह मुहाँसे दिखाकर मस्त हैं भले उनके कब्र में जाने के दिन हों ।डॉक्टरों ने दिल को जवान रखने के एक से एक नायाब नुस्खे ईजाद जो कर लिये हैं।इसीलिए कुँआरे नौजवानों को दिल के दौरे पड़ रहे हैं और बूढ़े नित नयी नवेली दुल्हनों के ख्वाब सजा रहे हैं।

पहले मकरध्वज और शिलाजीत की जानकारी केवल राजवैद्यों तक सीमित थी अब हर मुर्दा उनका मजा ले रहा है।झंडू बाम ने जब से फिल्मी गाने में आकर अपार लोकप्रियता हासिल की है तब से पीके भन्नाया हुआ है कि उसके राजनीतिक ताकत के तमाम ऐलोपैथिक नुस्खे फेल क्यों हो रहे हैं ।उसे आयुर्वेद की शक्ति का पता ही नहीं है।दरअसल उसे तत्काल श्मशान में किसी योग्य गुरु के निर्देशन में शव साधना की दरकार है।तभी सत्ता सुंदरी उसका वरण करेगी। तंत्र कोई भी हो ताकतवर होता है नाम उसका चाहे राजतंत्र हो या लोकतंत्र क्या फर्क पड़ता है? इस तंत्र से ही यंत्र और मंत्र को साधा जा सकता है ,घोड़े की लगाम और ऊँट की नकेल की तरह ।पुतली के इशारे पर नाचता है पूरा तंत्र ।बर्दाश्त से बाहर होने पर जनता नचाती है तंत्र को । इसीलिए तलवार की धार पर चलने की कला ही तंत्र का सन्तुलन बना सकती है।मुर्दों के साथ मस्ती लेने के लिये भी शिव होने की जरूरत है। खेलें मसाने में होली अन्यथा भूत प्रेत पिशाच छोड़ने वाले नहीं।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9412322067)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# शिक्षकों ने नोट कैम ऐप का किया विरोध

जनसंदेश न्यूज

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा रानीकीसराय वीआरसी केन्द्र पर बुद्ववार को फोटो अटेन्डेन्स के विरोध मे प्रदर्शन कर पत्रक खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा।

संघ के अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने कहा कि नोट कैम ऐप से उपस्थिति का तुगलकी फरमान जारी किया गया है। जो शासनादेश के खिलाफ है।वेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बगैर संसाध उपलब्ध कराये ही शिक्षको से डीबीटी.एमडीएम. दीक्षा ऐप.प्रेरणा ऐप निपुण ऐप पर जबरन कार्य कराया जा रहा है। इस आदेश को तत्काल निरस्त किया जाय अन्यथा शिक्षक आरपार की लडाई लडेगे। इस दौरान शिक्षको ने इसके विरुद्ध नारेबाजी कर विरोध जताया। शिक्षको ने खंड शिक्षाधिकारी राजीत लाल को ज्ञापन सौपा।


पवई में खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते शिक्षक।

इस मौके पर रवीन्द्र यादव, कृपाशंकर राम, लक्ष्मीकांत मिश्रा, राकेश सिह, विनोद सिह, संतोष सिह, शकीला बानो, इंदल यादव, सुरेंद्र यादव, रविन्द्र श्रीवास्तव, सत्यप्रकाश यादव आदि मौजूद थे।

**पवई संवाददाता** के अनुसार प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष हरिप्रसाद सिंह ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेश नोट केम ऐप के माध्यम से शिक्षक व शिक्षिकाओं और छात्रों की फोटो अटेंडेंस प्रेषित करने का आदेश दिया था।

जिसके विरोध में अध्यक्ष द्वारा ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी पवई को दिया गया। उन्होंने बताया कि यह आदेश बेसिक शिक्षा नियमावली के प्रतिकूल है।

इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री पवन कुमार मौर्य, कोषाध्यक्ष राजा राजेंद्र प्रसाद, विनय कुमार सिंह, सत्य प्रकाश, राम नवल, उमेश महेश, रितेश ,अतुल कुमार सिंह, आदि लोग उपस्थित थे।

# पत्रकार के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** पुलिस की शह पाकर पत्रकारिता की धौंस जमाकर फुटपाथ पर फल एवं सब्जी का व्यवसाय कर परिवार की आजीविका चलाने वाले गरीबों से मुफ्त का माल उड़ाने वाले कथित पत्रकार के उत्पीड़न से आजिज आकर बीते दिनों तमाम दुकानदारों ने एसपी अनुराग आर्य को अपनी पीड़ा से अवगत कराते हुए न्याय की गुहार लगाई थी। जांच के बाद पत्रकार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने मामले को संज्ञान में लेते हुए पूरे प्रकरण की जांच सीओ सदर पद पर तैनात आईपीएस अधिकारी शक्तिमोहन अवस्थी को सौंपा था। संवेदना के धरातल पर गरीबों के साथ खड़े आईपीएस अधिकारी ने पूरे प्रकरण की गहनता से छानबीन की। इस दौरान वीडियो बनाकर लोगों से धनउगाही करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम समाज की भूमि, पोखरी व भीटा आदि पर अतिक्रमण कर निर्माण कार्य कराने वाले लोगों से खबर प्रकाशित कर अवैध कब्जे को मुक्त कराने की धमकी देकर अवैध वसूली करने वाले कथित पत्रकार की कलई खुली और पुलिस अधिकारी की संस्तुति पर उस पत्रकार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश जहानागंज थाना पुलिस को दी गई।

निर्देश के अनुपालन में जहानागंज थाना प्रभारी ने पीड़ित दुकानदार सोनू राम जिसने खुद को पत्रकार बताने वाले सैय्यद मोड़ मुस्तफाबाद निवासी रामअवतार उपाध्याय पुत्र स्व० अमरनाथ उपाध्याय के खिलाफ दलित उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज लिया। कथित पत्रकार के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने की जानकारी पाकर आरोपी से पीड़ित दुकानदारों व क्षेत्रीय लोग राहत महसूस करने लगे हैं।

# बीमारियों के प्रति छात्राओं को किया गया जागरूक

जनसंदेश न्यूज

**लालगंज (आजमगढ़)।** राजकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवगांव में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं की जांच की गई तथा इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वन्दना शमा, अलबतूल, साबरीन द्वारा प्रस्तुत किया गया।


कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं

विद्यालय की छात्राओं ने भाषण गीत और संक्रामक रोगों पर चार्ट प्रदर्शनी और स्वच्छता के प्रति जागरूकता तथा बीमारियों को लेकर अंधविश्वास को दूर करने का संदेश, विषय पर नाटक प्रस्तुत किया। डॉक्टरों और शिक्षकों की संयुक्त टीम ने चित्रकला प्रदर्शनी में, मुस्कान प्रथम, खुशबू द्वितीय, असरा बानो तृतीय। सोलो गीत में साबिया, नाटक में अंजली, अंशु खुशबू भारतीय प्रथम, काजल संगीता द्वितीय पुरस्कार देकर छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं के आंख, दांत, वजन माप सहित चिकित्सकीय परीक्षण किया गया। एनीमिया, डेंगू, कोरोना, मलेरिया रोगों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर डॉ.रामनयन, डॉ.फरहाना, डॉ. आसिफ खान, डॉ.दुर्गेश, डॉ. शशिभूषण, डॉ.कविता गुप्ता तथा विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूनम कन्नौजिया और सहायक अध्यापक दीपिका पांडेय, संध्या, कनिष्ठ लिपिक कमलेश कुमार उपस्थित थे।

# बाढ़ पीड़ित किसानों का धरना कल

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** देवारा विकास सेवा समिति के तत्वावधान में आगामी 30 दिसंबर को नगर के रिक्शा स्टैंड कलेक्टरी कचेहरी पर देवरांचल के बाढ़ पीड़ित किसान धरना प्रदर्शन करेंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष रामकेदार यादव ने बताया कि सामाजिक संगठनों व देवारा वासियों में इस बात का आक्रोश हैं कि अबकी बार देवारा में आई बाढ़ ने पिछले 30 साल का रिकार्ड तोड़ दिया, ऐसे में आस-पास के जिलों को बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया परन्तु देवारा क्षेत्र को अब तक बाढ़ ग्रस्त घोषित नहीं किया गया. जिससे किसानों को अपने नुकसान का उचित मुआवजा नहीं मिला। इसी को लेकर 30 दिसंबर को धरना प्रदर्शन होना है, जिसमें कई सामाजिक संगठनों का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में धरना स्थल पर पहुंचने की अपील किया।

# फर्जी तरीके से अभिलेख पर नाम दर्ज कराने का आरोप

**गुहार**

**मेहता पार्क में न्याय के लिए भूख हड़ताल पर बैठे दंपति**

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। निजामाबाद तहसील अंतर्गत बुद्धसेनपुर गांव निवासी दंपति फर्जी तरीके से अभिलेखों में नाम दर्ज कराने का आरोप लगाते हुए अंबेडकर पार्क में भूख हड़ताल पर बैठ गए। बुजुर्ग दंपति ने इसमें अधिकारियों और कर्मचारियों के भी शामिल होने का आरोप लगाया है।

लालचंद यादव पुत्र गोवर्धन यादव, रामावती पत्नी लालचंद यादव निवासी बुद्धसेनपुर ने बताया कि प्रार्थी की जोत चकबंदी अधिकारी आकार पत्र 11 में खाता संख्या 99 में ग्राम के मुन्ना पुत्र खेदु से पुरानी रंजिश है। दंपति ने आरोप लगाया कि फर्जी तरीके से मुकदमा दर्ज कर उसमें फैसला अपने पक्ष में करा कर अभिलेखों में लालचंद अमल दरामद लाल स्याही से करवा दिया है। इस फर्जी कार्रवाई में सुरक्षित पत्रालय माल आजमगढ़ रिकॉर्ड रूम के अधिकारी व कर्मचारी शामिल हैं। इसी तरह और मुन्ना पुत्र खेदु जोत चकबंदी अधिकारी आकार पत्र 11 के खाता संख्या 124 पर मुन्ना बनाम गांव सभा मुकदमा नंबर 4765 तारीख फैसला 16/ 5 /1986 धारा 9 क 2 की फर्जी अमल दरामद लाल स्याही से करवा लिया है। जब इसकी धोखाधड़ी की जानकारी हम लोगों को भी मिली तो रिकॉर्ड रूम में पहुंचकर रिकॉर्ड रूम के सारे कागजात खंगाले और सब की नकल लिए। नकल लेने के बाद पता चला की मुन्ना पुत्र खेदु ने फर्जी तरीके से जोत चकबंदी अधिकारी के आकार पत्र 11 की खाता संख्या 99 अपना नाम दर्ज करा लिया है। सबसे रोचक बात यह है कि मुन्ना पुत्र खेदु ने 16 मई 1986 को अभिलेखों में अपना नाम दर्ज करवाया है, कार्रवाई का आदेश 15 अक्टूबर 1986 का है। इस धोखाधड़ी के खिलाफ भूख हड़ताल पर बैठे दंपति ने अधिकारियों से मांग किया कि मामले की जांच करा कर उन्हें न्याय दिलाया जाए और मामले में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाय।


मेहता पार्क में भूख हड़ताल करते दंपति।

# कार्यकर्ता हमारे लिए बहुमूल्य

**बोले धर्मेंद्र सिंह**

**भाजपा कार्यकर्ताओं ने एमएलसी का किया स्वागत**

जनसंदेश न्यूज

**संजरपुर (आजमगढ़)।** रामजानकी मंदिर ठाकुर द्वारा छोटी अयोध्या सरायमीर में बुधवार को सदस्य विधान परिषद व क्षेत्रीय अध्यक्ष गोरखपुर डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह का सरायमीर में प्रथम आगमन पर मंडल अध्यक्ष अनुपम पांडे के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं ने फूल मालाओं से अपने नेता का स्वागत किया।

स्वागत समारोह के बाद मंदिर में जाकर धर्मेंद्र सिंह ने भगवान राम से आशीर्वाद लेकर अपने कार्यकताओं से रूबरू हुए उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता हमारे लिए बहुमूल्य हैं सभी लोग अपने को डॉ धर्मेंद्र सिंह ही समझें लोगों को संबोधित करते हुए लालगंज जिला अध्यक्ष ऋषि कांत राय ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ की हड्डी है उनके बिना कुछ भी संभव नहीं है हर कार्यकर्ता अपने को अध्यक्ष ही समझे इस अवसर पर संदीप अस्थाना नगर अध्यक्ष सरायमीर राम प्रकाश यादव, राजेश यादव, अखिलेश जायसवाल, रामभूवन मौर्य, संतोष, सोनी, पप्पू मद्धेशिया राहुल गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।


एमएलसी का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

**फूलपुर प्रतिनिधि** के अनुसार लखनऊ से लालगंज जाते समय भाजपा के गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष विधान परिषद सदस्य डॉ.धर्मेन्द्र सिंह का भाजपा मंडल कार्यालय व फूलपुर नगर पंचायत के मुख्य चैक पर भाजपा के राजेश मोदनवाल चुट्टूर व भानु चैहान मण्डल अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकताओं ने ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया। राजेश मोदनवाल चुट्टूर ने डॉ. धर्मेन्द्र सिंह को अंगवस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

इस अवसर ऋषि कांत राय, हनुमन्त सिंह, श्रीलाल यादव, महेन्द्र कुमार, शम्भू चैहान, सुरेश सोनकर, बलवंत भारती, अनिल प्रजापति, ओमकार मोदनवाल, कमलेश सोनी, विष्णु, बृजेश यादव, निहाल, बिमलेश आदि उपस्थित रहे।

# यूरिया की किल्लत से किसान परेशान

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र में वर्तमान समय मेंयूरिया की मांग बढ़ गयी है किसान अपनी फसलों में छिड़काव कर सिचाई करना चाहते है। परंतु यूरिया की किल्लत से वे परेशान नजर आ रहे हैं।

सदरपुर बरौली न्याय पंचायत के ग्राम पंचायत सुदनीपुर में साधन सहकारी समिति का गोदाम है। आसपास की समितियों पर ताला लगा है जिसके कारण सुदनीपुर में उर्वरक आने की सूचना पर चारों न्याय पंचायत सहित अन्य ब्लाक के ग्रामीण समिति की गोदाम पर लाइन लगा कर खड़े हैं। वैसे छोटे बड़े किसान सभी को एक एक बोरी यूरिया दी जा रही है पर यूरिया की मात्रा कम है और लेने वालों की लाइन लम्बी है। इस संबंध में साधन सहकारी समिति के सचिव मिथलेश कुमार ने बताया कि यूरिया समाप्त होने के बाद पुनः यूरिया उपलब्ध होगी। बस किसान थोड़ा सब्र करें। इस सम्बंध में एसडीएम फूलपुर से दूरभाष पर सम्पर्क करने की कोशिश की गई तो सम्पर्क नहीं हो सका।

# किसानों को दिया गया प्राकृतिक खेती तकनीकी प्रशिक्षण

**आजमगढ़।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के प्रोफेसर विजेंद्र सिंह एवं प्रसार निदेशक डॉ.एपी राव के निर्देशन में संचालित कृषि विज्ञान केंद्र कोटवा, पर दो दिवसीय ह्लप्राकृतिक खेती तकनीकी पर कृषक प्रशिक्षणह्ल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 27 से लेकर 28 दिसंबर तक चला।


कृषकों को जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक।

राज्य सरकार किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने के लिए कई योजनाएं चला रही है, ताकि किसानों को आर्थिक लाभ मिल सके। कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों के होने का मुख्य कारण फसलों में कीटनाशक दवा और रासायनिक खादों का अंधाधुंध प्रयोग करना है। प्राकृतिक खेती करने से फसलों की लागत कम होगी और उनके जहां कृषि उत्पाद महंगे बिकने से उनकी आमदनी भी ज्यादा होगी। केंद्र के प्रभारी अधिकारी एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. डीके सिंह ने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने को कहा। प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी डॉ. विजय कुमार विमल ने तकनीकी सत्र के दौरान बताया कि प्राकृतिक खेती कृषि की प्राचीन पद्धति है, प्राकृतिक खेती में रासायनिक कीटनाशक का उपयोग नहीं किया जाता है। एक देसी गाय से 30 एकड़ की खेती की जा सकती है। वरिष्ठ मृदा वैज्ञानिक डॉ.रणधीर नायक ने कृषि विज्ञान केंद्र पर हो रहे प्राकृतिक खेती का भ्रमण कराकर बीजामृत एवं ब्रह्मास्त्र बनाने की विस्तृत जानकारी दी। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.विनय कुमार सिंह ने पशुपालन की जानकारी दी। शस्य एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने जीवामृत बनाने की विधि पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रुद्र प्रताप सिंह ने किसानों को नीमास्त्र बनाने की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर प्रगतिशील कृषक महेंद्र प्रताप सिंह, अतुल प्रताप सिंह, प्रेमचंद, यशपाल, प्रेमलता, सुनीता के साथ 40 कृषक एवं महिला कृषक को प्रशिक्षित किया गया।

# प्रभु श्रीराम सृष्टि को संचालित करने वाली शक्ति

**आजमगढ़।** नगर के गुरुघाट स्थित श्री रामजानकी मंदिर में संगीतमयी श्रीराम कथा का आयोजन किया गया। रामकथा का विधिवत शुभारंभ भगवान श्रीराम के पूजन-अर्चन और मंत्रोच्चारण के साथ हुआ।

शाम को शुरू हुए श्रीरामकथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक अंकित चतुर्वेदी महाराज ने कहा कि रामचरित मानस ही जीवन का आधार है। इस गुप्त कथा को भगवान शंकर छिपा कर अपने मन में रखे थे समय आने पर माता पार्वती को यह दुर्लभ कथा सुनाई। जिससे इस कथा का नाम श्रीराम चरित मानस पड़ा। पूज्य तुलसी दास ने इस कथा को भगवान शिव की कृपा से गाने योग्य बनाया इसीलिए इस कथा के लेखक शिव जी तथा कवि तुलसी दास हुए। उन्होने बताया कि रामकथा हर समस्या के समाधान की कथा है। इसी अर्थ में श्रीराम की आपबीती जगबीती बनने की क्षमता रखती है। यही वजह है कि जब दो लोग मिलते हैं तो राम-राम के संबोधन के साथ मिलते हैं, एक व्यक्ति दूसरे को अपनी आपबीती सुनाता है तो उसे रामकहानी कहा जाता है, यानि राम कथा आपबीती कथा है, इसीलिए ये कथा जगबीती बनने की क्षमता रखती है जो जन-जन से जुड़ी है। श्रीराम कथा के श्रवण मात्र से मानव का कल्याण हो जाता है। अंत में भगवान श्रीराम के आरती के साथ कथा को विश्राम दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष सुभाष चन्द्र तिवारी (कुंदन), मंत्री महंत संजय पांडेय, सहयोगी, कविकांत उपाध्याय, ओमप्रकाश गुप्त, संगीत की प्रतिभा को बिखेरने वाले कलाकार दिनेश, प्रवीण, अजय, हर्ष, चन्द्र प्रकाश सहित भारी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।


संगीतमयी श्रीराम कथा करते कथावाचक अंकित चतुर्वेदी।

# 'खामोश अदालत जारी है' का हुआ मंचन

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** हुनर संस्थान आजमगढ़ द्वारा जनपद में राष्ट्रीय एकता अखंडता व लोक कलाओ को बढ़ावा देने के उद्देश्य प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज में 26 से 30 दिसम्बर तक चल रहे हुनर रंग महोत्सव के तीसरे दिन का आगाज शक्ति मोहन अवस्थी आईपीएस सीओ सदर, रमाकांत वर्मा, अभिषेक जायसवाल दीनू, ने दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर किया। बीके दास कल्चरल अकैडमी के पश्चिम बंगाल के कलाकारों द्वारा मनमोहक एकल लोकनृत्य व क्लासिकल नृत्य प्रस्तुत किए गए.। सांध्य कालीन सत्र रंगमंच के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय योगदान करने के लिए मुंगेर बिहार से मोहम्मद जीलानी, मोहम्मद बेलाल, अलवर राजस्थान से अशोक शर्मा व पश्चिम बंगाल से विधान चंद्र दास को सम्मानित किया गया।


हुनर रंग महोत्सव में नाटक की प्रस्तुति देते कलाकार

समारोह के तीसरे दिन की पहली नाट्य प्रस्तुति पथ जमशेदपुर झारखंड द्वारा विजय तेंदुलकर द्वारा लिखित मोहम्मद निजाम के निर्देशन में खामोश अदालत जारी है का भावपूर्ण मंचन किया गया। प्रसिद्ध रंगकर्मी स्व.विजय तेंदुलकर ने भारतीय रंगमंच को नाटकों के माध्यम से समकालीन समाज की अनेकों उलझी विकृत तथा विचलित करने वाली सच्चाईयो की तरफ इशारा कर किया है। एक अदालत के दृश्य में मानव की नियति की विडंबनाओं के उद्घाटन को जिस प्रकार इस नाटक में साधा गया है। वह अद्भुत है।शारदा नाट्य मंच धनबाद झारखंड द्वारा विभांशु वैभव द्वारा लिखित व अनिल सिंह के निर्देशन में नाटक महारथी का मंचन किया गया। नाटक महारथी में कर्ण जीवन भर किसी व्यक्ति से नहीं बल्कि कई स्तरों से समाज से लड़ता रहा।उसके जैसा संघर्ष महाभारत के किसी और पात्र ने कभी नहीं किया। कर्ण के आत्म संघर्ष के कर्ण यह नाटक अति प्रासंगिक है। दूसरी प्रस्तुति शारदा नाट्य मंच धनबाद झारखंड द्वारा विभांशु वैभव द्वारा लिखित व अनिल सिंह के निर्देशन में नाटक महारथी का मंचन किया गया। तीसरी नाट्य प्रस्तुति मुंशी प्रेमचंद द्वारा लिखित अजय रोशन के अंदर में नाटक प्रेम का उदय का मंचन किया गया। मुंशी प्रेमचंद कृत इस मौके पर संस्थान अध्यक्ष मनोज यादव, हेमंत श्रीवास्तव, गौरव मौर्य, उपाध्यक्ष डॉ.शशि भूषण शर्मा, राकेश कुमार, रवि चैरसिया, अमरजीत विश्वकर्मा, कमलेश सोनकर, शशि सोनकर आदि मौजूद रहे। संचालन सुनील दत्त विश्वकर्मा ने किया।

## संक्षेप

### अटल भाषण प्रतियोगिता में आदर्श कुमार राय रहे अव्वल



**लालगंज (आजमगढ)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित अटल भाषण प्रतियोगिता का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है जिसमें लालगंज जिले में अटल भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष भाजपा लालगंज ऋषि कांत राय एवं विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा नीरज तिवारी, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र राय उपस्थित रहे। अध्यक्षता आनंद कुमार राय मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा एवं संचालन शिवेंद्र राय जिला उपाध्यक्ष ने किया। निर्धारित 3 मिनट के समय में बोलते हुए आदर्श कुमार राय ने प्रथम स्थान, चंद्रचूड़ पांडेय ने द्वितीय स्थान सृष्टि मौर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष लालगंज रजनी कांत त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा रजनीश जायसवाल, दुर्गा चैबे, अनिल चैहान धर्मराज सिंह, विशाल, रोमी सोनकर, सहादुर सोनकर, संजय जयसवाल, विकास जयसवाल, त्रिवेद तिवारी, सुनील राय, दीपक राय सहित आदि उपस्थित रहे।

### एसपी की जनसुनवाई में आये 31 प्रार्थना पत्र



**आजमगढ़।** पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य प्रतिदिन अपने कार्यालय में जन सुनवाई कर रहे हैं। उनके इस पहल से काफी लोगों को न्याय मिल चुका है। इसी क्रम में बुधवार को पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेंद्र लाल व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राहुल रूसिया द्वारा जन सुनवाई की गयी। जनसुनवाई में कुल 31 प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

### एसडीएम ने कराया 800 कम्बलों का वितरण



**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील मुख्यालय पर एसडीएम सगड़ी राजीव रतन सिंह द्वारा बुधवार को कुल 800 कम्बलों का वितरण किया गया। वहीं तहसील पर कुल 1900 कम्बल का वितरण किया जाना है। रात्रि में भी कम्बलों का वितरण सड़को पर भ्रमण किए जाने की योजना बनाई जा रही है जिससे कि सड़क पर गरीब असहाय एक भी पात्र व्यक्ति छूटने न पाए। कंबल वितरण के लिए लेखपालों द्वारा गांव-गांव सूचना पूर्व से ही दी गई थी। जिसको लेकर तहसील पर सुबह से ही कंबल पाने के लिए असहाय गरीबों की लाइन लगी रही। यहां तक की कुछ अपात्र व्यक्ति भी कंबल लेने के लिए कतार लगाकर खड़े हो गए थे। पर ऐसे लोगों को कम्बल का वितरण नहीं किया गया। उपजिलाधिकारी सगड़ी राजीव रतन सिंह ने बताया कि अभी कुल 1900 कंबल का वितरण गरीबों असहाय को किया जाना है। यदि जरूरत पड़ी तो और भी कंबल का वितरण किया जाएगा। उन्होंने समस्त समाज सेवियों पूंजीपतियों आदि से अपील की है कि ठंड को देखते हुए गरीब असहायो की मदद व उन्हें ठंड से बचाने के लिए कंबल का वितरण करें जिससे कि गरीब असहाय व जरूरतमंदों को ठंड से बचाया जा सके। इस अवसर पर विनोद गुप्ता, राकेश पान्डेय, शिव बचन, हरेंद्र यादव, रामेश्वर चैहान, श्रीकांत, राम सागर सोनी आदि उपस्थित रहे।

### बच्चों को पिलायी गयी विटामिन ए की खुराक

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बच्चों को बिटामिन ए की खुराक पिला कर योजना का शुभारम्भ किया। स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित कैंप में मुख्य चिकित्साधिकारी डा.आईएम तिवारी ने बच्चों को बिटामिन ए की खुराक पिलाई। इस दौरान डा.आईएम तिवारी ने इससे फायदे और कमियो से होने वाली परेशानियों को बताया ही साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों को भी शासन की इस योजना के क्रियान्वयन के बाबत जानकारी दी। हालांकि ठंढ और प्रचार प्रसार के अभाव मे उपस्थिति संख्या कम ही रही। इस दौरान स्वास्थ्य टीम मौजूद रही।

### पट्टे की जमानत राशि का नहीं हुआ भुगतान

**रानीकीसराय आजमगढ़।** क्षेत्र के ग्राम सभा आवंक में मत्स्य पालन हेतु पट्टे की जमानत राशि पांच माह बाद भी तहसील प्रशासन की लापरवाही से ग्राम पंचायत के खाते में नही जमा हो सकीं। प्रधान ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई है। ग्राम प्रधान जाहिद खां ने जिलाधिकारी के पत्रक मे उल्लेख किया है कि ग्राम पंचायत के मत्स्य पालन हेतु दस वर्ष के लिए पोखरी की नीलामी की प्रक्रिया पूरी कर निजामाबाद तहसील नजारत मे आठ लाख पच्चास हजार रुपए जमा कराये परन्तु तहसील प्रशासन ने पांच माह बाद भी ग्राम पंचायत के खाते में धन नही भेजा। मामले को लेकर प्रधान ने कई बार तहसील का चक्कर काटने के बाद जिलाधिकारी से गुहार लगाई है।

### आरवीएसएफ के लिए करें आवेदन

**आजमगढ़।** सम्भागीय परिवहन अधिकारी रामवृक्ष सोनकर ने बताया कि जनपद आजमगढ़, मऊ, बलिया में पुराने वाहनों के स्क्रैपिंग (निक्षेपण) हेतु पंजीकृत यान स्क्रैपिंग सुविधा (आरवीएसएफ) सेन्टर की स्थापना किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति कार्यालय में सम्पर्क स्थापित कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं एवं नेशनल सिंगल विन्डो सिस्टम (एनएसडब्ल्यूएस) पोर्टल के माध्यम से आरवीएसएफ स्थापित किये जाने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### अनुश्रवण समिति की बैठक कल

**आजमगढ़।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.धर्मेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति (गो आश्रय स्थल) जनपद आजमगढ़ की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आगामी 30 दिसम्बर को सायं 5 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी है।

### व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक 31 को

**आजमगढ़।** उपायुक्त उद्योग एसएस रावत ने बताया कि जिला स्तरीय उद्योग बन्धु, स्वः रोजगार बन्धु, एकल मेज व्यवस्था, औद्योगिक एवं व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक आगामी 31 दिसम्बर को अपरान्ह 12:30 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी है।

### अधिवक्ता लाल बहादुर सिंह के निधन पर शोक

**आजमगढ़।** लोकतंत्र रक्षक सेनानी सेवा संस्था की बैठक संगठन के कार्यालय रोडवेज स्थित गांधी भवन पर वरिष्ठ साहित्यकार डा.कन्हैया सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं लोकतंत्र रक्षक सेनानी लाल बहादुर सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। डा.कन्हैया सिंह ने कहा कि स्व.सिंह के निधन से सेनानी संगठन एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक तथा अधिवक्ता समाज की अपूर्णनीय क्षति हुई है जो भविष्य में पूरी नहीं की जा सकती। अंत में दो मिनट का मौन रखकर गतात्मा की शांति एवं उनके परिवार को यह दुख सहन करने के लिए शक्ति प्रदान करने के लिए भगवान से प्रार्थना की गयी। इस मौके पर डा.ज्ञान प्रकाश दूबे, प्रतिराम यादव, कन्हैया लाल श्रीवास्तव, सभा नारायण राय, सूर्यनाथ, चंद्र विनोद, प्रेम विहारी आदि उपस्थित रहे।

### प्रदेश सरकार के आदेशों की उड़ाई जा रही धज्जियां



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** उन्नाव कानपुर में हुए ट्रैक्टर ट्राली से हादसे के बाद प्रदेश सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया जिसके तहत प्रदेश के अंदर ट्रैक्टर ट्राली पर सवारी को पूरी तरह से बंद करने का निर्देश दिया गया। बावजूद इसके क्षेत्र में लोग धड़ल्ले से ट्रैक्टर और ट्राली पर सवारी ले जाते दिखाई दे रहे हैं जिसके कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ट्रैक्टर हादसे का जिम्मेदार कौन होगा, यह तो पता नहीं लेकिन या तो सरकार के आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही है या फिर जिम्मेदार प्रदेश सरकार के निदेर्शों का पालन नहीं करना चाहते, जबकि प्रदेश सरकार के मुखिया ने सभी जिलाधिकारियों को यह निर्देश पहले से ही दे दिया है। क्षेत्र में लोग ट्रैक्टर ट्राली पर सफर कर रहे हैं वहीं इन दिनों पूर्वांचल के प्रसिद्ध ऐतिहासिक मेले गोविंद साहब में ट्रैक्टर ट्राली पर सवारी लादकर मेले तक पहुंचाया जा रहा है जिसके कारण कभी भी क्षेत्र में बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का मानना है कि ट्रैक्टर और ट्राली सिर्फ कृषि कार्य के लिए है ऐसे में इस पर सवारी लाद कर ले जाना ठीक नहीं है। ट्रैक्टर ट्राली पर सवारी ले जाते समय कई स्थानों पर बड़े हादसे हो चुके हैं जिसके कारण प्रदेश सरकार ने यह महत्वपूर्ण फैसला लिया लेकिन जिम्मेदार इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं जिसके कारण खुलेआम सड़कों पर ट्रैक्टर ट्राली पर सवारी लादी जा रही है और लोग सफर कर रहे हैं।

जनसंदेश टाइम्स
वाराणसी, गुरुवार, 29 दिसम्बर, 2022



# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला अधेड़ का शव


जंगल में मिला अधेड़ का शव।

**दुखद**

**आस पास के क्षेत्रों में मचा हड़कंप**

**पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई के लिए भेजा**

**राजगढ़।** सक्तेशगढ़ पुलिस चौकी क्षेत्र अन्तर्गत सरसो सेमरी के पतार जंगल में अधेड़ उम्र के व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया।

जिसकी सूचना पुलिस को दी गई जहां मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई करने में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार चुनार थाना क्षेत्र के सक्तेशगढ़ पुलिस चौकी अन्तर्गत सरसो सेमरी के पतार जंगल में बीती रात एक अज्ञात व्यक्ति का शव स्कूल जा रहे बच्चों ने देखा और आस पास के लोगों को बताया जहां आनन-फानन में लोग घटनास्थल पर दौड़ पड़े। और देखते ही देखते काफी भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही चौकी प्रभारी मय फोर्स मौके पर पहुंचे और छानबीन में जुट गए। चौकी प्रभारी के द्वारा अपने उच्चाधिकारियों तक पूरी घटना की जानकारी दी गई। जहां थानाध्यक्ष चुनार एवं क्षेत्राधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

काफी जांच पड़ताल करने के बाद शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परिक्षण के लिए भेज दिया गया। इस घटना के बाद लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है तथा तरह-तरह की चचाएं व्याप्त हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**युवक की मौत के बाद बुझ गया घर का चिराग, एक घायल**

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हिनौता गेट के पास मंगलवार की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि साथी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अहरौरा थाना क्षेत्र के अहरौरा खास डीह गांव निवासी केसर सिंह का पुत्र 28 वर्षीय राहुल अपने साथी अमरजीत के साथ मंगलवार को सोनभद्र किसी काम से जा रहा था। बाइक सवार जैसे ही रात्रि लगभग 11 बजे अहरौरा टोल प्लाजा से कुछ पहले पहुंचा। तभी विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। वाहन की चपेट में आने से राहुल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर पीछे बैठे अमरजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अहरौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने उसे वाराणसी रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने माता पिता का अकेला संतान था।

## दो बाइक के टक्कर में चार घायल, दो रेफर

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर बुधवार को बनस्थली महाविद्यालयल के पास खड़े बाइक सवार में दूसरा बाइक सवार के टक्कर से चार घायल हो गए। प्राप्त जानकारी अनुसार पूजा भारती पत्नी छोटू भारती उम्र 27 वर्ष तृतीय पुत्री छोटू उम्र 4 वर्ष निवासी गरेणुआ सोनभद्र दूसरा बाइक सवार आनन्द पुत्र मेवालाल उम्र 40 वर्ष निवासी नरायनपुर थाना अदलहाट सोनी पत्नी विजय उम्र 30 वर्ष निवासी चौका घाट वाराणसी घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गई जहाँ पर उपचार किया गया। पूजा भारती को गम्भीर चोट होने के कारण ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर किया गया। वही दूसरा बाइक सवार आनन्द को भी गम्भीर चोट होने के कारण वाराणसी रेफर किया गया।


## पंचायत सहायक ने एडीओ पंचायत से मानदेय की लगाई गुहार

**हलिया।** विकास खंड के सिकटा ग्राम पंचायत में कार्यरत महिला पंचायत सहायक डाटा इंट्री ऑपरेटर सोनू मौर्या ने चार महीने के बकाया मानदेय के लिए एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव से गुहार लगाई तो एडीओ पंचायत ने चार महीने पूर्व पंचायत सहायक द्वारा इस्तीफा दिए जाने का हवाला देते हुए मानदेय के भुगतान से इंकार कर दिया। इस्तीफे की बात सुनकर पंचायत सहायक हैरान रह गई और पंचायत सहायक ने एडीओ पंचायत को बताया कि मेरे द्वारा पंचायत सहायक पद से इस्तीफा नही दिया गया है तो एडीओ पंचायत ने इस संबंध में ग्राम सचिव से बात करने के लिए कहते हुए पल्ला झाड़ लिया।

पंचायत सहायक ने इस संबंध में मुख्यमंत्री पोर्टल पर प्रार्थना पत्र देकर बिना किसी कारण फर्जी तरीके से इस्तीफा देने के मामले की जांच एवं मानदेय के भुगतान की मांग किया है।

## संक्षेप

### देश की रीढ़ है खेती के साथ पशुपालन : ज्वाइंट मजिस्ट्रेट



**लालगंज।** विकासखंड स्तरीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन बुधवार को रेही गांव में किया गया। जिसमें विभिन्न ग्राम सभाओं से पशुपालक, भेड़ पालक, मुर्गी पालक एवं बकरी पालक सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नवनीत सेहरा ने मेले में गौ पूजन कर शुभारंभ किया। आरोग्य मेले का शुभारंभ करते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस/उप जिलाधिकारी ने कहा कि खेती के साथ पशुपालन ही किसानों का मुख्य आधार रहा है यही देश की रीढ है। उन्होंने एफएमडी लंपी स्क्रीन बीमारी आदि के लिए किए जा रहे टीकाकरण विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दिया। तथा गौशालाओं में ठंड से बचाव के लिए विशेष व्यवस्था का निर्देश दिया। खंड विकास अधिकारी शिवनारायण सिंह ने गोवंश मेले में पशुपालन विभाग द्वारा किए जा रहे टीकाकरण संबंधित कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए सराहना किए। उपनिदेशक पशुपालन विंध्याचल मंडल डॉ वीके सिंह ने बताया कि निशुल्क टीकाकरण पूरे मंडल में खुर पका मुंह पका का हो रहा है सभी पशुपालक इसका लाभ उठाएं।

### कोरोना से लड़ने को तैयार है जनपद : सीएमओ

**मीरजापुर।** दुनिया के कई देशों में बढ़ रहे कोविड के नए वैरियंट से जिला स्वास्थ्य विभाग भी सतर्क हो गया है। इसी क्रम में कोविड संक्रमण से बचने और लड़ने की तैयारियों का मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र ने समीक्षा की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जिले में कोई कोरोना संक्रमित नही हैं। अब नए वैरियंट को देखते हुए कोविड मरीजों के लिए कुल 150 बेड आरक्षित किए गए हैं। इसमें 50 बेड आक्सीजन सहित और 100 बेड का बार्ड बनाया गया है। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चुनार, कछवां, मड़िहान, जमालपुर, राजगढ़ स्वास्थ्य केंद्रों पर बच्चों के 30 बेड पीकू वार्ड तैयार हैं। वहीं 20 पीडियाट्रिक वार्ड भी तत्काल में उपयोग लाए जा सकते हैं। सभी चयनित सीएचसी पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। उन्होंने आश्वस्त किया है कि जनपद में आक्सीजन और बेड की कोई कमी नहीं है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर दवा की पूरी उपलब्धता है। अगर कहीं कोई कमी दिखती है तो उसको तत्काल पूरी करने की कोशिश होगी। सीएमओ ने जनपदवासियों से अपील की है कि कोविड संक्रमण से बचने के लिए अपनी एहतियाती डोज अवश्य लगवा लें। साथ ही कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मास्क लगाकर ही घर से बाहर निकलें।

### राष्ट्र के निर्माण में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान : जिलाधिकारी

मीरजापुर। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा मिशन कायाकल्प योजना के प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि राष्ट्र के निर्माण में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है और शिक्षण को सुदृढ़ बनाना शिक्षा विभाग के अधिकारियों के ऊपर निर्भर करता है। उन्होने कहा कि सभी सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों के स्कूलों में अध्यापकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुये शिक्षण कार्य को मजबूत बनायें। कायाकल्प योजना के अन्तर्गत समीक्षा के दौरान पाया गया कि अधिकांश स्कूलों में हैण्डवाश, टाइल्स काम, किचन सेड निर्माण, रनिंग वाटर, दिव्यांग शौचालय आदि कार्यों में बहुत ही छोटे-छोटे कार्य अवशेष रह गये है सभी सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी दस दिवस के अन्दर शत प्रतिशत कार्यों को पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि दस दिवस के उपरान्त स्वयं सभी कार्यों की विद्यालयवार समीक्षा कर लें। रनिंग वाटर कार्य में जमालपुर, राजगढ़ कार्य राजगढ़ व नगर पालिका परिषद मीरजापुर हैण्डवाशिंग का कार्य राजगढ़ के सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्य क्षेत्र में प्रगति कम पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। अतएव सभी शिक्षा विभाग से सम्बन्धित अधिकारी योजना के नियमावली का पूरी तरह अध्ययन करते हुये कार्य सुनिश्चित करायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, जिला पंचायत राज अधिकारी अरविन्द कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

### जन जन तक पहुंचायी जाएगी कांग्रेस पार्टी की नीतियां

**मीरजापुर।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय मिशन कंपाउंड पर जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी छत्तीसगढ़ सरकार के दर्जा प्राप्त कैबिनेट मंत्री राजेश तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी के कुशल नेतृत्व में संचालित की गई इतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा देश में महंगाई बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और नफरत के खिलाफ कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा देश में मोहब्बत और अमन का पैगाम लेकर ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ जनता से रूबरू हो रहे। श्री तिवारी ने कहा कि 26 जनवरी से हाथ जोड़ो अभियान भी शुरू किया जाएगा। जिला एवं न्याय पंचायत स्तर पर हाथ जोड़ो अभियान किया जाएगा। श्री तिवारी ने कहा कि आज 28 दिसंबर को कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजन पाठक ने कहा कि शहर से भारी संख्या में राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होंगे। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी छोटे खान ने किया। इस दौरान मकसूद खान, सचिव सत्यवीर सिंह, शिव शंकर चौबे, पूर्व चेयरमैन दीपचंद जैन, गुलाब चंद, शशि भूषण, राज धर, अमिताभ, कमलेश, अमर, अर्चना, आयुषी, राजेश, ज्योति, दया शंकर, कैलाश, राकेश, रवि शंकर, सुरेंद्र, मनीष, विजय आदि लोग मौजूद रहे।

### पिकप लदी ट्रक पलटी बाल-बाल बचे दो लोग

**लालगंज।** लालगंज थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 135 पर स्थित बस्तरा राजा गांव के ओवरब्रिज के पास बुधवार को भोर लगभग 3.00 बजे एक पिकप गाड़ी मध्यप्रदेश से मटर लादकर मिजार्पुर जा रहा था कि जैसे ही बस्तरा राजा ओवरब्रिज के पास पहुंचा कि पिकप गाड़ी का टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गई। संयोग ठीक था कि चालक के अलावा दो व्यक्ति और गाड़ी में बैठे हुए थे जो कि बाल-बाल बच गए। मध्य प्रदेश के खटखरी गांव निवासी राहुल तिवारी ने बताया कि गाड़ी का टायर फटने से पिकप गाड़ी पलट गई जिससे मटर की बोरी सड़क पर फैल गई। मालिक को सूचना मिलने पर दूसरी पिकप गाड़ी आने पर मटर लादकर मिजार्पुर मंडी भेजवाया।

### स्मार्टफोन व टेबलेट का वितरण आज

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश सरकार की स्मार्टफोन व टेबलेट वितरण योजना के अंतर्गत विन्ध्वासिनी महाविद्यालय स्नातक कला के छात्र छात्राओं को 29 दिसंबर को स्मार्टफोन वितरित किया जाना है। यह जानकारी विद्यालय के प्राचार्य ने दी है।

### छात्राओं को पढ़ाया गया सुरक्षा का पाठ

**जमालपुर।** स्थानीय देवकली इंटर कालेज में वुधवार को मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को मोबाइल हाथ में 1090 साथ में का पाठ पढ़ाया गया। महिला कांस्टेबल नेहा त्रिपाठी, काजल सिंह, अनिता वर्मा ने छात्राओं को महिला पावर लाइन 1090, हेल्पलाइन 181, आपातकाल 112 सहित प्रमुख अधिकारियों के सीयूजी नंबरों के बारे में जानकारी दिया। महिला पुलिस कर्मियों को अपनों के बीच पाकर छात्राओं में उत्साह का संचार हुआ। वहीं सुरक्षा व बचाव की जानकारी प्राप्त किया।

# छात्रसंघ चुनाव नहीं करना चाहता है कॉलेज प्रशासन


महाविद्यालय में प्रदर्शन करते छात्रनेता

**मीरजापुर।** जिले के भरुहना में स्थित जीडी बिनानी पीजी कॉलेज के छात्रों ने छात्र संघ चुनाव कराने को लेकर कॉलेज में धरना प्रदर्शन किया, जहां धरना प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी को पत्रक सौंपकर जल्द से जल्द छात्र संघ चुनाव कराने को लेकर मांग की।

जीडी बिनानी पीजी कॉलेज के छात्र नेता लगातार छात्र चुनाव कराने को लेकर मांग कर रहे हैं। छात्र संघ चुनाव को लेकर छात्रों ने कॉलेज परिसर में धरना प्रदर्शन किया, जहां धरना प्रदर्शन करने के बाद छात्रों ने जिलाधिकारी के यहां पत्रक सौंपा। छात्र नेता मुकेश यादव ने बताया कि छात्र संघ चुनाव कराने को लेकर डीएम के यहां पत्र सौंपा है, जहां कॉलेज परिसर में धरना प्रदर्शन किया गया है। कॉलेज प्रशासन छात्रसंघ चुनाव नहीं करना चाहता है, जहां बच्चों के हक छीनना चाहती है। कॉलेज की प्राचार्य वीणा सिंह ने बताया कि कॉलेज में चुनाव को लेकर तैयारी की जा रही है। तैयारी पूर्ण होने के बाद चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी किया जाएगा। जिलाधिकारी से बात करने के बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा।

## दिव्यांशी का ओएनजीसी में भू भौतिकीविद पर चयन

**चुनार।** बीएचयू के भू भौतिकी विभाग की छात्रा दिव्यांशी गुप्ता का कैंपस सेलेक्शन ओएनजीसी द्वारा भू भौतिकीविद के पद पर चयन किया गया है। नगर में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। दिव्यांशी गुप्ता का चयन 46 बच्चों की कक्षा में 15 छात्रों के साक्षात्कार के उपरांत प्रथम स्थान पर हुआ। दिव्यांशी प्रारंभ से ही मेधावी छात्रा रही है। उन्होंने हाई स्कूल संत थॉमस स्कूल चुनार एवं इंटरमीडिएट डॉक्टर सविता मेमोरियल ग्लोबल एकेडमी से किया है। दिव्यांशी ने इसका श्रेय माता पिता बाबा एवम गुरुजन को दिया।

ऐबकपुर मोहाना निवासी दिव्यांशी के पिता उमानाथ गुप्ता जो भारतीय जीवन बीमा निगम में अभिकर्ता के पद पर कार्यरत है। बधाई देने वालों में पालिका अध्यक्ष मंसूर अहमद, बचाऊ लाल सेठ, विजय वर्मा, औषधिष रस्तोगी, नंदलाल केशरी, दीना नाथ गुप्ता, चंद्रहास, अतीश आदि लोग मोजूद रहे।

# केंद्रीय मंत्री ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया


गरीबों में कम्बल वितरित करतीं सांसद

**मदद**

**गरीबों के खिले चेहरे**

**गरीब, असहाय वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर हैं संकल्पित : केंद्रीय मंत्री**

**मीरजापुर।** चुनार, कैलहट, नंदन वंदन पी. जी. कॉलेज के प्रांगण में कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने बुधवार को गरीब, असहाय, निर्धन व विकलांग लोगों को ठंड से बचाव के लिए कम्बलों का वितरण किया। केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल ने कहा कि प्रदेश की एनडीए सरकार द्वारा गरीब, असहाय, निर्धन व विकलांग लोगों को ठंड से बचाव के लिए कम्बलों का वितरण किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की एनडीए सरकार द्वारा तहसीलदार के नेतृत्व में लेखपालों के जरिए जरूरतमंदों को चिन्हित कर कंबल वितरित किया जा रहा है। आने वाले समय में ठंड का प्रकोप और ज्यादा बढ़ने की संभावना है। जिसके कारण प्रदेश की एनडीए सरकार द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम के तहत गरीब,निसहाय लोगों को कम्बल वितरण किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल ने कहा कि इस दौरान प्रदेश की एनडीए सरकार गरीब, असहाय वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर संकल्पित है और प्रतिवर्ष जब भी सर्दी का मौसम आता है तो जरूरतमंदों को शीतलहर से बचाव के लिए सरकार एक परंपरा के अनुरूप निशुल्क कंबल वितरण के कार्यक्रम करती है और हमारी कोशिश होती है कि उत्तर प्रदेश के हर जिले कि कोने कोने में हर गांव में जो हमारा निर्धन असहाय वर्ग है, उसे सरकारी योजनाओं का लाभ अवश्य मिले।

# अपर जिलाधिकारी ने रात्रि में भ्रमण कर रैन बसेरा का किया निरीक्षण


रैन बसेरा निरीक्षण करते एडीएम

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी वि0/राव शिव प्रताप शुक्ल ने मंगलवार को रात्रि में नगर पालिका परिषद, मीरजापुर के रैन बसेरा का निरीक्षण किया गया। रैन बसेरा घण्टाघर परिसर निरीक्षण के समय रैन बसेरा के केयरटेकर इस्माइल खान उपस्थित रहें।

यहाँ पर कुल 10 लोगों के रूकने के लिए रजाई गद्दे, अलाव की व्यवस्था व प्रवेश पंजिका उपलब्ध पायी गयी, परन्तु कोविड प्रोटोकाल के नियमों का पालन किये जाने संबंधित व्यवस्था सेनेटाइजर इत्यादि मौके पर नहीं पाया गया, जो आपत्तिजनक है। यहाँ पर पेयजल की सुविधा भी उपलब्ध नहीं पाई गई। अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मीरजापुर को उक्त के संबंध में कई बार निर्देश दिए जाने के बावजूद व्यवस्थायें क्यों नहीं उपलब्ध कराई गई। इस संबंध में अपना स्पष्टीकरण 03 दिवस में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। रैन बसेरा बस अड्डा रोडवेज परिसर निरीक्षण के समय रैन बसेरा के केयरटेकर अखिलेख तिवारी उपस्थित रहे। यहाँ पर कुल 40 लोगों के रूकने के लिए रजाई गद्दे, अलाव की व्यवस्था व पेयजल की व्यवस्था समुचित पायी गयी। परन्तु कोविड प्रोटोकाल के नियमों का पालन किये जाने संबंधित व्यवस्था सेनेटाइजर इत्यादि मौके पर नहीं पाया गया, जो आपत्तिजनक है। अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मीरजापुर को निर्देशित किया जाता है कि व्यवस्थाएं कराकर मय फोटोग्राफ सहित आख्या प्रस्तुत करें। उक्त के अतिरिक्त पूर्व में भी अधिशासी अधिकारीगण को निर्देशित किया गया था कि अपने-अपने यहाँ रैपिड रिस्पान्स टीम बनाकर यह सुनिश्चित करायें कि रात्रि में कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे सोता पाया जाये तो उसे रैन बसेरा में शिफ्ट करायेंगी। इसकी सूचना अभी तक अप्राप्त है।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**मीरजापुर।** देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के राजपुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार राजपुर गांव निवासी अमन बिंद पुत्र बाबूजन बाँध उम्र 28 वर्ष ने मंगलवार की देर रात कमरे में पंखे के सहारे रस्सी से झूल कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सुबह काफी देर तक सो कर नहीं उठने पर परिजन जब नजदीक जाकर देखें तो वह पंखे के सहारे फांसी पर झूला हुआ था। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## एक वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा कोर्ट

**हलिया।** न्यायालय द्वारा जारी वारंट के अनुपालन में बुधवार को हलिया पुलिस ने थाना क्षेत्र के अहुगी कलां गांव से एक वारंटी को घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि किसी मुकदमे में सूचना के बाद भी न्यायालय में पेश नही होने पर न्यायालय के आदेश पर अहुगी कलां गांव से एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

## वन विभाग की भूमि पर अवैध कब्जा करने वाला भू-माफिया गिरफ्तार


पत्रकारों को जानकारी देते एसपी सिटी

**मीरजापुर।** थाना विन्ध्याचल, मीरजापुर पर मंगलवार को राजस्व निरीक्षक तहसील सदर ब्रह्मदेव दूबे की लिखित तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी के विरूद्ध आपराधिक षड़यंत्र के तहत प्रविष्टि पूर्ण कर कूटरचित तरीके से वन विभाग की जमीन पर कब्जा करने के सम्बन्ध में दी गयी। उक्त तहरीर के आधार पर थाना विन्ध्याचल पर धारा 419,420,447,467,468,471,120 बी भादवि बनाम पंकज सिंह पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त प्रकरण को गंभीरता पूर्वक लेते हुए वन विभाग की जमीन पर आपराधिक षड़यंत्र कर कूटरचित प्रविष्टि के आधार पर अवैध रूप से कब्जा करने वाला भू-माफिया की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक विन्ध्याचल को निर्देश दिए गये। उक्त निर्देश के क्रम में मंगलवार को उ0नि0 अजय कुमार मिश्रा चौकी प्रभारी अष्टभुजा थाना विन्ध्याचल मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से भू-माफिया पंकज सिंह पुत्र विरेन्द सिंह निवासी अकोढी थाना विन्ध्याचल मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया।

जानकारी देते हुए एसपी सिटी श्रीकांत ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जा रहा है।

# डीएम ने बैठक कर स्वास्थ्य योजनाओं के प्रगति की ली जानकारी


बैठक को संबोधित करतीं डीएम बगल में हैं सीडीओ

**बैठक**

**एमओआईसी लालगंज, चील्ह, नगर सिटी, पटेहरा को योजनाओं में कम प्रगति पर दी गयी चेतावनी**

**लापरवाही पर की जायेगी कड़ी कार्रवाई : दिव्या मित्तल**

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आहूत की गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस सहित सभी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जननी सुरक्षा योजना, आरसीएच पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं की फीडिंग पुरूष एवं महिला नसबन्दी, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, अन्धता निवारण, लेप्रोसी कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मात्र वन्दन योजना सहित सभी बिन्दुओं पर बिन्दुवार समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने सभी प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने केन्द्र के अन्तर्गत संचालित सभी स्वास्थ्य योजनाओं को समयान्तर्ग क्रियान्वयन करना सम्बन्धित एमओआईसी की जिम्मेदारी है। उन्होने कहा कि अपने अधीनस्थ ग्राम स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों पर निगरानी करते हुये कार्यो में प्रगति लाना सुनिश्चित करायें।

उन्होने कहा कि यदि कोई कम्प्यूटर आपरेटर एवं आशा कार्यकत्री कार्य न कर रहा हो तो उसे तत्काल हटाकर दूसरे की नियुक्ति सुनिश्चित करने की कार्यवाही भी करें। जननी सुरक्षा योजनान्तर्गत आशाओं के मानदेय का भुगतान न किये जाने पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये सभी एमओआई सी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि एक सप्ताह के अन्दर आशाओं के मानदेय का भुगतान सुनिश्चित करे अन्यथा सम्बन्धित अधिकारी का वेतन देय नही होगा। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि आयुष्मान भारत, मंत्रा एप आदि योजनाओं की स्वयं भी समीक्षा करें। इस अवसर पर प्राचार्य मेडिकल कालेज डॉ0 आरबी कमल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेन्द्र प्रसाद, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एसके सिंह, डॉ गुलाब सहित सभी एमओ आईसी व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी उपस्थित रहें।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में की गयी जिला पोषण समिति की बैठक

**एनआरसी में सैम बच्चों को कम संदर्भन पर सीडीपीओ से स्पष्टीकरण**

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता जिला पोषण समिति की बैठक कर माह नवम्बर में बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा कराये कार्यो के प्रगति की जानकारी ली गयी। बैठक में माह नवम्बर मात्र 19 सैम बच्चों के सुधार हेतु एनआरसी में संदर्भन होने पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र में रहकर कार्य करे तथा कुपोषित सैम बच्चों के प्रति गम्भीर होकर एनआरसी में संदर्भन सुनिश्चित कराते हुये इलाज कराये। विकास खण्ड सीखड़ व जमालपुर से एक भी सैम बच्चा एनआरसी में न आने पर सम्बन्धित सीडीपीओ से स्पष्टीकरण की मांग करते हुये जिला कार्यक्रम अधिकारी को भी चेतावनी दी गयी कि सैम बच्चों के इलाज हेतु एनआरसी में भेजवाना सुनिश्चित करायें। उन्होने कहा कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाशत नही की जायेगी। कतिपय विकास खण्डों में आयरन फोलिक टेबलेट एवं सिरप की कम उपलब्धतता पर जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित एमओआईसी को निर्देशित किया कि मांग के अनुसार आयरन फोलिक टेबलेट एवं सिरप को समय से उपलब्धतता सुनिश्चित करायें। पोषण ट्रैकर एप पर आधार फीडिंग कम होने पर लालंगज एवं पहाड़ी के सीडीपीओ को चेतावनी देते हुये प्रगति बढ़ाने का निर्देश दिया गया।

## 20 किसानों का पशु किसान क्रेडिट कार्ड के लिए हुआ पंजीकरण

**जमालपुर।** क्षेत्र के पिडखिर गांव में वुधवार को एक द्विवसीय पं दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी रविन्द्र सिंह ने गौ पूजन कर किया। आयोजित शिविर में 2000 छोटे पशु एवं 459 बड़े पशुओं को चिकित्सा एवं निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। वहीं 5 पशुओं का गर्भ परीक्षण एवं 150 पशुओं का टीकाकरण तथा 5 छोटे पशुओं का बंध्याकरण किया गया। क्षेत्रीय 20 किसानों को पशु किसान क्रेडिट कार्ड के लिए पंजीकरण हुआ। वहीं तीन पशुओं का बीमा किया गया। खंड विकास अधिकारी रविन्द्र सिंह ने ग्रामीणों से अपील किया की ज्यादा से ज्यादा संख्या में शिविर में शामिल होकर आयोजन का लाभ उठाएं और भविष्य में ऐसी कई शिविरों के आयोजन में अपना सहयोग देने की इच्छा व्यक्त किया। राजकीय चिकित्सालय भदावल के चिकित्सक संतोष गिरी ने प्रदेश में चल रही विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत कराया। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि मुकेश सिंह, राजेश, बृजेश, बलवंत, अभिषेक, जयप्रकाश, अवधनारायण, राजू, उमेश, संजय सहित तमाम पशुपालक मौजूद रहे।

## मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री व उपभोग पर रखें नजर : एसपी


बैठक को संबोधित करते एसपी।

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस कार्यालय में जिला स्तरीय नारकोटिक्स समन्वय समितिकी बैठक आयोजित की गई। बैठक में मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर नियंत्रण, ड्रग्स के संबंध में आसूचना का आदान प्रदान करने, पहचान व विनष्टीकरण, एनडीपीएस एक्ट के प्रावधान के संबंध में जनजागरुकता, दर्ज अभियोगों की विवेचनात्मक प्रगति के संबंध में गहन समीक्षा की गई।

इस दौरान मादक द्रव्यों की बिक्री, सेवन, तस्करी, इसका दुरुपयोग और संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई के बिन्दु पर उपस्थित सभी सदस्यों को आपसी तालमेल और समन्वय के साथ कार्य करने हेतु निर्देश दिया गया और साथ ही निर्देशित किया गया कि पंजीकृत अभियोगों में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। विशेष शाखा के पदाधिकारी सजगता के साथ लोगों के ऐसे कार्यों में संलिप्तता पर नजर रखें। मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री एवं उपभोग इत्यादि पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा आने वाले समय में प्रतिबंधित नारकोटिक्स, ड्रग्स के सेवन से प्रभावित इलाकों को चिह्नित करते हुए जन जागरण की रूप रेखा तैयार कर अभियान के तहत अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने हेतु निर्देश दिया गया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्रीकान्त प्रजापति, असिस्टेंट कमिश्नर कन्ट्रोल जीएसटी वाई. श्रीनिवास, एसडीएम भरतलाल सरोज, ड्रग इंस्पेक्टर कुमार सौमित्र, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

# प्रशासन चला गांव की ओर अभियान के तहत राज्यमंत्री ने बांटा कंबल

**अभियान**

## चोपन ब्लॉक के बाड़ी गांव में 200 असहायों में किया गया वितरित

जनसंदेश न्यूज

**डाला।** आजादी के अमृत महोत्सव सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन चला गांव की ओर अभियान के क्रम में समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव गोंड़ व चोपन ब्लाक प्रमुख लीला देवी गोंड़ ने बुधवार को ग्राम बिल्ली मारकुण्डी के टोला बाड़ी में कंबल का वितरण किया। कंबल पाते ही असहायों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

मुख्य अतिथि ने कहा कि किसी गरीब की ठंड से मौत न हो इसको लेकर शासन व प्रशासन प्रयासरत है। सरकार किसान व गरीबों के हित में काम कर रही है। ठंड से बचाने के लिए गरीबों को कंबल वितरित किए जा रहे हैं।

इसके लिए सरकार ने जनपद को लाखों रुपये अवमुक्त किया है। हर पात्र व्यक्ति का चयन राजस्व विभाग कर रहा है सभी को कंबल दिया जाएगा। राज्यमंत्री ने लगभग 200 पात्रों को अपने हाथ से कंबल दिया। तहसीलदार ओबरा सुशील कुमार सिंह ने बताया कि जो भी पात्र व्यक्त होंगे सभी को कंबल दिया जाएगा।

ठंड से बचाने के लिए इन दिनों जिला मुख्यालय समेत प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाया जा रहा है। इस मौके पर लेखपाल अरुणोदय पाण्डेय, ओम प्रकाश चौबे, गुड्डू सिंह, अमरजीत, लवकुश भारती, ओम प्रकाश वर्मा आदि रहे।


बैगा बस्ती में कंबल वितरण करते समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड़

## नक्सल प्रभावित चननी गांव में 51 कंबल वितरित


कंबल वितरित करते खंड शिक्षा अधिकारी प्रेम शंकर राम

**सोनभद्र।** भारत जन कल्याण सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में मंगलवार को नक्सल प्रभावित क्षेत्र नगवां विकास खंड के ग्राम पंचायत चननी में 51 आदिवासियों के बीच कम्बल वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी नगवां प्रेम शंकर राम व खंड शिक्षा अधिकारी कोन विश्वजीत प्रजापति रहे। आयोजक की अध्यक्षा साधना सारंग ने बताया कि भारत जन कल्याण सेवा ट्रस्ट द्वारा निशुल्क कंबल वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें चननी गांव के आदिवासी 51 महिला पुरुषों को कंबल दिया गया है। ट्रस्ट द्वारा लगातार सामाजिक कार्य किया जा रहा है और आगे भी किया जाएगा। इस मौके पर शशिबाला सिंह, अरविंद कुमार सिंह, नमन, विष्णु, दिलीप कुमार वर्मा, योगेश पाठक, राजू, पप्पू, सुरेंद्र, प्रसाद, संतोष प्रधान, रामकेश, श्यामलाल यादव, श्याम सुंदर, संस्कृति सारंग आदि मौजूद रहे।

## पठान फिल्म के विरोध में हिंदू संगठनों ने फूंका पुतला

**दुद्धी।** स्थानीय तहसील तिराहे पर बुधवार को विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले प्रखंड अध्यक्ष संदीप गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता सहित विभिन्न हिंदू संगठन के लोगों ने संकट मोचन मंदिर से शाहरुख खान का पुतले का जुलूस निकाल कस्बे में नारेबाजी कर भ्रमण करते हुए तहसील तिराहे पहुंचकर पठान मूवी बंद करो, शाहरुख खान मुर्दाबाद, भगवा का अपमान नहीं सहेंगे नारे लगाए और पुतला दहन किया। विहिप के नगर अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि यदि भगवा को देश का कोई भी व्यक्ति अपमानित करेगा तो उसका पुरजोर विरोध करेंगे। कहा कि शाहरुख खान को देश में रहने का अधिकार नहीं है। इस मौके पर संदीप गुप्ता, सोनू, मोहित जायसवाल, दिलीप पांडे, मनीष जायसवाल, कौशलेंद्र प्रताप सिंह, वीरेंद्र अग्रहरी, आमेश सिंह, अजय चंद्रवंशी, पीयूष कसेरा, अमृत अग्रहरी, ऋषभ मिश्रा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## हाईमास्क लाइट की रोशनी से जगमग होगा डाला नगर

**डाला।** नव सृजित नगर पंचायत डाला में 59.12 लाख की लागत से आठ हाईमास्क लाइट लगाया जायेगा। जिसके अवस्थापना का पूजन कर अधिशासी अधिकारी देवहुती पांडेय ने शुभारंभ किया। वर्षों इंतजार के बाद नव सृजित नपं डाला को हाईमास्क लाइट की सौगात मिल गयी। प्रदेश में संचालित नव सृजित नगर पंचायत में छाये अंधकार को दूर कर प्रकाशमय बनाने के लिए नगर पंचायत की योजना अब धरातल पर उतरने लगी है। जिसके भेजे प्रस्ताव को स्वीकृत कर सरकार द्वारा नगर के मुख्य मार्गो से लेकर नगर को जोड़ने वाली अन्य मार्गो पर स्ट्रीट लाईटों को लगाकर मार्गो को रौशन कर दिया है। अब नगर के चौक-चौराहों से लेकर नगर के विभिन्न हिस्सो में छाये अंधकार को दूर कर प्रकाशमय बनाने की दिशा में बनी योजना को धरातल पर उतारने की पहल शुरू कर दिया है। ईओ ने बताया कि नगर पंचायत के विभिन्न हिस्सो में आठ स्थानों पर हाईमास्क लाईट लगाने के लिए शहीद स्थल, सेक्टर बी चौराहा, रामलीला मैदान, मस्जिद के पास, मलीन बस्ती चौक, पटेहरा टोला, धौठा टोला व डाला चढ़ाई के स्थानों को चिन्हित किया गया है।


हाईमास्क लाईट स्थापना का पूजन कर शुभारंभ करती ईओ

**संक्षेप**

## राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से घबरा गयी है बीजेपीः राजेश


प्रदेश प्रभारी का स्वागत करते कांग्रेसी

**सोनभद्र।** कांग्रेस का 136वां स्थापना दिवस जिला कार्यालय पर बुधवार को कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। सेवादल के मुख्य संगठक कौशलेश पाठक ने ध्वज वन्दन कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा तीन जनवरी से यूपी में प्रवेश करेगी। इसकी तैयारी को लेकर पार्टी कार्यालय पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव, यूपी प्रभारी व छत्तीसगढ़ सरकार के राज्यमंत्री राजेश तिवारी का आगमन हुआ। पीसीसी आशुतोष कुमार दुबे के साथ दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने हिंदुआरी तिराहे पर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव/ प्रभारी उत्तर प्रदेश पूर्वी जोन राजेश तिवारी का गर्मजोशी के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया। राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि राहुल गांधी गरीबो,मजदूरों, युवाओं, छात्रों, किसानों की आवाज बन रहे हैं। उनकी देश में बढ़ती लोकप्रियता से बीजेपी घबराई हुई है। बीजेपी के नेता लगातार उनके खिलाफ अनर्गल टिप्पणी करने में लगे हुए हैं। कहा कि देश में भयंकर महंगाई बढ़ रही है। आमजनता महंगाई की मार से त्रस्त है। किसानों को खाद बीज नही मिल पा रहा है। युवाओं को रोजगार देने में बीजेपी फेल साबित हो रही है। कानून व्यवस्था फेल है, महिलाओं पर लगातार अत्याचार की घटनाएं बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जो भी संस्थाए और कल कारखाने बनाये थे उसे बीजेपी सरकार बेचने पर तुली है। आने वाले दिनों में जनता ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकेगी। पूर्व विधायक भगवती चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खां, जिलाध्यक्ष रामराज सिंह गौड़, कमलेश ओझा, फरीद खां, राजेश द्विवेदी, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, जगदीश मिश्रा, राजीव त्रिपाठी, शत्रुंजय मिश्रा, अमित चौबे, ऊषा चौबे, कौशलेश पाठक, कन्हैया पांडेय, आशुतोष दुबे, नूर अहमद, विनोद तिवारी, नागेश मणि पाठक, जितेंद्र पांडेय समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## विंध्याचल बने हाइड्रो इलेक्ट्रिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष

**ओबरा।** हाइड्रो इलेक्ट्रिक एंप्लाइज यूनियन इंटक का वार्षिक चुनाव स्थानीय कार्यालय में संगठन के केंद्रीय चुनाव अधिकारी एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष हरदेव नारायण तिवारी की देखरेख में संपन्न हुआ। इस दौरान विभिन्न पदों पर पदाधिकारी चुने गए। शाखा अध्यक्ष विंध्याचल तथा महामंत्री सतीश कुमार चुने गए, कार्यवाहक अध्यक्ष शिवकुमार बने। उपाध्यक्ष राम प्रसाद, दयाशंकर, मुन्ना खान को बनाया गया। उप महामंत्री नीरज द्विवेदी, मनोज कुमार विनय कुमार, हनुमान प्रसाद तथा संयुक्त मंत्री राहुल कुमार सिंह, कुमारी अनिता, गुलाब चौहान, विजय कुमार सोनी बने। संगठन मंत्री प्रशांत कुमार गुमान, आर के शर्मा, अरविंद कुमार यादव व प्रचार मंत्री सैफुद्दीन, वाहिद खान, देवनारायण प्रजापति बने। कार्यालय मंत्री संतोष कुमार, संजीता सिंह, लेखा निरीक्षक सत्येंद्र प्रसाद बने। 31 लोगों को कार्यकारिणी में शामिल किया गया है।

## तीन दिवसीय ताइक्वांडो में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**ओबरा।** ऊर्जा नगरी ओबरा के बच्चों ने बंगाल की धरती पर अपना परचम लहराया। इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप 19 से 21 दिसम्बर तक कोलकाता में चला। जहां ताइक्वांडो फाइट का प्रदर्शन किया गया। कोलकाता में चल रहे तीन दिवसीय ताइक्वांडो कंपटीशन में ओबरा के 6 बच्चों ने अपना अपना दमखम दिखाया। जिनमें 5 बच्चों ने विभिन्न पदक पर कब्जा किया और सोनभद्र का नाम रोशन किया। शिक्षक विमलेश दीक्षित ने बताया कि प्रतियोगिता में शामिल बच्चों को सूर्य उदय होने से पहले बुलाया जाता है, क्लास के लिए तब उन्हें ट्रेनिंग दिया जाता है। वही 3 दिवसीय दौरे पर ओबरा के 6 होनहारों ने अच्छा प्रदर्शन दिया। जूनियर वर्ग में अंशुमन सिंह ने सिल्वर मेडल, इप्शा सिंह ने ब्राउन मेडल एवं हर्षिता सिंह ने भी ब्राउन मेडल, अनिकेत पटेल ने भी ब्राउन मेडल पर कब्जा जमाया। सिनियर वर्ग में वर्षा सिंह ने सिल्वर मेडल पर कब्जा किया। अंशिका पटेल ने भी अच्छा प्रदर्शन दिखाया।

## 706 छात्राएं शैक्षिक भ्रमण के लिए वाराणसी रवाना

**सोनभद्र।** राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों की अध्ययन यात्रा के अंतर्गत बुधवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की 706 छात्राओं को काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी परिसर का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान उन्हें परिसर के विभिन्न विभागों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, भारत कला भवन एवं काशी विश्वनाथ मंदिर का अवलोकन कराया गया। विद्यार्थियों के साथ विद्यालय की समस्त शिक्षिकाएं एवं परिचारक भी भ्रमण पर गए। भ्रमण समूह को विद्यालय की प्रधानाचार्य रंजना शुक्ला द्वारा रवाना किया गया। इस दौरान सभी विद्यार्थियों, शिक्षिकाओं, परिचारकों एवं बस चालकों को लंच पैकेट भी वितरित किया गया।

## बाइक के धक्के से छात्र घायल, साथियों ने किया हंगामा

**चोपन।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिंदुरिया ग्राम पंचायत में गोठानी जुगैल रोड के पास बाइक सवार ने पैदल जा रहे पॉलिटेक्निक के छात्र को टक्कर मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने निजी वाहन से उसे सीएचसी पहुंचाया। जानकारी के अनुसार 25 वर्षीय गणेश कुशवाहा पुत्र राजेश कुमार निवासी तरईपुर प्रयागराज सिंदुरिया स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में पढ़ता था। मंगलवार की शाम किसी कार्य से चोपन की तरफ पैदल जा रहा था कि अचानक तेज रफ्तार पीछे से आ रही बाइक ने उसे धक्का मार दिया, जिससे वह कुछ दूर उछलकर गिर गया। इस हादसे में उसे गंभीर चोटें आई। आनन-फानन में राहगीर निजी वाहन से सीएचसी ले गए, जहां पर उसका इलाज शुरू हुआ।

## एक वारंटी गिरफ्तार

**डाला।** वारंटियों की गिरफ्तारी व अपराध की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत डाला पुलिस ने एक वारंटी को बुधवार की सुबह उसके घर के पास से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता ने बताया कि गणेश विश्वकर्मा पुत्र राम प्रसाद विश्वकर्मा निवासी सेवा सदन पूर्व के मुकदमे में वांछित वारंटी था जो न्यायालय नही उपस्थित हो रहा था जिसको लेकर न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

## घोटाले की उच्चस्तरीय जांच की मांग

**सोनभद्र।** घोरावल विकास खंड के ग्राम पंचायत रेही में प्रधान द्वारा कराये गये विकासकार्यों में बरती गयी अनियमितता की उच्चस्तरीय जांच कराने की जिलाधिकारी से मांग की गयी है। रेही गांव निवासी भैरो प्रसाद मिश्र ने जिलाधिकारी को दिये शिकायती पत्र में कहा है कि ग्राम प्रधान द्वारा गांव में कराये गये विकास कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गयी है और सरकारी धन का दुरूपयोग किया गया है। मेरे द्वारा की गयी शिकायत के बाद जांच अधिकारी द्वारा बिना भौतिक सत्यापन किये ही रिपोर्ट लगाकर प्रार्थना पत्र का निस्तारण कर दिया गया। मेरे द्वारा कई बार शिकायत की गयी लेकिन जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गयी। सेक्रेटी, बीडीओ व प्रधान की मिलीभगत से जांच को दबाया जा रहा है। इस समय ग्राम पंचायत सचिव का प्रभार एडीओ पंचायत आशुतोष श्रीवास्तव के पास है। ऐसे में निष्पक्ष जांच होना संभव नही है। उन्होंने पीडब्लूडी के अधिशासी अभियंता द्वारा तकनीकी जांच कराये जाने की मांग की है।

# शिक्षक-प्रधान आपसी सामंजस्य से योजनाओं का बच्चों को दिलायें लाभ

**संगोष्ठी**

## प्रधान, अध्यापकों के उन्मुखीकरण का हुआ आयोजन

जनसंदेश न्यूज

**रामगढ़।** चतरा लाक संसाधन केंद्र पर ग्राम प्रधान/स्थानीय निकाय प्राधिकारी एवं अध्यापकों का ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी व उन्मुखीकरण का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात आगंतुक अतिथियों के स्वागत में बैच एवं स्मृति चिन्ह एवं स्वागत गान से स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत किया गया। सदर विधायक ने कहा कि शिक्षक और ग्राम प्रधान आपस में सामंजस्य बैठाकर अपने क्षेत्र के विद्यालयों के विकास के लिए शिक्षा व सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को स्कूली छात्र-छात्राओं तक पहुंचाएं।

सरकार शिक्षा के प्रति गंभीर है। हर तरीके से शिक्षक और ग्राम प्रधान को शिक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु आगे आना होगा, तभी समाज शिक्षित होने के साथ नौनिहालों का भविष्य संवरेगा। खंड शिक्षा अधिकारी चतरा अरविंद पटेल ने कहा कि चतरा ब्लॉक में 15800 बच्चे नामांकित हैं, जिनमें 14500 बच्चों के खाते में डीबीटी के माध्यम से ड्रेस आदि का पैसा जा चुका है। शेष बच्चों के खाते में भेजने की प्रक्रिया शीघ्र ही पूरी कर दी जाएगी। कहा कि विद्यालय के कायाकल्प हेतु जिन 19 बिंदुओं को पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है, उसे पूर्ण करने के लिए शिक्षकों के साथ ग्राम प्रधानों के भी सहयोग की आवश्यकता है। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी चतरा अरुण जौहरी, राज बहादुर सिंह, जनार्दन तिवारी, संतोष शुक्ला, विनोद चौबे, शिवम अग्रवाल, रामदास, सिद्धार्थ शुक्ला, विंध्याचल चौबे, रजनीश समेत तमाम लोग मौजूद रहे। संचालन सुरेंद्र कुमार ने किया।


संगोष्ठी को संबोधित करते सदर विधायक भूपेश चौबे

## नक्सल प्रभावी क्षेत्रों में बरतें सतर्कताः एएसपी

**सोनभद्र।** पुलिस लाइन चुर्क सभागार कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन विजय शंकर मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार को नक्सल समन्वय गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में नक्सली संचरण के दृष्टिगत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अधिक सतर्कता बरतने व आपस में लगातार समन्वय स्थापित कर नियमित काम्बिंग करने का निर्देश दिया गया। एएसपी ने कहा कि काम्बिंग के दौरान स्थानीय ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने व उनका हरसम्भव निराकरण कराया जाय। स्थानीय लोगों के साथ सतत वार्ता कर उन्हे मुख्य धारा में रहकर किसी के बहकावे में न आने व संदिग्ध गतिविधि होने पर उसकी जानकारी स्थानीय पुलिस व प्रशासन को देने के बारे में जागरुक किया जाय। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र, उपजिलाधिकारी सदर रमेश कुमार, सहायक सेनानायक 48वीं वाहिनी पीएसी, उप सोनानायक, सीओ घोरावल संजीव कटियार, सदर डा. चारु द्विवेदी, अमित कुमार, सीओ दुद्धी आशीष मिश्र समेत तमाम अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# छापेमारी में तीन किलो 500 ग्राम प्लास्टिक बरामद, 1200 जुर्माना

**कारवाई**

## अगर प्लास्टिक के थैले में सामान दिया तो दर्ज होगा मुकदमा

**दुद्धी।** नगर पंचायत कर्मचारियों ने बुधवार को प्लास्टिक बैग के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान बस स्टेशन के पास एक दुकान से 3 किलो 500 ग्राम प्लास्टिक का थैला बरामद कर 1200 रुपए जुर्माना वसूल किया गया। अधिशासी अधिकारी भारत सिंह ने बताया कि नगर विकास विभाग द्वारा चलाए गए अभियान के तहत यह कार्यवाही की गयी है। उन्होंने बताया कि बाजार में प्लास्टिक के थैले में सामानों की बिक्री करना अवैध और प्रतिबंधित किया गया है, इसके बावजूद दुकानदारों द्वारा बड़े पैमाने पर प्लास्टिक का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि अगर प्लास्टिक का थैला में सामान दिया गया तो उनके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करते हुए बड़े पैमाने पर जुर्माना लगाया जाएगा।

## सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ चला अभियान

**ओबरा।** स्थानीय नगर पंचायत द्वारा नपं क्षेत्र अंतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध प्रवर्तन ड्राइव अभियान चलाया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह के निर्देश पर बुधवार को चलाए गए अभियान के अंतर्गत नगर के विभिन्न क्षेत्रों चोपन रोड, चूड़ी गली, सिनेमा रोड, वीआईपी रोड आदि स्थानों की लगभग 25 दुकानों से साढ़े चार किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त करने के साथ 2500 रुपये जुर्माना भी वसूला गया। वही नगर पंचायत कर्मियों द्वारा दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने हेतु जागरूक भी किया गया। कार्यवाही 30 दिसंबर तक लगातार जारी रहेगी। अभियान में महेंद्र प्रसाद, सुधांशु मिश्रा, राजेश यादव, चंद्रेश यादव, सत्येंद्र सिंह, दिनेश आदि लोग शामिल रहे।

## अवैध परिवहन, ओवर लोडिंग में 97 वाहनों पर कार्रवाई

**सोनभद्र।** जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में बीते 22 से 27 दिसम्बर तक अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन व वाणिज्य कर विभाग के साथ संयुक्त अभियान लोढ़ी बैरियर से होकर आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध मे सघन जांच किया गया, जिसमें 97 वाहनों को अवैध परिवहन किये जाने के करण एमचेक ऐप के द्वारा ऑनलाइन चालान की कार्यवाही किया गया, जिसमें 48 वाहनों को लोढ़ी बैरियर के अभिरक्षा में दिया गया। इस मौके पर ज्येष्ठ खान अधिकारी आशीष कुमार, एआरटीओ धनवीर यादव, खान निरीक्षक ईश्वर चन्द, मनोज कुमार, सर्वेयर योगेश शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

# मानस पाठ में हुआ रुद्राभिषेक, राम दरबार की हुई मंगला आरती

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** नगर के आर.टी.एस. क्लब मैदान में चल रहे श्री राम चरितमानस नवाह पाठ महायज्ञ के पांचवें दिन राम दरबार का भव्य श्रृंगार राकेश त्रिपाठी ने किया। इसके बाद समिति के अध्यक्ष सतपाल जैन एवं महामंत्री सुशील पाठक सहित अन्य श्रद्धालुओं ने प्रभु दरबार की मंगला आरती की।

पांचवें दिन पाठ करते हुए काशी से पधारे आचार्य सूर्य लाल मिश्र ने कहा कि भगवान राम के वनवास के बाद चक्रवर्ती सम्राट महाराजा दशरथ की मृत्यु के पश्चात ननिहाल से भरत एवं शत्रुघ्न को बुलवाया जाता है अयोध्या लौट कर दोनों भाई भगवान राम लक्ष्मण सीता के वनवास से अवगत होते हैं और मां कैकेई को अपशब्द कहते हुए वनवास की दोषी मंथरा को दंड देते हैं। इसके पश्चात चक्रवर्ती सम्राट महाराजा दशरथ का अंतिम संस्कार करते हैं। इसके बाद माताओं एवं गुरु वशिष्ठ के परामर्श से भरत एवं शत्रुघ्न गुरु माताओं सहित चित्रकूट पहुंचते हैं, काफी अनुनय विनय के पश्चात जब राम अयोध्या लौटने के लिए तैयार नहीं होते हैं तो उनकी चरण पादुका लेकर भरत अयोध्या के लिए प्रस्थान करते हैं।

वहीं रात्रि प्रवचन के प्रथम सत्र में हेमंत त्रिपाठी ने कहा कि कैकेई द्वारा राजा दशरथ से दो वरदान मांग कर भगवान राम को 14 वर्षों का वनवास दिला दिया गया। मंच का संचालन संतोष कुमार द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सत्यपाल जैन, महामंत्री सुशील पाठक, सदर विधायक भूपेश चौबे, इन्द्रदेव सिंह, अजीत रावत, अशोक मिश्रा, रविंद्र पाठक, सुदीप शुक्ला, महेश दुबे, किशोर केडिया,आनंद त्रिपाठी, मिठाई लाल सोनी, अयोध्या दुबे, कोमल पाण्डेय, मुरली अग्रवाल सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।


महायज्ञ में मंचासीन अतिथिगण

## सच कहने पर जान गंवानी पड़ती है...

**सोनभद्र।** मित्र मंच फाउण्डेशन द्वारा शायर मिर्ज़ा ग़ालिब की जयंती के मौके पर 20वां मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन होटल अरिहंत कैंपस में किया गया। इसमें शायरों, कवियों एवं कवयित्रियों ने काव्य पाठ किया। मुख्य अतिथि जिला जज एमएसटी.संजय हरि शुक्ल ने ग़ालिब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर शम्मा रोशन की रस्म अदा की। मित्रमंच फाउण्डेशन के संरक्षक विजय जैन व संरक्षक सरदार दया सिंह, उमेश जालान, राधेश्याम बंका, विकास वर्मा, अशोक श्रीवास्तव एवं कार्यकारिणी के सदस्यों ने शायरों एवं कवियों-कवयित्रियों का माल्यार्पण कर बैज लगाकर उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किया। इस दौरान ग़ालिब सम्मान से ख़ुमार देहल्वी को सम्मानित किया गया। फाउण्डेशन के अध्यक्ष विकास वर्मा ने शाल ओढ़ाकर प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न एवं 10,001 रुपये भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। कवि सम्मेलन की शुरुआत अनुपमा वाणी ने सरस्वती वंदना से की। इसके बाद ख़ुमार देहल्वी ने आखों दिलों से दूर अदावत हमी ने की, इंसानियत की आम रवायत हमी ने की सुनाया। हसन सोनभद्री ने आइये ग़म ही बांट देते हैं, इश्क में और कुछ बचा ही नहीं सुनाकर वाहवाही बटोरी। पंडित प्रेम बरेलवी ने यूँ भी अक्सर मुँह की खानी पड़ती है। सच कहने पर जान गंवानी पड़ती है, कौन यहाँ किसको ढोता है, यूँ समझो, ख़ुद ही अपनी लाश उठानी पड़ती है सुनाया। अब्दुल हई, जगदीश पंथी, प्रद्युम्न त्रिपाठी, अनुपमा वाणी, कमल नयन त्रिपाठी, अशोक तिवारी, कौशल्या कुमारी चौहान ने भी कविताएं पढ़ी। पूर्व चेयरमैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर उमेश जालान, आलोक श्रीवास्तव, धर्मराज जैन, इकराम खाँ, फरीद अहमद, अशोक श्रीवास्तव, विमल जैन, संदीप चौरसिया, अमित वर्मा, मुरली अग्रवाल समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।


काव्य पाठ करते कवि

# चार दिवसीय प्रवास पर सेवा कुंज आश्रम पहुंचेंगे सह सरकार्यवाह

**तैयारी**

## राष्ट्रीय वनवासी खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव में नेपाल राष्ट्र सहित 30 राज्यों के 1250 खिलाड़ी लेंगें हिस्सा

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** सेवा समर्पण संस्थान के प्रदेश संगठन मंत्री पंकज ने बताया कि संपूर्ण देश में वनवासी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए 1952 से निरंतर कार्य कर रहे अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के दिशा निर्देश पर सेवा कुंज आश्रम में 23 वां राष्ट्रीय वनवासी खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव संपन्न होने जा रहा है। जिसमें संपूर्ण देश के कन्याकुमारी से काश्मीर तथा अंडमान से गुजरात तक व नेपाल राष्ट्र सहित 30 राज्यों के 1250 खिलाड़ी 250 प्रबंधक 250 प्रशिक्षक तथा 500 लोक कला के कलाकार प्रतिभाग कर रहे हैं। उक्त आयोजन में भारतीय तीरंदाजी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन मुंडा,केंद्र के प्रतिनिधि के नाते मंत्री हरदीप सिंह पुरी, यूपी खेल मंत्री गिरीश चंद यादव, जनजातीय मामलों के मंत्री संजीव सिंह गोंड़ के साथ-साथ खेल प्राधिकरण, तीरंदाजी संघ से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण लोग भाग ले रहे हैं। आयोजन को जन जन तक पहुंचाने के लिए पूरे जिले में मशाल यात्रा चल रही है जो 30 दिसंबर दोपहर 1:00 बजे सेवा कुंज आश्रम पहुंचेगी जिसके साथ ही राष्ट्रीय खेल महोत्सव का शुभारंभ हो जाएगा। संघ विचार परिवार के मुखिया रामदत्त चक्रधर जी सह सरकार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सुनील कुलकर्णी अखिल भारतीय शारीरिक प्रमुख चार दिनों तक रहने वाले हैं। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम खराड़ी, महामंत्री योगेश बापट, संगठन मंत्री अतुल जोग तथा अन्य गणमान्य लोग रहेंगे। इस दौरान संपूर्ण सांस्कृतिक भारत के लोक कलाकारों की प्रतिभा देखने को मिलेगी।


प्रदेश संगठन मंत्री पंकज

## बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मशाल जुलूस का किया स्वागत

**डाला।** अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम से संबंध सेवा समर्पण संस्थान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता से निकले मशाल जुलूस का रामलीला मैदान में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े बजाकर स्वागत किया। वनवासी कल्याण आश्रम के प्रांत संगठन मंत्री पंकज ने बताया की अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम से संबंध सेवा समर्पण संस्थान अंतर्राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए विभिन्न प्रांतों उड़ीसा, अंडमान निकोबार, झारखंड, उत्तराखंड, गोवा मड़ीपुर मेघालय नेपाल त्रिपुरा असम छत्तीसगढ़ बिहार समेत 40 प्रांतों से खिलाड़ी सेवाकुंज आश्रम चपकी में प्रतिभाग कर रहे हैं। जिसको लेकर घोरावल शिवद्वार से मसाल यात्रा 24 दिसंबर को निकाली गई है। जिसमें सभी ब्लॉकों से होते हुए बुधवार को मसाल यात्रा डाला नगर पहुंची है। इस दौरान धीरेंद्र पाठक, रामसेवक खरवार, अनिल, शिव प्रसाद, रविंद्र, डा. दिनेश विश्वकर्मा, संदीप सिंह पटेल, गिरीश तिवारी, विशाल गुप्ता, मनीष पाठक, मनीष तिवारी आदि मौजूद रहे।

# शरद मेले में संस्थाओं ने उत्पादों की लगाई प्रदर्शनी



शरद मेले लगे में स्टालों का अवलोकन करते डीएम।



शरद मेले में बालिकाओं को लकड़ी से बने उत्पाद की जानकारी देती महिलाएं।

**चंदौली।** जिलाधिकारी ईशा दुहन द्वारा पंडित कमलापति त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय चंदौली के प्रांगण में नाबार्ड द्वारा 30 दिसंबर तक चलने वाले तीन दिवसीय शरद मेले का फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। नाबार्ड द्वारा आयोजित इस शरद मेला में एफपीओ, स्वयं सहायता समूह, नाबार्ड द्वारा सहायतित पूर्वांचल कंप्यूटर प्रशिक्षण के छात्र तथा स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा किए जा रहे कार्य की प्रदर्शनी लगाई गई है। मेले में वित्तीय प्रबन्धन पर आधारित नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली आदि बनाकर सुसज्जित किया गया है।

किसान उत्पादक संगठन द्वारा लगाए गए स्टाल में श्रमिक महिला नेचर फार्मिंग प्रोड्यूसर कम्पनी नियामताबाद, काला चावल फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी बरहनी द्वारा अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई तथा एनआरएलएम के स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किया गया उत्पाद, आरसेटी, खादी ग्रामोद्योग द्वारा भी स्टॉल लगाए गए हैं। जिलाधिकारी ने डीडीएम नाबार्ड तनुज सेन को निर्देशित करते हुए कहा कि एफीओ के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर स्वनिर्मित वस्तुओं का वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार करते हुए बिक्री करवाया जाए। ऑर्गेनिक खेती से उत्पादित खाद्य सामग्री का भी जनमानस में बेहतर प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है। लोगों को ऑर्गेनिक खेती से उत्पादित खाद्य सामग्री की विशेषताएं साझा किया जाए, जिससे अधिक से अधिक आम जनता इसका उपयोग करें। कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी बसंत दुबे, डीडीएम नाबार्ड तनुज सेन, एलडीएम मनोज बरनवाल, बीके सिंह आरएम बड़ौदा यूपी बैंक, श्रमिक भारती से श्रीकेष, कन्हैया और जनार्दन सिंह काला चावल के निदेशक शशिकांत राय, अनुज यादव उपस्थित आदि उपस्थित रहे।

## रेलवे ओवरब्रिज पर लाइट लगाने को किया प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज

**सैयदराजा।** व्यापार मंडल के युवा अध्यक्ष अंकित जायसवाल के नेतृत्व में रेलवे ब्रिज पर बुधवार को धरना प्रदर्शन किया गया। जहां गेट नंबर 72 पर लगभग 8 माह से आवागमन चालू है। पुल आउटर में है लेकिन अभी तक उस पर लाइट नहीं लगाया गया है जो पूरी तरह अंधेरे में है। अभी तक लाइट की कोई उचित व्यवस्था नहीं की गयी है जिससे ऊपर से पैदल आने जाने में लूट-पाट का भय बना रहता है। उस पर तत्काल लाइट की व्यवस्था की जाए।

इसके लिए जिलाधिकारी को तीन बार पत्रक दिया गया। फिर भी कोई आश्वासन नहीं मिला और फुट ओवरब्रिज का भी लगभग एक माह से काम बंद है और रेलवे गेट को भी बंद कर दीवार खड़ा कर दिया गया, जिससे लोगों को पैदल जाने में कठिनाई हो रही है। हाल ही में एक बालिका को क्रासिंग पर करते वक्त गिर जाने से मृत्यु हो गयी, जिससे आक्रोशित जनता धरना प्रदर्शन को विवश है। लगभग 2 घंटे तक पुल पर यातायात बाधित रहा। प्रशासन के द्वारा समझा-बुझाकर लभगभ एक माह का समय देकर धरना को समाप्त किया गया।

बताया कि अगर समय पर लाइट व एफओबी बनकर तैयार नहीं हुआ तो व्यापारियों की दुकान बंद कराकर पुनः प्रदर्शन कर हड़ताल कर दिया जाएगा। जिसमें रितेश जायसवाल, सलमान खान, आदर्श केशरी, गनेशु विश्वकर्मा, मोहित केशरी, अफ्सर खान, आकाश जायसवाल, पुल्लु जायसवाल, पंकज वर्मा, हर्ष केशरी, अमित वर्मा, शिवा साव, दीपक अग्रहरी, पिंटू पांडेय, शेखर पटेल, सुरेश गुप्ता, मन्नी अली, अरविंद विश्वकर्मा, राजकुमार केशरी आदि सैंकड़ों लोग उपास्थित रहे।

## संक्षेप

### चंदौली में नर्मदा कम्पनी का कार्यालय उद्घाटित



उद्घाटन अवसर पर उपस्थित अतिथिगण।

**चंदौली।** जनपद में नर्मदा कंपनी का ऑफिस का मुख्यालय स्थित जीटी रोड वार्ड नंबर 11 संजय नगर में बुधवार को शुभारंभ हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में डा.हेम तिवारी ने ऑफिस का फीता काटकर उद्घाटन किया व विशिष्ट अतिथि व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत अग्रहरि रहे। नर्मदा कंपनी की स्ट्रांग लाइफ, वाटर सोडा, नर्मदा नमकीन, बदाम पकोड़ा मूंग दाल, रेडिमेड चाय पाउडर कॉफी जैसे प्रोडक्ट की लांचिंग की गई। सेमिनार में मुख्य अतिथि कम्पनी के डाईरेक्टर डा.हेमनारायण तिवारी ने बताया कि ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर कंपनी का प्रोडक्ट को आगे तक ले जाया जाएगा। लोगों को जरूरत के अनुसार रोजगार मिलने की संभावना है। सेमिनार में शामिल बिहार ,झारखंड ,उत्तर प्रदेश की टीम शामिल रही। इस अवसर पर बृजेश कुमार, उदय कुमार सिंह, सुशांत सिंह संतोष यादव, राजू यादव, वकील यादव, दीपक सिंह यादव गजेंद्र गुप्ता, अखिलेश यादव आदि शामिल रहे।

### चोर विद्यालय की खिड़की उखाड़ ले गये

**चहनियां।** क्षेत्र के मारूफपुर पुलिस चौकी अंतर्गत मजिदहा प्राथमिक बिद्यालय से चोरों ने खिड़की उखाड़ ले गये । बिगत एक सप्ताह के अंदर चोरों ने तीन खिड़की उखाड़कर चुरा ले गये । प्रधानाध्यापक अमरेंद्र पाण्डेय ने लिखित तहरीर चौकी इंचार्ज को दे दिया है । मजिदहा स्थित प्राथमिक बिद्यालय पर जर्जर भवन में बच्चे नही बैठते है । विगत एक सप्ताह के अंदर चोरों ने पीछे से दो दिन का अंतराल देकर तीन खिड़की चोरी कर ले गये । वही एक खिड़की को उखाड़कर खिड़की के ईंटों को हटा दिया है । प्रधानाध्यापक अमरेंद्र पाण्डेय ने मारूफपुर चौकी इंचार्ज दीपक पाल को लिखित तहरीर दे दी है ।

### आरएलडी अध्यक्ष जयंत चौधरी का मना जन्मदिन

**डीडीयू नगर।** राष्ट्रीय लोक दल के कार्यालय पर बुधवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्यसभा सांसद जयंत चौधरी का 44वां जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। उक्त मौके काशी प्रांत के अध्यक्ष समर नाथ सिंह यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जयंत चौधरी अपने दादा पूर्व प्रधानमंत्री किसानों के मसीहा स्वर्गीय चरण सिंह के बताए मार्ग पर चलने का कार्य कर रहे हैं। नगर अध्यक्ष भागवत नारायण चौरसिया ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार स्थानीय नगरपालिका परिषद तीनों सरकारें जनता को लूटने का कार्य कर रही है। टैक्स पर टैक्स लगाकर महंगाई बढ़ा रही है। आम जनता का शोषण अत्याचार कर रही है। नगर पालिका के स्वकर व यूजर टैक्स के खिलाफ आंदोलन चलाया जाएगा। इस दौरान शिव कुमार पटेल, महेंद्र यादव अन्य उपस्थित रहे।

### ब्लॉक संसाधन केंद्रो पर शिक्षकों द्वारा दिया जाएगा धरना

**कंदवा,चंदौली।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशिक आह्वान पर जनपद के प्रत्येक ब्लॉक संसाधन केंद्र पर शिक्षकों द्वारा कल 30 दिसंबर दिन शुक्रवार ो एक दिवसीय धरना दिया जाय गा इस दौरान सचिव बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा एनपीएस कटौती को अनिवार्य किए जाने व वेतन रोकने के आदेश के विरुद्ध में मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश के नाम से उल्लिखित पत्रक भी खण्ड शिक्षा अधिकारी को सौंपा जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष संतोष सिंह व महामंत्री संजय सिंह ने संयुक्त रुप से बताया कि स्वहित एवं अध्यापक समाज हित को देखते हुए अधिक से अधिक संख्या में अध्यापक गणों की सहभागिता होगी। धरने को सफल बनाने के लिए रणनिती तय की जा रही है।

## फिर ना मिलने की बात पर खफा प्रेमी ने प्रेमिका को मारा



युवती की हत्या करने वाले आरोपी प्रेमी संग पुलिस टीम।

**नियामताबाद।** अलीनगर स्थित लोको कॉलोनी निवासी 23 वर्षीय युवती खुशबू की हत्या के मामले का पुलिस ने बुधवार को खुलासा किया। पुलिस के मुताबिक युवती के सिरफिरे आशिक ने सब्जी काटने वाले चाकू से गला रेत कर उसकी हत्या कर दी। आरोपी अब पुलिस की हिरासत में है सीओ अनिरुद्ध सिंह ने घटना का अपने कार्यालय में शुभारंभ किया। आपको बताते चलें कि प्रयागराज के हंडिया थाना अंतर्गत बीरापुर निवासी नीरज यादव का पड़ोस के ही गांव हीरामनपुर निवासी खुशबू के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। खुशबू अपनी दादी के साथ गांव में रहती थी जबकि उसके माता-पिता अलीनगर के लोको कॉलोनी में रहकर काम करते थे। नीरज और खुशबू का प्रेम तभी से परवान चढ़ा जब दोनों साथ साथ पढ़ते थे दोनों के प्रेम संबंधों का पता जब परिवार वालों को चला तो इसको लेकर घर में विवाद उत्पन्न हो गया। पिता ने खुशबू को अपने पास बुला लिया पिछले छह माह से लोको कॉलोनी में रह रही थी। आरोपी नीरज के साथ उसका संबंध नहीं टूटा नीरज ट्रेन से मुगलसराय आता और दोनों घर में ही मौका देख मिलते थे। कुछ दिन पहले खुशबू की शादी तय हो गई सगाई के बाद फरवरी में शादी होनी थी घटना वाले दिन जब नीरज आया तो खुशबू ने उसे यह बात बताई यह भी कहा वह उससे नहीं मिलेगा ना ही कोई संबंध रखेगी। यह बात नीरज को काफी नागवार गुजरी। वह अपनी प्रेमिका की शादी की बात को लेकर खासा नाराज हो गया। आखिरी मुलाकात के बाद सब्जी की टोकरी में रखा चाकू उठाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद नीरज चाकू और खुशबू की मोबाइल ले ली और राजघाट पहुंचकर सिम तोड़कर गंगा में फेंक दिया। इसके पहले खुशबू जितने भी व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ी थी सबसे एक-एक करके लेफ्ट हो गया। छानबीन के बाद सीओ अनिरुद्ध सिंह की अगुवाई मे पुलिस टीम ने आरोपी नीरज को धर-दबोचा।

### प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत लगाया गया स्टाल

**चकिया।** विकासखंड के गायघाट गांव में बुधवार की दोपहर प्रशासन आपके द्वार अभियान के अंतर्गत मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ उपजिलाधिकारी ज्वाला प्रसाद ने दीप प्रज्वलित करके किया। मेले में 24 अलग अलग विभागों के सरकारी और रोजगार परक योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए गए थे। इसके अलावा मेले में उपजिलाधिकारी ने बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी ज्वाला प्रसाद ने कहा कि शासन की मंशा है कि सरकारी योजना का लाभ हर उस व्यक्ति तक पहुंच जाए जो पात्र हैं। उन्होंने कहा जिला प्रशासन की प्रशासन आपके द्वार मुहिम लाभ से वंचित पात्रों को योजनाओं का लाभ दिलाना भी है। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी बसंत दुबे,खंड विकास अधिकारी रविंद्र प्रताप सिंह यादव, सीडीपीओ राकेश बहादुर, एडीओ कोप्रेटिव सुनील पाल, ग्राम प्रधान पूनम देवी, ग्राम विकास अधिकारी संजीव सिंह एडीओ पंचायत, एनडी तिवारी, एसडीओ विद्युत अनिल सिंह , पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र राव सहित तमाम ग्रामीण मौजूद थे।

## सैयदराजा पुलिस ने रोड रोलर चलाकर नष्ट की 58 लाख की शराब



सैयदाजा में रोड रोलर चलाकर शराब को नष्ट कराती पुलिस।

**सैयदराजा।** न्यायालय के आदेश पर सैयदराजा थाना पुलिस ने बुधवार को पकड़ी गई 58 लाख की देशी व अंग्रेजी शराब को रोड रोलर चलवाकर नष्ट किया। इस दौरान आसपास के ग्रामीणों व नगर के लोगों की भारी भीड़ जमा रही। कोतवाल शेषधर पांडेय की देख रेख में 112 मुकदमों में जब्त 10806 लीटर अंग्रेजी शराब व 2587 लीटर देशी शराब की बोतलों को न्यायालय के आदेश पर बुधवार की दोपहर थाने के पीछे राष्ट्रीय राजमार्ग-2 के बंद पड़े सर्विस रोड पर फैलाकर रोड रोलर से पुलिस द्वारा नष्ट किया गया। उसके बाद उसके बोतलों व पैकेटों को बगल में गड्ढा कर उसमे डाल कर मिट्टी से दबा दिया गया। शराब नष्ट करने के दौरान शरद कुमार आबकारी निरीक्षक, वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी बंगाली, वरिष्ठ लिपिक सीजीएम न्यायालय रऊफ, उपनिरीक्षक जमीरुदीन खान, विजय राय सहित सैयदराजा की पुलिस मौजूद रही। सीओ सदर रामबीर सिंह ने बताया की वर्ष 2020 व 2021 में 112 मुकदमों में पकड़ी गई लगभग 58 लाख की शराब बरामद की गई थी उसे न्यायालय से आदेश कराकर उसको आज नष्ट किया गया।

## सीएम कृषक दुर्घटना में परिवार को पांच लाख की सहायता

**सकलडीहा।** शासन की ओर से चलायी जा रही योजना के लिये पीड़ितों को जरूरी कागजात व जानकारी के लिये परेशान नहीं होना होगा। जिलाधिकारी ईशा दुहन के निर्देश पर तहसील प्रशासन की ओर से ग्रामीणों को जागरूक करने के लिये प्रचार प्रसार तेज कर दिया गया है। विभिन्न योजना के तहत जागरूक किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के तहत किसी प्रकार की दुर्घटना पर मृतक के परिवार को पांच लाख की सहायता देय है। आवेदन की तिथि 45 दिन विशेष स्थिति में जिलाधिकारी के निर्देश पर 75 दिन के अंदर आवेदन कर सकता है। खातेदार का नाम खतौनी में अंकित हो और परिवार का आजीविका चलाता है।

या बटाई पर कृषि करके परिवार की आजीविका चलाता है। आवश्यक कागजात के रूप में पीएम रिपोर्ट, एफआईआर की प्रति, पंचनामा, खतौनी, बटाईदार का प्रमाण पत्र, कुटुम्ब रजिस्टर, लाभार्थी का बैंक पासबुक व शपथ पत्र देना अनिवार्य है। इसके अलावा सर्पदंश, नाव दुर्घटना, डूबने से मौत, गैस रिसाव, आकाशीय विद्युत पात, अग्निकांड, आंधी-तूफान, लू प्रकोप, सीवर सफाई, बोरवेल में गिरने से मृत्यु व मानव वन्य जीव द्वंद में मृतक के परिवार को चार लाख की सहायता मिलती है। घायल होने की दशा पर इलाज हेतु एक सप्ताह से अधिक भर्ती होने पर 12 हजार सात सौ, एक सप्ताह से कम होने पर 43 सौ, चालीस से साठ प्रतिशत दिव्यांग होने पर 59 हजार एक सौ, इससे अधिक पर दो लाख का सहायता देय है। इसके अलावा पशु हानि, फसल क्षति व गृह अनुदान मकान क्षति होने पर दिया जायेगा।

मृतक खातेदार के विधिक वारिस सहज केन्द्र या सीधे आरसी प्रपत्र 9 पर राजस्व निरीक्षक को आवेदन देकर अभिलेख में अपना नाम दर्ज करा सकते है। एसडीएम मनोज पाठक ने बताया कि शासन की ओर से मिलने वाली योजना के लिये लाभार्थियों को परेशान नही होना होगा। ग्राम चलो चौपाल के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### अभियान के रूप में मतदाता जगाओ, भ्रष्टाचार मिटाओं

**डीडीयू नगर ।** पब्लिक इंट्रेस्ट थिंकर्स एसोसिएसन ने नगर में व्याप्त बदहाली के खिलाफ जागते रहो अभियान के रूप में मतदाता जगाओ ,भ्रष्टाचार मिटाओं को जनता के बीच लाने का एक अनोखा प्रयास पर कदम बढ़ा दिया हैं। संस्था द्वारा रात्रि 11 बजे से प्रातः 6 बजे तक तीन दिवसीय धरने की शुरूवात कर दिया गया हैं। धरने में वक्ताओं ने कहा कि संस्था जिस तरह से कोरोना काल में स्कूल फीस के लिए आंदोलनरत थी उसी तरह से कोल मंडी चंधासी के धूल के खिलाफ आंदोलन कर रही है। चन्द्र भूषण मिश्र कौशिकका कहना हैं कि नगर के जनता को नगरपालिका से कुछ मौलिक अधिकार शासन के नियमावली में प्राप्त हैं लेकिन इसके बावजूद नगर में लूट और भ्रष्टाचार बेरोकटोक बढ़ते जा रहे। अध्यक्ष सतनाम सिंह ने कहा कि नगर को स्वच्छ सुन्दर और विकसित बनाने की जिन पर जिम्मेदारी हैं वही जनता से धोखा कर रहे हैं। एडवोकेट संतोष पाठक जी ने कहा नो पार्किन का इस शहर के रोड पर बहुत बोर्ड लगे हैं पर पार्किंग कहा करे नगर की जनता इस पर कोई कुछ करने व बोलने को तैयार नहीं हैं। इस मौके पर राजेश गुप्ता, विजेंद्र जायसवाल, अमित महलका, हमीर शाह, प्रकाश चौरासिया आदि लोग शामिल रहे।

## किसान हित में छित्तो-फुटिया के पास अंडर पास जरूरी

**मांग**

### विकास भवन स्थित सांसद कार्यालय पहुंचकर सौंपा ज्ञापन



सांसद कार्यालय पर ज्ञापन सौंपते छितो व फुटियां के ग्रामीण।

**चंदौली।** क्षेत्र के छित्तो-फुटिया नेशनल हाईवे एनएच-2 पर अंडर पास बनाए जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने बुधवार को विकास भवन पर प्रदर्शन किया। इसके बाद सांसद कार्यालय पहुंचकर सांसद प्रतिनिधि सर्वेश कुशवाहा को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि छित्तो-फुटिया समीप अंडर पास बन जाने से किसानों व ग्रामीणों को राहत मिलेगी। चंदौली तथा फुटिया गांव के किसानों की खेती छित्तो मौजा में पड़ती है, जिस कारण किसान अंडर पास नहीं होने के कारण घूमकर एक किलोमीटर से अधिक दूरी तय करनी पड़ती है जिस कारण नेशनल हाईवे पार करने में जान का खतरा भी बना रहता है।

किसान नेता किस्मत यादव तथा फुटिया ग्राम प्रधान वीरेंद्र यादव ने बताया कि छित्तो फुटिया नेशनल हाईवे पर अंडरपास बेहद जरूरी है जिसके निर्माण से किसानों को सहूलियत होगी। वहीं छित्तो मौजा में महाविद्यालय पड़ता है जिसमें छात्राओं को आने जाने में सहूलियत हो जाएगी। उक्त मार्ग विसुंधरी गांव, दानूपुर कांशीराम आवास सहित कई गांवों को जोड़ता है, जो स्थानीय लोगों के लिए वरदान साबित होगा। अंडरपास की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री व सांसद डा. महेंद्रनाथ पांडेय के प्रतिनिधि सर्वेश कुशवाहा को ज्ञापन सौंपा। सर्वेश कुशवाहा ने बताया कि ग्रामीणों की मांगों से संबंधित पत्रक कैबिनेट मंत्री व सांसद डा. महेंद्र नाथ पांडेय तक पहुंचाने का काम किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों के नेशनल हाईवे पर अंडर पास मांग की समस्या का हल हो सके।

## घंटे भर में राख हो जाता है तहसील का अलाव

**बनी मुसीबत**

### लापरवाही बरतने पर संबधित के खिलाफ की जायेगी कार्रवाई

जनसंदेश न्यूज



सघन तिराहा पर कागज जलाकर आग तापता राहगीर बनवासी।

**सकलडीहा।** तहसील प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थानों पर अलाव जलाये जाने का दावा किया जाता है। लेकिन कुछ देर में अलाव राख में बदल जाता है। इसके बाद राहगीरों को कागज बटोरकर अलाव जलाये जाने के लिये मजबूर है। जिसे लेकर लोगों में आक्रोश है। ठंड और शीत लहर से शाम होते ही लोग परेशान हो रहे है। हाड़ मास कपा देने वाली शीतलहर से लोग सुबह शाम कांप रहे है।

तहसील प्रशासन द्वारा सकलडीहा में मात्र दो जगह थोड़ी थोड़ी लकड़ी गिराकर कोरमपूर्ति कर लिया जा रहा है। आंधे घंटे में अलाव राख होने पर राहगीर कागज बटोरकर अलाव तापने को मजबूर है। ग्रामीणों का आरोप है कि तहसील प्रशासन द्वारा अलाव जलाने के नाम पर कोरम पूर्ति किया जाता है। सुबह शाम नियमित रूप से अलाव जलाये जाने की मांग उठाया है। उधर एसडीएम मनोज पाठक ने बताया कि अलाव जलाये जाने का निर्देश दिया गया है। लापरवाही बरतने पर संबधित के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। इसके साथ ही स्थानीय ग्रामीणों ने रेलवे स्टेशन, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, भोजापुर रेलवे क्रासिंग, तहसील मुख्यालय, डेढ़ावल और नईबाजार पुलिस चौकी सहित कस्बा के प्रमुख चौराहा और तिराहा पर अलाव जलाये जाने की मांग उठाया है।

### चंदौली व नियामताबाद के बीडीसी का प्रशिक्षण सम्पन्न

**नियामताबाद।** जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर में पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान व उपनिदेशक पंचायत वाराणसी के माध्यम से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत वाराणसी मण्डल के सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों का प्रशिक्षण किया गया। विकास खण्ड नियामताबाद एवं चंदौली सदर के क्षेत्र पंचायत सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन उपनिदेशक पंचायत एके सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण, जानकरी को बढाता हैं, समय समय पर होने वाले परिवर्तन से परिचित कराता हैं,उसी को ध्यान में रखते हुए दो दिवसीय प्रशिक्षण रखा गया है जिसके तहत क्षेत्र पंचायत का गठन,क्षेत्र पंचायत समितियों, क्षेत्र पंचायत विकास योजना तथा केन्द्रिय व राज्य वित्त की जानकारी दी व स्थानीय सतत विकास लक्ष्य को बताया गया, जिससे बच्चों, महिलायें,तथा वंचित लोगों के लिये विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। वरिष्ठ फैकल्टी सहप्रबंधक सुनील सिंह, विनय कुमार दुबे, विरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव व कन्हैयाराम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्रदाता संस्था के प्रतिनिधि के रूप में रामचन्द्र यादव ने प्रशिक्षण को सफल बनाने में अपना सम्पूर्ण सहयोग प्रदान की।

## विंटर कैम्प का माताओं संग बच्चों ने उठाया लुफ्त



चहनियां विंटर कैम्प में बच्चो को चॉकलेट बांटते सेंटा क्लाज।

**चहनियां।** लोक मंगल पब्लिक स्कूल चहनिया द्वारा विण्टर कैम्प आयोजन किया गया। जिसने बच्चों द्वारा अनेकानेक कार्यक्रम सम्पादित किए गये। विण्टर कैम्प मे विद्यालय द्वारा विशेष कार्यक्रम ह्मदर स्पेशलह्व किया गया। जिसमें अपने बच्चों के साथ माताओं ने बड़चढ़ कर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। माताओं ने अपने बच्चों एवं अन्य के साथ अपने बचपन की यादों को साझा किया। रंग विरंगे परिधानों में सजे बच्चे एवं उनकी प्रस्तुति अदभुत रही।

विंटर कैम्प में बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद जिसमें चम्मच रनिग मार्च,चेस आदि खेल प्रस्तुत किया। विंटर कैम्प में बच्चो की मां द्वारा गुब्बारा प्रतियोगिता आयोजित हुई। वहीं बच्चों अभिभावकों ने विभिन्न प्रकार की बयन्जनो का आनन्द लिया। प्रिंसिपल अंकिता गुप्ता ने बताया की इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करने का उद्देश्य यह था की भाग दौड़ की जिंदगी के खास कर पिता अपना कम समय बच्चों पर दे पाते है। जिसके कारण बच्चों के अंदर एक भटकाव सा हो जाता है। ऐसी स्थिति मे माँ की अत्यधिक जिम्मेवारी होती है। इन्ही सब बातों को ध्यान मे रखकर मदर स्पेशल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे माताओं का आना उसमें प्रतिभाग करना यह विद्यालय की उपलब्धि रही। कार्यक्रम में सुनील मौर्य, आशीष अनिल, पुनीता यादव, रंजना, रश्मि, श्रेया, जुही, रिशु, शिवानी सपना, आदि लोग उपस्थित रहे। अंत में आए हुए लोगों का सुनील मौर्य ने आभार व्यक्त किया।

# स्पोर्ट्स

## धोनी की बेटी जीवा को मिली लियोनल मेसी के ऑटोग्राफ वाली जर्सी, साक्षी ने शेयर की क्यूट तस्वीर



**नई दिल्ली।** लियोनेल मेस्सी की टीम अर्जेंटीना ने 2022 फीफा वर्ल्ड कप का खिताब जीता है। पूरी दुनिया में अर्जेंटीना की इस जीत का जश्न मनाया गया। अब पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की बेटी जीवा भी अर्जेंटीना की जीत का जश्न मना रही हैं। महेंद्र सिंह धोनी की बेटी जीवा की कुछ फोटो सामने आई हैं, जिसमें वह अर्जेंटीना की जर्सी पहने हुए हैं। फुटबॉल के लीजेंड लियोनेल मेस्सी ने महेंद्र सिंह धोनी की बेटी जीवा धोनी को अपनी साइन (ऑटोग्राफ) की हुई जर्सी भेंट की है। पूर्व भारतीय कप्तान की पत्नी साक्षी धोनी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से जीवा की फोटो शेयर की है, जिसमें वह अर्जेंटीना की जर्सी पहनी नजर आ रही हैं। फोटो में देखा जा सकता है कि जर्सी पर मेस्सी के हस्ताक्षर किए हुए हैं। फोटो में जीवा मेस्सी के हस्ताक्षर को देख रही हैं और जीवा खुश नजर आ रहा है।

# आईसीसी रैंकिंग में अश्विन-श्रेयस अय्यर की लंबी छलांग

## रविंद्र जडेजा हरफनमौलाओं की रैंकिंग में 369 रेटिंग के साथ शीर्ष पर, जबकि अश्विन के हैं 343 अंक



**दुबई।** बांग्लादेश के खिलाफ मीरपुर में दूसरे टेस्ट में भारत की जीत के सूत्रधार रहे रविचंद्रन अश्विन और श्रेयस अय्यर आईसीसी रैंकिंग में क्रमशः चौथे और 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। मैच में छह विकेट लेने वाले अश्विन एक पायदान चढ़कर गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने दूसरी पारी में नाबाद 42 रन बनाये थे जिसकी मदद से वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीन पायदान चढ़कर 84वें स्थान पर पहुंच गए। अतीत में नंबर एक गेंदबाज और हरफनमौला रह चुके अश्विन ने हरफनमौलाओं की रैंकिंग में सात रेटिंग अंक हासिल किए। रविंद्र जडेजा हरफनमौलाओं की रैंकिंग में 369 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर हैं, जबकि अश्विन के 343 अंक हैं। अश्विन के साथ 71 रन की अटूट साझेदारी करने वाले अय्यर कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 16वीं रैंकिंग पर पहुंच गए। प्लेयर आफ द सीरिज रहने के बावजूद चेतेश्वर पुजारा तीन पायदान गिरकर 19वें स्थान पर हैं जबकि विराट कोहली दो पायदान गिरकर 14वें स्थान पर आ गए। बल्लेबाजों में ऋषभ पंत छठे स्थान पर हैं जबकि गेंदबाजों में उमेश यादव 33वें स्थान पर हैं। बांग्लादेश के बल्लेबाज लिटन दास कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 12वीं रैंकिंग पर पहुंच गए जबकि मोमिनुल हक 68वें, जाकिर हसन 70वें और नुरुल हसन 93वें स्थान पर हैं। स्पिनर तैजुल इस्लाम और मेहदी हसन मिराज को दो दो पायदान का फायदा हुआ है और वे 28वें तथा 29वें स्थान पर हैं।

## करियर की सर्वश्रेष्ठ 8वीं रैंकिंग पर पहुंचे एचएस प्रणय थॉमस कप की जीत में निभाई थी अहम भूमिका

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार शटलर एचएस प्रणय जारी विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। केरल का यह 30 वर्षीय खिलाड़ी इस साल शानदार फॉर्म में रहा। उन्होंने इससे पहले 2018 में भी आठवीं रैंकिंग हासिल की थी लेकिन इसके बाद वह 2019 में 34वें स्थान पर खिसक गए थे। प्रणय ने इस साल यादगार प्रदर्शन किया। वह सात टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, दो टूर्नामेंट में वह सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहे जबकि स्विस ओपन में उपविजेता रहे थे। एचएस प्रणय ने कोई एकल खिताब नहीं जीता लेकिन भारत की थॉमस कप की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। अन्य भारतीय पुरुष खिलाड़ियों में लक्ष्य सेन पहले की तरह सातवें स्थान पर बने हुए हैं लेकिन किदांबी श्रीकांत एक पायदान नीचे 12वें स्थान पर खिसक गए हैं। राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद चोटिल होने के कारण किसी टूर्नामेंट में भाग नहीं ले पाने वाली पीवी सिंधु महिला एकल रैंकिंग में एक पायदान नीचे सातवें स्थान पर खिसक गई है। पुरुष युगल रैंकिंग में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग सेन पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की तेजी से उभरती जोड़ी तीन पायदान ऊपर चढ़कर 21वें नंबर पर पहुंच गई है। महिला युगल रैंकिंग में गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली की जोड़ी एक पायदान आगे 17वें स्थान पर पहुंच गई है।

## बॉलीवुड न्यूज

### 'तेरी मेरी डोरियां' रिलीज होने से पहले चर्चा का विषय



**मुंबई।** स्टारप्लस का नया शो 'तेरी मेरी डोरियां' रिलीज होने से पहले ही चारों तरफ चर्चा का विषय बना हुआ है। इसको रिलीज होने में अब सिर्फ एक हफ्ते का समय बाकी है जिसके लिए दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जैसा कि शो वास्तव में कुछ प्रतिभाशाली अभिनेताओं को ला रहा है, शो के लीड्स में से एक, विजयेंद्र कुमेरिया ने शो में अपने लुक के बारे में कुछ दिलचस्प किस्से साझा किए हैं। विजयेंद्र कुमेरिया एक प्रतिभाशाली अभिनेता हैं जो 'तेरी मेरी डोरियां' में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। हालांकि इस तरह के शो में बतौर एक्टर शामिल होना अभिनेता के लिए एक बड़े अवसर के रूप में सामने आया है। ऐसे में शो के अपने किरदार को परफेक्ट बनाने के लिए उन्होंने अपना सबकुछ दिया है। इस शो में वो अंगद सिंह बराड़ का रोल प्ले कर रहे हैं और जिसमें ढलने की प्रक्रिया के बारे में साझा करते हुए, विजयेंद्र ने बताया कि मैंने बहुत से अभिनेताओं को अपने किरदार में परफेक्शन लाने के लिए बहुत कुछ नया करने की कोशिश करते हुए देखा है। इस कैरेक्टर के लिए मैंने अपने बाल भी बढ़ाए ताकि किरदार को एक खास फील दिया जा सके जो मेरे लिए उसमें पूरी तरह से ढलने के लिए जरूरी है। मैं हमेशा किसी भी किरदार को अपना बेस्ट देने में यकीन रखता हूं और मैं चाहता हूं कि लोग भी मेरी उस कोशिश को नोटिस करें जो मैं इसमें डाल रहा हूं और इससे मुझे किरदार को करीब से जानने में मदद मिलती है। इसके अलावा, मैंने खुद को अंगद में बदलने के लिए आमिर खान सर को अपनी प्रेरणा बनाई। जब मैंने उन्हें अपने किरदार के लिए बाल बढ़ाते हुए देखा, तो मैंने भी इसे आजमाने का सोचा ताकि मैं भी किरदार के लिए अपने लुक को परफेक्ट कर सकूं।

### तू झूठी मैं मक्कार से लव रंजन ने साबित किया कि वो हैं सरताज



**मुंबई।** रणबीर और श्रद्धा स्टारर लव रंजन की 'तू झूठी मैं मक्कार' की चुलबुली और शरारती दुनिया का पहला पोस्टर हाल ही में रिलीज किया गया था और इसने अपने कूल और सैसी टाइटल के साथ दर्शकों के बीच एक बड़ी चर्चा पैदा कर दी थी। यह पहली बार है जब किसी टाइटल की घोषणा ने दर्शकों पर इस तरह का प्रभाव डाला है, जिससे 'तू झूठी मैं मक्कार' अब तक की सबसे इम्पैक्टफुल टाइटल अनाउंसमेंट में से एक बन गया है। ऐसे आप भी अपने दिमाग पर जोर डालिए और सोचिए कि आखिरी बार कब कोई फिल्म अपनी स्टार कास्ट से ज्यादा अपने अनोखे, आकर्षक और बोल्ड टाइटल के लिए सुर्खियां में आई थी, लेकिन बात जब लव रंजन की फिल्म रिलीज की होती है तो टाइटल ही सबसे पहले सबका ध्यान खींचता है। 'तू झूठी मैं मक्कार' भी लव रंजन की फिल्म का एक ऐसा टाइटल है जो दर्शकों के दिमाग में बेहद अच्छी तरह से रजिस्टर हो चुका है और फिल्म के रिलीज होने की एक्साइटमेंट हर दिन के साथ बढ़ती जा रही है। यह बॉलीवुड में बहुत लंबे समय के बाद है जो एक दिलचस्प लव स्टोरी और एक एपिक रोमांस रणबीर और श्रद्धा स्टारर इस फिल्म के साथ वापस आ गया है जिसे लेकर दर्शकों का उत्साह भी बहुत हाई है।

### कॉमेडियन सुनील पाल ने रखा क्राइम शैली में कदम



**इंदौर।** क्राइम फिक्शन पर बनी कहानियां भारत की सबसे लोकप्रिय शैलियों में से एक है और शेमारू टीवी हमेशा से दर्शकों की मांगों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। हिंदी पारिवारिक मनोरंजन चैनल 'क्राइम वर्ल्ड' अपनी रोमांचकारी क्राइम से जुड़ी कहानियों के साथ दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है और इसे एक नए स्तर पर ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार है, क्योंकि कॉमेडी की दुनिया के मशहूर कॉमेडियन सुनील पाल इस शो में जल्द ही एंट्री लेने वाले हैं। जी हां ! आपने बिल्कुल सही सुना कि शेमारू टीवी के 'क्राइम वर्ल्ड' के साथ सुनील पाल क्राइम की दुनिया में कदम रखेंगे साथ ही अपने इस नए अवतार में दर्शकों का मनोरंजन करेंगे।

# ईश्वरदेव एकादश की रोमांचक जीत



**वाराणसी।** प्लेयर आफ द मैच अमित मिश्र के हरफनमौला प्रदर्शन (5/2 एवं नाबाद 36 रन) एवं सोनू के अविजित 22 रनों की मदद से ईश्वरदेव मिश्र एकादश ने लालजी एकादश को रोमांचक मुकाबले में चार विकेट से परास्त कर आनन्द चंदोला खेल महोत्सव के अन्तर्गत 35वीं कनिष्कदेव गोरावाला स्मृति मीडिया क्रिकेट में जीत से अपने अभियान का आगाज किया। काशी पत्रकार संघ द्वारा संचालित वाराणसी प्रेस क्लब के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में बुधवार को सिगरा स्टेडियम के मैदान पर टॉस जीतकर पहले खेलते हुए लालजी एकादश 19.2 ओवरों में 88 पर सिमट गई। इसके पूर्व वाराणसी के मण्डलायुक्त कौशलराज शर्मा ने कनिष्कदेव गोरावाला के चित्र पर माल्यार्पण के उपरान्त दीप प्रज्जवलित कर प्रतियोगिता के उद्घाटन की औपचारिकता पूरी की। उन्हें बुके, शॉल व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

# बांग्लादेश के मुख्य कोच पद से रसेल डोमिंगो ने दिया इस्तीफा

## भारत से घरेलू श्रृंखला में मिली हार के बाद उठाया कदम



**ढाका।** रसेल डोमिंगो ने भारत से घरेलू श्रृंखला में मिली हार के बाद बांग्लादेश के मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया। डोमिंगो सितंबर 2019 में स्टीव रोड्स को मुख्य कोच पद से हटाये जाने के बाद बांग्लादेश टीम से जुड़े थे। उनका कार्यकाल 2023 विश्व कप के बाद तक था। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के क्रिकेट परिचालन प्रमुख जलाल युनूस ने क्रिकबज को बताया कि डोमिंगो ने कल इस्तीफा दे दिया है जो तुरंत प्रभाव से स्वीकार कर लिया गया है। डोमिंगो के कार्यकाल में बांग्लादेश ने आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखलायें जीती और न्यूजीलैंड में पहला टेस्ट जीता। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका और भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखलायें भी जीती। भारत के खिलाफ पहला टेस्ट 188 रन से हारने के बाद बांग्लादेश ने दूसरा टेस्ट तीन विकेट से गंवाया। मीरपुर टेस्ट के बाद ही युनूस ने बदलाव के संकेत दिये थे। उन्होंने कहा था, हमें ऐसा कोच चाहिये जिसका टीम पर प्रभाव हो। हम जल्दी ही बदलाव करेंगे। हमें मजबूत टीम बनानी है। हमें कोच नहीं मेंटोर की जरूरत है।

***मुंबई इंडियंस ने जे अरूणकुमार को सहायक बल्लेबाजी कोच बनाया***

**मुंबई।** पांच बार की आईपीएल चैम्पियन मुंबई इंडियंस ने घरेलू क्रिकेट में 16 साल तक शानदार प्रदर्शन करने वाले जे अरूणकुमार को सहायक बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। दाहिने हाथ के सलामी बल्लेबाज अरूणकुमार ने 100 से अधिक प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। उन्होंने 1993 से 2008 के बीच कर्नाटक के लिये घरेलू क्रिकेट खेला। क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद वह कर्नाटक के बल्लेबाजी कोच बने जब उनकी टीम ने रणजी ट्रॉफी, ईरानी कप और विजय हजारे ट्रॉफी जीती थी। वह पुडुचेरी टीम के मुख्य कोच भी रहे और 2020 से अमेरिका की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच हैं।

## चन्दौली

# सीडीओ ने बर्थरा खुर्द और मधुबन में किया स्थलीय निरीक्षण



विकास खंड के बर्थरा और मधुबन में जांच करते सीडीओ अजितेन्द्र नारायण।

**सकलडीहा।** शासन की ओर से गांवों में लगातार विकास कार्यों में तेजी लाने का निर्देश है। इस क्रम में बुधवार को देर शाम मुख्य विकास अधिकारी अजितेन्द्र नारायण बीडीओ अरुण पांडेय के साथ मधुबन और बर्थरा खुर्द गांव में स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान सीएम आवास की गुणवत्ता और विद्यालयों पर हो रहे बाउंड्री कार्य की गुणवत्ता की जांच किया। गांवों में मिशन कायाकल्प के तहत स्कूल से लेकर, अमृत सरोवर, सीएम और पीएम आवास, शौचालय, खेल का मैदान सहित विभिन्न कार्य तेजी से किया जा रहा है। डीएम के निर्देश पर धानापुर से लौटते समय सीडीओ अजितेन्द्र नारायण ने बर्थरा खुर्द गांव पहुंचकर खेल का निरीक्षण किया।

इस दौरान बेहतर ढ़ग से कार्य कराये जाने का निर्देश दिया। इसके पूर्व बीडीओ ने मधुबन गांव पहुंचकर पीएम और सीएम आवास का निरीक्षण किया। इस दौरान टीए के माध्यम से सही सीमांकन कराकर आवास निर्माण कार्य शुरू कराया। सीडीओ अजितेन्द्र नारायण ने अधिकारियों को मिशन कायाकल्प के तहत सभी कार्यों को समय से पूरा कराने का निर्देश दिया। अंत में गांवों में नियमित साफ सफाई के साथ शासन की योजनाओं के बारे में जागरूक करने को बताया। इस मौके पर बीडीओ अरुण कुमार पांडेय, एडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय, सचिव शशिकांत, टीए रणविजय सिंह, रामअवतार यादव, रमेश, प्रधान बंटी पांडेय सहित अन्य मौजूद रहे।

## बकाया धनराशि के लिये राजस्व टीम ने चलाया अभियान

**चंदौली।** सदर उपजिलाधिकारी अजय मिश्रा के निर्देशन व प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय के आदेश के अनुपालन में नायब तहसीलदार अवनीश सिंह के नेतृत्व में राजस्व टीम ने बकाया धनराशि के वसूल करने के लिए अभियान चलाया। इस दौरान बिसौरी के दुन्नू सिंह और जलालपुर निवासी पप्पू उर्फ कमलेश विश्वकर्मा व सर्फुद्दीन को गिरफ्तार करने के लिए कई जगह छापेमारी की। इसमें सर्फुद्दीन को पकड़कर हवालात में बंद किया गया। वहीं अन्य बकाएदार मौके से फरार हो गए। राजस्व टीम में वीरेंद्र श्रीवास्तव, हरिद्वार यादव, रत्नेशधर दुबे, अशोक सिंह, रविंद्र वीर विक्रम, अशोक कुमार, नीरज सिंह, अजीत सिंह, पंकज कुमार राव, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, अशोक सिंह आदि संग्रह अमीन शामिल रहे। नायब तहसीलदार ने बताया कि बकाएदारों के गिरफ्तारी तक अभियान जारी रहेगा। कहा कि वसूली टीम की ओर से माहवार 1264000 रुपये वसूली की गई है। इसमें बैंक बकाया 595000, व्यापार कर के 427000, विद्युत बकाया 125000 व रायल्टी बकाया 117000 वसूल किया गया है।

## छह दिनों तक ठप रहेंगी बिजली विभाग की ऑनलाइन सेवाएं

**डीडीयू नगर।** बिजली विभाग के आनलाइन सेवाओ को अपडेट किए जाने के कारण दिनांक 29 दिसम्बर 2022 शाम 5 बजे से दिनांक 4 जनवरी 2023 तक विभाग की आनलाइन सेवाए ठप रहेगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए अधिशासी अभियंता मनोज कुमार सिह ने बताया कि आनलाइन सेवाओ मे अपडेशन के चलते विद्युत वितरण खण्ड मुगलसराय समेत जनपद के समस्त कैश काउन्टर आगामी छः दिनो तक बन्द रहेंगे तथा आनलाइन सेवाए ठप रहेगी। उन्होने उपभोक्ताओ से अपील करते हुए कहा कि जिन उपभोक्ताओ को आनलाइन सेवा से सम्बन्धी कार्य कराने हो वे 29 दिसम्बर शाम 5 बजे से पूर्व करा ले।

## फोटोग्राफर का कैमरा चोरी

**डीडीयू नगर।** उत्तर प्रदेश फोटोग्राफर एसोसिएशन के तत्वाधान में नगर के कैलासपुरी स्थित अभी फोटो प्लेनेट में बुधवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विगत दिनों फोटोग्राफर राहुल सिंह के चुराए गए कैमरे की एफ आई आर दर्ज न किए जाने एवं राहुल के साथ पुलिस के द्वारा किए जा रहे दुर्व्यवहार के खिलाफ रोष व्यक्त किया गया। बैठक में कुडा बाजार चौकी प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई और कहा गया कि कारवाही नहीं होती है तो 2 दिन के पश्चात शनिवार को सुबह सभी फोटोग्राफर के पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर अपना प्रार्थना पत्र दिया जाएगा। इस बैठक में उत्तर प्रदेश फोटोग्राफर एसोसिएशन के संरक्षक विक्रम अध्यक्ष प्रदीप नारायण, सन प्रकाश, प्रकाश श्रीवास्तव ओम प्रकाश, कमलेश श्रीवास्तव, दाऊ श्रीवास्तव, धनजय अग्रहरी, बाबुल भाई ,रोहित ,विक्की, सोनी, राहुल, कलीम अख्तर, नवीन मुकुट ,सद्दाम हुसैन ,विनायक राजू, शाहिद, राहुल सिंह ,योगेश अभी आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### नगदी सहित लाखों के जेवरात उड़ाए

**धानापुर।** थानाक्षेत्र के बिरना गांव में बुद्धवार की रात चोरों ने दिनेश मौर्या के घर में छत के सहारे घुस कर नगदी सहित लाखों के सामान पर हाथ साफ कर दिया। भुक्तभोगी ने बताया कि मध्य रात्रि के लगभग घर के पीछे से करकट के सहारे चोर छत पर चढ़ कर घर में कूद गये और उन कमरों को बाहर से बंद कर दिया जिसमें लोग सोए हुए थे। एक कमरे में घुसकर उसमें बड़े बक्से के कुंडी तोड़कर उसमें रखे दो बक्सा, दो सूटकेस उठा ले गए। जिसमें 21 हजार रुपया नगद और दो सोने की चेन, 4 सोने की अंगूठी, चांदी की एक करधनी, पायल सहित लगभग लाखों का सामान था। कुछ दूरी पर सीवान में एक बाउंडरी में बक्से और सूटकेस टूटे पड़े मील थे। भुक्तभोगी को जानकारी हुई जब वह कमरे से बाहर निकलने के लिए दरवाजा खोला और वह बैंड था। शोरगुल सुनकर लोग इकट्ठा हुए और 112 नम्बर पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। इस बाबत थानाध्यक्ष विपिन सिंह ने बताया कि लिखित तहरीर मिली है जांच की जा रही है।

### चाइनीज मंझे से कटी नाक



**वाराणसी।** कांग्रेस की स्थापना दिवस के कार्यक्रम में बुधवार को जाते हुए कांग्रेस महानगर उपाध्यक्ष फसाहत हुसैन बाबू चाइनीज मंझे की जद में आ गये। जिस वक्त वह चौकाघाट-लहरतारा पुल से गुजर रहे थे उसी दौरान उड़ती हुई एक पतंग से जुड़ा चाइनीज मंझे से उनकी नाक कट गयी। मौके पर साथ चल रहे विनय शादेजा, हसन मेहंदी कब्बन और आशीष पाठक ने लहुलुहान फसाहत हुसैन को तत्काल निकट स्थित रेलवे अस्पताल पहुंचा। वहां चिकित्सक ने टांके लगाकर उपचार किया।

### रविदास घाट चित्रकला प्रतियोगिता आज

**वाराणसी।** बीएचयू के महामना मालवीय गंगा शोध केंद्र की ओर से गुरुवार को संत रविदास घाट पर गंगा विषयक वृहद चित्रकला प्रतियोगिता और गंगा जागरूकता अभियान का आयोजन होगा। शोध केंद्र के चेयरमैन एवं प्रख्यात पर्यावरण वैज्ञानिक प्रो. बीडी त्रिपाठी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 29 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से 1.30 बजे तक ईको-स्किल्ड गंगामित्रों के संयोजन यह कार्यक्रम होगा। आयोजन में बीएचयू समेत विभिन्न शिक्षण संस्थाओं की भागीदारी रहेगी।

### शो पीस बना हैंडपंप



**रोहनिया।** आराजी लाइन ब्लॉक के चित्तापुर बंगलीपुर-जयापुर जक्खिनी मार्ग स्थित हैंडपंप महज शो पीस बना हुआ है। फलस्वरूप आसपास रहने वालों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को स्थानीय बाजार के लोगों ने ठप खाली बाल्टी लेकर हैंडपंप चलाकर जिम्मेदार महकमे के प्रति आक्रोश व्यक्त किया।

### पूरे गांव में दूसरे दिन भी लगी चौपाल

मिर्जामुराद। सेवापुरी ब्लॉक के पूरे में बुधवार को भी चौपाल लगी। उसमें कई विभागों के अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे। मौकेपर ग्रामीणों की शिकायतों का निबटारा किया गया। इस गांव को हाल ही में सांसद आदर्श ग्राम के रूप में चुना गया है। इस अवसर पर प्रधानपति सुभाष चंद्र मौर्य, राजातालाब तहसीलदार सतीश कुमार वर्मा, एनटी प्राची केसरवानी, आपूर्ति विभाग के अनूप कुमार, समाज कल्याण विभाग से अभिषेक कुमार सिंह समेत अन्य महकमों के स्टाफ मौजूद थे। बीते मंगलवार को डीएम ने यहां चौपाल लगायी थी।

# महर्षि वाल्मीकि सेवा संस्थान ने निकाली शोभायात्रा



डीडीयू नगर में शोभायात्रा निकालते बाल्मीकि सेवा संस्थान के लोग।

**डीडीयू नगर।** महर्षि बाल्मीकि सेवा संस्थान देवखत नौगढ़ की ओर से नगर के अग्रवाल सेवा संस्थान में नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा की शुरूआत बुधवार को हुई। कथा के पूर्व अग्रवाल सेवा संस्थान से शोभायात्रा निकाली गई। गाजे बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में लोगों ने खूब जयकारे लगाए। इससे नगर का माहौल राममय हो गया। सैकड़ों की संख्या में भक्त नगर के अग्रवाल सेवा संस्थान में पहुंचे। यहां सुबह केशरिया वस्त्रधारी महिलाओं ने हाथों में कलश लिया। वहीं मानस मर्मज्ञ श्री पंचायती महानिर्वाणी अखड़ा, श्रीवन खंडेश्वर पीठाधीश्वर और बृद्धिकेशरी पीठाधीश्वर 1008 महामंडलेश्वर डा. सुरेन्द्रानंद गिरी महाराज एक रथ पर सवार हुए। यहां से गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा की शुरूआत हुई। भक्त रामनामी दुपट्टा डाले आगे चल रहे थे। उसके पीछे डीजे पर रामायण की चौपाइयों और भक्ति गीत लोगों के कानों में रस घोलते चल रहे थे। उसके पीछे हाथों में कलश लिए महिलाएं और उसके नीचे नृत्य करते युवा चल रहे थे। वहीं अन्य लोग हाथों में ध्वज लेकर चलते रहे। शोभायात्रा अग्रवाल सेवा संस्थान से शुरू होकर कैलाशपुरी शिव मंदिर, कैलाशपुरी, रविनगर होते हुए जीटी रोड पर पहुंची। यहां परमार कटरा, गल्ला मंडी, धर्मशाला रोड होते हुए सपा कार्यालय होते हुए वापस अग्रवाल सेवा संस्थान पहुंची। यहां पूजा अर्चना के बाद कथा की शुरूआत हुई। शोभायात्रा में महर्षि वाल्मीकि सेवा संस्थान के के संस्थापक राधेश्याम द्विवेदी, अजय जालान, बच्चा बाबू, आत्माराम तुलस्यान, सुभाष तुलस्यान, दिलीप अग्रवाल, सतीशचंद्र जैन, सतीश जिंदल, अमित सिंह, महेन्द्र पटेल, भानू तिवारी, सुधीर चौहान, प्रभुनाथ जायसवाल, कुसुम देवी रहे।

# गांवों में हुए विकास कार्यों का डीएम ने लिया जायजा



सोनहुल गांव में स्टालों का निरीक्षण करती डीएम साथ में एसपी।

**धानापुर।** क्षेत्र के सोनहुली गांव में बुधवार को जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ जिलाधिकारी ईशा दुहन एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने फीता काटकर किया। इसके बाद चौपाल में लगाए गए स्टालों का एक-एक कर जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया और वहां तैनात कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद उपस्थित छात्रों से मिड डे मील में मिलने वाले भोजन की जानकारी ली। ग्रामीणों से विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन के बाबत जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने विद्यालय में अब तक फर्नीचर और दिव्यांग शौचालय नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जताई। साथ ही एक सप्ताह के अंदर कार्यों को पूरा करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। चौपाल के दौरान शौचालय, आवास, हैंडपंप, आंगनबाड़ी, मनरेगा सहित सभी विभागों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा कर विभागीय अधिकारियों को शीघ्र ही पूरा करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने गांव में कराये गए कार्यों का एक-एक कर चौपाल में उपस्थित लोगों से जानकारी ली। जन चौपाल के दौरान ब्लाक प्रमुख अजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अजितेंद्र नारायण, जनमेजय साहू, सुजीत जायसवाल, खंड विकास अधिकारी विजय कुमार, मनीष सिंह, विमल सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# बीच चौराहे पर अधेड़ की गोली मारकर हत्या


मृतक के रोते-बिलखते परिजन

**दहशत**

### विरोध में परिजन व ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**सुजानगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चैती ग्राम सभा में चाय की दुकान पर बुधवार को बदमाशों ने दिनदहाड़े एक अधेड़ की गोली मारकर हत्या कर दी और फरार हो गये। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध में वहां चक्काजाम कर दिया।

जानकारी के अनुसार पोखरा ग्राम सभा निवासी रामाश्रय यादव 50 वर्ष पुत्र रामसनेही यादव चेती बाजार में चाय की दुकान पर बैठकर चाय पी रहे थे तभी बृजेश कुमार उर्फ कप्तान पुत्र अरविंद, आशीष कुमार उर्फ पांडा पुत्र लालजी बिंद, रंजीत कुमार पुत्र सुरेंद्र बिंद निवासी पोखरा एवं पंकज मिश्र पुत्र रमाकांत मिश्र निवासी हरीपुर पहुंच गए और असलहा निकालकर उनके ऊपर ताबड़तोड़ गोली चला दी जिससे रामाश्रय की मौके पर ही मौत हो गयी।। गोली की आवाज सुनकर आसपास ग्रामीणों में हड़कंप मच गया देखते ही देखते लोग इकट्ठा हो गए जिसे देखकर बदमाश भागने लगे। लोगों ने दौड़ाकर एक बदमाश रंजीत कुमार को मौके पर ही दबोच लिया जबकि बाकी बदमाश भाग निकले। पकड़े गए रंजीत को ग्रामीणों ने मारा पीटा जिससे वह घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुजानगंज लाया गया जहां स्थिति गंभीर देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। मृतक के भतीजे सचिन यादव ने थाने पर लिखित तहरीर दी है। हत्या के विरोध में परिजनों और ग्रामीणों ने चैती ग्राम सभा में जाम लगा दिया। मौके पर क्षेत्राधिकारी बदलापुर शुभम तोदी, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, ननकू यादव, जिला पंचायत सदस्य समेत अन्य लोग पहुंच गए। सीमा द्विवेदी के आश्वासन के बाद परिजनों ने शव को हटाकर जाम समाप्त किया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

## संदिग्ध हालात में वृद्ध महिला की मौत

**बरसठी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सरायविक्रम गांव निवासी 70 वर्षीय एक वृद्ध महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

उक्त गांव की 70 वर्षीय शांति देवी अपने पति के साथ घर पर रहती थी। शाम को कमरे में मृत पाई गई। काफी देर तक न दिखाई देने पर परिवार के लोग खोजने लगे। न मिलने पर महिला के मायके सूचना दिया। उसके मायके थाना क्षेत्र के धर्मदासपुर गांव से पहुँचे भतीजे राजेश कुमार ने भी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। राजेश ने पुलिस के साथ 112 पुलिस को मामले की जानकारी दी।

मौके पर पहुँची पुलिस ने सभी कमरों में देखा तो एक बगल के कमरे मे शांति देवी मृत पड़ी थी। महिला को कोई संतान नही थी पति पत्नी ही रहते थे। पति 75 वर्षीय पन्ना लाल लकवाग्रस्त है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

## दबंगों ने मां-बेटी को पीटकर किया घायल

**पीड़ित ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की लगाई गुहार**

**जौनपुर।** केराकत कोतवाली क्षेत्र के उदयचंदपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर दबंगों ने मां-बेटी को पीटकर घायल कर दिया। मां बेटी ने पुलिस को तहरीर देकर मामले की कार्रवाई की मांग की लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की जिस पर पीड़ित ने जिलाधिकारी वह पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

जानकारी के अनुसार उदयचंदपुर निवासी सरोज दुबे पत्नी स्व. राधेश्याम दुबे की आबादी की जमीन को लेकर पड़ोसियों से विवाद चल रहा है। सरोज दुबे का आरोप है कि पट्टीदार दबंग लोग उसकी आबादी की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं जिसका विरोध किया तो उसको लाठी डंडे से मारना पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान उनकी बेटी अनामिका घटना की वीडियो बनाने लगी, लेकिन दबंगों ने अनामिका को पकड़कर एक कमरे में बंद कर उसे जमकर पीटा जिससे मां बेटी दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गये। उनका उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की, लेकिन पुलिस ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया और पड़ोसी हमेशा धमकाते रहते हैं। इस मामले में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### रास्ते के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**चंदवक।** क्षेत्र के कुसुम्ही गांव में पुराने रास्ते के विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट में महिला घायल हो गई। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। कुसुम्ही गांव में श्यामसुंदर व सुरेन्द्र के बीच पुराना रास्ते का विवाद चल रहा है। रास्ता जाने के विवाद को लेकर मारपीट हो गई जिसमें उजाला घायल हो गई। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## संक्षेप

### अज्ञात महिला की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी

**सुजानगंज।** ग्रामसभा रया के शारदा सहायक नहर में अज्ञात महिला की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक घनश्याम शुक्ला ने अपने पुलिस हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए विधिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ग्रामीणों के अनुसार लाश पूरी तरह से सड़ चुकी थी और बदबू भी आ रही थी। मृतका की उम्र लगभग 28 वर्ष बतायी जाती है।

### रोडवेज बस की चपेट में आने से बाइक सवार युवक घायल



**बदलापुर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के पुरानी बाजार स्थित तालाब के समीप बुधवार की दोपहर करीब 3 बजे जनरथ रोडवेज बस की चपेट में आने से सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के केवटली खुर्द गांव निवासी 20 वर्षीय बाइक सवार युवक किशन सरोज गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद किशन सरोज की हालात नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एक्सीडेंट कर भागने वाली जनरथ बस के नंबर के आधार पर मामले की अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

### बंद पड़े घर को चोरों ने खंगाला

**गौराबादशाहपुर।** तरसंड गांव निवासी जीत बहादुर सिंह अपने परिवार सहित किसी कार्य से दिल्ली गए हुए हैं जिसकी वजह से उनका घर बंद पड़ा हुआ था। मंगलवार की रात किसी समय चोर दरवाजे की कुंडी तोड़कर घर में दाखिल हो गए और अलमारी तोड़कर दो सोने का मंगलसूत्र, एक सोने का हार, एक सोने की चेन जिसकी कीमत लाखों में है तथा साड़ी कपड़े व बर्तन इत्यादि उठा ले गए। सुबह पड़ोसियों की नजर टूटे दरवाजे पर पड़ी तो घटना का पता चला। पड़ोसी मोनू सिंह ने थाने पर तहरीर दिया है। मौके पर एसआई रमाशंकर पांडे जाकर जांच पड़ताल में जुटे रहे।

### ट्रैक्टर की बैट्री चोरी, मुकदमा दर्ज

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत ऊंचडीह गांव में रात्रि में ट्रैक्टर की बैट्री चोरी हो गयी जिस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। चितांव गांव निवासी सुरेश कुमार यादव पुत्र श्यामा चरन यादव जो 25/26 दिसम्बर की रात्रि ऊंचडीह गांव में अपना ट्रैक्टर खड़ा कर कहीं चला गया और जब वापस आया तो उन्होंने देखा कि ट्रैक्टर की बैट्री गायब है। उन्होंने काफी खोजबीन की लेकिन कहीं पता नहीं चला। बुधवार को उन्होंने थाने पर अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्जकर जांच-पड़ताल में जुट गयी है।

### आप प्रतिनिधिमंडल ने डीएम को सौंपा पत्र, कार्रवाई की मांग

**जौनपुर।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधित्व मंडल बुधवार को जिलाधिकारी एवं एसपी सिटी से मिलकर वर्तमान थाना प्रभारी लाइन बाजार एवं चौकी इंचार्ज टीडी कॉलेज के


जिलाधिकारी को पत्रक सौंपने जाता आप का प्रतिनिधिमण्डल

खिलाफ लिखित शिकायत कर इन्हें बर्खास्त करने की मांग की। प्रतिनिधिमण्डल ने पत्र के माध्यम से बताया कि अभी कुछ दिन पहले अनर्गल तरीके से लाइन बाजार थानाध्यक्ष एवं टीडी कॉलेज चौकी प्रभारी द्वारा मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी व ऑटो प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कमलेश गिरी को लॉकअप में बंद कर-के मारा पीटा गया था व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल एवं प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह एवं जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह वह इत्यादि वरिष्ठ नेताओं तथा पार्टी को आपत्तिजनक शब्द बोलते हुए अभद्र गालियां भी दी गई थीं। आम आदमी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी अतुल तिवारी को धमकी भी दी गई थी की आम आदमी पार्टी छोड़ दो नहीं तो तुम्हारे ऊपर 10 किलो गाजा एवं अन्य संगीन अपराध में धारा लगाकर जीवन खराब कर दूंगा। इस घटना को संज्ञान में लेते हुए बीते 26 दिसंबर को आम आदमी पार्टी द्वारा विरोध प्रदर्शन कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया था। इस अवसर पर ऑटो प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कमलेश गिरी, महामंत्री अवधेश, विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, रोहित श्रीवास्तव, लालमन सरोज आदि लोग शामिल रहे।

### निगरानी समिति की बैठक 31 को

**जौनपुर।** मुख्य विकास अधिकारी ने अवगत कराया है कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 31 दिसम्बर को अपराह्न 12 बजे से विकास भवन सभागार में सांसद श्याम सिंह यादव की अध्यक्षता में आहूत की गयी है, जिसमें सांसद राज्यसभा सीमा द्विवेदी एवं सांसद मछलीशहर बीपी सरोज सह-अध्यक्ष होगें। उक्त बैठक में जनपद में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित एवं वित्त पोषित समस्त योजनाओं की समीक्षा की जायेगी। जनपद के समस्त अधिकारी अपने-अपने विभाग के माध्यम से संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की अद्यावधिक प्रगति रिपोर्ट के साथ ससमय बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। बैठक में अनुपस्थित होने पर सम्बन्धित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होगें।

## भारत जोड़ो यात्रा विश्व की सबसे बड़ी रक्तहीन क्रांति : राकेश मिश्रा



**हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस**

**गभिरन।** कांग्रेस पार्टी के 138वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी के पिलकिछा कार्यालय पर पार्टी के बुजुर्ग नेताओं और कार्यकर्ताओं को सम्मानित करके कांग्रेसियों ने बुधवार को स्थापना दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया। सभा को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा ने कहा कि 138 वर्ष पूर्व आज ही के दिन कांग्रेस की स्थापना हुई थी। इसका उद्देश्य देश को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्ति दिलाने तथा सामाजिक समरसता, भाईचारा, देश का सार्वभौमिक विकास था। आजादी के बाद देश की बागडोर सम्भालते हुए कांग्रेस पार्टी की सरकार ने भारत को बुलंदियों पर पहुंचाया। स्वतंत्र भारत की लड़ाई से लेकर आधुनिक भारत का निर्माण, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, विज्ञान, बुनियादी सुविधाओं से देश को परिपूर्ण किया। श्री मिश्र ने कहाकि अवसरवादी ताकतें सत्ता के लिए देश को तोड़ने, भाईचारे, सौहार्द, साम्प्रदायिक एकता को छिन्न भिन्न करने का षड्यंत्र लगातार कर रही हैं, ऐसे विकट हालात में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से सम्पूर्ण देशवासियों को भय, नफरत के खिलाफ लोगों में प्यार बांटने के कार्य का नेतृत्व कर रहे हैं। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिक्षाविद् अतुल उपाध्याय, विश्राम राम, पवन शर्मा, परवेज अहमद, विपिन शर्मा, देवेश उपाध्याय, राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, हनुमान दास मौर्या सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रत्नेश यादव ने किया।

# उद्यमियों की समस्याओं का हो त्वरित निस्तारण : डीएम

**अपनी बात**

### विद्युत पोल न बदले जाने पर जतायी नाराजगी

### जिला उद्योग बन्धु की बैठक में दिये आवश्यक निर्देश

**जौनपुर।** जिला उद्योग बन्धु, सीडा उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु, श्रम बन्धु, जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति, बैंकर्स एवं व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक सीडा सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने उद्यमियों की समस्याओं को सुनते हुए त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया। सीडा में 5 विद्युत के पोल अभी नहीं बदले गये है और 9 पोल पुराने लगाए गये है, जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित फर्म को वसूली के साथ-साथ ब्लैक लिस्टेड करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिया।


जिला उद्योग बंधु की बैठक को सम्बोधित करते डीएम

जिलाधिकारी ने एलडीएम को निर्देश दिया कि 1 सप्ताह में एचडीएफसी के एटीएम ठीक हो जायें। सीडा में एसी बस के ठहराव के सम्बन्ध में निर्देश दिया कि बसों के ठहराव में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। रामा पॉलीमर के पास की नाली को ठीक करने के निर्देश दिये गये। एनएच 31 पर स्ट्रीट लाईट ठीक कराने और एलईडी लाईट लगाने के निर्देश दिये गये। कालोनी पार्क, हॉकिन्स, एचआईएल और आईआईए के द्वारा विकसित किया जा रहा है। इण्डस्ट्रीयल पार्क बनाये जाने का प्रस्ताव दे। सीडा उद्यमियों के द्वारा स्ट्रीट लाईट लगाने की मांग की, उपायुक्त उद्योग को लगाये जाने के निर्देश दिये। सीडा के सभी तिराहे एवं चौराहों को गड्ढ़ा मुक्त करने के निर्देश दिये और रोड नम्बर-11 को मरम्मत हेतु प्रस्ताव देने के निर्देश दिये। 2 मोडल शौचालय बनाये जाने हेतु जमीन चिन्हित हो चुकी है। सहायक श्रम आयुक्त के द्वारा निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता समूह स योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी और अपील किया कि अधिक से अधिक मजदूरों का पंजीकरण कराकर योजनाओं का लाभ लें। व्यापार मण्डल के लोगों ने अवगत कराया कि सीडा में होटल बनाये जाने का अनुरोध किया, जिस पर प्रस्ताव देने के निर्देश दिये। सीडा सामुदायिक केन्द्र में ट्रामा सेन्टर बनाये जाने, रेलवे क्रासिंग के पास डिवाइडर बनाये जाने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने कहा कि एसडीएम के साथ अभियान चलाकर सड़क अतिक्रमण हटाये। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 250 करोड़ का निवेश होने जा रहा है। इंवेर्स्टर समिति की योजना बनायी जा रही है। इच्छुक व्यापारी लाभ ले सकते है। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह द्वारा किया गया। बैठक में अग्रणी जिला प्रबन्धक, उमाशंकर, सहायक प्रबन्धक जय प्रकाश, वाणिज्य कर अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त उपस्थित रहे।

## एक्सीलेंस अवॉर्ड से नवाजे गए डॉ. आसिफ उमर

**सम्मेलन**

### भारत सरकार के कानून राज्य मंत्री ने सम्मानित कर बढ़ाया हौसला

**खेतासराय।** जनपद के सरायख्वाजा थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित पोटरिया गांव निवासी डॉ. आसिफ उमर को अखिल भारतीय शिक्षक वार्षिक सम्मेलन 2022 में जामिया मिल्लिया इस्लामिया के टीचर्स एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया जिससे शुभ-चिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। यह सम्मान शिक्षक कल्याण फाउंडेशन और जन सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भारत सरकार में कानून राज्यमंत्री प्रोफेसर सत्य पाल सिंह बघेल ने सम्मानित किया है।

कार्यक्रम में मुख्य विषय- राष्ट्रीय शिक्षा नीतिः शिक्षा का वर्तमान परिदृश्य 2025 का जिक्र करते हुए कहा कि हमें चाइना या जापान नहीं बल्कि भारत बनने पर जोर देना होगा और उस दिशा में मेहनत करनी होगी। हमें एक बार फिर से चाणक्य का भारत बनाना होगा। उन्होंने आगे कहा कि जामिया और देश के अन्य प्रतिष्ठित संस्थान को महत्वपूर्ण शिक्षकों के प्रयास से ही लगातार उपलब्धियां मिल रही हैं। उन्होंने शिक्षक की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक शिक्षक के मन में किसी भी प्रकार का द्वेष नहीं होना चाहिए, चाहे वह जाति, रंग व धर्म के आधार पर हो। एक कक्षा में सभी बच्चों को समान नजरिये से देखना चाहिए। कार्यक्रम में मौजूद बच्चों और उनके अभिभावकों से आग्रह किया कि अपनी सैलरी को



शिक्षा की तरफ खर्च करें क्योंकि इससे ही हम बेहतर भविष्य की उम्मीद कर सकते हैं।

कार्यक्रम में भारत सरकार के ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह, भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के एडिशनल सेक्रेटरी और आईएएस सन्तोष यादव ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर देशभर के शिक्षाविद और अलग-अलग हिस्सों से आएं शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। जिसके कड़ी में उक्त थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित पोटरिया गांव निवासी डॉ. आफिस उमर जामिया को एक्सीलेंस अवॉर्ड से नवाजा गया। इस शिक्षक सम्मेलन का संचालन नेशनल कन्वेनर जगदीश कुमार विज ने किया।

## ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ घायल

**बदलापुर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के भलुआही रेलवे क्रॉसिंग के समीप मंगलवार की शाम एक अधेड़ व्यक्ति मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक



उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वहीं घटना को लेकर भलुआही रेलवे फाटक के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार पांडेय ने जाम को खाली करवाया। घायल अधेड़ महराजगंज थाना क्षेत्र के बैहारी ग्राम पंचायत निवासी रामजीत गौतम बताया जा रहा है।

## शहर कांग्रेस ने पौधरोपण कर मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

**जौनपुर।** भगत सिंह पार्क में शहर कांग्रेस द्वारा पौधरोपण कर पार्टी का 138वां स्थापना दिवस मनाया गया। इसके बाद शहर कार्यालय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर शहर अध्यक्ष विशाल सिंह हुकुम ने कहाकि 1885 में कांग्रेस की स्थापना की गई थी। कांग्रेस की इस यात्रा को 138 साल पूरे हो गए हैं। महात्मा गांधी के मार्गदर्शन में पंडित जवाहर लाल नेहरू, सरदार पटेल, पंडित मदन मोहन मालवीय, लाला राजपत राय, लोकमान्य तिलक, मौलाना आजाद, सुभाष चंद्र बोस, सीराज गोपाल आचार्य, राजेंद्र प्रसाद और खान अब्दुल गफ्फार खान जैसे कांग्रेस नेताओं ने न केवल भारतीय स्वाधीनता कानून को सत्याग्रह, असहयोग और दांडी नमक यात्रा जैसे अहिंसक आंदोलन से देश की आजादी का मार्ग प्रशस्त किया, बल्कि अंग्रेजों से आजादी के बाद विकास की पंक्ति में अंतिम व्यक्ति को ध्यान में रखते हुए देश का संविधान तैयार करने और देश के एकीकरण में पंडित नेहरू और बाबा साहब अंबेडकर और सरदार पटेल के योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। देशहित की आवाज उठाने के लिए कांग्रेस शुरू से प्रतिबद्ध रही है। आज कांग्रेस के स्थापना दिवस पर हम सच्चाई और समानता के अपने इस संकल्प को दोहराते हैं। इस मौके पर उपाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, शशांक राय, जावेद खान बाबू, विवेक सिंह सप्पू, अमन सिन्हा, साजिद मानु, तालिब, ताहिर, रिजवान अब्बास आदि लोग उपस्थित रहे।


पार्टी के स्थापना दिवस पर पौधरोपण करते शहर कांग्रेस अध्यक्ष व अन्य

# हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का किया गया आयोजन

**जनसंदेश न्यूज**

**कार्यक्रम**

### आंगनबाड़ी व शिक्षकों के संयुक्त प्रशिक्षण को बीईओ ने किया संबोधित

**जफराबाद।** ब्लॉक संसाधन केंद्र सिरकोनी में निपुण भारत कार्यक्रम के अंतर्गत हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल रेडीनेस से प्रशिक्षित अध्यापक, नोडल शिक्षक संकुल व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में नई शिक्षा नीति, प्री प्राइमरी में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों, बुनियादी शिक्षा में बच्चों को दी जा रही सुविधाएं, समुदाय अभिभावकों की सहभागिता सहित अन्य बिंदुओं पर नोडल शिक्षकों के द्वारा विस्तृत चर्चा की गई।


निपुण भारत कार्यक्रम को सम्बोधित करते वक्ता

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी सिरकोनी कन्हैया लाल ने कहा कि नई शिक्षा नीति व निपुण भारत अभियान हमारी भावी पीढ़ी के लिए वरदान साबित होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने कहा कि हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम बुनियादी शिक्षा में परिवर्तन की महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगी। सीडीपीओ मनोज कुमार वर्मा ने आंगनबाड़ी व शिक्षकों को एक साथ सहयोग करके शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने और बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार प्रदान करने की बात कही गई। कार्यक्रम में एसआरजी डॉ. अखिलेश सिंह के द्वारा पीपीटी के माध्यम से प्रतिभागियों के समक्ष कार्यक्रम पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों के साथ एआरपी डॉ. कुंवर दरोगा सिंह, पंकज यादव, संजय सिंह, अशोक राजभर एवं सुनील कुमार सिंह ने विस्तृत रूप से चर्चा की।

कार्यक्रम को नोडल शिक्षक रामकृष्ण विश्वकर्मा, पंकज यादव, आशीष श्रीवास्तव, अविनाश यादव, रामचंद्र पाल, श्याम बाबू पाल, गिरजा शंकर यादव, योगेश कुमार, लक्ष्मी शंकर, नागेंद्र दुबे, राकेश कुमार पांडे ने बुनियादी साक्षरता के लक्ष्यों को प्राप्त करने विषयक चर्चा परिचर्चा की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मीना देवी, अलका सिंह, अमिता सिंह, अनुराग सिंह, रेखा उपाध्याय, प्रमिला देवी, सुजाता चतुर्वेदी, अनुराग यादव, राजेंद्र प्रसाद यादव, कविता सोनकर, पूनम राव, अनुराधा सिंह, आनंद, सुमन गौतम, शैलेंद्र कुमार, शुभम यादव सहित सैकड़ों प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

## सबसे पहले निपुण ब्लॉक बनेगा सुजानगंज

**सुजानगंज।** हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन ब्लाक सभागार में किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि सुजानगंज सबसे पहले निपुण ब्लॉक बनेगा।



उन्होंने ब्लॉक में शिक्षा के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ योगदान देने वाले शिक्षक अशोक सरोज, गीता देवी, संतोष कुमार दुबे, आंगनबाड़ी कार्यकत्री बबिता देवी, अभिभावक विजय कुमार प्रजापति, प्रमोद कुमार सिंह, को मेडल व अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत बाल वाटिका प्री प्राइमरी स्कूलों में 3 से 6 वर्ष के बच्चों को बेहतर ढंग से शिक्षा प्रदान किया जाता है। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डेय ने कहाकि ब्लॉक को निपुण बनाने में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हमारी पूरी अकादमिक टीम पूरे जोश से कार्य कर रही है। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी सचिन भारती, ज्वाइंट बीडीओ आरके त्रिपाठी, सीडीपीओ किरन, एआरपी डा. विनोद कुमार पाल, अतुल कुमार सिंह, विवेक सिंह, अभिनव मिश्र, अजय कुमार सिंह अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, मंत्री राजीवमणि त्रिपाठी, शेखर मिश्र, राकेश, प्रभाकर शुक्ल सहित समस्त शिक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रही।

## जरूरतमंदों में डीएम ने बांटे कंबल

**नेक कार्य**

### जल रहे अलाव का भी किया निरीक्षण

**जौनपुर।** मंगलवार को बढ़ते ठंड एवं गलन को देखते हुए जिलाधिकारी/अध्यक्ष इण्डियन रेडक्रास सोसायटी मनीष कुमार वर्मा ने रेडक्रास टीम के सदस्यों के साथ रात्रि भ्रमण कर जनपद में बने रैन बसेरों, रोडवेज बस स्टैंड, सद्भावना पुल, कोतवाली, चहारसू चौराहा, रेलवे स्टेशन, जिला अस्पताल में असहायों एवं जरुरतमंदों में कंबल का वितरण किया। जिलाधिकारी ने नगर पालिका द्वारा विभिन्न स्थानों पर जल रहे अलाव का निरीक्षण भी किया और अधिशाषी अधिकारी को निर्देशित किया की ठंड को देखते हुए और अलाव की व्यवस्था की जाय। कंबल वितरण के दौरान जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने कहा कि रेडक्रास का उद्देश्य है कि पीड़ित, असहायों की सेवा करना और अन्य लोंगो को भी प्रोत्साहित करना। उन्होंने कहा कि अत्यधिक ठंड से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के गत निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबलों का वितरण कराया जा रहा है। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान, एसडीएम सदर सुनील कुमार भारती, एसडीएम नेहा मिश्रा, एसडीएम ऋषभ पुंडीर, अधिशाषी अधिकारी संतोष मिश्र, सचिव रेडक्रास डॉ. मनोज वत्स, कोषाध्यक्ष डॉ. संदीप पाण्डेय सहित सदस्यगण उपस्थित रहे।


जरूरत मंद को कम्बल देते जिलाधिकारी व अन्य

# विद्यालयों पर धमके खाद्य सुरक्षा अफसर, लिया एमडीएम का नमूना

**जांच**

**नगर के प्राथमिक विद्यालयों से नमूना लेकर जांच के लिए भेजा शासकीय प्रयोगशाला आगरा**

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को परोसे जाने वाले एमडीएम की गुणवत्ता परखने के लिए बुधवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओमप्रकाश द्वारा नगर के कई विद्यलयों में बन रहे मध्यान्ह भोजन की जांच की, इस दौरान उन्होंने उन विद्यालयों से मध्यान्ह भोजन का नमूना लेकर जांच के लिए शासकीय प्रयोगशाला आगरा के लिए भेज दिया।

इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओमप्रकाश ने प्राथमिक विद्यालय बाजार सलावत खां, प्राथमिक विद्यालय भदोही, पूर्व माध्यमिक विद्यालय फत्तुपुर, प्राथमिक विद्यालय चकसैफ व प्राथमिक विद्यालय ठकुरा, कटरा के एमडीएम की जांच के लिए पहुंचे। जहां पर उन्होंने एमडीएम की जांच की और नमूना भी लिया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि सभी विद्यालयों के खाद्य नमूने को जांच के लिए लिया गया है। जिसको खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला आगरा के लिए भेज दिया जाएगा। जिसकी रिपोर्ट लगभग एक माह में आजायेगी, वहां से रिपोर्ट आने पर अगर जिन विद्यालयों का नमूना फेल हुआ तो इसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को कार्यवाई के लिए भेज दी जाएगी। इस दौरान विद्यलयों में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। इस मौके पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहयोगी रविकुमार आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।


प्राथमिक विद्यालय ठकुरा पर एमडीएम का नमूना लेते खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओमप्रकाश

## नर्सरी स्कूल संचालको को डीएम के आदेश का नही हैं खौफ

**गोपीगंज।** जनपद भदोही को शीतलहर ने अपनी चपेट में ले लिया है, ऐसा देखते हुए जिलाधिकारी गौरांग राठी ने स्कूली बच्चों को शीतलहर से बचाने के लिए जनपद के परिषदीय प्राथमिक पूर्व प्राथमिक विद्यालय सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त एवं अन्य बोर्ड के कक्षा एक से आठ तक के विद्यालयों का संचालन प्रातः 9:30 से 3:00 बजे तक 30 दिसंबर तक के लिए आदेश पारित किया है। इस आदेश के बावजूद गोपीगंज नगर में जिलाधिकारी के आदेश की अवहेलना करते हुए कक्षा 1 से लेकर 8 तक के चलने वाले स्कूल अपने पूर्व निर्धारित समय से ही चल रहे हैं। जिसके कारण इस ठंड शीतलहरी के मौसम में बच्चों के साथ अभिभावकों को भी परेशान होना पड़ रहा है। जिस के संबंध में अभिभावकों ने जिला प्रशासन से विद्यालयों पर जिलाधिकारी के आदेश का शक्ति से पालन कराने का आग्रह किया है। जिसमें मुख्य रुप से कमलनयन अग्निहोत्री, दीपक अग्रहरी, राजू अग्रहरी, राकेश मोदनवाल सहित काफी संख्या में लोगों ने मांग की है।

# तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गए सुभाष

**चुनाव**

**महामंत्री परिमल कुमार श्रीवास्तव व कोषाध्यक्ष के पद पर इंद्रदेव मौर्य हुए निर्वाचित**


अध्यक्ष पद के लिए चुने गए सुभाष चंद यादव व महामंत्री का फूल माला पहना कर स्वागत करते साथी अधिवक्ता

**भदोही।** भदोही तहसील बार एसोसिएशन सत्र 2022-23 के अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष पद के लिए बुधवार को काफी गहमा-गहमी के बीच चुनाव हुआ। मतों की गणना के बाद अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सुभाष चंद यादव, महामंत्री पद के उम्मीदवार परिमल कुमार श्रीवास्तव व कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी इंद्रदेव मौर्य को निर्वाचित घोषित किया गया।

अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सुभाष चंद यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी वर्तमान अध्यक्ष सूर्य प्रसाद द्विवेदी को मात्र एक मत से हराया। विजय हासिल करने वाले प्रत्याशियों को उनके समर्थकों ने फूलमालाओं से लाद दिया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, संयुक्त मंत्री, आय व्यय निरीक्षक के अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्य पर के लिए एक-एक नामांकन होने से सभी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। सुबह 9 बजे से सायं साढ़े तीन बजे तक गहमागहमी के बीच मतदान होता रहा। अध्यक्ष पद के लिए कुल 241 मत पड़े। जबकि महामंत्री पद के लिए कुल 240 व कोषाध्यक्ष पद के लिए 239 मत पड़े। कुल 10 राउंड की हुई गिनती में अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में सुभाष चंद यादव को 121 व सूर्य प्रसाद द्विवेदी को 120 मत मिले। वहीं महामंत्री पद के लिए हुए चुनाव में परिमल कुमार श्रीवास्तव को 147 व विजय कुमार राज को 93 मत मिले। महामंत्री पद के लिए परिमल कुमार श्रीवास्तव 147 मत पाकर निर्वाचित घोषित किए गए। जबकि कोषाध्यक्ष पद के लिए इंद्रदेव मौर्य को 132 व विष्णु को कुल 107 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद के लिए 132 मत पाकर इंद्रदेव मौर्य निर्वाचित घोषित किए गए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने उनके निर्वाचित होने की घोषणा की। विधान चंद्र यादव आदि ने बधाई दिया।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कर सीडीओ ने दिए दिशा निर्देश

**बैठक**

**आयुष्मान गोल्डेन कार्ड से लाभार्थियों को प्राप्त होने वाली सुविधाओं पर दिया बल**

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सीडीओ ने आयुष्मान कार्ड, दवाओं की उपलब्धता, हेल्थ वेलनेस सेण्टर, विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान, जननी सुरक्षा योजना, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण सहित विभिन्न बिन्दुओं पर समीक्षा किया।

बैठक के प्रारम्भ में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक ने बैठक के एजेंडा बिंदु सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया। बैठक में सीडीओ ने समस्त अधीक्षकों को निर्देश दिया की प्रसव के बाद तुरंत डिस्चार्ज न करें, 24 घंटे बाद ही डिस्चार्ज की जाए। सीडीओ ने चिकित्सालयो में ओपीडी प्रगति, आयुष्मान भारत-पीएम जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड वितरण, उसके सापेक्ष उपचारित लाभार्थियों की अद्यतन स्थिति, जन्म पंजीकरण, जननी सुरक्षा योजना, पीएम मातृत्व वंदना योजना, संस्थागत प्रसव, राष्ट्रीय दृष्टिहीनता निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, वेक्टर जनित रोग, न्यूबॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की, जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ सहित चिकित्सा अधीक्षक एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# शिक्षक संवारता है देश का भविष्य : ब्लॉक प्रमुख

**आयोजन**

**हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम के अंतर्गत लगाई गई प्रदर्शनी**

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र भदोही पर बुधवार को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्र से प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा एक के नव प्रवेशी पढ़ने वाले बच्चों की शिक्षा को मजबूत व रुचिकर बनाना है। ब्लॉक संसाधन केंद्र भदोही पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रशांत सिंह चिट्टू ने कहा कि सरकार बच्चों की शिक्षा का स्तर प्री प्राइमरी में ही मजबूत करना चाहती है। कहा कि जिसके भविष्य को शिक्षक संवारता है वही भारत का नाम रोशन करता है। अध्यक्षता कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी भदोही चन्द्र शेखर आजाद ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की नीतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आंगनबाड़ी व शिक्षा विभाग के संयुक्त कार्यक्रम के तहत प्राथमिक में पढ़ने वाले बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए उक्त आयोजन किया गया है। कहा कि सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों पर ही बच्चों को अधिक से अधिक जानकारी देने का प्रयास कर रही है जिससे कि अगली कक्षाओं में बच्चे बेहतर प्रदर्शन कर सकें।


हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते बीईओ चन्द्र शेखर आजाद


हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में मौजूद आँगनबॉडी व शिक्षक

इससे पहले मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि सीडीपीओ भदोही प्रतिमा श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं उनके समक्ष दीप प्रज्वलित किया। कम्पोजिट विद्यालय रोटहा की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में टीएलम स्टाल लगाने वाले विद्यालय प्राथमिक विद्यालय लक्षापुर, फत्तूपुर, कम्पोजिट विद्यालय भुलईपुर गोविंदपुर के शिक्षकों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में एसआरजी भदोही धीरज सिंह, एआरपी भदोही विनोद सिंह, जितेंद्र उपाध्याय, शुभाशीष मिश्रा, सुनील त्रिपाठी, अजीत मिश्रा ने हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम के उद्देश्य महत्व व क्रियान्वयन पर विस्तार से प्रकाश डाला। संचालन बीएल पाल ने किया।

# एबीएसए को उत्कृष्ट कार्य करने पर मिला प्रशस्ति पत्र


उत्कृष्ट कार्य करने पर बीईओ सुरियावां सुमन केसरवानी को प्रशस्ति पत्र देते बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह

**सुरियावां।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय लक्षित नामांकन, डीबीटी, शारदा योजना, कायाकल्प, संतृप्ती करण, गुणवत्तापूर्ण समावेशी शिक्षा एवं मध्यान भोजन की उपलब्धता के क्षेत्र में अकादमिक एवं प्रशासनिक पक्ष में उत्कृष्ट कार्य करने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरियावां को बीएसए ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एबीएसए सुमन केसरवानी द्वारा अभिप्रेरित भूमिका निर्वहन की बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह ने प्रशंसा की व कहा कि आशा किया जाता है कि निपुण भारत मिशन एवं मिशन फाइव स्टार के लक्ष्यों को प्राप्त करने में विकासखंड सुरियावा जनपद में अग्रणी रहेगा। इन्हीं शुभकामनाओं के साथ बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# नर्सिंग व पैरामेडिकल कोर्स के लिए नहीं जाना होगा बाहर : सलमान इश्तियाक

**कार्यक्रम**

**बरलास पैरामेडिकल एंड नर्सिंग इंस्टीच्यूट का हुआ शुभारंभ**

**शाहगंज/खेतासराय।** खेतासराय-शाहगंज मुख्य मार्ग पर स्थित मिर्जा अनवर बेग इण्टर कॉलेज के निकट बुधवार की सुबह एक पैरामेडिकल एंड नर्सिंग इंस्टीच्यूट का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समाजसेवी सलमान इश्तियाक द्वारा किया गया। जानकारी के अनुसार वुक्त इण्टर कॉलेज के समीप बरलास पैरामेडिकल एंड नर्सिंग इंस्टीच्यूट का शुभारम्भ मुख्य अथिति के रूप में उपस्थित हुए समाज सेवी सलमान इश्तियाक ने फीता काट कर किया। इस दौरान उन्होंने कहाकि लम्बे समय से लोगों का सपना था कि क्षेत्र में नर्सिंग इंस्टीच्यूट खुले ताकि आसपास क्षेत्र की बहन, बेटियों व बहुओं को नर्सिंग व पैरामेडिकल से सम्बंधित कोर्स के लिए कहीं दूर जाना न पड़े। क्षेत्रवासियों का यह सपना आज पूरा हो गया जिससे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवा बेहतर होगी। इस संस्थान में जीएनएम, एएनएम, डीआरएचसी, डीएमएलटी, सीएमएस, ईडी और पैरामेडिकल एंड नर्सिंग से सम्बंधित अन्य डिप्लोमा कोर्स का संचालन किया जाएगा। इस संस्थान में कोर्स के हिसाब से छात्रों को सुविधा व अत्याधुनिक संसाधनों से लैस है। इसके पूर्व सचिव मिर्जा अजफर बेग, प्रबंधक कहकशां खान, प्रबंधक अल्तमश बरलास ने अतिथि को माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान मुख्य रूप से मोहम्मद जाहिद, मोहम्मद आजम, मौलाना अहमद, अब्दुल रहमान, डा. शादाब, सैय्यद उरूज, प्राचार्य डॉ. एनपी उपाध्याय, प्रधानाचार्य प्रभात पाठक, प्रधानाचार्य नौशाद अहमद खान, प्राचार्य आमिर सिद्दीकी मौजूद रहे। संचालन मोहम्मद अतहर खान ने किया।


कार्यक्रम को सम्बोधित करते वक्ता

# फातमा जहरा की शहादत की याद में मजलिस का आयोजन

**जौनपुर।** गौराबादशाहपुर कस्बे के बमैला मोहल्ले में चल रहे तीन दिवसीय मजलिस का समापन मंगलवार की रात हो गया। शिया समुदाय ने पैगम्बर मोहम्मद साहब की बेटी हजरत फातिमा जहरा की शहादत की याद में अय्यामे फातमी मजलिसे अजा का आयोजन किया। आखिरी दिन अजादारों ने कैंडल मार्च निकाल कर व अंजुमनों ने नौहा मातम कर हजरत फातमा जहरा को नजराने अकीदत पेश किया। मजलिस को मौलाना कारी गुलरेज नकी, मौलाना सिराज मेहदी खान, मौलाना सैयद मोहम्मद मेहदी रिजवी ने खेताब फरमाया। पेशखानी अली, अमन व सज्जाद हुसैनी ने तथा सोजखानी गौहर, परवेज हसन, काविश व उनके हमनवा ने किया। खत्म मजलिस मौलाना सैयद अली अब्बास हायरी ने जियारत पढ़ाया। इस मौके पर सैयद मेहदी हसन एडवोकेट, जमीर हसन, सैयद रजा मेहदी, तनवीर हसन, तौकीर हसन, परवेज हसन, सैयद हसन, हैदर रजा, गुलाम जमा, मोहम्मद रजा, खादिम रिजवी आदि मौजूद रहे।


मजलिस को सम्बोधित करते मौलाना

# छापेमारी में 5 किलो प्लास्टिक जब्त

**कार्रवाई**

**टीम ने अभियान में वसूला 8700 रुपया जुर्माना**

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति व नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी जी लाल के नेतृत्व में बुधवार को शासन व डीएम के निर्देश पर सिंगल यूज प्लास्टिक के बैन को लेकर अभियान चलाया गया। जिसमें 5 किलो प्रतिबंधित पॉलिथीन मिला। जिनसे 8700 रुपए का जुमार्ना वसूला गया।इस दौरान तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति व नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी जी लाल के नेतृत्व में परिषद के अधिकारियों ने नगर के विभिन्न स्थानों पर सिंगल यूज प्लास्टिक के बैन के संबंध में अभियान चलाकर दुकानों पर छापेमारी की। नगर पालिका परिषद के इस अभियान के चलते उन स्थानों पर हड़कंप मचा रहा। जानकारी होने के बाद दुकानदार ऐसे पॉलिथीन को अपनी दुकानों से हटा बढ़ा दिए। टीम ने नगर के लगभग दो दर्जन दुकानों पर पहुंचकर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम को 5 किलो प्रतिबंधित पॉलिथीन कुछ दुकानों पर मिला। जिसको जब्त कर लिया गया। इसके साथ ही ऐसे दुकानदारों से टीम ने 8700 रुपया जुमार्ना के रूप में वसूली की। इस मौके पर नगर पालिका परिषद के कर अधीक्षक तेज बहादुर यादव व सफाई निरीक्षक मिथिलेश कुमार, लेखपाल रिशुन कुमार, रविन्द्र सिंह, जितेंद्र कुमार, तौसीफ बेग, साजिद खान, चुन्ना बेग के साथ ही कुछ सफाई कर्मी भी मौजूद रहे।


दुकान पर सिंगल यूज प्लास्टिक की जांच करते तहसीलदार और इओ

## फातिमा जहरा की शहादत पर मजलिस का आयोजन

**शाहगंज।** नगर के भादी खास मोहल्ले में फातिमा जहरा की शहादत में मजलिस का आयोजन किया गया। आयोजित मजलिस में फतेहपुर से आये मौलाना सैयद मोहम्मद आबिद रिजवी मौजूद रहे। हजरत मोहम्मद साहब की इकलौती बेटी हजरत फातिमा की शहादत की मकतबे फातिमी भादी खास की तरफ से मजालिस मस्जिद औलाद हुसैन में आयोजित की गयी। मजलिस को सम्बोधित करते हुए फतेहपुर से आए मौलाना सैयद मोहम्मद आबिद रिजवी ने कहाकि फातिमा जहरा आलिमें निसवां के लिए एक नमूनये अमल हैं। मोहम्मद साहब फरमाते थे फातिमा मेरी मां हैं। जब फातिमा आती थीं मोहम्मद साहब ताजीम में खड़े हो जाया करते थे। बादे शहादते रसूल फातिमा जहरा पर जुल्म ढाए गए। आग और लकड़ी लेकर आए जालिमों ने फातिमा के घर को आग के हवाले कर दिया। जलता हुआ दरवाजा फातिमा पर गिरा और मादरे शिकम में जनाबे मोहसिन शहीद हो गये। ये सारे मसाएब सुनकर उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गई। लोग जारों कतार रोने लगे। या फातिमा या फातिमा की सदायें बुलन्द हो गई। मजलिस की शुरूआत तिलावत कलामे पाक से हुई। इश्तेयाक हुसैन व हमनवां ने मर्सिया पेश किया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक

**केराकत।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय छितौना में बुधवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक हुई जिसमें शिक्षक और शिक्षणेतर कार्मिकों की समस्याओं पर चर्चा की गई। एक बार फिर दोहराया गया कि संगठन शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा मुस्तैदी से खड़ा रहेगा। संघ के ब्लाक अध्यक्ष शिव बचन यादव ने साथी शिकाकों को छात्र हित में ईमानदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। बैठक की अध्यक्षता संघ के ब्लाक अध्यक्ष शिव बचन यादव और संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम मिलन यादव ने किया। इस मौके पर धर्मेन्द्र कुमार, अमित चौरसिया, मिठाई लाल, विनोद यादव, राजेश यादव, अजय पाठक, अनुपम मौर्या, दिनेश कुमार, सौरभ सिंह, छेदीलाल, रमाशंकर पटेल, बीरेंद्र चौहान, भैयालाल, बसंत कुमार आदि भारी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# जिपं की बैठक में सदन के पटल पर रखा गया मूल बजट

**जनसंदेश न्यूज**

**बैठक**

**जिला पंचायत के कार्यों की गुणवत्ता सराहनीय : प्रिंशु**

**जौनपुर।** काशीराम अतिथि गृह में बुधवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे जिला पंचायत की बैठक अध्यक्ष श्रीकला सिंह की अध्यक्षता में आहूत की गयी। सर्व प्रथम अपर मुख्य अधिकारी द्वारा अध्यक्ष, विधान परिषद सदस्य बृजेश कुमार सिंह प्रिंशु एवं जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह का स्वागत करने के पश्चात अध्यक्ष की अनुमति से अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। सदन में एजेण्डावार पहले गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गयी उसके बाद जिला पंचायत का पुनरीक्षित बजट वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं जिला पंचायत का मूल बजट वित्तीय वर्ष 2023-24 का प्रस्ताव सदन के पटल पर रखा गया जिसे सदन द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। बृजेश कुमार सिंह प्रिंशु सदस्य विधान परिषद द्वारा अवगत कराया गया कि जिला पंचायत के कार्यों की गुणवत्ता बहुत ही अच्छी है। साथ ही डेंगू के प्रकोप से जिला पंचायत द्वारा विभिन्न क्षेत्रों एवं बाजारों अथवा सार्वजनिक स्थानों पर फागिंग मशीन से छिड़काव कराया गया जो बहुत ही सराहनीय कार्य रहा है। भविष्य में आने वाली कोविड की समस्या को देखते हुए आगे भी हम लोग पूरी तरह से तैयार हैं। बैठक में सदस्य वाघ सिंह चौहान, महेन्द्र यादव, अमरेश रतन सिंह, निशि यादव, पवन कुमार, लक्ष्मीकान्त यादव आदि एवं सत्येन्द्र सिंह प्रमुख क्षेत्र पंचायत मुंगराबादशाहपुर, बृजेश सिंह प्रमुख क्षेत्र पंचायत खुटहन, संजय सिंह प्रमुख क्षेत्र पंचायत सिकरारा, मनोज यादव प्रमुख क्षेत्र पंचायत बक्शा, राहुल सिंह प्रमुख क्षेत्र पंचायत रामपुर, मुन्ना यादव प्रमुख क्षेत्र पंचायत धर्मापुर तथा अन्य विकास खण्डों के ब्लाक प्रमुखगण तथा जिला पंचायत राज अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति रही। पवन कुमार सदस्य द्वारा अवगत कराया गया कि डेंगू के प्रकोप में जिला पंचायत द्वारा विभिन्न क्षेत्रों एवं बाजारों में फागिंग मशीन से छिड़काव कराया गया जो बहुत ही सराहनीय कार्य रहा है। आगे आने वाली कोविड की समस्या के लिए उसी प्रकार जिला पंचायत को तैयार रहने की आवश्यकता है। बाघ सिंह चौहान सदस्य द्वारा ग्राम पंचायत हौज में पेयजल हेतु नलकूप की समस्या के समाधान हेतु जिला विकास अधिकारी से अनुरोध किया गया। लक्ष्मीकान्त यादव सदस्य द्वारा अपने क्षेत्र के रायपुर में उकनी पावर हाउस द्वारा रायपुर से मुंगराबादशाहपुर विद्युत तार का निर्माण कार्य हो रहा है जो छोटे-छोटे किसानों के खेत से गुजर रहा है जिससे भविष्य में इन लोगो के आवास निर्माण में समस्या उत्पन्न होगी। इस समस्या से निराकरण हेतु सदन के समक्ष रखा गया। जिस पर अध्यक्ष द्वारा सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए सदस्यों के क्षेत्र से सम्बन्धित समस्याओं को निराकरण किये जाने का आश्वासन दिया गया। अन्त में अध्यक्ष द्वारा वर्ष की अन्तिम बैठक में आने वाले नव वर्ष 2023 की शुभकामानाओं के साथ सदन में उपस्थित विधान परिषद सदस्य, समस्त प्रमुखगण, सदस्यगण एवं जनपदस्तरीय अधिकारियों को अंग वस्त्र व डायरी सप्रेम भेट सहित धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की समाप्ति की घोषणा की गयी।


जिपं की बैठक को सम्बोधित करते बृजेश सिंह प्रिंशु

# ट्रिपल टेस्ट फार्मूला पर क्यों फंसा है पेंच

## मामला हुआ पेचीदा

## यूपी में कैसे चुनाव करा पाएगी सरकार




*तो क्या हाईकोर्ट के फैसले के बाद निगर निगम चुनाव फंस गया है? उत्तर प्रदेश में ओबीसी आरक्षण को लेकर मसला तूल पकड़ रहा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बिना ओबीसी आरक्षण लागू किए चुनाव कराने का ऑर्डर दिया है। इस पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि बगैर ओबीसी आरक्षण के नगर निकाय चुनाव नहीं होगा। हम सरकार सुप्रीम कोर्ट जाने की भी तैयारी कर चुके हैं। यूपी सरकार ने पांच दिसंबर को निकाय चुनाव के लिए आरक्षण की अधिसूचना जारी की थी। इसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। कहा गया कि यूपी सरकार ने आरक्षण तय करने में सुप्रीम कोर्ट के ट्रिपल टेस्ट फॉर्मूले का पालन नहीं किया है। इस पर हाईकोर्ट ने आरक्षण की अधिसूचना रद किया और यूपी सरकार को तत्काल प्रभाव से बिना ओबीसी आरक्षण लागू किए नगर निकाय चुनाव कराने का फैसला दे दिया। सभी हैरान हैं कि यह ट्रिपल टेस्ट फार्मूला क्या बला है? सवाल ये भी है कि सरकार और कोर्ट के आदेश के बीच अब नगर निकाय चुनाव का क्या होगा?*

## चुनाव अब लटक जाएगा?

सुप्रीम कोर्ट ने विकास किशनराव गवली की याचिका पर सुनवाई करते हुए ट्रिपल टेस्ट फॉर्मूले से नगर निकाय चुनाव कराने का आदेश दिया था। कोर्ट का ये आदेश सभी राज्यों को लागू करना था, लेकिन अब तब उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में लागू नहीं हो सका है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि निकाय चुनाव में राज्य सरकार ट्रिपल टेस्ट फामूर्ले का पालन करने के बाद ही ओबीसी आरक्षण तय कर सकती है। इस ट्रिपल टेस्ट फॉमूर्ले में तीन अहम बातें हैं। स्थानीय निकायों में पिछड़ेपन की प्रकृति की जांच के लिए एक आयोग की स्थापना की जाए। यह आयोग निकायों में पिछड़पेन की प्रकृति का आकलन करेगा और सीटों के लिए आरक्षण प्रस्तावित करेगा। आयोग की सिफारिशों के तहत स्थानीय निकायों की ओर से ओबीसी की संख्या का परीक्षण कराया जाए और उसका सत्यापन किया जाए। इसके बाद ओबीसी आरक्षण तय करने से पहले यह ध्यान रखा जाए कि एससी-एसटी और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कुल आरक्षित सीटें 50 फीसदी से ज्यादा न हों।

पांच दिसंबर को यूपी सरकार ने नगर निकाय चुनाव के लिए आरक्षण की अधिसूचना जारी की। आरोप है कि सरकार ने इसमें सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार, ट्रिपल टेस्ट फॉमूर्ले का पालन नहीं किया। मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंचा तो उत्तर प्रदेश सरकार ने हलफनामा दाखिल कर अपना जवाब दिया। सरकार का कहना है कि उसने सात अप्रैल 2017 को विस्तृत प्रक्रिया के साथ निकाय चुनाव के लिए ओबीसी आबादी की पहचान के लिए दिशा निर्देश जारी किए थे, जो ट्रिपल टेस्ट फामूर्ले की पहली शर्त है। इसके बाद ओबीसी के आनुपातिक आरक्षण के नियम को यूपी सरकार सख्ती से पालन कर रही है। 50 फीसदी से ज्यादा आरक्षण न दिए जाने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का भी पालन किया जा रहा है।

न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया की खंडपीठ ने नगर निकाय चुनाव को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि बगैर ट्रिपल टेस्ट की औपचारिकता पूरी किए ओबीसी को कोई आरक्षण नहीं दिया जाएगा। कोर्ट ने कहा चूंकि नगर पालिकाओं का कार्यकाल या तो खत्म हो चुका है या फिर खत्म होने वाला है, ऐसे में राज्य सरकार/ राज्य निर्वाचन आयोग तत्काल चुनाव अधिसूचित करेंगें। चुनाव की जारी होने वाली अधिसूचना में सांविधानिक प्रावधानों के तहत महिला आरक्षण शामिल होगा। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि ट्रिपल टेस्ट संबंधी आयोग बनने पर ट्रांसजेंडर्स को पिछड़ा वर्ग में शामिल किए जाने के दावे पर गौर किया जाएगा। नगर निकाय के चुनाव को लेकर हाईकोर्ट का फैसला आने के तत्काल बाद ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ ने कहा कि नगर निकाय का चुनाव पिछड़ों को आरक्षण दिए बगैर नहीं कराएंगे। उन्होंने कहा कि पिछड़ों को आरक्षण देने के लिए पहले पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन करेंगे और इसके बाद ट्रिपल टेस्ट के आधार पर पिछड़ों के लिए आरक्षण तय किया जाएगा। इसके बाद ही नगर निकाय चुनाव कराएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले के परिप्रेक्ष्य में सरकार कानूनी राय ले रही है। इसके बाद जरूरी हुआ तो सरकार सुप्रीम कोर्ट में भी अपील करेगी।

ऐसा नहीं है कि ट्रिपल टेस्ट को लेकर केवल यूपी में नगर निकाय चुनाव फंसा है। इसके पहले चार अन्य राज्यों में भी इसी तरह का विवाद हो चुका है। इसमें मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और झारखंड शामिल है। महाराष्ट्र में इस साल की शुरूआत में बिना ट्रिपल टेस्ट लागू करके ओबीसी आरक्षण देने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले को खारिज कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने भी बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। तब राज्य सरकार पिछड़ों को आरक्षण देने के लिए अध्यादेश ले आई। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस अध्यादेश को भी खारिज कर दिया। अंत में राज्य सरकार को पिछड़ा आयोग का गठन करना पड़ा और उसकी सिफारिशों के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण की अनुमति दी।

बिहार में राज्य सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग की जगह पहले से काम कर रहे अति पिछड़ा आयोग को ओबीसी आरक्षण की रिपोर्ट तैयार करने का काम सौंप दिया। इस फैसले को यह कहते हुए सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई कि यह समर्पित पिछड़ा आयोग नहीं है। हालांकि, कोर्ट ने आयोग की रिपोर्ट के आधार पर जारी चुनाव कार्यक्रम में कोई दखल नहीं दिया। लेकिन, आयोग की वैधता पर जरूर जनवरी में सुनवाई होगी।

मध्य प्रदेश में यहां भी नगर निकाय का चुनाव अदालत में फंस गया। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने बिना ट्रिपल टेस्ट फॉमूर्ला लागू किए चुनाव कराने के सरकार के फैसले को खारिज कर दिया था। इसके खिलाफ मध्य प्रदेश सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई थी। मई, 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य चुनाव आयोग को बिना ओबीसी आरक्षण लागू किए चुनाव कराने का आदेश दे दिया। हालांकि, बाद में सरकार ने राज्य पिछड़ा आयोग का गठन किया और उसकी सिफारिशों के आधार पर ही चुनाव हुए।

झारखंड में यहां भी राज्य सरकार ने बिना पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किए नगर निकाय चुनाव की घोषणा कर दी थी। इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। तब हेमंत सोरेन सरकार ने कोर्ट से आयोग के गठन के लिए समय मांगा। अब आयोग का गठन हो चुका है। अब इसी की रिपोर्ट के आधार पर यहां स्थानीय निकाय चुनाव होंगे।

### अब क्या करेगी योगी सरकार

जानकार कहते हैं कि ऐसे में यूपी सरकार के पास भी ज्यादा विकल्प नहीं बचा है। यूपी सरकार को भी पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन करना होगा और इसी की रिपोर्ट के आधार पर ही नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू हो सकता है। अगर बिना आरक्षण के सरकार चुनाव नहीं कराना चाहती है तो उसे जल्द से जल्द इस आयोग का गठन करना होगा। हालांकि, सरकार को आयोग के गठन के लिए जरूर सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल सकती है।

# यूपी में कांग्रेस रहेगी 'चल अकेला'

## राहुल भारत जोड़ो यात्रा से बना रहे रणनीति



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी तीन जनवरी को जब दिल्ली से उत्तर प्रदेश में आएंगे तो संदेश नए तरह का देने का उनका उद्देश्य होगा। राजनीति में संदेश तो देना वैसे तो पुरानी बात है। वर्कर्स को जोड़ने और उनसे कनेक्ट की कोशिश होगी। प्रयास तो यूपी के राजनीतिक मैदान में पुराने दिनों की वापसी का है। कम से कम 2009 वाली स्थिति तक तो पहुंचने की जरूर है, भारत जोड़ो यात्रा दिल्ली से होती हुई यूपी के लोनी में प्रवेश करेगी, तो कई उम्मीदें भी कदमताल करतीं रहेंगी। राहुल की कोशिश प्रदेश में पार्टी की स्थिति में एक नए बदलाव की होगी। राहुल गांधी यूपी की 80 सीटों पर अपनी धमक और पार्टी की चमक बढ़ाने की कोशिश करते दिखेंगे। भले ही उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा तीन दिनों की है, लेकिन इनमें वे यूपी की सियासत में बड़े बदलाव की लकीर खींचने की कोशिश करते दिख सकते हैं। उत्तर प्रदेश की राजनीति में मंडल आंदोलन के बाद कांग्रेस की स्थिति लगातार कमजोर होती गई। ओबीसी वोट बैंक के उभार और राम मंदिर के मुद्दे पर पार्टी की स्पष्ट नीति नहीं होने से पार्टी हत्थे से उखड़ती चली गई। इससे अधिक नुकसान पार्टी को अंदरूनी राजनीति और गुटबाजी से भी हुआ। पार्टी की अंदरूनी राजनीति ने प्रदेश की सत्ता से ही नहीं, पार्टी को प्रदेश से ही लगभग बाहर कर दिया है। हालांकि, कांग्रेस से जुड़े रहने वाले और पार्टी के प्रति वफादार लोग आज भी हैं। राहुल गांधी उन्हें अपने साथ जोड़ने की कोशिश करेंगे।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी जानते हैं कि अगर दिल्ली की सियासत पर पार्टी को एक बार फिर जमना है तो उत्तर प्रदेश में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। लोकसभा चुनाव 2019 में अमेठी तक से हार झेलने वाले राहुल गांधी बदलाव की कोशिश करते दिख रहे हैं।

इसके लिए हर जिले को निमंत्रण भेजा गया है। तमाम पार्टी कार्यकर्ताओं को भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ने को कहा गया है। पश्चिमी यूपी से इमरान मसूद जैसे नेताओं ने भले ही कांग्रेस का हाथ छोड़ दिया हो, लेकिन पार्टी के साथ अब लोगों को जोड़कर उनसे जुड़ने की कोशिश राहुल गांधी के जरिए पार्टी करती दिख रही है। संदेश पूरे प्रदेश तक जाए, इसका पूरा इंतजाम है। राहुल भारत जोड़ो यात्रा को विपक्ष के सेंटिमेंट से जोड़ रहे हैं। इसलिए, पार्टी की ओर से यूपी के तमाम विपक्षी दलों के शीर्ष नेताओं को न्योता देने की बात कही गई, लेकिन यूपी में राहुल गांधी अब एकला चलो रे की रणनीति पर काम करते दिख रहे हैं। यूपी चुनाव 2022 की तर्ज पर।

प्रियंका गांधी को पहले ही उत्तर प्रदेश का प्रभारी बना कर पार्टी ने अपनी रणनीति साफ कर दी थी। भले ही यूपी चुनाव 2022 में कांग्रेस पार्टी को उस स्तर की सफलता नहीं मिल पाई, लेकिन प्रियंका गांधी अपना छाप छोड़ने में सफल रही। 40 फीसदी महिलाओं को टिकट देकर उन्होंने एक संदेश देने की कोशिश की। अब लोकसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के जरिए प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों तक अपना संदेश देने का प्रयास करते दिखेंगे। उम्मीद 2009 को दोहराने की है। उससे आगे बढ़ने की है। वर्ष 2007 में यूपी की सियासत ने यूटर्न लिया। मुलायम सिंह यादव के हाथों से सत्ता फिसली और बहुजन समाज की राजनीति से किनारा करते हुए सर्वजन की बात करने वाली मायावती पर लोगों ने भरोसा जताया। दलित, ओबीसी, मुस्लिम और ब्राह्मण वोट बैंक ने मायावती को सत्ता के शिखर तक पहुंचा दिया। लेकिन, मायावती ने इसके बाद अपने बहुजन कार्ड पर जोर दिया। ब्राह्मण नजरंदाज किए गए। असर दो साल बाद यानी 2009 में हुए लोकसभा चुनाव में दिखा। ब्राह्मण वोट बैंक बसपा से छिटकर कर कांग्रेस के साथ जुड़ा। मनमोहन सरकार को 2008 में मुलायम सिंह यादव ने अमेरिका के साथ परमाणु संधि करने के दौरान साथ दिया था। गठबंधन की बात चली। 80 लोकसभा सीटों वाले यूपी में कांग्रेस को सपा ने 13 सीटों का ऑफर दिया। कांग्रेस को यह मंजूर नहीं था। गठबंधन टूटा। पीएम मनमोहन सिंह मजबूत दिखे तो यूपी में कांग्रेस मजबूत हो गई। पार्टी सभी सीटों पर लड़ गई। प्रदेश में कांग्रेस ने 18.2 फीसदी वोट शेयर के साथ कांग्रेस पार्टी ने 21 सीटों पर जीत दर्ज की। दिल्ली में मनमोहन सरकार की वापसी में इस जीत ने बड़ी भूमिका निभाई।

यूपी के लिए राहुल गांधी नई रणनीति तैयार करते दिख रहे हैं। पुराने चुनाव परिणामों पर गौर करेंगे तो राहुल गांधी की रणनीति साफ दिखेगी। वर्ष 2007 में हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 19 फीसदी ब्राह्मणों के वोट मिले थे। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने 31 फीसदी ब्राह्मण वोट हासिल किया। 2009 के लोकसभा चुनाव में यूपी की 80 सीटों में सपा को 23, बसपा को 20 और भाजपा को 10 सीटों पर जीत मिली थी। राहुल गांधी अब यूपी से कुछ इसी प्रकार का परिणाम हासिल करने की कोशिश करते दिख रहे हैं। यूपी में तीन से पांच जनवरी तक यात्रा के दौरान राहुल गांधी की पूरी कोशिश नए समीकरण के निर्माण की है।

यूपी में कांग्रेस अब किसी भी गठबंधन के सहारे आगे बढ़ने की जगह अपने स्वतंत्र अस्तित्व को बनाए रखने की कोशिश में है। पश्चिमी यूपी में किसानों का बड़ा प्रभाव है। पिछले साल किसान आंदोलन ने यूपी से लेकर देश की सियासत पर असर डाला था। लेकिन, यूपी चुनाव में असर नहीं दिखा। अब राहुल गांधी जाट और मुस्लिम वोट बैंक को एक बार फिर एक जुट करने का प्रयास करेंगे। मुस्लिम वोट बैंक के भीतर से समाजवादी पार्टी के प्रति असंतोष की खबरें हैं। इससे निपटने की कोशिश अखिलेश यादव कर रहे हैं। लेकिन, मायावती के बाद राहुल गांधी पश्चिमी यूपी में मुस्लिमों को साधने का प्रयास करते दिख रहे हैं।

मायावती ने इमरान मसूद जैसे नेताओं को साध कर इस क्षेत्र में दलित-मुस्लिम राजनीति को साधने की कोशिश की है। तमाम कवायदों के बीच कांग्रेस की ओर से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, बसपा सुप्रीमो मायावती, सपा विधायक शिवपाल सिंह यादव, सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर और रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी को निमंत्रण देने की बात कही गई। कांग्रेस ने इस रणनीति के जरिए विपक्ष को साधकर जनता के बीच एक संदेश देने का प्रयास किया। संदेश यह कि भाजपा से मुकाबले के लिए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ही विकल्प है। अब अन्य राजनीतिक दल इस पर अपनी सफाई देते दिख रहे हैं। अखिलेश और जयंत की ओर से बयान आया है कि उन्हें कोई निमंत्रण नहीं मिला है।

कांग्रेस के यूपी में तीन दिनों के भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कई प्रकार की चर्चा चल रही है। एक तरफ कांग्रेस की ओर से सभी जिलों के जिलाध्यक्षों को पत्र भेजकर कार्यकताओं के साथ इस यात्रा में जुड़ने को कहा गया है। इसकी वजह पार्टी के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाना है। किसी भी राजनीतिक दल के बारे में माउथ पब्लिसिटी ही लोगों के मन को छूती है। अगर राहुल गांधी अपने संदेश को लोगों तक पहुंचाने में कामयाब हुए तो निश्चित तौर पर इसका फायदा कांग्रेस को मिलेगा। हालांकि, कांग्रेस पार्टी को केवल पब्लिसिटी से फायदा नहीं होगा।

# चुनाव में हो सकती है अभी और देरी

## सरकार के साथ विपक्ष भी सीटों पर ओबीसी आरक्षण के लिए अड़ी

निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण मामले पर हाई कार्ट के फैसले के बाद अब राजनीतिक दलों की ओर से भी ओबीसी आरक्षण की मांग तेज हो गई है। जिससे चुनाव में अभी और देरी होने के आसार नजर आने लगे हैं। फैसला आने के बाद उधर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार नगरीय निकाय चुनाव के लिए आयोग गठित कर ट्रिपल टेस्ट के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग के नागरिकों का आरक्षण की सुविधा उपलब्ध कराएंगी। इस दौरान उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने की भी बात कही। हालांकि कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा था कि सरकार जल्द चुनाव कराए। कांग्रेस की ओर कहा गया कि कोर्ट का फैसले से सरकार के मनमानेपन पर रोक लगी है। वहीं सपा ने आरोप लगाया कि पिछड़ा वर्ग विरोधी सारकार चुनाव कराने के पक्ष में नहीं हैं। ओबीसी आरक्षण के बगैर चुनाव स्वीकार नहीं है। निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर इलहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने मंगलवार को बड़ा फैसला दिया है। हाई कोर्ट द्वारा आए फैसले में ओबीसी आरक्षण को रद्द कर दिया गया है। जिसके बाद शासन द्वारा जारी की गई आरक्षण सूची के तहत ओबीसी आरक्षित सीटें सामान्य हो जाएंगी। इसके साथ ही कोर्ट ने तत्काल चुनाव कराने के निर्देश देते हुए ओबीसी आरक्षण के लिए एक कमीशन बनाने की बात कही है। जिसे लेकर जहां एक ओर सरकार बैकफूट पर खड़ी दिखाई दे रही है, वहीं विपक्षी फैसले का स्वागत कर रहे हैं। कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने बताया कि सरकार मनमाने तौर पर जो आरक्षण थोप रही थी, उसपर कोर्ट के फैसले का स्वागत है, ओबीसी वर्ग को ध्यान में रखकर चुनाव होना चाहिए, आम नागरीकों को निष्पक्ष चुनाव की उम्मीद है, पार्टी की बैठक कर जल्द ही चुनाव की तैयारियों पर चर्चा होगी। तीन इसके पूर्व प्रदेश में तीन दिनों तक चलने वाले भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने की तैयारी की जा रही है। सपा के महानगर के निवर्तमान अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने बताया कि रैपिड सर्वे रिपोर्ट एवं आरक्षण में मनमानेपन की शिकायत पार्टी समय-समय पर करती रही है, मगर विपक्ष की शिकायत व आवाज को दबाने का प्रयास किया गया। सरकार ने पिछड़े वर्गों के हितों की अनदेखी जानबूझकर की। चुनाव से पूर्व पिछड़ा वर्ग व्यपारियों के यहां जबरन जीएसटी द्वारा छापेमारी कराए जा रहे हैं। जिससे प्रतित हो रहा है कि सरकार इस समय चुनाव नहीं कराना चाहती। उधर बहादूर आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मदन कुमार मिश्रा 'एडवोकेट' एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार कुशवाहा 'एडवोकेट' ने संयुक्त बयान में कहा कि पिछड़ी जाति को आरक्षण दिए बिना प्रदेश में नगर निकाय चुनाव कराना पिछड़ों को धोखा देना हैं।

### निकाय चुनाव में अबतक का हाल

निकाय चुनाव में सारकार की ओर से पहले परिसीमन और दिसंबर माह के प्रारंभ में वार्डों व बाद में महापौर के साथ नगर पंचायत अध्यक्षों के सीटों पर आरक्षण जारी किया गया। जिसके बाद 14 दिसंबर को इलहाबाद हाई कोर्ट के लखनऊ बेंच में ओबीसी आरक्षण पर याचिका दायर की गई। बताया गया कि आरक्षण नियमानुसार न होकर जबरन थोपा जाने वाला है। मामले में कोर्ट ने बीते शनिवार को फैसला सुरक्षित रख लिया और 27 दिसंबर मंगलवार को फैसला सुनाया। फैसले में निकाय सीटों के आरक्षण पर ओबीसी आरक्षण को रद्द कर दिया। जिसके बाद सरकार को जल्द से जल्द चुनाव कराने का आदेश जारी किया गया।

### कोर्ट का फैसला पिछड़े वर्गो के लिए अफसोसनाक

निकाय चुनाव पर हाई कोर्ट के फैसले पर यदुकुल पुनर्जागरण मिशन ने मंगलवार को अपनी प्रतिक्रिया दी। हाई कोर्ट के फैसले पर मिशन की ओर से कहा गया है कि हाईकोर्ट का फैसला पिछड़े वर्गों के लिए अफसोसनाक है। सरकार को चाहिए कि यह फैसला स्वीकार न करे। फैसले के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में अपील करे। प्रदेश सरकार एक आयोग बनाए और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करें। सरकार को संगठन का सुझाव है कि यदि पिछड़े वर्गों को आरक्षण देकर चुनाव कराना संभव न हो तो प्रदेश में निकाय चुनावों को तब तक के लिए टाल दिया जाए, जब तक कि आयोग अपनी रिपोर्ट नहीं देता। सरकार पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिए बिना प्रदेश में निकाय चुनाव कराती है तो मिशन इस कदम का सख्त विरोध करेगा और होने वाले नुकसानों की जानकारी देने के लिए पूरे प्रदेश में जन जागरण अभियान चलाएगा।

